RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 274
लखनऊ, मंगलवार, 27 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आसान नहीं असुर की भूमिका निभाना : सिद्धार्थ
विविध-12

# एदियुरप्पा ने कर्नाटक का मुख्यमंत्री पद छोड़ा

## ● संसदीय दल और विधायक अगला मुख्यमंत्री तय करेंगे: भाजपा

**दीपक कुमार उप्रेती** । नई दिल्ली



बेंगलुरु में राज्यपाल को त्यागपत्र सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते बीएस एदियुरप्पा

**चार बार** कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे बीएस येदियुरप्पा के लिए रास्ता बंद हो चुका है। बीएसवाई के नाम से लोकप्रिय येदियुरप्पा ने केंद्रीय भाजपा नेतृत्व से अपनी विदाई के बारे में हुई बातचीत के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी को अभी यह तय करना है कि 78 वर्षीय कद्दावर लिंगायत नेता का स्थान कौन लेगा। येदियुरप्पा ने प्रदेश के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को राजभवन जाकर अपना इस्तीफा सौंपा। फिलहाल वे अभी कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद पर बने रहेंगे। कर्नाटक भाजपा विधायक दल जल्द ही अपने नए नेता के चयन के लिए बैठक करेगा। सूत्रों के मुताबिक भाजपा अन्य राज्यों में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ा रही है लेकिन कर्नाटक में येदियुरप्पा के उत्तराधिकारी के चयन में 2023 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान रखा जाएगा।

येदियुरप्पा द्वारा राज्यपाल को इस्तीफा सौंपे जाने के तुरंत बाद संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को आपस विचार-विमर्श करते देखा गया। भाजपा महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह तथा केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के प्रदेश की राजधानी पहुंचने की उम्मीद है। दोनों नेता केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नए नेता के चयन की प्रक्रिया को देखेंगे। बेटों को उचित राजनीतिक पद देने के लिए हुए समझौते के बाद येदियुरप्पा ने अपनी विदाई को लेकर कई दिनों से चल रही अटकलों को विराम देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया। उनके बेटे बीवाई विजयेंद्र पहले से ही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हैं तथा बीवाई राघवेंद्र सांसद है। इसके अलावा येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ लंबित कई अदालती मामलों से 'सुरक्षित रास्ता' दिए जाने की मांग की है। लिंगायत संतों के साथ उनकी लॉबइंग का शीर्ष भाजपा नेताओं से कोई फायदा नहीं मिला, जिन्होंने उन्हें सम्मानजनक विदाई की सलाह दी थी। एक दिन पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने येदियुरप्पा की सराहना करते हुए कर्नाटक में किसी तरह के संकट से इनकार किया था। इस कदम को प्रभावशाली नेता के साथ नरमी भरा बरताव माना जा रहा था जिसने 2013 में भाजपा छोड़ा था। सूत्रों के मुताबिक कर्नाटक की 121 विधानसभा क्षेत्रों में लिंगायतों का वर्चस्व है और भाजपा को यहां 65 सीटें मिली थीं, पार्टी येदियुरप्पा की पारी का सम्मानजनक समापन चाहती थी। उनके छोटे बेटे विजयेंद्र दिल्ली में अपने पिता की ओर से केंद्रीय नेताओं से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री द्वारा 26 जुलाई को इस्तीफा देने के बदले में उनके परिवार के राजनीतिक हितों की सुरक्षा के लिए भाजपा ने सहमति जताई थी। राजभवन में अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद भावुक दिख रहे येदियुरप्पा ने कहा ' दुख या नाराजगी से नहीं बल्कि खुशी से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार प्रकट करना चाहता हूं कि उन्होंने 75 से ज्यादा उम्र होने के बाद भी मुझे पद पर रहने दिया। ( शेष पेज 9 )



कारगिल युद्ध के बलिदानियों के परिजनों को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# ग्राम पंचायतों में मानदेय पर होंगी 58 हजार से अधिक भर्तियां

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

## ● ग्राम सचिवालय के संचालन के लिए नियुक्त होंगे पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट

**प्रदेश की** योगी सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सूबे की 58189 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट की नियुक्ति करने जा रही है। यह पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट ग्राम सचिवालय के संचालन में अपना योगदान देंगे। इसकी नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायतों में आवेदन की प्रक्रिया 30 जुलाई से लेकर शुरू होगी। नियुक्त पंचायत सहायक को 6000 रुपये मानदेय के तौर पर दिए जाएंगे। साथ ही नियुक्ति की अवधि एक वर्ष होगी। सोमवार को लोकभवन में मीडिया से मुखातिब पंचायती राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम सचिवालय की स्थापना किया जाना महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 78 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन अथवा सामुदायिक भवन बनाने का कार्य पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है। इसके पीछे भी पंचायतों में नियमित कार्यालय संचालित हो यही सोच रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यालय के संचालन के लिए पूर्व में कई प्रयास किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली क्योंकि प्रदेश की 58189 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष लगभग 16421 ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी के पद सृजित हैं। इनमें भी वर्तमान में 11008 कर्मी कार्यरत है, मतलब 1 ग्राम पंचायत सेक्रेटरी के पास एक से अधिक ग्राम पंचायत होने की वजह से वह नियमित रूप से ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर कार्यालय का संचालन नहीं कर सकते। ऐसे में सूबे की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट की नियुक्ति किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 30 जुलाई से आवेदन लिए जाएंगे। ( शेष पेज 9 )

## तहसील व थाना दिवस पर होगी सीएम दफ्तर की नजर

**लखनऊ।** तहसील और थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों को नजरअंदाज करना असफरों को भारी पड़ेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय अब तहसील और थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों पर सीधे नजर रखेगा। अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण तथा उनकी प्रगति की रिपोर्ट सीधे सीएम कार्यालय को देना होगी। इससे शिकायतों को प्रभावी तरीके से निस्तारण हो सकेगा। अभी हाल में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तहसील व थाना दिवस के दिनों में परिवर्तन किया था। हर महीने के पहले व दूसरे सप्ताह को तहसील व दूसरे व चौथे सप्ताह को थाना दिवस आयोजित किए जाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए कि तहसील व थाना दिवस पर आने वाले प्रकरणों को कतई लंबित न रखा जाए। लोगों की शिकायतों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे तुरंत निस्तारित किया जाए। ( शेष पेज 9 )

# मिजोरम के उपद्रवियों की गोलीबारी में असम पुलिस के छह कर्मियों की मौत

**पीएनएस/एजेंसी** । गुवाहाटी/आइजोल

## ● शाह ने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की

**असम और** मिजोरम के बीच सीमा विवाद के अचानक बढ़ने से असम पुलिस के कम से कम छह जवानों की मौत हो गई और एक पुलिस अधीक्षक समेत 50 अन्य घायल हो गए। दोनों पक्षों ने हिंसा के लिए एक-दूसरे की पुलिस को जिम्मेदार ठहराया और केंद्र के हस्तक्षेप की मांग की। इस मामले को लेकर असम और मिजोरम के मुख्यमंत्रियों के बीच सार्वजनिक रूप से कहासुनी भी हुई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने क्रमश: असम और मिजोरम के मुख्यमंत्रियों, हिमंत बिस्वा सरमा और जोरमथांगा से बात की और उनसे विवादित सीमा पर शांति सुनिश्चित करने और सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने का आग्रह किया। असम के बराक घाटी के जिले कछार, करीमगंज और हैलाकांडी मिजोरम के तीन जिलों आइजोल, कोलासिब और मामित के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। एक क्षेत्रीय विवाद के बाद, इस साल अगस्त 2020 और फरवरी में अंतर-राज्यीय सीमा पर झड़पें हुईं।

असम के मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर घोषणा की कि कछार जिले में अंतर-राज्यीय सीमा पर मिजोरम की ओर से 'उपद्रवियों' द्वारा की गई गोलीबारी में असम पुलिस के छह जवान मारे गए। सरमा ने ट्वीट किया, 'मुझे यह सूचित करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि असम-मिजोरम सीमा पर हमारे राज्य की संवैधानिक सीमा की रक्षा करते हुए असम पुलिस के छह बहादुर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।' हालांकि, मिजोरम के गृह मंत्री लालचमलियाना ने एक बयान में कहा कि असम के 200 से अधिक पुलिसकर्मियों ने सीआरपीएफ की चौकी पार कर आगजनी, हमले और निहत्थे लोगों पर गोलीबारी की, जिसके बाद मिजोरम पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सीमा पार से उपद्रवियों ने उस समय अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जब दोनों पक्षों के नागरिक अधिकारी मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे थे। अधिकारी ने फोन पर कहा, 'मैं तत्काल यह नहीं बता सकता कि कितने लोग घायल हुए हैं, लेकिन मेरा अनुमान है कि कम से कम 50 कर्मी घायल हुए। गोलीबारी में हमारे एसपी भी घायल हो गए और एक गोली उनके पैर में लगी। ( शेष पेज 9 )

# पेगासस जासूसी विवाद: ममता ने जांच आयोग का गठन किया

**भाषा** । कोलकाता

**पेगासस** विवाद को लेकर केंद्र के साथ टकराव के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नेताओं, अधिकारियों और पत्रकारों की जासूसी के आरोपों की जांच करने के लिए दो सदस्ईय जांच आयोग की घोषणा की। यह चौंकाने वाला घटनाक्रम तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने से कुछ समय पहले हुआ, जहां वह 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा विरोधी दलों का गठबंधन बनाने के तरीकों का पता लगाने के लिए विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत करेंगी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ज्योतिर्मय भट्टाचार्य और उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश मदन भीमराव लोकुर आयोग के दो सदस्य हैं। बनर्जी ने कहा, मंत्रिमंडल ने 1952 के जांच आयोग अधिनियम की धारा 3 द्वारा



प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए व्यापक रूप से रिपोर्ट की गई अवैध हैकिंग, निगरानी, निगरानी में रखने, पश्चिम बंगाल में विभिन्न व्यक्तियों के मोबाइल फोन की ट्रैकिंग और रिकॉर्डिंग के मामले में जांच आयोग के गठन को आज मंजूरी दी। उन्होंने नई दिल्ली रवाना होने से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे इस बात की जांच करेंगे कि इस हैकिंग मामले में कौन शामिल हैं और वे इस अवैध गतिविधि को कैसे कर रहे हैं। साथ ही यह भी जांच करेंगे कि वे दूसरों को कैसे चुप करा रहे हैं। बनर्जी का दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। ( शेष पेज 9 )

# कैरियर डेंटल कालेज के मालिक व बेटे की ढाई अरब की संपत्ति कुर्क

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**मड़ियांव** पुलिस ने सोमवार को जालसाज, सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने और गिरोह बनाकर अवैध संपत्तियां हासिल करने वाले कैरियर डेंटल कालेज के मालिक अजमत अली और सपा सरकार में राज्यमंत्री रहे उनके बेटे मो. इकबाल की संपत्तियों को कुर्क कर दिया है। अजमत अली की गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रिया कलाप के अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत कुर्क की कुल संपत्ति की कीमत 2.54 अरब रुपये है। इस दौरान मड़ियांव, जानकीपुरम, अलीगंज सहित कई थानों की पुलिस व कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। एसीपी अलीगंज अखिलेश सिंह के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के आदेश पर सोमवार को 14 (1) की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने सभी संपत्तियों की सूची तैयार की। जिसे संबंधित विभागवार बनाया गया। ( विस्तृत पेज 3 )

# विपक्ष के हंगामे के कारण नहीं चल सकी संसद

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

## ● किसानों का मुद्दा भी गरमाया, दोनों सदनों में जमकर नारेबाजी और शोरगुल

**विपक्ष** के हंगामे के चलते सोमवार को भी संसद नहीं चल पाई। विपक्षी सदस्यों ने पेगासस जासूसी विवाद और किसानों के मुद्दे को जमकर शोरगुल और नारेबाजी की। राज्यसभा में आज पांच बार स्थगन के बाद अंतत: सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। आज एक बार फिर प्रश्न काल और शून्य काल हंगामे की भेंट चढ़ गए और नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी। कोई अन्य महत्वपूर्ण विधायी कामकाज भी नहीं हो सका।

काम के नाम पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) संशोधन विधेयक 2012 को वापस लिए जाने संबंधी पेश किए गए प्रस्ताव को ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया गया जबकि हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दलहन पर सीमा शुल्क घटाने की अधिसूचना संबंधी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे। इन दोनों के अलावा कुछ अन्य विधायी कामकाज सदन के पटल पर रखे जा सके। सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित किए जाने से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चला। पांच बजे सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो पीठासीन अध्यक्ष सस्मित पात्रा ने नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता विधेयक पर चर्चा जारी रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सदस्य जुगलसिंह माथुरजी लोखंडवाला का नाम पुकारा। ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,852 | ↓ | 124 | |
| निफ्टी | 15,824 | ↓ | 32 | |
| सोना | 46,753 | ↑ | 169 | /10g |
| चांदी | 66,080 | ↑ | 396 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जेईई-एडवांस परीक्षा तीन अक्टूबर को होगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को घोषणा की कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) -एडवांस 3 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इससे पहले, तीन जुलाई को होने वाली इस परीक्षा को कोविड-19 स्थिति को देखते हुए स्थगित कर दिया गया था। प्रधान ने ट्वीट किया, आईआईटी मे प्रवेश के लिए जेईई (एडवांस) 2021 की परीक्षा 3 अक्टूबर, 2021 को होगी। परीक्षा सभी कोविड-प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आयोजित की जाएगी। इस वर्ष, आईआईटी-खड़गपुर यह परीक्षा आयोजित कर रहा है। जेईई-एडवांस प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) मे प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा है जबकि जेईई-मेन्स देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों मे प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

# पिछले 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना से एक भी मौत नहीं

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

## ● संक्रमण के सिर्फ 33 मामले आए सामने

**बीते 24** घंटे के अंदर प्रदेश भर में कोरोना संक्रमण से एक भी मौत नही दर्ज हुई है। जबकि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 33 नये मामले आये हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में संक्रमण कम होने के बावजूद टेस्टिंग कम नहीं की जा रही है। गत एक दिन में कुल 2,27,740 सैम्पल की जांच की गयी है। प्रदेश में अब तक कुल 6,42,77,972 सैम्पल की जांच की गयी है तथा आरटीपीसीआर के लिए 1,06,672 सैम्पल भेजे गये है। प्रदेश में विगत 24 घंटे में 64 लोग तथा अब तक 16,84,601 लोग कोविड.19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 857 एक्टिव मामले हैं। प्रदेश में रिकवरी रेट 98.6 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि सर्विलांस की कार्यवाही निरन्तर चल रही है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में 3,71,99,189 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज तथा 72,13,587 दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक कुल 4,44,72,776 डोजें लगायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कोविड19 की संभावित तीसरी लहर के दृष्टिगत बच्चों के लिए आईसीयू बेड के साथ साथ आवश्यक बेड तैयार कर लिये गये है तथा 234 ऑक्सीजन प्लांट भी अस्पतालों में संचालित हो गये है। निजी अस्पताल ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण करने में सहयोग करें।



नई दिल्ली में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बलिदानियों को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देते सेना प्रमुख्य जनरल एमएम नरवणे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया, नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार

# ब्रिटेन के हाईकोर्ट ने माल्या को दिवालिया घोषित किया

**भाषा** । लंदन

## ● भारतीय बैंक अब जब्त कर सकेंगे संपत्ति

**ब्रिटेन** की एक अदालत ने सोमवार को विजय माल्या को दिवालिया घोषित किए जाने का आदेश जारी किया। इससे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में भारतीय बैंकों के समूह के लिए बंद पड़ी एयरलाइन किंगफिशर के ऊपर बकाए कर्ज की वसूली को लेकर वैश्विक स्तर पर उनकी सम्पत्तियों की जब्ती की कार्वाई कराने का रास्ता साफ हो गया है। लंदन के हाई कोर्ट के उच्चतम न्यायालय प्रभाग के मुख्य ऋण शोधन और दिवाला तथा कंपनी मामलों के न्यायालय (आईसीसी) के न्यायाधीश माइकल ब्रिग्स ने मामले की ऑनलाइन सुनवाई के दौरान अपने फैसले में कहा, मैं डॉ माल्या को दिवालिया घोषित करता हूं।

न्यायाधीश ने बचाव पक्ष की दलीलों का संदर्भ देते हुए कहा, मुझे यह तय करना है कि क्या याचिकर्ताओं के कर्ज उपयुक्त समयावधि में लौटाने की संभावना है, इस बात के अपर्याप्त साक्ष्य हैं कि वह पूरा कर्ज उपयुक्त समयावधि में लौटाएंगे। बचाव पक्ष के वकील ने दलील में कहा था कि माल्या की संपत्ति की कुर्की के लिए मनी लांड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) अदालत के आदेश के बाद भारत में इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। न्यायाधीश ब्रिग्स ने फैसला सुनाते हुए कहा, ऐसा कोई सबूत नहीं है कि डॉ. माल्या आपराधिक मुकदमे से निपटने के लिए भारत लौट जाएंगे और वसूली के लिए संपत्ति को लेकर कार्वाई हो रही है, उसके उचित मूल्य की मांग करेंगे। ( शेष पेज 9 )

# कोरोना अभी खत्म नहीं, प्रोटोकॉल का पालन करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। इसके साथ ही सीएम ने कोविड संक्रमण से बचाव और उपचार के सम्बन्ध में ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की नीति को प्रभावी ढंग से लागू रखने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया गया कि अलीगढ़, बदायूं, बस्ती, बहराइच, एटा, फतेहपुर, हमीरपुर, हाथरस, कासगंज, महोबा और श्रावस्ती में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। यह सभी जनपद कोरोना संक्रमण से मुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में विशेषज्ञों के भविष्य के आकलनों के दृष्टिगत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर सम्पन्न किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मेडिकल कॉलेजों में पीडियाट्रिक आईसीयू के निर्माण की कार्यवाही पूरी गति से संचालित है। मेडिकल कॉलेजों में अब तक 6,522 से अधिक पीकू आइसोलेशन बेड तथा स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में लगभग 3,000 पीकू-आइसोलेशन बेड स्थापित किये जा चुके हैं। राज्य में ब्लैक फंगस के मरीजों को दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश में 549 ऑक्सीजन संयंत्रों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। इनमें से 234 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापना के पश्चात क्रियाशील हो गये हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में भविष्य के आकलनों के दृष्टिगत बड़ी संख्या में कोरोना वैक्सीनेशन कराये जाने पर बल देते हुए कहा कि कोरोना वैक्सीन की निरन्तर एवं पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कोरोना टीकाकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाए। टीकाकरण का कार्य निर्बाध एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए। कोविड वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि गत दिवस तक प्रदेश में 4 करोड़ 44 लाख 12 हजार 776 वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हेल्थ एटीएम की स्थापना की जाए, जिसमें एक प्रशिक्षित पैरामेडिक्स की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में कई औद्योगिक समूह तथा सामाजिक संस्थाएं प्रदेश में योगदान देना चाहती हैं। इनका उपयोग हेल्थ एटीएम की स्थापना में किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 9 जनपदों में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के अवशेष कार्य को तेजी से पूरा किया जाए।

## घर पहुंचने से पहले ही हो गया समस्या का समाधान

- जनता दर्शन कार्यक्रम में सीएम योगी से गोंडा की विमला ने लगाई थी रास्ते की गुहार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राह** बिना बहुत दिक्कत होत रहल। चारों तरफसे घेर दिहले रहलअ। कौनो राहि नाहि देखाइत रहल कि का करीं। ई हमरे खरतिन सपना जइसन हवे। ओहर बाबा से मिलल्रीं, ऐहर राहि मिल गईल। मुख्यमंत्री योगी जी कै बहुत बहुत धन्यवाद। जब तक हमार जिनगी रही, उन कर गुणगान करअब। यह भाव हैं गोंडा जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र की ग्राम खोखिया निवासी विमला देवी के। वह आज सुबह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली थीं। सीएम योगी को दिए प्रार्थना पत्र में उन्होंने कहा था कि उनका घर पुरानी आबादी में है और कुछ लोगों ने जबरन दबंगई के बल पर दीवार खड़ी कर रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे उनका आने जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। इस बारे में एसडीएम ने रास्ते को खाली कराने आदेश दिया था, लेकिन रास्ता खाली नहीं हुआ। उनकी समस्या पर सीएम योगी ने उन्हें समाधान कराने का आश्वासन दिया था। विमला लखनऊ से अपने घर तक पहुंचतीं, इससे पहले ही जिला प्रशासन ने उन्हें आठ फिट का रास्ता दिला दिया।

## नागरिक-सरकार सहभागिता का बड़ा प्लेटफॉर्म होगा माई गव

- केंद्रीय संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया प्लेटफार्म का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार सरकार-नागरिक सहभागिता के राष्ट्रीय मंच माई गव पर उपलब्ध हो गई है। योगी सरकार की इस अभिनव प्रयास के बाद सरकारी नीति तय करने में रायशुमारी करनी हो या फिर जनहित के कार्यक्रमों का फीडबैक, युवाओं के इनोवेटिव आइडिया लेना हो अथवा किसी मुद्दे पर चर्चा-विमर्श, यूपी में इन विषयों के लिए लोगों के पास एक और मंच उपलब्ध हो गया है।

सोमवार को केंद्रीय संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माई गव प्लेटफर्म का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित शासन की एक व्यवस्था है। वर्ष 2014 के पहले सरकार में जनभागीदारी नगण्य थी। आमजन की भावनाओं, विचारों के लिए कोई स्थान नहीं था लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के मात्र दो माह के भीतर जुलाई में माईगव प्लेटफार्म की शुरुआत की गई।

सीएम ने कहा कि कोरोना कालखंड में हम लोगों ने तकनीक के उपयोग को महसूस किया कि कैसे एक साथ करोड़ों लोगों तक पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा सकते हैं। अस्सी हजार से अधिक फेयर प्राइस शॉप में ई-पॉश मशीन लगाकर उसे सरकार के पोर्टल से जोड़ा। आज 15 करोड़ से अधिक लोगों को पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का लाभ दे रहे हैं। पहले से अधिक मात्रा में लोगों को खाद्यान्न वितरित हो रहा है और हर इसके माध्यम से 1,200 करोड़ तक की बचत भी कर रही है। सीएम योगी ने माईगव मंच के माध्यम से युवाओं के इनोवेटिव विचारों को प्रोत्साहन देनेए नीतियों पर चर्चा करने आदि विषयों के अच्छे परिणाम की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के इस मंच से जुड़ने को प्रदेशवासियों के लिए उपयोगी बताया।

# समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करना है: स्वतंत्र देव

- निचले स्तर तक संगठनात्कक इकाइयों का गठन अगस्त तक पूरा होगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रकोष्ठों व विभागों के नवनियुक्त सयोंजकों, सहसंयोजकों की बैठक में पार्टी के प्रकोष्ठों विभागों के कार्यो पर चर्चा के साथ ही निचले स्तर तक विभागों प्रकोष्ठों की संगठनात्मक इकाईयों का गठन अगस्त में पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभागों-प्रकोष्ठों के नवनियुक्त संयोजकों और सह संयोजकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संगठन कों सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्वग्राही बनाते हुए समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी-योगी नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाऐं बनाकर कार्य किया है। सरकार में दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योंदय का स्वपन साकार हो रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने नवनियुक्त संयोजकों-सह संयोजकों का आहवान किया कि वे अपने अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाये। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। विपक्ष आज मुद्दा विहीन है इसीलिए वह झूठ और भ्रम के सहारे लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।

# कृषि कानूनों के खिलाफ होगी मुजफ्फरनगर में किसानों की महारैली

- लखनऊ को भी घेरने की दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्र** सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ आठ माह से आंदोलन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पांच सितंबर को मुजफ्फरनगर में महारैली और उत्तर प्रदेश राज्य के सभी मंडल मुख्यालयों पर महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की है। मोर्चा ने उत्तर प्रदेश में अपने आंदोलन के लिए चार चरणों की रणनीति बनाई है। किसान नेताओं ने दिल्ली की तरह लखनऊ को भी चारों तरफ से घेरने की चेतावनी दी है।

यहां प्रेस क्लब में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत, जय किसान आंदोलन के प्रोफेसर योगेंद्र यादव, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के शिवकुमार कक्का जी, जगजीत सिंह दल्लेवाल और डॉक्टर आशीष मित्तल समेत कई नेताओं ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दलों के कार्यक्रमों का विरोध और उनके नेताओं का बहिष्कार करने के ऐलान के साथ आंदोलन के अगले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। राकेश टिकैत ने कहा, अब लखनऊ को भी दिल्ली की तरह बनाया जाएगा और जिस तरह दिल्ली में चारों तरफ के रास्ते सील हैं, ऐसे ही लखनऊ के चारों तरफ के रास्ते किसानों द्वारा सील किए जाएंगे। हम इसकी तैयारी करेंगे। टिकैत ने कहा, तीन किसान विरोधी कानूनों को रद्द करने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर चल रहा ऐतिहासिक किसान आंदोलन आठ माह पूरे कर चुका है। इन आठ महीनों में किसानों के आत्मसम्मान और एकता का प्रतीक बना यह आंदोलन अब किसान ही नहीं देश के सभी संघर्षशील वर्गों का लोकतंत्र बचाने और देश बचाने का आंदोलन बन चुका है।


**बुनियाद महाविद्यालय**

अल्पसंख्यक अध्यापक शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान
कनायतपुर खैराबाद सीतापुर उ0प्र0 (अल्पसंख्यक संस्थान)

D.El.Ed. 2021-23 में प्रबन्धकीय कोटे में प्रवेश हेतु नियमानुसार आनलाइन आवेदन करें। अल्पसंख्यक समुदाय को वरीयता दी जाएगी। मानक एवं अर्हता एन0सी0टी0ई0/एस0सी0ई0आर0टी0 के मानकानुसार प्रवेश हेतु समयसारिणी निम्नवत् है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि | 30.07.2021 |
| 2 | आनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 12.08.2021 |
| 3 | आवेदन शुल्क जमा करने/पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि | 14.08.2021 |

Website :- www.buniyadmahavidhyalaya.com
Mo.: 7007572255, 9140875048

**बुनियाद महाविद्यालय**

कनायतपुर खैराबाद सीतापुर उ0प्र0 (अल्पसंख्यक संस्थान)
(सम्बद्ध, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ)

**बी0एड0 :–** सत्र 2021–23 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।
**शैक्षिक योग्यता :–** कला/विज्ञान वर्ग में स्नातक/परास्नातक उपाधि में 50% व तकनीकी शिक्षा में स्नातक/परास्नातक में 55% (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग) एवं 40% (अनुसूचित जाति/जनजाति) वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु।
इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा फार्म महाविद्यालय के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 05.08.2021 तक सभी शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड छायाप्रति के साथ जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि – 08.08.2021
**नोट :–** अपूर्ण एवं डाक/कोरियर से आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। स्नातक/परास्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राएं महाविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परन्तु उपरोक्त शैक्षणिक आहर्ता पूर्ण होने पर ही प्रवेश लिया जाएगा।

Website :- www.buniyadmahavidhyalaya.com
Mo.: 7007572255, 9140875048


## लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में न हो विलम्ब: सीएस

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के लम्बित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों के निस्तारण में प्रक्रियात्मक विलम्ब न हो। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों को निर्धारित समयसारिणी के अनुसार निस्तारित किया जाये ताकि निर्माण कार्य टाइम लाइन के अनुसार पूरे किये जा सकें और प्रोजेक्ट के पूरा होने में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो। कपितय प्रकरण न्यायालयों में विचाराधीन होने के कारण हो रहे विलम्ब पर उन्होंने प्रभावी पैरवी कर उक्त प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन करते हुए प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि कॉरीडोर के अन्तर्गत 56 आरओबी बनाये जाने हैं जिनमें से 17 का निर्माण पूरा हो गया है।

# अपने घोषणा पत्र की भी उपेक्षा कर रही है भाजपा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आई है किसानों की दशा बिगड़ती गई है। खेती के काम आने वाली हर चीज मंहगी हो गई है और किसान के उत्पाद की लागत का डेढ़ गुना दिलाने तथा 2022 तक किसान की आय दुगनी करने के वादे सिर्फ वादे बनकर रह गए हैं। भाजपा अपने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) की भी उपेक्षा कर रही है। वादों का न निभाना भ्रष्टाचार से कम नहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि डीजल, बिजली, खाद, बीज, कीटनाशक सबके दाम आसमान छू रहे हैं। धान की खेती की लागत 40 प्रतिशत बढ़ गई है। ट्रैक्टर से खेती की जुताई भी डेढ़ गुना मंहगी है। पहले से अब मजदूरी भी ज्यादा मंहगी हो गई है। कोरोना संकट, बेरोजगारी, महंगे परिवहन से सबसे ज्यादा छोटे किसान परेशान हुए हैं। उत्तर प्रदेश में बिजली की दरें सबसे महंगी है। गन्ना किसानों की हालत बहुत खराब है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की घोर उपेक्षा की है। भाजपा सरकार के पांच वर्ष होने को है लेकिन गन्ने की कीमत में एक रूपया की भी वृद्धि नहीं की गई है। चीनी मिल मालिक पूरी तरह अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। 12 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा किसानों का बकाया है। सत्ता में आने के 14 दिनों के अंदर ही बकाया भुगतान का भाजपा सरकार ने वादा किया था। यह किसानों के साथ अन्याय है।

## कांग्रेस के नक्शे कदम पर चल रही भाजपा: मायावती

**लखनऊ।** शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाये जाने की संभावना को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे चुनावी राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के नक्शेकदम पर चल रही है। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अगर यह खबर सही है कि यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ सकता है तो यह काफी विलम्ब से उठाया गया कदम है, यह कार्य बहुत पहले हो जाना चाहिये था। जबकि चुनाव के नजदीक ऐसे फैसले करना कांग्रेसी कल्चर रहा है जिसपर अब भाजपा भी चल रही है। जनता यह सब समझती है। उन्होंने आगे कहा कि जबकि बीएसपी की कार्यशैली ऐसी संकीर्ण चुनावी सोच से हमेशा अलग व पाक साफ रही है। इसी कारण सन् 2007 में सरकार बनते ही हमने अपरकास्ट की भर्ती पर लगी रोक को तुरन्त हटाया।

# कारपोरेट जगत की समर्थक भाजपा सरकार के एजेंडे में कभी नहीं रहा किसान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहां है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब-जब प्रदेश और केन्द्र में आई हमेशा से कारपोरेट जगत की समर्थक रही है किसान कभी इनके एजेंडे में नही रहा है। उन्होंने कहा कि काले कृषि कानून आने के पहले मंडियां बनाना शुरू हो गई थी। स्पष्ट है कि कारपोरेट के दबाव में यह कानून ले आया जा रहा था। जहां किसानों का हित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप देने में होता वहीं ऐसा न करके बिना किसानों के सलाह के वह कानून थोपे गये जिससे किसान सड़क पर आ गए। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की शहादत का भी यह सरकार उपहास उड़ा रही है इनके जिम्मेदार मंत्री किसानों को अपशब्दों से नवाजते है, जो इस सरकार की मानसिकता दर्शाता है। किसानों के हित के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा दिलाने के लिए तीनों कानूनों के रद्द करने के लिए हम संघर्ष करते रहेंगें। सरकार के पास किसानों के शहादत का कोई रिकार्ड नहीं है इतनी असंवेदनशीलता इस सरकार को बहुत भारी पड़ेगी। लल्लू ने कहा कि किसानों के हित में आवश्यक वस्तु अधिनियम जो किसानों को सुरक्षित करता थाए कालाबाजारी से रोकता था उसे कारपोरेट के इशारे पर समाप्त करने का प्रावधान लाया गया। खाद्य पदार्थ तेल, आलू, प्याज, दाल, तिलहन को आवश्यक वस्तु मानते हुए कालाबाजारी से रोका जाता था।


**RICH UNIVERSE NETWORK LIMITED**
(Formerly Known as Rich Capital & Financial Services Limited)
**Regd. Office:** 7/125, (C-2), 2nd FLOOR, SWAROOP NAGAR, KANPUR- 208002
**PHONE No.:** 0512-3391881, **Tele Fax:** 0512-2540293
**CIN:** L51100UP1990PLC012089 **E-mail:** rcfsl@rediffmail.com investors@richuninet.com
**website:** richuninet.com

Notice

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 readwith Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, 6th August, 2021 at 4:00 P.M. at the Registered Office of the Company at IInd Floor, 7/125, C-2, Swaroop Nagar, Kanpur - 208002 to, inter-alia, consider and approve the un-audited financial results of the Company for the quarter ended 30th June, 2021 & any other business with the permission of chair.
In compliance of the provisions of SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and the Company's "Code of Internal Procedures and Conduct for Regulating, Monitoring and Reporting of Trading in Securities by Designated Persons", the Trading Window for dealing in the securities of the Company for all the Designated Persons including Insiders, had already been closed w.e.f. 1st July, 2021, and the same shall re-open 48 hours after results are made public on 6th August, 2021.
The information contained in this notice is available on the Company's website www.richuninet.com and also on the website of BSE Ltd.-www.bseindia.com.

For Rich Universe Network Limited
Sd/-
(Shashwat Agarwal)
Chairman & Managing Director
DIN: 00122799

Date : 26.07.2021
Place : Kanpur

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Guriya Agrawal था जो अब बदलकर Shivani Agarwal हो गया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
Shivani Agarwal W/O Rupam Agarwal 56/13, Motilal Nehru Road Allahabad, UP

**प्रवेश सूचना**

**माँ शीतला देवी त्रिजुगी नारायण महिला महाविद्यालय, अरौल, कानपुर नगर-209214 (अल्पसंख्यक संस्था) बी.एड. – 2021 में प्रबंधकीय कोटे पर प्रवेश हेतु 11/08/2021 तक आवेदन करें। प्रवेश परीक्षा 16/08/2021 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। योग्यता एवं अर्हता उ.प्र. सरकार / एन.सी.टी.ई. के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित हो कर आवेदन करें। अल्पसंख्यक आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। –**
**प्राचार्य**


# साइबर क्राइम के अब तक 528 मुकदमे दर्ज, 385 गिरफ्तार

- साइबर अपराध के मामलों में हो रही है प्रभावी कार्रवाई: अवनीश अवस्थी
- पांच करोड़ 63 लाख 47 हजार रुपए से अधिक की हो चुकी है बरामदगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि साइबर अपराध के मामलों में उत्तर प्रदेश में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खोले गये परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों द्वारा अब तक कुल 385 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनसे 5 करोड़ 63 लाख 47 हजार रुपए से अधिक की बरामदगी की गयी है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों में अब तक कुल 528 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं, जिनमें से 126 अभियोगों का अनावरण करते हुये उक्त कार्यवाही की गयी है तथा शेष पर कार्यवाही प्रगति पर है। महिलाओं के साथ घटित होने वाले साइबर अपराधों की शिकायत पर सुगमता से कार्यवाही हेतु प्रत्येक साइबर थाने में महिला साइबर क्राइम सेल भी संचालित कराया जा रहा है। प्रदेश के सभी परिक्षेत्रीय साइबर थानों को पर्याप्त उपकरणों एवं संसाधनों की व्यवस्था की गयी है। शासन द्वारा नये साइबर थानों को और अधिक सुदृढ़ करने एवं डाटा सम्बन्धी कार्यो आदि के लिये और बेहतर परिणाम हेतु 32 करोड़ 80 लाख रुपए की धनराशि दी गयी है। इस धनराशि से सभी साइबर थानों के साइबर लैब हेतु डाटाबेस मैनेजमेंट, फारेन्सिक टूल्स, डेटा एनेलिसिस साफ्टवेयर, डेटा एक्सट्रैक्शन साफ्टवेयर आदि की व्यवस्था किये जाने के प्रयास किये गये हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश में अब तक एनसीसीआरपी पोर्टल पर कुल 49779 शिकायतें एवं एमएचए से कुल 21512 टिप लाइन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका निस्तारण सम्बन्धित जनपदों एवं साइबर क्राइम थानों द्वारा कराया जा रहा है। साइबर क्राइम मुख्यालय द्वारा अब तक कुल 12547 संदिग्ध मोबाइल नम्बरों को बंद किये जाने हेतु रिपोर्ट किया गया है। साइबर क्राइम के अन्वेषण के सम्बन्ध में संचालित लैब में अब तक कुल 1363 राजपत्रित, अराजपत्रित पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में स्थापित साइबर थाना लखनऊ व गौतमबुद्धनगर के अलावा सभी 16 परिक्षेत्रीय स्तर पर एक एक साइबर क्राइम थाने क्रमश: आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, चित्रकूटधाम, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन, कानपुर, झांसी, अयोध्या, सहारनपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर व वाराणसी की स्थापना की गयी है। शासन द्वारा इन थानों को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु 384 पदों का सृजन भी किया गया है। साइबर क्राइम थानों के नियंत्रण एवं राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण हेतु अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में सिग्नेचर बिल्डिंग में साइबर क्राइम मुख्यालय पर साइबर क्राइम सेल संचालित किया जा रहा है।

## सांसद आदर्श ग्राम योजना में चयनित गांवों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दें

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी की अध्यक्षता में सांसद आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित अधिकार प्राप्त समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सीएस ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका अनुश्रवण भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। अत: सभी विभाग सांसद आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में अपनी विभागीय योजनाओं व बजट को इन ग्रामों के विकास कार्यों में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जो परियोजनायें पूर्ण होती जाए उन्हें तत्काल पोर्टल पर अपडेट भी कर दिया जाये। इससे पूर्व बैठक में बताया गया कि सांसद आदर्श ग्राम योजना दो फेज में लागू की गयी है जिसमें प्रथम फेज 2014-19 में प्रत्येक सांसद को वर्ष 2019 तक 3 चयनित ग्रामों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अभिसरण द्वारा संतृप्त करते हुए आदर्श ग्राम बनाया जाना है।


भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, रायबरेली रोड, पोस्ट–दिलकुशा, लखनऊ–226002, भारत
Indian Institute of Sugarcane Research, Rae Bareli Road, Post - Dilkusha, Lucknow — 226 002, India
भाकृअनुप ICAR

F. No13-76/2020-Admn.I Dated : 26.07.2021

**Walk-in-Interview**

Walk-in-Interview for the following contractual position under time bound project as per details given below :-

| Sl. No. | Name of the Position | No. of Vaccancy | Date of Interview |
|---|---|---|---|
| 1 | Field Assistant | 01 | 02.08.2021 |
| 2 | Contract Assistant | 01 | 04.08.2021 |
| 3 | Project Assistant | 01 | 05.08.2021 |
| 4 | Technical Assistant | 01 | 06.08.2021 |
| 5 | Young Professional-I | 01 | 09.08.2021 |
| 6 | Yoga Instructor | 01 | 11.08.2021 |
| 7 | Physiotherapist | 01 | 11.08.2021 |

For further details as qualifications, age and other terms and conditions etc., please refer to the Institute's Website *Attps://iisr.icar.gov.in*
For any change/updation will be published on website only.

**(R K Yadav)**
**Assistant Administrative Officer**
**& I/e Adm.I**


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# शहीदों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों का किया सम्मान

- बहादुर जवान सीमाओं की सुरक्षा और षड़यंत्र को विफल करने में सक्षमः योगी
- मुख्यमंत्री ने वीरता और सम्मान पुस्तक का विमोचन किया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल शहीद स्मृति वाटिका के कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीदों के परिवारीजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों की प्रतिमाओं पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मई, 1999 में पड़ोसी राष्ट्र के द्वारा एक षड़यंत्र के तहत कारगिल युद्ध देश पर थोपा गया था। कारगिल की चोटियों पर एक साजिश के तहत दुश्मन देश ने कब्जा कर भारतीय सेना को निशाना बनाना शुरू कर दिया था। विपरित परिस्थितियों के बावजूद मात्र दो से ढाई माह में भारत के बहादुर जवानों ने दुश्मन को वहां से भाग खड़ा होने के लिए मजबूर कर दिया। तब से 26 जुलाई की तिथि को पूरा देश कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाता है। अमर शहीदों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पूरे देश में बड़े गौरव और सम्मान के साथ यह आयोजन सम्पन्न होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए गौरव और गरिमा का अवसर है। आज से 22 वर्ष पूर्व 1999 में दुश्मन देश को बुरी तरह परास्त करते हुए कारगिल पर विजय प्राप्त करके दुनिया के सामने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का लोहा एक बार फिर से मनवाया था। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शहीदों के परिवारीजन को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत के बहादुर जवानों की सजगता का ही यह परिणाम है कि आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड़यंत्र को विफल करने में सक्षम है। भारत के बहादुर जवानों के पुरुषार्थ के परिणामस्वरूप 136 करोड़ की आबादी स्वयं को सुरक्षित महसूस करती है। वीर जवानों के प्रति सम्मान का भाव रखने के साथ साथ समाज का उनके परिजनों के प्रति सम्बल बहुत महत्वपूर्ण है। योगी ने कहा कि विगत 4 वर्ष में राज्य सरकार ने कुछ निर्णय लिए हैं। युवा पीढ़ी के अच्छे प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ साथ सेना में हमारे युवाओं को अवसर मिल सके, इसके लिए राज्य सरकार ने सैनिक स्कूल की स्थापना की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया है। केन्द्र सरकार के नए बजट में देश में 100 नए सैनिक स्कूल की स्थापना प्रस्तावित किये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में मण्डल मुख्यालय स्तर पर नए सैनिक स्कूल को खोलने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सैनिक स्कूलों का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से हुआ था। कैप्टन मनोज पाण्डेय, लखनऊ सैनिक स्कूल की ही देन थे, जिन्हें कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने के लिए भारत के सर्वोच्च रक्षा सम्मान परमवीर चक्र से अलंकृत किया गया था। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के शहीद सैनिकों के परिवारीजनों का सम्मान किया। उन्होंने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पाण्डेय, मेजर रितेश शर्मा, राइफलमैन सुनील जंग के परिवारीजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के रणबांकुरों के साहस, शौर्य, पराक्रम और उनकी शौर्य गाथाओं पर केन्द्रित पुस्तक वीरता और सम्मान का विमोचन किया। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निदेशालय की तरफ से मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। वहीं महापौर संयुक्ता भाटिया ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में घोषणा कर कहा कि शहीदों के परिजनों को कोई भी टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही महापौर ने किसी कारणवश कार्यक्रम में न आ पाने के कारण शहीद कैप्टन आदित्य मिश्रा एवं शहीद लांस नायक केवला नंद द्विवेदी के परिजनों से घर जाकर दिवंगत हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके परिजनों को अंगवस्त्र देकर उनको सम्मानित किया।

# सम्मान की आस में 18 साल से भटक रहा शहीद का परिवार

- कारगिल विजय दिवस के मौके पर धरना देकर किया विरोध

**संवाददाता।** सरोजनीनगर




**कारगिल विजय** दिवस के मौके पर शहीदों के परिजनों को कई तरह की सहायता दिये जाने की घोषणा सरकार द्वारा की गई। लेकिन शहीदों के परिजनों को इन योजना का कितना लाभ मिल रहा है इसका नमूना सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा में देखा जा सकता है। आलम यह है कि यहां शहीद परिवार अपनी मांगों को लेकर पिछले 18 वर्षो से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। मांगें पूरी न होने पर शहीद के परिजनों ने सोमवार को कारगिल दिवस के मौके पर शहीद के स्मारक पर धरना दिया। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर संतोष कुमार ने शहीद के परिजनों को उनकी मांगों को पूरा किये जाने के लिए शासन को भेजने का आश्वासन दिया।

सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा में रहने वाले विवेक सक्सेना का जन्म बंथरा थाना क्षेत्र के मेमौरा वायुसेना स्टेशन में हुआ था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद विवेक सक्सेना को 04 जनवरी 1999 को इंटेलिजेंश ब्यूरो में तैनाती मिली। इसके बाद 22 जनवरी 2000 में वह सीमा सुरक्षा बल में शामिल हो गये। विवेक सक्सेना ने मणिपुर में तैनाती के दौरान कई बार आतंकवादियों से मोर्चा लिया। लेकिन 2 जनवरी 2003 को राकेट लांचर एमएटी चाइनीस मिसाइल से विवेक सक्सेना देश के लिए शहीद हो गये। शहीद विवेक सक्सेना के पिता राम स्वरूप सक्सेना भी सेना से रिटायर्ड हैं और उन्होंने अपने बेटे के स्मारक के लिए कृष्णालोक में राज्य सरकार से जमीन की मांग की थी। शहीद के परिजनों ने अपने पैसे से शहीद विवेक सक्सेना का स्मारक एवं मूर्ति स्थापित की। जिसका अनावरण वर्ष 2017 में तत्कालीन राज्यपाल व क्षेत्रीय विधायिका एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वाति सिंह द्वारा किया गया। शहीद विवेक सक्सेना की मां सवित्री सक्सेना व भाई रंजीत सक्सेना शहीद को मिलने वाली योजनाओ के लिए बीते 18 वर्षो से तहसील प्रशासन के चक्कर लगा रहे है। आरोप है कि तहसील प्रशासन उनके परिवार को यहां का न रहने वाला बताकर रिपोर्ट भेज देता है।

## क्विक न्यूज

### गृहमंत्री एक अगस्त को करेंगे पुलिस साइंस एवं फारेंसिक विश्वविद्यालय का शिलान्यास

**लखनऊ।** देश के गृह मंत्री अमित शाह पहली अगस्त को लखनऊ में पुलिस साइंस एवं फॉरेंसिक विश्वविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने शासन और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ गृह मंत्री के काफिले के रूट प्लान से लेकर समारोह स्थल की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सरोजनीनगर के पिपरसंड में 220 बीघा जमीन पर पुलिस साइंस एवं फॉरेंसिक विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। इस साल जनवरी माह में शासन की ओर से 213 करोड़ रुपए जारी किए गए थे। विश्वविद्यालय का ले आउट प्लान मंजूर किया जा चुका है। इसको राष्ट्रीय न्यायायलयिक विज्ञान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया जाएगा। साथ ही डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से एमओयू भी किया जा रहा है। इस विश्वविद्यालय में भौतिकी, अग्नेयास्त्र, विष विज्ञान, जीव विज्ञान, डीएनए, साइबर अपराध, रसायन व्यवहार विज्ञान जैसे विषयों से संबंधित विभाग होंगे।

### गर्भवती महिलाओं का भी टीकाकरण कराया जाएः डीएम

**लखनऊ।** टीकाकरण पर जिलाधिकारी द्वारा ज़िला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गई। अधिक से अधिक टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही गर्भवती महिलाओं का भी टीकाकरण कराया जाए। गर्भवती महिलाओं को उनके घर से टीकाकरण केंद्र पर ले जाने के लिए वैन की व्यवस्था कराने के लिये विचार विमर्श किया गया। वहीं अगस्त माह के पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन करने का आदेश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम सहित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की और आगामी अगस्त माह में आयोजित होने वाले विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों एवं गतिविधियों की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड से बचाव का एकमात्र हथियार कोविड टीकाकरण है। हमें अधिक से अधिक लोगों को जागरुक कर कोविड टीकाकरण करना है और ज्यादा से ज्यादा गर्भवतियों का कोविड टीकाकरण किया जाये। अगर जरूरत पड़े तो गर्भवतियों को उनके घर से टीकाकरण केंद्र तक लाने के लिए मोबाईल वैन की सुविधा शुरू की जाये।

### केजीएमयू के दस फीसदी कर्मियों में नहीं बनी एंटीबाडी

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमण के खिलाफलड़ाई में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के 90 प्रतिशत कर्मचारियों व अधिकारियों, शिक्षकों में एंटीबाडी पाई गई है। जबकि 10 प्रतिशत ऐसे कर्मी पाए गए हैं, जिनमे एंटीबाडी नही पाई गई है। सोमवार को स्क्रीनिंग रिपोर्ट जारी करते हुए विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह के मुताबिक कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी के मार्गदर्शन में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ तूलिका चंद्रा द्वारा की गयी स्क्रीनिंग में यह परिणाम प्राप्?त हुए हैं। उन्होंने बताया कि इन परिणामों के अनुसार केजीएमयू में चिकित्सक सहित सभी 2000 स्वास्थ्य कर्मियों में 90 प्रतिशत में कोविड आईजीजी स्पाइक एंटीबॉडी मिले। जबकि शेष 10 प्रतिशत कर्मियों में कोई एंटीबॉडी नही मिली। जिन 10 प्रतिशत में एंटीबॉडी नहीं पायी गयीं उनमें भी 5 प्रतिशत ऐसे हैं जिन्हें टीकाकरण की दोनों खुराकें दी जा चुकी हैं। रिपोर्ट के अनुसार केजीएमयू के 3 प्रतिशत कर्मियों ने चिकित्सीय स्थितियों के कारण अभी तक टीकाकरण नहीं कराया है। जबकि 2 प्रतिशत ने अभी टीकाकरण की पहली खुराक ही ली है।

### नए वीसी अक्षय त्रिपाठी ने संभाला एलडीए का कार्यभार

**लखनऊ।** एलडीए के नए वीसी द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया। वे इससे पूर्व नगर आयुक्त कानपुर के पद पर नियुक्त थे। सोमवार को एलडीए के नए वीसी अक्षय त्रिपाठी ने एलडीए का कार्य भार संभाल लिया। नए वीसी ने पूर्व वीसी अभिषेक प्रकाश से औपचारिक मुलाकात कर चार्ज लिया। वे इससे पहले कानपुर नगर आयुक्त की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पहली तैनाती 2015 में असिस्टेंट कलेक्टर इटावा के रूप में हुई थी। मुख्य विकास अधिकारी जालौन भी रहे। नए वीसी ने मेकैनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। एलडीए जॉइन करने से पहले हनुमान सेतु पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए।

### एलयू के वाट्सएप ग्रुप में अश्लील मैसेज भेजने वाला छात्र निलंबित

**लखनऊ।** प्राचीन भारतीय इतिहास के व्हॉटसग्रुप में अश्लील फोटो मैसेज डालने वाले बीए छठे सेमेस्टर के छात्र आदित्य सिंह के खिलाफ लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने कड़ा एक्शन लिया है। सोमवार को आरोपी छात्र को विवि के कुलानुशासक प्रो दिनेश कुमार ने निलंबित करते हुए परिसर प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की रिपोर्ट के बाद आरोपी छात्र आदित्य सिंह को निलम्बित किया गया। साथ ही आरोपी छात्र को तीन दिन का समय स्पष्टीकरण के लिए दिया गया है। यदि छात्र स्पष्टीकरण नहीं देता है तो विश्वविद्यालय से उसे निष्कासित कर दिया जाएगा। एक दिन पूर्व ही हसनगंज पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार किया था।

### नहीं खुले भवरेश्वर मंदिर के कपाट, बिना जलाभिषेक के लौटे भक्त

**निगोहां।** ऐतिहासिक भवरेश्वर शिवमंदिर पर सावन मास के प्रत्येक सोमवार को लगने वाले सावन मेला में कभी हर हर महादेव की गूंज सुनाई देती थी। लेकिन इस बार प्रशासन ने मेला व जलाभिषेक पर रोक लगा रखी थी जिसके चलते सावन मास के पहले सोमवार को मेला नही लगा और ना ही मन्दिर पहुँचने वाले शिव भक्तों को दर्शन करने या जलाभिषेक करने की इजाजत दी गई। इसके लिए प्रशासन ने मन्दिर के पट रविवार की शाम से ही बन्द करवा दिया था।श्रद्धालुओं को बिना जलाभिषेक किये बगैर वापस होना पड़ा। यह निर्णय प्रशासन ने कोरोना की तीसरी लहर की सम्भावना को देखते हुए लिया था। वही मेला भवरेश्वर शिव मंदिर पहुचने वाले शिवभक्तों में गुस्सा भी देखने को मिला शिव भक्तों ने बताया कि कोरोना महामारी के थमने पर पिछली बार सावन मास मे मेला स्थगित था लेकिन कोविड नियमों के तहत दर्शन करने की इजाजत थी। देर रात से ही मेला भवरेश्वर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मेले की सुरक्षा में लगीं तीन जनपदों की पुलिस के जवानों ने अपने अपने सीमा पर शिवभक्तों को पुलिस बेरकटिंग लगाकर रोक लिया शिवभक्तो को आगे नही जाने दिया गया जिसको लेकर शिव भक्तो व पुलिस के बीच झड़पे होती रही।

# कैरियर डेंटल कालेज के मालिक व बेटे की ढाई अरब की संपत्ति कुर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मड़ियांव पुलिस** ने सोमवार को जालसाज, सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने और गिरोह बनाकर अवैध संपत्तियां हासिल करने वाले अजमत अली और सपा सरकार में राज्यमंत्री रहे उनके बेटे मो. इकबाल की संपत्तियों को कुर्क कर दिया है। अजमत अली की गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रिया कलाप के अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत कुर्क की कुल संपत्ति की कीमत 2.54 अरब रुपये है। इस दौरान मड़ियांव, जानकीपुरम, अलीगंज सहित कई थानों की पुलिस व कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। एसीपी अलीगंज अखिलेश सिंह के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के आदेश पर सोमवार को 14 (1) की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने सभी संपत्तियों की सूची तैयार की। जिसे संबंधित विभागवार बनाया गया। इसके बाद संबंधित विभाग को भी इस मामले की जानकारी दी गई। देर शाम तक करीब चार करोड़ से अधिक की लग्जरी गाड़ियों को मड़ियांव थाने पहुंचाया गया। उनकी सूची बना दी गई है। जिसे दोनों आरोपियों के परिजनों को रिसीव कराया गया है।

एडीसीपी प्राची सिंह के मुताबिक अजमत अली ने 26 साल पहले 1995 में कैरियर कान्वेंट एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट का निर्माण किया था। इसके बाद से उसने सरकारी रास्तों, चकरोड व सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करना शुरू कर दिया। इसी अवैध कमाई से 1998 से 2000 के बीच में कैरियर कान्वेंट कालेज बनाया। इसके बाद 2007 में कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल की बिल्डिंग नेशनल हाइवे के साथ मिलाकर बनाना शुरू किया। अजमत अली ने सार्वजनिक स्थानों, चकरोड, नवीन परती जमीन को अपने ट्रस्ट में समाहित कर लिया। उन पर भी निर्माण करा लिया। आरोप है कि यह सारी संपत्ति अपने दबंगई और आपराधिक कारनामों के बदौलत हासिल की गई।

### 1200 रुपये प्रति माह की करता था नौकरी

**इंस्पेक्टर के** मुताबिक मड़ियांव इलाके के घैला गांव का रहने वाला अजमत अली काफी सामान्य परिवार से था। परिवार में कई भाई व बहन थे। पैतृक संपत्ति सिर्फ नाममात्र की थी। परिवार का पालन नहीं हो पा रहा था। परिवार के पालन पोषण के लिए अजमत अली ने निषार अली नाम के व्यक्ति के यहां 1200 रुपये प्रतिमाह की नौकरी शुरू की। लेकिन ऊंची उड़ान भरने की चाहत में उसने गिरोह बनाकर अवैध तरीके से संपत्तियां बनानी शुरू कर दी। इस काम में उसका बेटा मो. इकबाल भी शामिल हो गया। मड़ियांव थाने में अजमत अली पर पहला मुकदमा 2000 में मारपीट व एससीएसटी धारा में दर्ज हुआ था। इसके दस साल बाद हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ। आरोपी अजमत अली के खिलाफ मड़ियांव थाने में ही आठ मुकदमें दर्ज है। जिसमें हत्या के प्रयास, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर संपत्तियां बनाने व बलवा जैसे मामले हैं। वहीं अजमत के बेटे मो. इकबाल पर मड़ियांव थाने में तीन मुकदमे दर्ज है।

### मेडिकल कॉलेज से लेकर लग्जरी गाड़ियां पुलिस के कब्जे में

**कार्रवाई** की जद में आई संपत्तियों में कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल (एकेडमिक ब्लाक, हॉस्पिटल, कैंपस), एमबीबीएस ब्वायज हॉस्टल, कैरियर पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल (डेंटल कॉलेज, डेंटल हॉस्पिटल, नर्सिंग कॉलेज, स्टेडियम, भवन इंटर्न ब्वायज हॉस्टल व परिसर), बीडीएस गर्ल्स हॉस्टल, बीडीएसी ब्वायज हॉस्टल, एमबीबीएस गर्ल्स हॉस्टल, नर्सेस हॉस्टल, रेजीडंस हॉस्टल, इंटर्न पीजी गर्ल्स हास्टल, कैंटीन, मेस, डेंटल कालेज परिसर में एसटीपी, ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र मुतक्कीपुर, दो मंजिला अधूरा निर्माण, कैरियर कान्वेंट कॉलेज परिसर विकासनगर सेक्टर.5, अर्धनिर्मित दो मंजिला भवन, घैला, मुतक्कीपुर, अल्लूनगर डिगुरिया, बरौरा हुसैनबाड़ी, अलीनगर में स्थित भूमि व पंजाब नेशनल बैंक घैला, एक्सिस बैंक शाखा आईआईएम रोड, एसबीआई पांडेयगंज नादानमहल रोड, आईसीआईसीआई नादान महल रोड में अजमत अली और मो. इकबाल व उनके परिवारी जनों और ट्रस्ट के नाम से जमा 77,35,530 रूपये शामिल है। इसके अलावा स्वयं और ट्रस्ट केनाम से खरीदी गई लग्जरी गाड़ियां जिनमें बस, क्वालिस, इनोवा, फार्च्यूनर, ऑडी व अन्य वाहन को कुर्की की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सारी संपत्तियों को जब्त कर लिया है।



सावन के पहले सोमवार को मनकामेश्वर मंदिर में किया गया भोलेनाथ का जलाभिषेक

### दिवंगत अधिवक्ताओं के बच्चों को आर्थिक सहयोग

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**लायर्स वेलफेयर** एसोसिएशन के तत्वाधान में सोमवार को दिवंगत अधिवक्ताओं के बच्चों को उनकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। एसोसिएशन के संस्थापक ज्ञान सिंह ने 10 बच्चों को चेक सौंपा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिविल कोर्ट के राजेंद्र प्रसाद सभागार में चेक वितरण के दौरान कोविड.19 नियमों का खास पालन किया गया। लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक वर्ष 1986 से दिवंगत अधिवक्ताओं के बच्चों को आर्थिक मदद दी जा रही है। इस साल आर्थिक सहयोग प्राप्त करने वालो छात्र छात्राओं में वेदिका शुक्ला, ईशानी यादव, तुशी सिंह, यश गोस्वामी, पलक श्रीवास्तव, दीक्षा चंद्रा, आस्था शुक्ला, सृष्टि कश्यप, आदित्य सिंह व विद्यानशू प्रताप सिंह रहे।

### जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में 13 बंदियों की रिहाई

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सोमवार को जिला कारागार परिसर में एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें 19 बंदियो के 13 मामलों का निस्तारण कर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया गया। विशेष सीजेएम कष्टम सुनील कुमार व एसीजेएम नार्दन रेलवे रणविजय सिंह ने इन मामलों का निस्तारण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव फरहा जमील के मुताबिक इन मामलों में 30 हजार 500 का जुर्माना भी लगाया गया।

### यूपीपीसीएल पीएफघोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम की जमानत याचिका मंजूर

**लखनऊ।** यूपीपीसीएल पीएफघोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम मनोज अग्रवाल की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। जस्टिस सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने यह आदेश मनोज अग्रवाल की जमानत याचिका पर दिया है। याचिका पर बहस करते हुए वकील राघवेंद्र पांडेय का कहना था कि सात दिसंबरए 2019 से याचिकाकर्ता इस मामले में जेल में है। उस पर दो फर्जी कम्पनियां बनाकर कर्मचारियों के पीएफ फंड का पैसा निवेश कराने के एवज में उक्त कम्पनियों के खाते में चार करोड़ का कमीशन प्राप्त करने का इल्जाम है। जबकि वास्तव में वो स्वयं धोखाधड़ी और साजिश का शिकार है। उसे इस मामले में सीए इशांत अग्रवाल व ललित गोयल ने फंसाया है। यह भी तर्क था कि सीबीआई अब तक इस मामले की विवेचना पूरी नहीं कर सकी है। इस मामले में एपी मिश्रा समेत मुल्जिम अमित प्रकाश, इशांत अग्रवाल, संजय कुमार, अभिनव गुप्ता व विकास चावला की जमानत हो चुकी है।

### ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी पर 25 हजार का हर्जाना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत मुआवजा देने के आदेश को बगैर विचार किए चुनौती देने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी पर 25 हजार का हर्जाना ठोंका है। पीठ ने इसके साथ ही एक माह में मुआवजे की रकम का भुगतान का भी आदेश इंश्योरेंस कम्पनी को दिया है। जस्टिस रिरतुराज अवस्थी एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने यह आदेश ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड की याचिका पर दिया है। याचिका में 15 जूनए 2020 को पारित अंबेडकरनगर के जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली रिव्यू कमेटी के आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में कमेटी ने उक्त बीमा योजना के तहत एक मृतक के आश्रितों को पांच लाख का मुआवजा देने का आदेश इंश्योरेंस कम्पनी को दिया था। कम्पनी का तर्क था कि मृतक के आश्रितों ने 45 दिन में आय प्रमाण पत्र नहीं जमा किया। लिहाजा उन्हें मुआवजा पाने का अधिकार नहीं है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि कम्पनी द्वारा बीमा योजना के तहत किए गए करार में स्पष्ट उल्लेख है कि जिला रिव्यू कमेटी का आदेश अंतिम होगा। कम्पनी एक माह में आदेश का अनुपालन करते हुए मुआवजे का चेक जिलाधिकारी के समक्ष जमा कर देगी। जिसे जिलाधिकारी लाभार्थी को प्रदान करेंगे।

### शहीद पथ-एयरपोर्ट फ्लाई ओवर के निर्माण पर जवाब तलब

**लखनऊ।** अमर शहीद पथ से चैधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के बीच प्रस्तावित फ्लाई ओवर का काम कब तक पूरा हो जाएगा। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। पीठ ने इस मामले में दाखिल एक जनहित याचिका पर भी निर्देश प्राप्त करने का आदेश राज्य सरकार के वकील को दिया है। मामले की अगली सुनवाई दो अगस्त को होगी। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश सुनील कुमार सिंह की याचिका पर दिया है।


# कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य विभाग का चक्का जाम

- यूपी मेडिकल एंड मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने घेरा स्वास्थ्य भवन
- संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने किया एनएचएम कार्यालय का घेराव, समायोजन की मांग को लेकर एम्बुलेंस के पहिये थमे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश भर** में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से लेकर एम्बुलेंस कर्मियों ने विभाग का चक्का जाम कर दिया। स्थानांतरण सूची निरस्त करने की मांग को लेकर यूपी मेडिकल एंड मिनिस्टीरियल एसोसिएशन ने जहां स्वास्थ्य भवन का घेराव किया, वहीं एनएचएम में तैनात संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने स्थानांतरण बहाल करने जैसी कई मांगो को लेकर एनएचएम कार्यालय का घेराव किया। जबकि समायोजन की मांग को लेकर प्रदेश में एस्मा लागू होने के बावजूद एम्बुलेंस कर्मियों ने हड़ताल कर दिया। एक साथ तीन मोर्चों पर विरोध के चलते अधिकारियों के पसीने छूटते नजर आए। देर शाम एनएचएम कर्मियों ने वार्ता के बाद अपना आंदोलन वापस ले लिया है।

संशोधित स्थानांतरण सूची निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलित यूपी मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने आज सुबह दस बजे से स्वास्थ्य भवन का घेराव किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह के मुताबिक संगठन द्वारा महिला सदस्यों को 1000 किलोमीटर से अधिक दूर किए गए स्थानांतरण के मुद्दे को उठाने के उपरांत कल रात में निदेशक प्रशासन द्वारा लगभग ढाई सौ स्थानांतरण संशोधित करते हुए आसपास के जिलों में महिला कर्मियों को तैनाती दी गई। परंतु दिव्यांगों, युगल दंपत्ति, दो वर्ष से कम सेवानिवृत्त, गंभीर बीमारी पदाधिकारियों आदि पर कोई विचार निदेशक प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। पुरुषों को तीन विकल्प के आधार पर निकट जनपदों में तैनाती देने का प्रस्ताव भी निदेशक प्रशासन द्वारा नहीं माना गया। संशोधित सूची जारी होने से यह साबित हो चुका है कि निदेशक प्रशासन द्वारा अनियमित रूप से स्थानांतरण किए गए। संगठन की मांग है कि तीनों स्थानांतरण सूची निरस्त किए जाने एवं निदेशक प्रशासन को निर्लंबित कर जांच की मांग करता है।



वहीं स्थानांतरण नीति बहाल करनेए प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा को समाप्त करने जैसी कई मांगो को लेकर आज प्रदेश भर से लखनऊ पहुंचे एनएचएम स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों ने उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले एनएचएम कार्यालय का घेराव किया। सुबह से लेकर शाम तक चले प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल मंडल ने निदेशक एनएचएम अपर्णा यू के साथ मांगो को लेलर वार्ता की। वार्ता में सहमति बन के बाद उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है।

वहीं प्रदेश में एडवांस लाइफसपोर्ट एंबुलेंस सेवा का संचालन नई कंपनी जिगित्सा को सौंपे जाने के बाद समायोजन को लेकर एम्बुलेंस कर्मियों ने एम्बुलेंस का चक्का जाम कर हड़ताल कर दिया। जबकि प्रदेश में एस्मा लागू है। सोमवार को राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में मरीजों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

**सीएमओ ने अपनी फ्लीट से आवंटित की एम्बुलेंसः** 102 व 108 एंबुलेंस सेवा के हड़ताल को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल ने जन सामान्य को कोई समस्या ना हो इस को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ की एंबुलेंस फ्लीट से एंबुलेंस का आवंटन किया है। विजय कुमार मोबाइल नंबर 93352 13689 एवं ऋषि यादव मोबाइल नंबर 97982 82727 को एंबुलेंस सेवा व्यवस्था सुचारु रुप से चलें इसके लिए नामित किया गया है। जिन से संपर्क कर एंबुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।

**हड़ताल से प्रभावित हुई ओपीडीः** सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एम्बुलेंस कर्मियों के आंदोलन का साफ असर सरकारी अस्पतालों पर देखने को मिला। अस्पतालों में चिकित्सीय व्यवस्था ठप हो गई। जिसके चलते दूर दराज से ओपीडी में दिखाने आए मरीजों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। लखनऊ में सिविल, बलरामपुर, महानगर सिविल, लोकबंधु समेत सीएचसी पीएचसी में भी ओपीडी प्रभावित रही।

# योजना का लाभ पात्र बालिकाओं तक पहुंचाएं

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ पात्र बालिकाओं तक पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सरकार की प्राथमिकता है। यह योजना बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के स्तर में वृद्धि करने तथा उनके भविष्य को उज्वल बनाने के लिए सहायक सिद्ध हो रही है। इस योजना के तहत अब तक 7 लाख 81 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के सम्बन्ध में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा वर्कर्स, अध्यापकों व प्रधानाचार्यों, बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय आदि से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के सम्बन्ध में समन्वय व संवाद किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मण्डल व जनपद स्तर पर योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के ठोस प्रयास किए जाएं। मानक के अनुसार पात्र बालिकाओं तक योजना का लाभ पहुंचाने की दिशा में बेहतर रणनीति के साथ कार्य किए जाएं।

इस अवसर पर महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री स्वाती सिंह, प्रमुख सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास वी हेकाली झिमोमी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## परफॉर्मर स्टेट के रूप में आगे आया प्रदेशः सीएम

### सतत् विकास लक्ष्य इण्डेक्स 3 की समीक्षा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि निर्धारित 15 सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर प्रदेश तेजी से कार्य करते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। सतत् विकास लक्ष्य इण्डेक्स 2020 में उत्तर प्रदेश 60 अंकों के साथ परफॉर्मर स्टेट के रूप में आगे आया हैए जबकि वर्ष 2019 व वर्ष 2018 में प्रदेश के क्रमशः 55 एवं 42 अंक थे। उन्होंने मानकों के अनुसार कार्य करते हुए इन लक्ष्यों के सम्बन्ध में और बेहतर स्कोर किए जाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर सतत् विकास लक्ष्य इण्डेक्स 3.0 की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी नोडल विभाग तथा उनके साथ लिंक किए गए विभाग सम्बन्धित फोकस सेक्टरों पर मिलकर काम करें। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों को डाटा फीडिंग कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर तथा स्टार्ट अप को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार हमें सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बेहतर परिणाम प्राप्त करते हुए आगे बढ़ना है। विभागीय स्तर पर लक्ष्यों का निर्धारण करते हुए उन्हें प्राप्त करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं।

## नवनिर्वाचित प्रधानों के संबंधी उसी गांव में नही हो सकेंगे ग्राम रोजगार सेवक

**लखनऊ।** ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता लाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने जिन ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों के निकटस्थ परिवारीजन ग्राम रोजगार सेवक के पद पर तैनात हैं, वहां नये ग्राम रोजगार सेवक का चयन करने का निर्णय लिया है। पुराने ग्राम रोजगार सेवक के अनुभव का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु निकट के ग्राम पंचायत की सहमति पर सम्बंधित ग्राम पंचायत में की जा सकेगी। ग्राम्य विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की तरफसे इस बाबत सभी जिलाधिकारियों तथा जिला कार्यक्रम समन्वयकों को निर्देश जारी कर दिये गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक आपसी सहमति से दो ग्राम पंचायतें अपने ग्राम रोजगार सेवकों का परस्पर स्थानान्तरण जनपद स्तरीय अधिकारी को प्रस्ताव भेज कर, प्रस्ताव की सहमति प्राप्त करने के पश्चात कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021 संपादित हुए हैं।

# उद्यमियों की समस्याओं का नियमित निस्तारण होगा

### एकमुश्त समाधान योजना पूरे प्रदेश में लागू किए जाने के लिए राज्य सरकार को संस्तुति भेज दी गई हैः मनीष गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने सोमवार को जवाहर भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के व्यापारियों की मांग के आधार पर सेलटैक्स-वैट-वाणिज्य कर व मनोरंजन कर, केबिल टीवी आपरेटरों के लम्बित विभिन्न बकाये, ब्याजों व मुकदमों के निस्तारण के लिए एकमुश्त समाधान योजना पूरे प्रदेश में लागू किए जाने हेतु उनके द्वारा राज्य सरकार को संस्तुति भेज दी गई है। इससे प्रदेश के लाखों व्यापारियों को इसका लाभ मिलेगा और राज्य सरकार को भी भारी राजस्व की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही ओटीएस की धनराशि को जमा करने के लिए किस्तों में भुगतान किये जाने की संस्तुति भी की है।

व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक कर व्यापारी, उद्यमियों की समस्या का निस्तारण जिला स्तर पर ही कराकर प्रतिमाह प्रगति रिपोर्ट से बोर्ड को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि होटल व्यवसाय को उद्योग का दर्जा प्रदान किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश में होटल इण्डस्ट्री के व्यवसाय व औद्योगीकरण से सम्बंधित सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी। व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ने कहा कि लूट, हत्या, आगजनी, दंगों इत्यादि से प्रभावित उद्यमियों, व्यापारियों के प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थानों जैसे यूपीएसआईडीसी, विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, मण्डी परिषद आदि व्यवसायिक संस्थानों में व्यापारियों और उद्यमियों के लिए व्यावसायिक सम्पत्तियों की नीलामी, आवंटन, विक्रय की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में ऑनलाइन सिंगल विण्डो सिस्टम लागू है, जिससे सम्बंधित विषयों की मासिक समीक्षा बोर्ड द्वारा की गयी तथा लम्बित प्रकरणों का समय पर निस्तारण किया जायेगा। नगर निगमोंध्नगर महापालिकाओं में रेन्ट की सम्पत्तियों के बढ़े हुए किरायों को पुनः वापस पुरानी दरों पर अथवा विधिसम्मत दरों पर लेने के लिए संस्तुति भेजी जा रही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला खण्ड (ल0क्षे0) मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पुरनिया कार्यालय परिसर, अलीगंज, लखनऊ। ई–निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से ई–निविदायें दो भागों में निम्न विवरणानुसार उ0प्र0 सरकार के पोर्टल **www.etender.up.nic.in** आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विवरण **www.mvvnl.in** पर भी अवलोकित किया जा सकता है। निविदा के अवधि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन एव निरस्तीकरण की सूचना ई–टेण्डर पोर्टल **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने, विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1. अल्पकालीन निविदा सं0 01/विकाख/2021–22** : परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला, बॉकेगंज, लखीमपुर में कम्प्यूटर पर कार्य करने हेतु 01 नग कम्प्यूटर आपरेटर की आपूर्ति का कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य 1180.00 (1000+18% GST 180.00) एवं धरोहर धनराशि रू0 1600.00। निविदा अपलोड करनें की अंतिम तिथि 11.08.2021 समय 17:00 बजे तक तथा प्रथम भाग खुलने की तिथि 12.08.2021 समय 14:00 बजे। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला खण्ड, लखनऊ**
पत्रांक–815 दिनांक–26.7.2021
''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''।

**MADHYANCHAL VIDYUT VITRAN NIGAM LTD.** HEAD OFFICE 4-A, GOKHLE MARG, LUCKNOW. **E-TENDER NOTICE** Tenders through e-tendering system are invited from reputed manufacturers with adequate experience for Competitive Bidding for supply of Three Phase Four Wire Direct Connected Static Electronic Energy Meter(10-60 Amp.) Accuracy Class 1.0 DLMS Compliant with Box & Seal with following details. Bidders may quote for minimum 20% quantity with proportionate earnest money:- **TENDER SPECIFICATION NO. MEDCO/2593/ 2021 : - Item Description** Supply of Three Phase Four Wire Direct Connected Static Electronic Energy Meter (10-60 Amp.) Accuracy Class 1.0 DLMS Compliant with Box & Seals **Quantity (Nos.)** 1,20,000 **Earnest Money (Rs.)** Rs. 23,76,000.00 **Tender Fee with GST(Rs.)** Rs. 11,800.00 Last Date & Time of receiving Tender : 24.08.2021 upto 13:00 Hrs. Due date and time for opening Bid Part-I : 25.08.2021 at 15:00 Hrs. For this tender the tender Fee amounting to Rs. 11800.00 (Rupees Eleven Thousand Eight Hundred) onlywith GST shall be deposited in the form of NEFT/RTGS only and Earnest Money, as mentioned above, shall be deposited in the form of Bank Guarantee or RTGS/NEFT. The scanned copy of Tender Fee and Earnest Money details alongwith tender bid documents shall be uploaded on e-tender website: etender.up.nic.in. Detailed information of the tender and tender documents can be seen and downloaded from e-tender website: https://etender.up.nic.in and MVVNL website: www.mvvnl.in In case of amendment and date extension, the information shall be made available on e-tender website:https://etender.up.nic.in and MVVNL website: www.mvvnl.in **Superintending Engineer (Comm) MVVNL 4-A Gokhale Marg, Lucknow** No.: 314, Date : 26.7.2021, **MVVNL Helpline No.18001800440/ 1912** "SAVE ELECTRICITY IN NATIONAL INTEREST, USE **LED** IN PLACE OF **BULB**"

# एमडी मध्यांचल ने किया वृन्दावन उपकेन्द्र का रात्रि निरीक्षण

### विद्युत चोरी में उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एमडी** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एसपी गंगवार ने विद्युत नगरीय वितरण खण्ड.वृन्दावन के अन्तर्गत 33, 11 केवी सेक्टर-9 वी विद्युत उपकेन्द्र का का रात्रि निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में जीरो ट्रिपिंग रखनी है तथा सभी परिवर्तकों को भी अन्डरलोड रखना है। अवगत कराना है कि निरीक्षण के समय क्षेत्र में कोई भी ट्रिपिंग विगत 24 घन्टे से नहीं हुई थी एवं खण्ड के सभी परिवर्तक अन्डर लोड पाए गए।

मुख्य अभियन्ता, वितरण सिस-गोमती लेसा ने रेजीडेन्सी के विद्युत उपकेन्द्र का रात्रि निरीक्षण किया। निरीक्षण में उपकेन्द्र के समस्त फीडरों एवं परिवर्तकों के लोड सामान्य पाये गये। अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-मुन्शीपुलिया के नेतृत्व में आज सेक्टर के इस्माईल गंज क्षेत्र में गॉर्निंग रेड की गयी। रेड में तीन विद्युत उपभोक्ता विद्युत चोरी में लिप्त पाए गए। जिनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। अधिशासी अभियन्ता रहीमनगर के नेतृत्व में जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-6 तथा विकास नगर, इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेन्द्र का जीरो आउटेज मैनेजमेंट कर परिवर्तकों के लोड की मॉनिटरिंग की गयी।

## एकेटीयू से सीख लें देश के अन्य प्राविधिक विविः प्रो. सहस्रबुद्धे

**लखनऊ।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के चेयरमेन प्रो अनिल डी सहस्रबुद्धे ने कहा कि एकेटीयू गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा की सुनिश्चितता के लिए सफल प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा एकेटीयू की प्रगति यह परिलक्षित करती है कि प्राविधिक शिक्षा के विकास के लिए हर संभव प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि देश के अन्य प्राविधिक विवि को एकेटीयू से सीख लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रो सहस्रबुद्धे सोमवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस को सम्बोधित कर रहे थे। प्रो अनिल डी सहस्रबुद्धे ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण जिन विद्यार्थियों के अभिभावकों का निधन हुआ है, ऐसे विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता करना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि एआईसीटीई द्वारा स्वनाथ योजना का आरंभ किया गया है, जिसमें ऐसे विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

# एटीएस को अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों से लैस करने के लिए डीजीपी ने मांगा प्रस्ताव

### पुलिस प्रमुख ने नवनिर्मित आउटडोर जिम का किया लोकार्पण सुनीं समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पुलिस** महकमे से संबंधित सभी यूनिटों की कार्यप्रणाली के बारे में बारी बारी जानकारी हासिल कर रहे डीजीपी मुकुल गोयल ने सोमवार को आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के अमौसी स्थित मुख्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक-पुलिस महानिदेशक के जीएसओ रवि जोसेफ लोक्कू ,आईजी एटीएस डॉ जीके गोस्वामी भी साथ रहे। डीजीपी ने एटीएस परिसर में नवनिर्मित आउटडोर जिम का लोकार्पण किया । इस दौरान आईजी एटीएस द्वारा एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिसमे एटीएस की आतंरिक संरचना, कार्य कौशल, तकनीकी दक्षता एवं विशिष्ट उपकरणों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर स्पेशल पुलिस ऑपरेशन टीम के जवानों द्वारा प्रशिक्षण के विभिन्न आयामों का सूक्ष्म प्रदर्शन किया गया।

डीजीपी द्वारा जवानों का हौसला बढ़ाते हुए सभी अधिकारियों व कार्मिकों के साथ सैनिक सम्मलेन कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनसे संवाद भी किया। डीजीपी द्वारा एटीएस परिसर में वृक्षारोपण किया गया। प्रभारी एटीएस ने निकट भविष्य की योजनाओं के विषय में अवगत कराया।

## प्राथमिक विद्यालय वजीरगंज के निरीक्षण का हाई कोर्ट ने दिया आदेश

**लखनऊ (विसं)।** राजधानी के वजीरगंज प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय की भवन का निरीक्षण करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दिया है। पीठ ने भवन के टेक्निकल निरीक्षण के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को सहायता प्रदान करने का भी निर्देश जिलाधिकार को दिया है। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने यह आदेश भारत जन गौरव मंच की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि वजीरगंज थाने के बगल में स्थित विद्यालय का भवन सौ साल से भी अधिक पुराना है व जर्जर हो चुका है। जिससे भवन की दीवारें कभी भी गिर सकती हैं। याचिका में बच्चों की कक्षाएं चलाने पर फौरन रोक लगाने की मांग की गई है। साथ ही विद्यालय को किसी सुरक्षित भवन में स्थांतरित करने की मांग भी की गई है। पीठ ने सुनवाई के पश्चात उक्त आदेश पारित करते हुए नगर आयुक्त को विद्यालय के बाहर से मलबा हटाने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को होगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नाम से विवादित पोस्ट, केस दर्ज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नाम से बीते दिनों अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर किसी ने विवादित पोस्ट इंटरनेट मीडिया के माध्यम से वायरल कर दी। मामले में सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने गौतमपल्ली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के मुताबिक बीते 22 जुलाई को इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट वायरल होते देखी। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नाम से भ्रामक तथ्य थे। पोस्ट में दावा किया गया कि सपा की सरकार बनने पर अयोध्या में राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद का निर्माण कराया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जिस ट्विटर से यह पोस्ट डाली गई उस तरह का कोई भी ट्विटर अकाउंट राष्ट्रीय अध्यक्ष का नहीं। उन्होंने बताया कि छवि बिगाडऩे के लिए मकसद से किसी शरारती तत्व ने किया है। इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ आइटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच.पड़ताल की जा रही है।

## फार्म 16 के एवज में सुविधा शुल्क मांगने पर लुआक्टा ने जताया विरोध

**लखनऊ।** फार्म 16 के एवज में क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा सुविधा शुल्क की मांग किये जाने का लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ ने विरोध किया है। इस बाबत सोमवार को संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय व महामंत्री डॉ अंशु केडिया ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय व महामंत्री डॉ अंशु केडिया ने भेजे गए पत्र में कहा है कि समस्याओं के समाधान न होने एव क्षेत्रीय कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघ द्वारा 2 अगस्त से आंदोलन का निर्णय लिया गया है। क्रमिक अनशन एव इसके पश्चात आमरण अनशन एव परीक्षाओ का बहिष्कार भी किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

## मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** विशाखापट्टनम से मादक पदार्थों की तस्करी कर पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश मैं सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर चार तस्करों को मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्करों में शाहिद निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर, हारून अली निवासी ग्राम पंजीठ थाना कैराना जनपद शामलीए परवेज अली और इरफान निवासी कैराना जनपद शामली शामिल हैं। गिरफ्तार शाहिद ने पूछताछ पर बताया कि वह काफी समय पहले ट्रांसपोर्ट का कार्य करता था। बगल वाले गांव काकडा का रहने वाला रविन्द्र जो वर्तमान में फरीदाबाद में रहता हैए उसकी जमीन को मैं ठेके पर लेता था। रविन्द्र ने ही मुझे कुछ पैसा कमाने का लालच देकर विशाखापटनम से मादक पदार्थ लाने के लिए एक ट्रक की व्यवस्था करने को कहा।

## हत्या के केस में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में हत्या के आरोप में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह के मुताबिक बीते 23 जुलाई को अहमामऊ स्थित टेंडर पाम अस्पताल में हाउस कीपिंग का काम करने वाली युवती नीलम राणा (20) की हुई संदिग्ध मौत के मामले में युवती की मां सुकन्या देवी के अज्ञात के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। रविवार की देर रात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अस्पताल से दो सौ मीटर दूरी पर संदीप बाल्मीकि निवासी झोपडी पट्टी निकट काली मंदिर थाना कैंट को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। जिस दौरान आरोपित ने अपना जुर्म कबूल किया।

## बंथरा में महिला से दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक महिला पैदल जा रही थी। इसी दौरान वहां पहुंचे बाइक सवार एक युवक ने उसे बहला फुसला कर अपनी मोटर साइकिल में बैठा लिया। रास्ते में पड़ने वाले जंगल में बाइक रोककर उसने महिला के साथ जबरन दुराचार किया। लेकिन इस दौरान महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपी को दबोच लिया और जमकर पिटाई करने के बाद स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। महिला का आरोप है कि युवक तेजी से बाइक चलाते हुए एक जंगल में ले गया और वहां उसके मुंह में कपड़ा ठूस कर जबरन दुराचार किया।

## जालसाजों ने बेच दी वन विभाग की जमीन

**लखनऊ।** इंस्पेक्टर गुडम्बा फरीद अहमद ने बताया बहादुरपुर, फूलबाग कॉलोनी निवासी हरिश्चंद्र गिरि ने 500 वर्ग फुट का एक प्लॉट बहादुरपुर में संजय कुमार से 27 जनवरी 2011 को बैनामा कराया था लेकिन वह प्लॉट पर निर्माण नहीं करा सका। आरोप है कि स्थानीय निवासी हाफिज अब्दुल हसीब और मुजीब ने उसके प्लॉट पर कब्जा कर दो मंजिला इमारत बना ली। विरोध करने पर धमकी देने लगे। इसकी शिकायत पीड़ित ने गुडम्बा थाने पर की। जहां आपसी समझौते में आरोपित दूसरी जगह प्लॉट देने को राजी हो गए। जिसके बाद आरोपित ने अपने सहयोगी विकासनगर निवासी डॉ. संतोष कुमार से छलपूर्वक 500 के स्थान पर 350 वर्ग फुट की रजिस्ट्री 6 मार्च को पीड़ित हरिश्चंद्र की पत्नी मंजू गिरि के नाम करवा दी। जिसके बाद कब्जा देने के नाम पर आरोपित तीन महीने तक टालमटोल करते रहे। हताश होकर पीड़ित राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचा। जहां पता चला कि जिस जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है वह वन विभाग की है।

## अधिकारी करा रहे जेम पोर्टल से सरकार की किरकिरीः परिषद

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजनाओं लेकर आगे बढ़ रही है लेकिन वह पूरी तरह से नौकरशाहों से मुक्त नही है। नौकरशाह लगातार सरकार की किरकिरी कराने में जुटे हैं। अभी हाल में स्वास्थ्य विभाग सहित अधिकाधिक विभागों में नियमों को दरकिनार तबादलों को लेकर मची हलचल समाप्त नही हो पाई थी कि उसके बाद नौकरशाहों की एसी कमरों में तैयार जेम पोर्टल योजना से सरकार की किरकिरी हो रही है। जिस जेम पोर्टल का स्थापना प्रतिस्पर्धा के साथ गुणवत्तायुक्त सामग्री खरीद के लिए की गई थी उस पोर्टल से अब कर्मचारी खरीदे जाएगें। यानि धनपशु ठेकेदारों की कमाई का एक और जरिया नौकरशाहों द्वारा तैयार किया गया।

# सीएमएस के छात्रों ने गाड़े सफलता के झंडे

### आईएससी में 40 छात्रों ने 99.75 प्रतिशत व 1909 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल के छात्रों ने आईएससी में पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट प्राप्त कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। इस विद्यालय के 40 छात्रों ने आईएससी बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित करने का कारनामा कर दिखाया है, जिसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। इसी संदर्भ में आज यहाँ गोमती नगर ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में विद्यालय के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सीएमएस के अभूतपूर्व परिणाम की जानकारी पत्रकारों को देते हुए कहा कि सीएमएस के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में सिटी मोन्टेसरी स्कूल सर्वश्रेष्ठ है।

डा. गाँधी ने बताया कि इस वर्ष सीएमएस से कुल 6153 छात्र आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड परिणाम में शामिल हुए, जिसमें से 4439 छात्रों ने 90 प्रतिशत से लेकर 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित किये हैं। इन छात्रों में से 126 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इसके अलावा, आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड परिणाम में विद्यालय के 1909 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। डा. गाँधी ने बताया कि आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परिणाम में 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों में प्रियंका, आदित्य सिंह, शुभांषी श्रीवास्तव, अभिज्ञान गोपाल भरतरिया प्रमुख हैं।

## कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहता है आयुष



**लखनऊ।** माडर्न अकादमी इण्टर कालेज, गोमती नगर के होनहार विद्यार्थी आयुष मिश्र ने वर्ष 2021 में आईएससी इण्टरमीडिएट परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर कालेज का नाम रौशन किया है। बचपन से ही पढ़ाई में तेज आयुष ने वर्ष 2019 में हाईस्कूल की परीक्षा में इसी कालेज में पढ़कर 95 प्रतिशत अंक अर्जित किये थे। क्रिकेट के शौकीन आयुष को कम्प्यूटर में महारत हासिल है। वह भविष्य में कम्प्यूटर इंजीनियर बनकर अपने माता पिता का नाम रौशन करना चाहता है। मध्यम वर्गीय परिवार में पले बढ़े आयुष की माता सुनीता मिश्रा होममेकर हैं जबकि उनके पिता भूपेन्द्र मिश्रा एक विज्ञापन कम्पनी में कार्यरत हैं।

# मॉडर्न इंडियन स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजाजीपुरम** स्थित मॉडर्न इंडियन स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए सोमवार को स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मॉडर्न इंडियन स्कूल के प्रबंधक राजेश यादव ने आईसीएसई एवं आईएससी परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वाले छात्र-छात्राओं में क्रमशः देवेश यादव, आशुतोष कुमार, आदर्श रस्तोगी, सैमसन, विवेक सिंह, अनुषिका श्रीवास्तव एवं अभय मिश्रा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक राजेश यादव ने कहां की मॉडर्न इंडियन स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही साथ उनके अंदर अच्छे संस्कार भी डालना है।

## शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस की पावन संध्या के अवसर पर जेपी सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारती न्यास, अवध प्रांत की अध्यक्षता में वारियर्स डिफेंस एकेडमी की सहभागिता मे वीर अमर शहीद रण बांकुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने कारगिल स्मृति वाटिका लखनऊ में एकत्र हुए। विभिन्न वर्गों से सीमित संख्या मे एकत्र नागरिक, वारियर्स डिफेंस एकेडमी के गुलाब सिंह, चैयरमैन, जेपी सिंह अध्यक्ष, हरि नन्द सिंह, दीपक शर्मा व छात्रों ने माल्यर्पण, पुष्पांजलि अर्पित की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जिन्दपुर वि0ख0 बहुआ, जनपद फतेहपुर**
पत्रांक : मेमो/निविदा/ग्राम पंचायत जिन्दपुर/ दिनांक : 26.07.2021
**निविदा सूचना**
राज्यपाल महोदय की ओर से ग्राम पंचायत जिन्दपुर विकास खंड बहुआ जनपद फतेहपुर वर्ष 2021–22 में मनरेगा, केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त से ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले कार्यो में प्रयोग होने वाली सामग्रियों की आपूर्ति हेतु जीएसटी धारक आपूर्तिकर्ताओं से विभिन्न सामग्री ईट, सीसी ईट, सीमेंट, मोरम, लोहा, आरसीसी गिट्टी, ईट गिट्टी, टाइल्स, दरवाजा, खिड़की, वेंटिलेटर, सीमेंट, स्टील बेंच, टीन की चादर, प्लास्टिक चादर, हयूम पाइप, एंगल, सीमेंट पाइप, प्लास्टिक पाइप, टॉयलेट सीट, वास बेसिन, रनिंग वाटर कार्य सामान, वाल पेंटिंग कार्य, साफ सफाई कार्य, सफाई किट, कूड़ा वाली ठेलिया या रिक्शा, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, बैट्री पंखा, एलईडी बल्ब, वायर, स्टेशनरी, लैपटॉप, प्रिंटर, फर्नीचर, हैंडपंप रिबोर एवं मरम्मत सामग्री, कोविड–19 बचाओ सामग्री, भाड़े पर ट्रैक्टर व जेसीबी, मिट्टी पुराई, रंगाई–पुताई सामग्री, पंचायत भवन हेतु माइक, दरी एवं अन्य सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा डालने की दिनांक 01.08.2021 को 3:00 बजे तक है जो उसी दिन 4:00 बजे खोली जाएगी कार्य हेतु अधिकतम समय एक माह है। विलंब की दशा में आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। फर्म का खाता पंजीकृत बैंक में होना आवश्यक है। किसी भी तरह का वाद विवाद जनपद न्यायालय में दर्ज किया जा सकेगा। किसी भी समय बिना कारण बताए टेंडर निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
**शिवबीर साहू– सचिव** **अखिलेश कुमार– ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत जिन्दपुर, विकास खंड बहुआ–फतेहपुर

# प्रसपा सैनिक प्रकोष्ठ ने मनाया कारगिल विजय दिवस समारोह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पूर्व सैनिक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. अजय कुमार के द्वारा संत कँवर राम चौराहा (आलमबाग चौराहा) पर 22वाँ कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंम्भ भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि अल्का सिंह, प्रदेश महासचिव, प्रसपा द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए परमवीर चक्र प्राप्त करने वाले कैप्टन मनोजकुमार पाण्डेय एवं कैप्टन विक्रम बत्रा के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रधांजलि दी गई। उपस्थित अतिथियों द्वारा भी शूरवीरों को पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

इस अवसर पर कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त सभी 527 जाबांजों को भी श्रध्दांजलि देते हुए युद्ध के दौरान घायल हुए सभी 1363 वीर सैनिकों को अपने शौर्य प्रदर्शन हेतु नमन किया गया। देश भक्ति के गीतों से गुंजायमान वातावरण के इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सम्मिलित होने वालों में अलका सिंह, प्रदेश महासचिव प्रसपा योगेश पाण्डेय, प्रमुख महासचिव सैनिक प्रकोष्ठ दिलीप मिश्रा, विधानसभा अध्यक्ष कैंट विधानसभा युधिष्ठिर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ एस के सिंह, प्रमुख महासचिव, सूबेदार शिव शंकर श्रीवास्तव, सुमित शुक्ला, आशीष कुमार, हिमांशु सिंह, मोहित शुक्लाए हिमांशु भट्ट, शशि पाण्डेय सहित सैकड़ों अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

**कारगिल युद्ध पर बीबीएयू में ऑनलाइन कैंप का आयोजन**

**लखनऊ।** कारगिल दिवस पर सोमवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के निर्देशन में 20 यूपी गर्ल्स बटालियन ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत सप्ताह के आठवें चरण के ऑनलाइन कैम्प का शुभारंभ किया। यह कैम्प 31 जुलाई 2021 तक आयोजित होगा। ऑनलाइन कैम्प में अतिथि निदेशालय के रूप में कर्नाटक और गोवा निदेशालय इस कैंप में भाग ले रहा है।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 27 जुलाई 2021



## सब्जी विक्रेता की सोता नाले में डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** सब्जी विक्रेता की सोतानाला में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस नें ग्रामीणों की मदद से उसके शव को बरामद कर लिया। परिजनों में कोहराम मच गया।शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सलाबत खां निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र सक्सेना सब्जी बिक्री करनें का कार्यक करता था। वह बीते दिन शाम को कटरी धर्मपुर से वापस आते रास्ते में सोतानाला में डूब गया। सोमवार को उसका शव ग्रामीणों नें पानी में तैरते हुए देखा। जिस पर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस नें ग्रामीणों की मदद से उसके शव को बाहर निकला। राजेन्द्र की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी कमला का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## सडक दुर्घटना में युवक की मौत, 4 लोग घायल

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत 4 अन्य घायल। घटना से मचा कोहराम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व घायलों को उपचार के लिए हैलट में भर्ती कराया। जनपद के शिवली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा शिवली निवासी जन सेवा केंद्र संचालक सुनील कुमार राजपूत 26 पुत्र रमेश चंद्र अपने साथी व उनके परिवार के साथ औरैया से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी मधु निवादा गांव के मोड़ के निकट गड्ढे से अचानक गाड़ी अनियंत्रित हो गई और अर्जुन के पेड़ से जा टकराई। इस दौरान सुनील कुमार राजपूत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सभी लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद इरशादएअफ्सरा बेगमएरानी व शहजाद को हैलट कानपुर रिफर किया गया। साथ ही गौवंशों से प्राप्त अवशिष्टों का भी प्रबन्ध कर ले तभी इस योजना की सफ्लता सुनिश्चित होगी। इस मौके पर मु य विकास अधिकारी सौ या पाण्डेयए डीपीआरओए डीसी मनरेगाए पीडीए वरिष्ठ कोषाधिकारीए जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## 11 यादव बंधुओं ने काशीपुराधिपति का किया जलाभिषेक

**वाराणसी।** बाबा काशी विश्वनाथ ही सभी कष्टों से मुक्ति दिलाते है,अत: कोरोना से पूरी मानव जाति को मुक्ति दिलाकर सुख व समृद्धि के पथ पर ले जाने की प्रार्थना के साथ श्रीमती शालिनी यादव ने बाबा काशी विश्वनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक करते हुए सावन में बाबा के दर्शन का प्रारम्भ किया।यादव बंधुओं द्वारा परंपरागत रूप से वर्ष 1932 से जलाभिषेक करने वाली संस्था चंद्रवंशी गोप सेवा समिति के तत्वाधान में शालिनी यादव के नेतृत्व में आज पूरे विधि विधान से बाबा काशी विश्वनाथ का परंपरागत तरीके से कोविड प्रोटोकॉल के अंतर्गत जलाभिषेक किया गया।इस अवसर पर मीडियाजनों से बात करते हुए श्रीमती यादव ने कहा कि इस सावन माह में शुक्र व चंद्र मजबूत होते हैं जिसमे यादव बंधुओं द्वारा प्रथम सोमवार को बाबा का गंगाजल से जलाभिषेक किये जाने से मानव के सभी कष्ट दूर होते है।इसके पहले समिति के अध्यक्ष लालजी यादव व अन्य यादव बंधुओं ने केदारघाट से घड़ो में गंगाजल भरते हुए इस ऐतिहासिक परंपरा का आरम्भ किया।

## कोविड के चलते बंद रहे शिवालयों के कपाट

**सीतापुर।** कोरोना संक्रमण के चलते वैसे तो समूचे सीतापुर जिले के मंदिर और शिवालय लॉक थे। बावजूद इसके सोमवार को शिव भक्तों की जबदस्त भीड़ उमड़ी। कुछ स्थानों पर तो श्रद्धालुओं ने मंदिरों में आशुतोश भगवान को जलाभिषेक किया तो कुछ जगहों पर मंदिर के कपाट बंद होने से बैरंग लौट गए, हालांकि बंद कपाट पर प्रतीकात्मक स्वरूप जलाभिषेक, पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद जरूर लिया। श्रावण मास में देवादिदेव महादेव का नाम लेने मात्र से सारे दुख दूर हो जाते हैं। उनकी महिमा का बखान कर रुद्राभिषेक करने वालों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव की आराधना के इस महीने के सोमवार को महिलाएं व्रत रखकर सुख समृद्धि की कामना करती हैं। ऐसे में सावन मास पर अलसुबह से शिवालय बम-बम भोले, हर-हर महादेव आदि जयकारों की गूंजने लगे थे।

# बारह घंटे जाम रहा कानपुर-सागर हाइवे

### ● दुर्घटना के कारण स्टेट हाइवे भोगनीपुर चौडगरा पर भी वाहनों की लगी लम्बी लाइन

संवाददाता। घाटमपुर



**नगर** के मुख्य चौराहे पर सोमवार तड़के दो ट्रक आपस में भिड़ गये जिससे कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग 12 घंटे तक जाम रहा। जाम से कानपुर-हमीरपुर और स्टेट हाइवे 46 भोगनीपुर बाया घाटमपुर-चौडगरा पर वाहनों की मीलों लम्बी लाइन लग गयी। जाम में परिवाहन निगम की बसें और मरीज को लेकर आने-जाने वाली एम्बूलेंसें भी फ्सी रही, हादसे में एक ट्रक के चालक क्लीनर भी घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया है,, बताया जाता है एक बारह चक्का ट्रक मोरंग लेकर हमीरपुर से लखनऊ जा रहा कि भोर पहर जैसे ही चौराहे पर पंहुचा कि तभी भोगनीपुर की ओर से आ रहे से ट्रंक ने टक्कर मार दी, हादसे में लखनऊ जा रहे ट्रक के चालक व क्लीनर घायल हो गये। सबेरे 8 बजे के करीब जब चौराहा डियुटी पर तैनात पीआरडी के जवान आये और क्रेन के जरिये ट्रकों को हटवाने का प्रयास किया लेकिन क्रेन दगा दे गयी, तब दूसरी क्रेन के जरिये मोरग लदे ट्रक को एक किनारे कराने के बाद यातायात बहाल हो सका लेकिन तब तक चौराहे के चारो रोडों पर मीलों वाहनों की दोहरी-तेहरी लाइन लग चुकी थी।

### हादसे में कार सवार महिला सहित तीन घायल

**घाटमपुर।** बीती शांम कानपुर रोड पर स्थित गांव बीरपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बोलारो कार सवार तीन लोग घायल हो गये सूचना पर पंहुची कस्बा चौकी पुलिस उन्हें इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने तीनों को उर्सला कानपुर रिफ्र कर दिया है। पुलिस के मुताविक घायल नगर के बसंन्त बिहार मुहल्ले के रहने वाले हैं।

## किन्नर अखाड़ा ने कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि टीना मां ने कारगिल युद्ध के शहीदों को सोमवार को बैरहना स्थित आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज 26 जुलाई को आपरेशन विजय का समापन कारगिल विजय से हुआ था। पाकिस्तान ने विश्वास में लेकर जिस तरह से देश की पीठ में खंजर भोका था वह बात सामने आने पर हर भारतीय की तरह मेरी भी रगो में सरसराहट दौड़ गई। मन और मस्तिष्क में एक ही बात घर कर गई कि बदला। गद्दारी का बदला लेना है हरहाल में और सबक सिखाना है। भारतीय सेना की फ़ौलादी बाजुओं की शक्ति का अहसास करवाना है। आखिर हो क्यों न मेरे भी रक्त में फ़ौजी पिता का ही रक्त बह रहा है। जिन्होंने भारत चीन युद्ध में अपने पेट पर गोली खाई थी और जिनके घाव आज भी गरवीला एहसास करवाते हैं।

## करोड़ों की सिंचाई विभाग की जमीन कराई मुक्त

संवाददाता। उन्नाव

### ● 2.5 एकड़ जमीन पर चला बुलडोजर तो ढह गया कब्जा

**सोहरामऊ** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहरामऊ ग्राम सभा स्थिति सिंचाई विभाग की ढाई एकड़ जमीन जिसपर अवैध कब्जेदारों ने कब्जा कर रखा था। निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज के कई वर्ष पूर्व इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। क्षेत्र से कई और शिकायतें भी शासन तक पहुंची थी। शासन द्वारा संज्ञान लेकर कार्यवाही के निर्देश देने के बाद सोमवार सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जे धरासाई करते हुवे लगभग ढाई एकड़ जमीन मुक्त करायी गयी। सरकारी आंकड़ों में जमीन की कीमत कई करोड़ रूपये बताई जा रही थी। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया लखनऊ.कानपुर राजमार्ग पर जनपद उन्नाव के विकासखण्ड नवाबगंज के ग्राम सोहरामऊ में स्थित बनीनार्थ पम्प नहर की मुख्य नहर एवं सोहरामऊ माइनर पर 11 व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। जिसकी एफ्आईआर सोहरामऊ थाने में पिछले वर्ष 28 सितम्बर को दर्ज करायी गयी थी।विभागीय अधिकारियों की माने तो गाटा संख्या 167 एवं 80 ;आंशिकद्ध पर अवैध रूप से काबिज 05 व्यक्तियों के द्वारा किये गये कब्जे को इसी वर्ष 01 फरवरी को अतिक्रमणमुक्त कराया गया था। जिसके बाद 06 लोगों द्वारा पक्के भवनों का निर्माण करा लिया गया था। इन लोगों को लगातार नोटिस देने के उपरान्त भी अवैध कब्जा नहीं हटाये जा रहे थे। सूत्रों की माने तो यह कब्जा लगभग 06 वर्ष पुराने थे।इन अवैध निर्माणों को सिंचाई विभाग की जमीन से हटाने के लिए शासन से कड़े निर्देश मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 10 जेसीबी व 02 पोकलैण्ड मशीनों की मदद से जमीन को कब्जामुक्त कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता ;नलकूप.मध्यद्ध लखनऊ आलोक गोयलए अधीक्षण अभियंता नलकूप मण्डल लखनऊ अरविन्द कुमार यादव के अलावा अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड.6 रायबरेली विनोद कुमारए अधिशासी अभियंता नलकूप निर्माण खण्ड लखनऊ मो0 आसिफ्ए अधिशासी अभियंता नलकूप खण्ड लखनऊ संदीप कठेरिया आदि मौजूद रहे।

## थमे एंबुलेंस के पहिये, किशोरी की गई जान

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** में 108 और 102 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से एंबुलेंस पहिए जाम हो गए। इससे सूबे में हाहाकार मच गया। सीतापुर के कमलापुर इलाके में ढही कच्ची दीवार के मलबे में दबकर घायल किशोरी इलाज के लिए तड़पती रही मगर एक घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। एंबुलेंस के अभाव में उसने दम तोड दिया। मजबूरन किसी ने ई-रिक्शा तो किसी ने प्राइवेट एंबुलेंस का सहारा लिया। ऐसे में मरीजों और तीमारदारों को काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ी। उधर, हड़ताल से नाराज यूपी सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों पर एस्मा लागू करने की चेतावनी दी है। आपको बता दें कि स्वास्थ्य विभाग में ठेका प्रथा बंद करन एंबुलेंस कर्मियों उत्तर प्रदेश में 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारियों ने रविवार रात 12 बजे से सेवा ठप कर दी। इनकी हड़ताल से सूबे में 4500 एंबुलेंस खड़ी हो गई। हड़ताली कर्मियों का आरोप है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और ओडिशा में ब्लैकलिस्टेड कंपनी को यूपी स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों रुपये का ठेका मिला है। यह कंपनी यूपी में वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस सेवा में विभिन्न पदों पर नौकरी दिए जाने के नाम पर बडेघ् पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रही है।

# बर्तन कारोबारी ने लाइसेंसी माउजर से खुद को मारी गोली

### आत्महत्या करने से पहले रिश्तेदारों को व्हाट्सएप पर मैसेज करके दी थी सूचना

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**संगम** नगरी प्रयागराज में सोमवार की शाम बर्तन व्यवसाई ने घर के अंदर लाइसेंसी माउजर से खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौत हो गई उसके इस कदम से पूरे परिवार में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को कब्जे में ले लिया और छानबीन कर रही है। खुदकुशी के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। चर्चा है कि घरेलू कलह और कर्ज की वजह से कारोबारी ने अपनी जान दी है। आत्महत्या करने से पहले कारोबारी ने अपनी बहन चचेरे भाई और अन्य रिश्तेदारों को व्हाट्सएप पर मैसेज करके अपनी खुदकुशी की सूचना दे दी थी। जिसे लोग समय रहते पढ़ नहीं पाए। कोतवाली के ठठेरी बाजार चौक निवासी ताराचंद केशरवानी की ठठेरी बाजार में ही बर्तन की दुकान है। जहां वह और उनके इकलौते बेटे आशीष केशरवानी 52 बैठते थे। घरवालों ने बताया कि ठठेरी बाजार में ही उनके दो मकान है। जिसमें एक मकान में ताराचंद अपने परिवार के साथ रहते हैं। आशीष के दो बच्चे हैं बड़ी बेटी तकरीबन 16 साल की है। उससे छोटा एक बेटा है। आशीष ने अपने नाम लाइसेंसी माउजर करा रखी थी। दोपहर में आशीष दुकान से अंदर गया और ऊपर कमरे में लेटने चला गया। उनकी पत्नी अपने बच्चे को नीचे पढ़ा रही थी और मां दवा खा कर सो रही थी। कुछ देर बाद आशीष नीचे आए फ्रि ऊपर गए। ऐसा उन्होंने कई बार किया। शाम को करीब 4ण्30 बजे वह अलमारी खोलकर उसमें से अपनी लाइसेंसी माउजर निकाली और बिना कुछ बोले ऊपर वाले कमरे में चले गए। कुछ देर बाद कमरे से फायरिंग की आवाज आई तो उनकी पत्नी भाग कर ऊपर पहुंची। वहां आशीष जमीन पर गिरे पड़े थे और उनसे कनपटी पर गोली लगी हुई थी। यह देखकर उनकी चीख निकल गई। परिवार के अन्य लोग पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। लेकिन तब तक में उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाइसेंसी माउजर को अपने कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया घर वाले आत्महत्या की वजह नहीं बता पा रहे हैं। इंस्पेक्टर कोतवाली नरेंद्र कुमार का कहना है कि कोई सुसाइड नोट फ्लिहाल नहीं मिला है। अपने चचेरे भाई और बहन समेत अन्य रिश्तेदारों को आशीष ने अपने व्हाट्सएप से कुछ मैसेज किए हैं। जिसमें उन्होंने लिखा है कि वह आत्महत्या करने जा रहे हैं। वजह क्या है। इसे अभी क्लियर किया जाना बाकी है।

## नदियों का जलस्तर बढ़ने से 40 गांवों में बाढ़ का संकट

**गोंडा।** तहसील सदर अन्तर्गत विकास व रूपईडीह तथा इटियाथोक के बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, डीएम मार्कण्डेय शाही तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने रूपईडीह के ग्राम गोनरिया व भोलाजोत में पहुंचकर पीड़ितों में राशन किट, बिस्कुट व अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सीएमओ डा0 आरएस0 केसरी ने गांवों में पहुंचकर आवश्यक दवाओं का वितरण कराया। वहीं पशुपालन विभाग की टीम ने पशुओं का टीकाकरण कराना प्रार भ किया।

बताते दें कि विगत दिनों हुई भारी बरसात के कारण बिसुही नदी का जलस्तर बढ़ने और केचमेंट का पानी आ जाने से नदी में उल्टा प्रवाह शुरू हो गया जिसके कारण तहसील सदर अंतर्गत विकास खंड इटियाथोक तथा रुपईडीह के लगभग 40 गांव जल मग्न हुए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधीक्षण अभियंता नहर पंच दशम त्रयंबक त्रिपाठी ने बताया है कि कुआनो और मनवर नदी का जलस्तर बढ़ने और बिसुही नदी में केचमेंट का पानी आ जाने के कारण नदी में उल्टा प्रवाह चालू हो गया जिसके कारण नदी का पानी कई गांव में घुस गया।

# पद एक-नियुक्तियां तीन, बनी गले की फांस

### मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद थाना कुमारगंज में पूर्व कुलपति डॉक्टर बी बी सिंह और एक लिपिक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में वर्ष 2003 में एक पद पर तीन नियुक्तियां करने का जो सिलसिला चालू हुआ वही कुलपति के गले की फांस बन बैठा। नतीजतन मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद थाना कुमारगंज में पूर्व कुलपति डॉक्टर बी बी सिंह एवं एक लिपिक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जांच अधिकारी की आख्या के आधार एवं मुख्यमंत्री के अनुमोदन पर अंकित कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार ट्रेनिंग एसोसिएट के एक पद के लिए 9 अगस्त 2003 को कराए गए साक्षात्कार के एक अभ्यर्थी विनोद कुमार सिंह ने विवि से प्राप्त जन सूचना के आधार पर उच्च न्यायालय में वाद दायर किया कि वह इस पद का दावेदार था पर उसका चयन नहीं किया गया। उच्च न्यायालय के आदेश पर विजिलेंस द्वारा जांच कराया गया जिसमें बड़े स्तर पर नियमों की अनदेखी कर नियुक्तियां करने का राज खुला। यहां यह भी जानना उचित होगा कि इस हाई प्रोफाइल फर्जीवाड़े का मुकदमा माननीय उच न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में योजित रिट याचिका संख्या 994 ख्एस्ऽवी, 20017 विनोद कुमार सिंह बनाम कुलपति नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय व दो अन्य में पारित दिनांक 25ध्1ध् 16.17 के संबंध में खुली जांच सतर्कता अधिष्ठान से कराए जाने के आदेश के क्रम में सेक्टर अयोध्या द्वारा पूर्ण कर सतर्कता मुख्यालय प्रेषित की गई जहां से अंतिम आंख्या शासन को प्रेषित की गई जिसके आधार पर जांच अधिकारी विजय कुमार यादव ने प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित कराई।

थाना कुमारगंज में अंकित कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट 0154/29-6-2020 के अनुसार खुली जांच के मध्य संकलित अभिलेखी एवं मौखिक जांच के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन कुलपति बी बी सिंह नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कार्यकाल में वर्ष 2001.2003 में ट्रेनिंग एसोसिएट प्लांट प्रोटक्शन के पद पर 3 नाम चयन किए गए।

प्रथम स्थान पर डॉ अरविंद कुमार सिंह, द्वितीय स्थान पर रूद्र प्रताप सिंह तथा तृतीय स्थान पर किसी अन्य का नाम चयनित किए जाने के बाद विश्वविद्यालय की प्रबंध परिषद समिति द्वारा अनुमोदित कराते हुए 26 फरवरी 2004 को तत्कालीन कुलपति डॉ बीबी सिंह के पास पत्रावली भेज दी गई थी। सतर्कता अधिष्ठान द्वारा शासन को भेजी गई आंख्या में बताया गया कि कुलपति द्वारा क्रम संख्या तीन पर चयनित अभ्यर्थी के नाम के स्थान पर सफेदा लगाकर पेन से डॉक्टर प्रमोद कुमार का नाम अंकित कर दिया गया। काली स्याही वाली पेन से कूट रचना करके आपराधिक षड्यंत्र रच कर उसी विज्ञप्ति पर 17 अगस्त 2004 को क्रमश: डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं डॉक्टर रूद्र प्रताप सिंह को भी नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया। 27 दिसंबर 2008 को कूट रचना कर अंकित किए गए गैर चयनित डॉ प्रमोद कुमार को भी नियुक्ति पत्र जारी कर दिया। इसके बाद फर्जीवाड़े के इस मामले ने तूल पकड़ाए मामला उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ जा पहुंचा और फर्जी नियुक्ति का सच बाहर आ गया।तत्कालीन कुलपति डॉ बी बी सिंह, वरिष्ठ लिपिक कृषि विवि ओम प्रकाश गौड़ए विषय वस्तु विशेषज्ञ फ्सल सुरक्षा कृषि विज्ञान केंद्र बसुली महाराजगंज डॉ प्रमोद कुमार तथा वस्तु विशेषज्ञ फ्सल सुरक्षा कृषि विज्ञान केंद्र अंबापुर सीतापुर विनोद कुमार सिंह के विरुद्ध तहरीर के आधार पर थाना कुमारगंज पुलिस ने 29 जून 2020 को कुलपति सहित उपरोक्त चारों लोगों के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471 व 120बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## मासूमों की हत्या के पांचों आरोपी दोषी घोषित किए

**चित्रकूट।** जिले के बहुचर्चित एवं सनसनीखेज दो मासूमों प्रियांश व श्रेयांश की हत्या के मामले में सतना मप्र के अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार कुशवाह की अदालत में पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया है। ज्ञात है कि 12 फरवरी 2019 को चित्रकूट जिले के रामघाट के तेल व्यापारी के छह साल के जुडवा पुत्र श्रेयांश व प्रियांश के ट्यूशन शिक्षक रामकेश यादव ने बीस लाख फिरौती की खातिर अपहरण कर लिया था। 24 फरवरी 2019 को पुलिस ने दोनों मासूमों के शव बरामद कर लिए थे। जेल में रामकेश यादव ने आत्महत्या कर ली थी। सोमवार को अदालत में तीन आरोपी पद्यमकान्त, राजू और लकी को धारा 302, 364ए, 328, 201, 120बी आईपीसी व 25/27 आयुध अधिनियम तथा 11/13 एडी एक्ट के तहत दोषी पाये। आरोपी विक्रमजीत सिंह और अपूर्व यादव को धारा 120बी, 364ए, 328, 25/27 आयुध अधिनियम व 114/13 एडी एक्ट के तहत दोषी करार दिया। भोजन अवकाश के बाद सभी आरोपियों को सजा सुनाने का निर्णय लिया। आरोपी लकी तोमर की ओर से तर्क दिये कि छह जुलाई 2021 को अदालत के समक्ष आवेदन पेश किया था। कोर्ट में सुनवाई दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दोषी मिलने पर आरोपीगणों को कम दण्ड देने की अपील की। अभियोजन में मामले को विरलतम साबित करने को सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांत पेशकर फांसी देने की मांग की। इस मामले में फरियादी मृतक बच्चों के पिता बृजेश रावत ने भी रुधे गले से आरोपियों को फांसी देने की मांग की। मप्र राज्य शासन की ओर से वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने शासन का पक्ष रखा।

# पहले सोमवार को काशी विश्वनाथ का अद्भुत श्रृंगार

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी





**सावन के** पहले सोमवार पर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए बाबा का दर्शन सुबह मंगला आरती के बाद भक्तों ने किया। पूरे दिन सावन की परंपरा अनुसार शाम को श्रृंगार भोग आरती से पहले गर्भगृह में शिव रूप श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान मंगलवा आरती के बाद तरह-तरह के फूलों से बाबा की झांकी सजाई गई। मान्यता है कि सावन के हर सोमवार को बाबा अलग- अलग रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। भक्त बाबा के इस अद्भुत और आकर्षक स्वरूप का दर्शन पाकर तृप्त होते हैं। इस विधान के अनुसार हर सोमवार को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर गर्भगृह में अलग-अलग झांकी सजाई जाती है।बाबा दरबार में मंगला आरती के बाद आम श्रद्धालुओं को प्रवेश मिला तो श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह आठ बजे तक 13 हजार 900 भक्तों ने लगाई हाजरी। वहीं सोमवार को सपा नेता शालिनी यादव गोदौलिया चौराहे से यादव बंधु के साथ जलाभिषेक के लिए जुलूस में शामिल हुईं। सुबह डमरू दल के साथ पूरी टोली मौजूद रही और पूरा क्षेत्र हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। उम्मीद है कि रात तक लगभग एक लाख लोग दर्शन पूजन कर सकेंगे। इसके लिए सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। परिसर में कोरोना गाइडलाइन का इस दौरान पूरा पालन कराते हुए श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया। जबकि सुबह अभिनेता व सांसद रविकिशन ने भी बाबा दरबार में हाजिरी लगाई। इसकी तस्वीर पोस्ट करने के बाद लिखाा- 'सावन का पहला सोमवार महादेव बाबा विश्वनाथ के दर्शन प्राप्त कर आप समस्त देशवासियों के लिए प्रार्थना किया 3 बोलो हर हर महादेव'। वहीं शहर में अन्य वीआइपी लोगों ने भी बाबा दरबार में हाजिरी लगाकर पुण्य की कामना की।

**गंगधार से बाबा दरबार:** सुबह से ही आस्थावानों का रेला गंगा की ओर मुड़ चला तो गंगा में स्नान के बाद दान पुण्य की कामना के साथ ही आस्थावानों ने बाबा दरबार में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए हाजिरी लगाई। बाबा दरबार सुबह मंगलाआरती के बाद आस्थावानों के लिए खुला तो पूरा प्रांगण हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद दर्जनों लोग मंगला आरती के साक्षी बने। वहीं महामृत्युंजय महादेव, गौरी केदारेश्वर महादेव, सारंगनाथ, तिलभांडेश्वर महादेव, जागेश्वर महादेव, त्रिलोचन महादेव, ऊं कालेश्वर महादेव (कोयला बाजार),रामेश्वर, बीएचयू स्थित श्री काशी विश्वनाथ, माधोपुर स्थित शूलटंकेश्वर महादेव सहित कई जगहों पर आस्था की कतार सुबह से ही नजर आई।

# कोविड की तीसरी लहर

## लापरवाही से बचें

**सभी** संकेत मिल रहे हैं कि कोविड-19 की तीसरी लहर आने वाली है। ऐसे में भारत को सुरक्षा बनाए रखनी चाहिए। कोविड-19 की दूसरी लहर के 25 जून से घटने की उम्मीद है, पर राहत की यह बात कुल मामलों की संख्या या महामारी-विरोधी रणनीतिकारों के प्रेक्षणों में नहीं दिखती है। राष्ट्रीय स्तर पर नए मामले 39,000 से अधिक हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही उच्चाधिकार प्राप्त रणनीतिक समूह ने सरकार से कह दिया है कि रोज आने वाले मामले 50,000 से अधिक हो सकते हैं। क्या सरकार को इसे तीसरी लहर की चेतावनी की तरह लेना चाहिए? पहली बार रणनीतिकारों ने प्रारम्भिक चेतावनी जल्दी दे दी है। पहली बार देश की कोविड-रोधी नीति का संचालन प्रशासन के बजाय सीधे वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस परिवर्तन से दो संदेश जाते हैं। पहला, दूसरी लहर देश में काफी कमजोर हो गई है और यह मुख्यतः दो राज्यों-केरल व महाराष्ट्र तक सीमित है। दूसरा, 50,000 मामलों की सीमा पार होने का अर्थ चिकित्सा ढांचे पर दबाव बढ़ने की शुरुआत होगा। ऐसे में रणनीतिकार सुरक्षित रूप से अनुमान लगा रहे हैं कि भविष्य में लहर के शिखर पर रोज चार-पांच लाख मामले आएंगे तथा नए मामलों की सीमा लगभग दस गुना है। इससे केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों को स्पष्ट तस्वीर मिल जानी चाहिए कि अगले दो महीनों में उनको अतिरिक्त ढांचा किस तरह संगठित करना है।

ब्रिटेन के उदारहण पर गौर किया जा सकता है कि उसने नई स्थिति से निपटने के लिए क्या किया जब नए मामलों की संख्या 50,000 पार कर



गई। वर्तमान समय में पाजिटिव टेस्ट वालों की संख्या खतरनाक रूप से बढ़ रही है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में लगभग 6,50,000 लोग पाजिटिव पाए गए हैं। अस्पतालों में भर्ती लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। इसके बावजूद सरकार ने सभी नियंत्रणों में ढील दी है। अब सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य नहीं रह गई है तथा कानून द्वारा फेस मास्क पहनना जरूरी नहीं रह गया है तथा लोगों के बड़े समूहों से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पूर्ण अनलाक के लिए ब्रिटिश सरकार की आलोचना हो रही है, पर सरकार को संभवतः दो स्त्रोतों से विश्वास है। पहला, ब्रिटेन में 46 मिलियन से अधिक लोग या वयस्कों के 87.6 प्रतिशत को टीके की पहली खूराक मिल चुकी है तथा 35.5 मिलियन या 67.5 प्रतिशत का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण की उच्च संख्या तथा संक्रमित व बिना टीका लगे लोगों में एंटीबाडी की उपस्थिति से संक्रमण की गंभीरता और अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता कम होती है तथा मौत की संभावना घटती है। दूसरा, हजारों लोग एनएचएस कोविड एप का प्रयोग कर हर दिन एलर्ट के अनुसार स्वयं पृथक्कृत रहते हैं तथा पाजिटिव होने की स्थिति में दूसरों को सतर्क करते हैं कि उनके संपर्क में न आएं। उच्च स्तरीय टीकाकृत होने के कारण ब्रिटेन ने स्वयं को सुरक्षा प्रोटोकालों से अलग किया है, भले ही मामले बढ़ रहे हैं। भारत में टीकाकरण का स्तर कम है, प्रोटोकालों का उल्लंघन अधिक होता है तथा मामले बढ़ रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि टीकाकरण और सुरक्षा उपायों के प्रति लापरवाही के कारण वैश्विक महामारी की तीसरी लहर आना अवश्यंभावी है। ऐसे में टीकाकरण को गति देने के साथ सुरक्षा उपायों का कठोरता से पालन जरूरी है और भारतीय रणनीतिकारों को इस पर अवश्य जोर देना चाहिए।

# पुतिन के लिए सिरदर्द बनी चीन से दोस्ती

1969 में, चीन ने साइबेरिया की उससुरी नदी पर कुछ द्वीपों का अधिग्रहण किया। अब, इसने पूरे साइबेरिया को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करना शुरू कर दिया है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात स्तम्भकार हैं)



पिछले महीने के अंत में, रूस और चीन ने अपनी मित्रता संधि को और पांच वर्षों के लिए नवीनीकृत किया। ऐसा लगता है कि कॉमरेड पुतिन चीन से संभावित खतरे को नज़रअंदाज़ कर एक खतरनाक गलती कर रहे हैं। वह केवल 17 वर्ष का था जब सोवियत संघ ने रूस के साइबेरिया (स्लीपिंग लैंड) में स्थित उससुरी नदी के पार सात महीने का मिनी-युद्ध लड़ा। बीजिंग की महत्वाकांक्षा कितनी बड़ी थी, यह कोई नहीं जानता, लेकिन सोवियत को हमलावर को एक निहित परमाणु खतरा बताना पड़ा। चेहरा बचाने के लिए, माओ ज़ेडॉन्ग ने अपने प्रीमियर झोउ एन लाई के माध्यम से पीपुल्स वॉर की धमकी दी, जिसका अर्थ था कि सैकड़ों-हजारों चीनी सैनिक सोवियत टैंकों को झुका देंगे, जैसा कि उन्होंने 1951-52 में कोरियाई युद्ध में अमेरिकियों के साथ किया था। चीनी नेता की सुविधा का विश्वास मशीन पर मनुष्य की श्रेष्ठता थी। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने सोवियत सैनिकों पर घात लगाकर उससुरी के द्वीपों में से एक पर युद्ध के अपने विचार का प्रदर्शन किया।

अंत में, चीन ने नदी पर काफी कुछ द्वीप प्राप्त किए, जो सोवियत संघ के लिए एक नुकसान थे। तार्किक रूप से, अधिक संघर्ष आगे है। चीन 1969 की तुलना में बहुत बड़ी परमाणु शक्ति है। उसकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ी हैं और वर्तमान संकेतों से, वह एक महाशक्ति बनना चाहता है। हमें यह याद रखना होगा कि साइबेरिया एक विरल आबादी के साथ 13 मिलियन वर्ग किमी से अधिक है, जबकि चीन लोगों के साथ उबल रहा है लेकिन कृषि योग्य भूमि की कमी है। संयोग से, येलो जाइंट ने न केवल उससुरी बल्कि अमूर और अर्गुन नदियों के बीच में कई सौ द्वीप प्राप्त किए। चीन को यह लाभ और यूएसएसआर द्वारा नुकसान दशकों की कठोर वार्ता के बाद हुआ जो 2004 में समाप्त हो गया।

जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के गर्म होने के साथ, साइबेरिया अधिक मेहमाननवाज बन सकता है। आज पूरे क्षेत्र को सर्दियों में बहुत कम तापमान के कारण शत्रुतापूर्ण माना जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के साथ, साइबेरिया के चीन के कब्जे के लिए आकर्षक बनने की संभावना है। यह क्षेत्र कोयला, प्राकृतिक गैस, हीरे, लौह अयस्क, सोना और एल्यूमीनियम में समृद्ध है। साइबेरिया पर जबरन कब्जा करने वाले चीन के संभावित परिदृश्य को अब काल्पनिक या काल्पनिक के रूप में नहीं देखा जा सकता है। एक पश्चिमी स्तंभकार पैट्रिक प्रिंस्टन ने हमें सूचित किया कि एक चीनी पोर्टल जिंजी टुटियाओ ने एक लेख प्रकाशित किया, जिसके लेखक साइबेरिया को चीनी भूमि कहते हैं।

चीनी मीडिया नियमित रूप से रूसी शासक व्लादिमीर पुतिन की प्रशंसा करता है और वह कितनी चतुराई से पश्चिम को उसके स्थान पर रखता है। बस, बीजिंग के दृष्टिकोण से, रूस न केवल एक अच्छा दोस्त है, बल्कि एक उत्कृष्ट संभावित पुरस्कार भी है। दुनिया भर में कोई भी देश ऐसा नहीं है जो हमेशा मित्रवत हो या, इसके विपरीत, हमेशा एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण हो। अतीत में, मंगोलों द्वारा साइबेरिया पर विजय प्राप्त की गई थी और इसलिए, वास्तव में, चीनी क्षेत्र है। यह तेजी से चीन का परहेज बनता जा रहा है।

द न्यू यॉर्क टाइम्स के कॉलम "व्हाई चाइना रिक्लेम्स साइबेरिया" में जो बर्गेस एक कठोर परिदृश्य पेश करते हैं- एक भूमि के बिना लोगों के लिए लोगों के बिना भूमि, बर्गेस कहते हैं। भूमि उतनी ही संसाधन संपन्न और लोग-गरीब है जितना कि चीन इसके विपरीत है। उस तर्क का वजन क्रेमलिन को डराना चाहिए। प्यार की तरह, एक सीमा तभी वास्तविक होती है जब दोनों पक्ष उस पर विश्वास करते हैं। और चीन-रूसी सीमा के दोनों ओर, यह विश्वास डगमगा रहा है। साइबेरिया - रूस का एशियाई भाग, यूराल पर्वत के पूर्व में - विशाल है। यह रूस के भूमि द्रव्यमान का तीन-चौथाई हिस्सा लेता है, जो पूरे अमेरिका और भारत के बराबर है।

सीमा के दक्षिण में 1.35 अरब चीनी लोग रूस के 144 मिलियन लगभग 10 से 1 से अधिक हैं। यह विसंगति साइबेरिया के लिए और भी अधिक है, मुश्किल से 38 मिलियन लोगों का घर है, और विशेष रूप से सीमा क्षेत्र, जहां केवल छह मिलियन रूसी 90 से अधिक का सामना करते हैं। मिलियन चीनी। उस सीमा के पार अंतर्विवाह, व्यापार और निवेश के साथ, साइबेरियाई लोगों ने महसूस किया है कि, बेहतर या बदतर के लिए, बीजिंग मास्को की तुलना में बहुत करीब है। भूमि पहले से ही चीन को "दुनिया का कारखाना" प्रदान कर रही है, इसके अधिकांश कच्चे माल, विशेष रूप से तेल, गैस और लकड़ी के साथ। तेजी से, साइबेरिया में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों ने तैयार माल का मंथन किया जैसे कि यह क्षेत्र पहले से ही मध्य साम्राज्य की अर्थव्यवस्था का हिस्सा था। बीजिंग रूस की अपनी रणनीति का उपयोग कर सकता है- विवादित क्षेत्रों में सहानुभूति रखने वालों को पासपोर्ट सौंपें, और फिर अपने नागरिकों की रक्षा के लिए सैन्य रूप से आगे बढ़ें। यदि बीजिंग साइबेरिया को बलपूर्वक लेने का विकल्प चुनता है, तो मास्को इसे रोकने का एकमात्र तरीका परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकता है।

इस साल 20 मई को प्रेस के साथ एक बैठक में, पुतिन ने थोड़ी रंगीन भाषा का इस्तेमाल करते हुए, साइबेरिया के एक टुकड़े को भी काटने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के दांत तोड़ने की धमकी दी। वह निश्चित रूप से अमेरिका या पश्चिम के बारे में नहीं सोच रहा होगा। चीनी तानाशाह शी जिनपिंग ने पिछले साल ही पुतिन को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया था।

लेकिन तमाम अच्छे-अच्छे बयानबाजी के बावजूद, चीन-रूस संबंधों की वास्तविकता उथली है। अमेरिका और मित्र देश क्वाड जैसे सामान्य मूल्यों या संरचनाओं के एक समूह के करीब आ गए हैं। रूस और चीन के मामले में दूर-दूर तक तुलनीय कुछ भी नहीं है; इस साझेदारी में, जो बिना किसी वास्तविक राजनीतिक एकीकरण के विशुद्ध रूप से लेन-देन है, रूस बहुत कनिष्ठ भागीदार है, चीन के साथ भौगोलिक रूप से विशाल, संसाधन-समृद्ध लेकिन कम आबादी वाले यूरेशियन पड़ोसी की नजर है।

# निजता पर हमला है पेगासस मामला


**प्रियंका चतुर्वेदी**
(लेखिका राज्यसभा सदस्य हैं)



पिछले सप्ताह न्यूजब्रेक इंटरनेशनल के सनसनीखेज खुलासे से पता चला कि इस्राइली जासूसी साफ्टवेयर पेगासस के माध्यम से 300 से अधिक भारतीयों की जासूसी हो रही है। इस साफ्टवेयर में फोन को हैक कर उसकी फाइलों, दस्तावेजों, वायस कार्ड तथा हैक व्यक्ति के वीडियो तक पहुंचने की क्षमता है। इस सूची में पत्रकार, विपक्षी नेता, एक्टिविस्ट व कैबिनेट मंत्री तक शामिल हैं। अधिकांश नाम अवस्थापना-विरोधी हैं और उनकी जांच की कहानियों ने सरकार की अनेक विफलतायें उजागर की हैं। पेगासस प्रकरण ने एक बार फिर निजता की अवधारणा तथा इस बात पर सवाल उठाए हैं कि राज्य किस सीमा तक निजता अधिकारों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत में जासूसी का इतिहास नया नहीं है, पर पहली बार रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में प्रयोग होने वाली संवेदनशील तकनीक का प्रयोग अनैतिक रूप से सरकार-विरोधी लोगों के संप्रेषणों तक पहुंचने के लिए हो रहा है। इस मामले का बचाव करने वाला कोई भी व्यक्ति लोगों के मूलाधिकारों को नुकसान पहुंचाने के खतरनाक रास्ते पर चलेगा।

यह विवाद सामने आने के बाद से ही आईटी मंत्री का एकमात्र बचाव यह है कि लोगों की निजता को सुरक्षा देने का कानून है तथा सरकारों द्वारा इसका पालन जरूरी है। भारत में निगरानी दो कानूनों-टेलीग्राफ एक्ट व इन्फार्मेशन टेक्नोलोजी एक्ट के अंतर्गत की जा सकती है। टेलीग्राफ एक्ट का संबंध आडियो काल रिकार्ड और उनको पकड़ने से है, आईटी एक्ट का संबंध सभी इलेक्ट्रानिक संप्रेषण से है। लेकिन दोनों कानूनों में कमियां हैं और केन्द्र द्वारा इनको दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इनके द्वारा विपक्षी स्वरों की निगरानी होती है और उनको खामोश करने का प्रयास किया जाता है। भारत लोकतांत्रिक देश है और जनता लोकतंत्र के केंद्र में होती है। पेगासस जैसी घटनायें नागरिकों के मूलाधिकारों में हस्तक्षेप हैं। हालांकि, संविधान में निजता के अधिकार का उल्लेख नहीं है, पर यह संविधान के विभिन्न प्राविधानों में अंतर्निहित है।

2017 में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मत फैसले में माना है कि निजता का अधिकार मूलाधिकार है, जबकि केन्द्र सरकार ने इसके विपरीत राय रखी थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निजता का अधिकार अंतर्निहित है। पुट्टास्वामी फैसले के अनुसार, 'किसी व्यक्ति को अपने पर्सनल डेटा पर नियंत्रण का अधिकार है और इस पर तथा अपने जीवन पर नियंत्रण का अर्थ उसके जीवन तथा इंटरनेट पर उसके अस्तित्व



पर नियंत्रण होगा।' निगरानी के मुद्दे में निजता की अनुपस्थिति स्वतंत्रता व गरिमा के आदर्शों में हस्तक्षेप है जिनकी कल्पना भारतीय संविधान ने की है और इससे देश के नागरिक के विकास में बाधा आती है। डिजिटल संप्रेषण के इस युग में 'शून्य निगरानी' का अर्थ निजता के अधिकार से जुड़ा है। पेगासस आरोप हमारे उन लोकतांत्रिक आदर्शों का हनन करते हैं जिन पर हमारा देश आधारित है। इससे देश की संप्रभुता खतरे में पड़ती हे तथा यह देश के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि यहां नागरिकों के डेटा व निजता की रक्षा के लिए जवाबदेह संस्थागत ढांचा उपलब्ध नहीं है। विश्वसनीय, संप्रभु व जवाबदेह ढांचे की अनुपस्थिति ने पूरे देश को ऐसे साइबर खुलासों की दया पर छोड़ दिया है। जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा पारदर्शिता लाने वाला पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल अनेक विसंगतियों से भरा है और अभी स्थाई समिति उसकी जांच कर रही है। भारत में तेजी से डिजिटल संप्रेषण व बिजनेस बढ़ा है तथा स्मार्टफोन अब विशिष्टता के बजाय जरूरत बन गए हैं। कोविड-19 के कारण डिजिटलीकरण प्रक्रिया और तेज हुई है। सारी चीजें उंगलियों पर उपलब्ध होने के कारण संप्रभु राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है कि वह एक उपयुक्त संस्थागत ढांचा तैयार करे।

डिजिटल भारत में वर्ष 2025 तक 900 मिलियन इंटरनेट के सक्रिय प्रयोगकर्ता होंगे, लेकिन वह साइबर युद्ध के खतरे से परेशान है जिनका संचालन दूसरे देश कर सकते हैं। इसलिए व्यावहारिक है कि सरकार कठोर डेटा संरक्षण तथा निजता कानून बनाए तथा इनकी सुरक्षा के लिए एक ढांचा तैयार करे ताकि जनता के अधिकारों की सुरक्षा हो सके। स्मार्टफोन प्रयोग करने वालों की संख्या बढ़ने के साथ भारत में डेटा संरक्षण नीति होनी चाहिए। व्यवस्था में कमियों के कारण इस मुद्दे पर कोई जवाबदेही नहीं है कि डिजिटल डेटा का स्वामी कौन है। इस मामले में बिग बास जैसे रियलिटी शो पर गौर किया जा सकता है जहां हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है तथा आप इससे दूर नहीं हो सकते हैं।

डेटा में हस्तक्षेप का अर्थ लोगों से उनकी निजता और गरिमा छीनना हो सकता है। निगरानी में अनेक विपक्षी नेताओं के शामिल होने के कारण यह मामला राजनीतिक हो गया है और मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसद में रोज हंगामा हो रहा है। पारदर्शिता के हित में सरकार को इन आरोपों पर गौर करना चाहिए, पर वह इनको पूरी तरह खारिज करने में लगी है और अब तक उसने इसे भारत-विरोधी षडयंत्र बताया है। विभिन्न देशों द्वारा जासूसी मामले की जांच के बाद यह दृष्टिकोण हास्यास्पद लगता है। फ्रांस ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं तथा इस्राइल ने एक वरिष्ठ अंतर-मंत्रालयी समूह इस पर गौर करने के लिए बनाया है। लेकिन भारत सरकार अपनी स्थिति का बचाव कर रही है। प्रशासन में सीज़र की पत्नी का सिद्धान्त लागू होता है कि शासन करने वाला संदेह से परे होना चाहिए। लेकिन सरकार लगातार भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। यह विवाद नीतिगत ढांचे की अनुपस्थिति के कारण है जिसका लाभ सत्तारूढ़ लोग उठा सकते हैं। संवैधानिक मानकों के प्रति यह लापरवाही ठीक नहीं है, भले ही सत्ता में चाहे जो हो। अनेक लोगों का मानना है कि संविधान में लिखित उनकी स्वतंत्रतायें एक-एक कर छीनी जा रही हैं। यह समय इस मुद्दे पर बोलने, अपने अधिकारों की सुरक्षा करने तथा अपने दायित्वों के पालन का है। सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ सकती है तथा झूठ बोल कर जवाबदेही से बचने का प्रयास नहीं कर सकती है। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता किसी के पास स्थाई नहीं होती है और उसे लोकतांत्रिक मानकों तथा संवैधानिक प्राविधानों का पालन करना चाहिए। देश के लोगों को यह अनुभव नहीं होने देना चाहिए कि उनके मूलाधिकार छीने जा रहे हैं। ऐसे अवसर पर खामोश रहने वालों के लिए बेंजामिन फ्रेंकलिन ने कहा था, 'जो लोग थोड़ी अस्थाई सुरक्षा के लिए आवयश्क स्वतंत्रता छोड़ देते हैं, उनको सुरक्षा या स्वतंत्रता नहीं मिलनी चाहिए।'

## आप की बात

### बच्चों की वैक्सीन

**देश** दुनिया में कोरोना महामारी ने लोगों को बर्बादी की राह पर लाकर छोड़ दिया। कोरोना की दूसरी लहर इतनी घातक सिद्ध हुई कि कही अपने कही रिश्ते मौत के आगोश में हमेशा हमेशा के लिए गहरी नींद सो गए। व अश्को के आंसुओ के सैलाब बह निकले। अब कोरोना की तीसरी लहर की संभावना व बच्चों की वैक्सीन की उम्मीद ये दोनों का तुलनात्मक विश्लेषण की सकारात्मक गवाही समय ही दे सकता है। परन्तु एम्स निदेशक डॉ गुलेरिया जी ने कहा कि कोवेक्सीन का परीक्षण अंतिम चरण में है । अगर सब कुछ ठीक रहा तो देश मे सितंबर तक बच्चों के लिए भी कोरोना रोधी वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। निश्चित यह उम्मीद उन माता पिता की चिंता की लकीरों को रोकेगी जो अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिंतित है। वर्तमान हालात पर नजर डाले तो कोरोना की रफ्तार नगण्य सी हो गई। व चिंताजनक हालात नही है। परन्तु आमजन व भीड़तंत्र के दृश्यों को देखा जाए तो लापरवाही का आलम व कोविड नियमो की अनदेखी तीसरी लहर को आमंत्रण की मौन स्वीकृति देती नजर आ रही है। समझ से परे लगता है कि लोग कोरोना को हल्के में लेकर पुनः लापरवाही बरतने लगे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### देश की बात

**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मनकी बात कार्यक्रम की79कड़ी में लोगो से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाने की अपील किया। गांधीजी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन चलाया।आज भारत जोड़ो आंदोलन चलाने की जरूरत है। स्वदेशी उत्पादों का अधिकाधिक प्रयोग और स्थानीय उत्पादों को खरीदने की ओर आमजन का ध्यान होना चाहिये। प्रधानमंत्री के माई गाव पोर्टल पर युवाओं द्वारा अधिक सुझाव भेजे गए। प्रधानमंत्री ने देश मे राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने के लिये याद करो कुर्बानी, अमृत महोत्सव महापुरुषों के नाम पर अनेक कार्यक्रम शुरू किये। लेकिन बढ़ती हुई महंगाई पर रोक, बेरोजगारी समस्या, आतंकवाद, अराजकता, भ्रष्टाचार और लचर प्रशासनतन्त्र के कारण कराहते देश की ओर ध्यान देने की जरूरत है। कोरोना महामारी से त्रस्त देश मे सरकार द्वारा हर सम्भव लोगों को सहायता उपलब्ध कराने का भागीरथी प्रयास किया गया। लेकिन प्रशासनतन्त्र ने सरकार का अपेक्षित सहयोग नही किया। अमृत महोत्सव देश के प्रशासनतन्त्र और प्रशासनिक अधिकारियों को सक्रिय, जवाबदेह बनाकर ही सफल हो सकता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### हरित ऊर्जा की ओर

**कोविड-19** महामारी के कारण उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक व्यवधान विनाशकारी साबित हुए हैं। लाखों उद्यमों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। महामारी के कारण अनौपचारिक अर्थव्यवस्था से सम्बद्ध कर्मी विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश समाज सुरक्षा और गुणवत्ता पूर्व स्वास्थ्य देखभाल पहुंच की कमी से प्रभावित हैं और अर्थव्यवस्था में उत्पादक आस्तियों और मांग तक अपनी पहुंच काफी कम है। भारत को वी आकार की रिकवरी की आवश्यकता है और इसके लिए एक वृहत मांग प्रोत्साहन दिया जाना काफी महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में एक हरित प्रोत्साहन आवश्यक है जो की मांग उत्पन्न करने वाली प्रदूषण की समस्या को संबोधित करने और हरित ऊर्जा की ओर ट्रांजिशन या अवस्थान्तर में तेजी लाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। बताते चलें कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का बहुत अधिक प्रभाव मिला है जैसे कि जीडीपी विकास दर पर, ऑटोमोबाइल उद्योग पर, फार्मास्युटिकल्स पर, और विनिर्माण और अन्य क्षेत्रों पर।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** भारत के लिए पहला पदक जीतकर बहुत प्रसन्न हूं। मैं सिर्फ मणिपुर की ही नहीं सारे देश की हूं।

**-एसएम चानू**
ओलम्पिक रजत पदक विजेता

**कांग्रेसनीत** विपक्ष के पास उठाने को ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जो जनता से जुड़ा हो। इसीलिए वे स्नूपगेट जैसे मुद्दे उठा रहे हैं।

– **जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष





**लातिनी** अमेरिकी राज्यों को यूरोपीय संघ जैसा कुछ करना चाहिए मगर हमारे इतिहास, यथार्थ और अस्मिताओं से जुड़ा रहना चाहिए।

**-एएमएल ओब्राडोर**
मैक्सिको के राष्ट्रपति

# रक्षा करारों में कांग्रेस का सिद्धांत मिशन नहीं बल्कि कमीशन होता था

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि रक्षा सौदों में उसका सिद्धांत मिशन नहीं कमीशन हुआ करता था जबकि उनकी पार्टी राष्ट्रवाद की प्रतीक है। करगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने देश की सुरक्षा के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जमकर सराहना की और कहा कि इनसे देश की सुरक्षा को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का सिद्धांत था नो डिसीजन इज द बेस्ट डिसीजन (फैसला नहीं



लेना ही सर्वश्रेष्ठ फैसला है)...कोई निर्णय मत लो...और जब सौदेबाजी करनी है तो देयर शेल नॉट बी मिशन, देयर शुड बी कमीशन (मिशन नहीं होना चाहिए बल्कि कमीशन होना चाहिए)...यही लेकर वह आगे चलते थे। नड्डा ने कहा, अच्छा नहीं लगता कि रक्षा के बारे में ऐसी बात करें लेकिन इसी तरीके से इन लोगों ने सरकार चलाई। उन्होंने कहा कि

**● भाजपा राष्ट्रवाद की प्रतीक है : नड्डा**

कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया रूक गई थी जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में इसमें बहुत तेजी आई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एयर और सर्जिकल स्ट्राइक कर भारत ने दिखा दिया है कि भारत मतलब सिर्फ व्यवसाय, व्यवसाय और व्यवसाय। उन्होंने कहा, मोदी जी के आने के बाद 36 राफेल फाइटर एयरक्राफ्ट का बेड़ा भारत में मौजूद है। 28 अपाचे हेलीकॉप्टर, 15 चिनूक चॉपर्स, 145 अल्ट्रा लाइट होवित्जर तोपें, 100 वज्र आर्टिलरी गन हमारे यहां मौजूद हैं। आज भारत बुलेट प्रूफ जैकेट का निर्यात कर रहा है।

नड्डा ने दावा किया कि पहले दुश्मन के खिलाफ जवाबी हमला करने के लिए सेना को सरकार की अनुमति का इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब मोदी सरकार में उसे खुली छूट दी गई है। पहले कोई आतंकी भारत में आकर ढाई वर्ष तक उत्पात मचाता रहता था। आज किसी आतंकवादी की उम्र भारत में आने के बाद एक से डेढ़ सप्ताह की है। फौज वही है, लेकिन नेतृत्व ठीक न हो तो आतंकी ढाई साल तक उत्पात मचाता है और नेतृत्व ठीक हो तो ढाई सप्ताह में शांत कर दिया जाता है।

## मानव तस्करी में सजा काट चुकी बांग्लादेशी महिला को स्वदेश भेजा जाएगा

भाषा। इंदौर (मध्य प्रदेश)

**मानव तस्करी** के जुर्म में सजा काटने के बाद इंदौर के जिला जेल से रिहा हुई 37 वर्षीय एक बांग्लादेशी महिला को उसके मुल्क भेजने की तैयारी की जा रही है क्योंकि उसके पास भारत में रहने की मंजूरी का कोई भी वैध दस्तावेज नहीं है। पुलिस की एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

## एनआईईटीटी में आधुनिक शैक्षणिक प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की शुरुआत

**कोच्चि।** नौसेना शैक्षिक प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईटीटी) के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह में एक आधुनिक शैक्षणिक प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की शुरुआत की गई है। इस साल 25 अप्रैल को राष्ट्र की सेवा में 50 वर्ष पूरे किए।




असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा गुवाहाटी में युद्ध स्मारक पर कारगिल विजय दिवस समारोह के दौरान पुष्प अर्पित करते हुए

## केरल में जीका वायरस से कुल संक्रमितों की संख्या 51 हुई

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तीन और लोगों के जीका वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही राज्य में जीका वायरस से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है। यह जानकारी राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि तिरुवनंतपुरम के रहने वाले क्रमशः 53 , 21 और 30 वर्षीय व्यक्तियों के जीका वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इनके नमूनों की जांच यहां के चिकित्सा महाविद्यालय स्थित विषाणुरोग विज्ञान प्रयोगशाला में हुई। अब तक, हमने जीका वायरस से संक्रमण के 51 पुष्ट मामले दर्ज किए हैं जिनमें से इस समय पांच मरीजों का इलाज चल रहा है।

## आंध्र प्रदेश में 1,627 नए मामले सामने आए

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,627 नए मामले सामने आए जिसके बाद मामलों की कुल संख्या बढ़कर 19,56,392 हो गई। स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया कि सोमवार सुबह नौ बजे तक पिछले 24 घंटे में इस महामारी से 17 और मरीजों की मौत हो गई तथा 2,017 लोग ठीक हुए। बुलेटिन के अनुसार महामारी से अब तक 13,273 मरीजों की मौत हो चुकी है और 19,21,371 लोग ठीक हो चुके हैं।

## तेलंगाना में जिलेटिन की एक हजार छड़ें और तीन हजार डेटोनेटर बरामद

**हैदराबाद।** तेलंगाना के विकाराबाद जिले में पुलिस ने एक इमारत से डेटोनेटर और जिलेटिन की छड़ें सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पेड्डेमुल स्थित इमारत से पुलिस को करीब तीन हजार डेटोनेटर, जिलेटिन की 1,160 छड़ें और 800 मीटर बिजली की तार मिली है। इससे एक दिन पहले 19 वर्षीय चरवाहा अपने घर में रहस्यमई विस्फोट में घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि चरवाहे का हैदराबाद के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## सहभागी शासन का प्रभावी उदाहरण बना हुआ है माईगव : प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि नागरिकों को सरकार से जुड़ने और सुशासन के लिए अपना योगदान देने का अवसर प्रदान करने का मंच माईगव सहभागी शासन का प्रभावी उदाहरण बना हुआ है और यह




युवाओं को आवाज दे रहा है। प्रधानमंत्री ने यह बात माईगव मंच के सात साल पूरे होने के अवसर पर कही। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने इस मंच की शुरुआत की थी। एक ट्वीट में माईगव इंडिया ने कहा, हमारे सात साल के सफर को अतुलनीय बनाने के लिए माईगव के सभी साथियों को धन्यवाद। माईगव डॉट इन पर अपने बहुमूल्य सुझाव देने के लिए आप सभी का बहुत धन्यवाद। इसके साथ मंच की ओर से एक वीडियो भी साझा किया गया, जिसमें उसकी उपलब्धियों का ब्योरा दिया गया है।

## बाढ़ प्रभावितों को जल्द मिलेगी राहत : पवार

**● उपमुख्यमंत्री ने सांगली के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया**

भाषा। पुणे

**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सांगली जिले के बाढ़ प्रभावित कई गांवों का सोमवार को दौरा करने और कुछ इलाकों में नाव से बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचने के बाद कहा कि महाराष्ट्र में बाढ़ से प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने के संबंध में अगले दो दिन में फैसला किया जाएगा। पवार ने बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत की और उन्हें पुनर्वास और राज्य सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। राज्य के जल संसाधन मंत्री जयंत पाटिल, राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय वाडेट्टीवार और राज्य मंत्री विश्वजीत कदम बाढ़ प्रभावित जिले के भीलवाड़ी और अन्य इलाकों के दौरे में पवार के साथ थे। पवार के पास वित्त विभाग का भी प्रभार है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, महा विकास आघाड़ी के नेतृत्व वाली



सरकार बाढ़ से प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करेगी। मैंने, कैबिनेट मंत्री जयंत पाटिल, विजय वडेट्टीवार और राज्य मंत्री विश्वजीत कदम ने सांगली जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। अगले दो दिनों में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में (राहत) के बारे में अंतिम फैसला लिया जाएगा। बाढ़ प्रभावित भीलवाड़ी और जिले के अन्य क्षेत्रों में पवार के दौरे के दौरान राज्य के जल संसाधन मंत्री जयंत पाटिल, राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार और राज्य मंत्री विश्वजीत कदम भी उनके साथ थे। भीलवाड़ी में बाढ़ प्रभावित लोगों तक ए सभी नाव के जरिए पहुंचे। पवार ने बाद में पत्रकारों को बताया कि पश्चिम महाराष्ट्र क्षेत्र में अप्रत्याशित बारिश के कारण बाढ़ आई है। उन्होंने कहा, जब 22 जुलाई के बाद भारी बारिश शुरू हुई तो कृष्णा नदी के बेसिन में बांधों में पर्याप्त भंडारण क्षमता थी, लेकिन बांधों के निकटवर्ती क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। उन्होंने कहा कि कोयना बांध में इससे पहले कभी इतना अधिक जलभंडारण नहीं हुआ था। उन्होंने बताया, कोयना बांध में एक दिन में लगभग 16.5 टीएमसी पानी प्राप्त हुआ, जिसकी भंडारण क्षमता 100 टीएमसी है। कोयना के पास नवजा नाम की एक जगह है, जहां 32 इंच बारिश हुई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णा बेसिन के बांधों में सामूहिक जल संग्रहण इस बार 84 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 50 प्रतिशत था। उन्होंने कहा, जहां तक कृष्णा और भीमा नदियों के बेसिन में बांधों में जल संग्रहण का संबंध है तो वर्तमान सामूहिक जल संग्रहण पिछले वर्ष के 37 प्रतिशत के मुकाबले 71 प्रतिशत है। बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा, पानी घटने के बाद ही फसलों और खेतों को हुए नुकसान की असली तस्वीर सामने आएगी।

## ओबीसी आरक्षण पर निर्णय लेने के कगार पर सरकार : सॉलिसिटर जनरल

भाषा। चेन्नई

**सॉलिसिटर** जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को मद्रास उच्च न्यायालय को बताया कि केंद्र सरकार तमिलनाडु में चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटों के अखिल भारतीय कोटा (एआईक्यू) के तहत ओबीसी के लिए आरक्षण लागू करने के बारे में निर्णय लेने के कगार पर है। जब द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की अवमानना याचिका आज आगे की सुनवाई के लिए आई तो मेहता ने मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी और न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार राममूर्ति की पहली पीठ को बताया कि प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु में गैर-केंद्रीय मेडिकल कॉलेजों में अखिल भारतीय कोटा (एआईक्यू) के तहत राज्य द्वारा छोड़ी गई मेडिकल सीटों में आरक्षण को लागू करने के बारे में निर्णय लेने के कगार पर है। उन्होंने निर्णय के बारे में बताने के लिए और एक सप्ताह का समय मांगा। पीठ ने दलीलें सुनने के बाद मामले की सुनवाई तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी।

### क्विक न्यूज

## अदालत ने पीडीपी नेता वहीद पारा के खिलाफ आतंकवाद संबंधी आरोप तय किए

**श्रीनगर।** एक विशेष एनआईए अदालत ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के करीबी सहयोगी वहीद-उर-रहमान पारा के खिलाफ आतंक के आरोप तय किए हैं। पुलिस के आरोप पत्र में दावा किया गया है कि पारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जुड़ा था और वर्ष 2007 से एक पत्रकार और राजनेता के रूप में उसकी 13 साल की यात्रा छल और पाखंड की कहानी थी। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में आरोप तय करने को लेकर बचाव एवं अभियोजन की दलीलें सुनी थीं और उसने पारा के खिलाफ आरोप तय करने की अनुमति दी। पारा पर आतंकवादियों से साठगांठ कर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप है, जिसके एवज में उसे आतंकी हमलों को अंजाम देने में सहायता करनी थी। आठ पन्नों के आदेश में कहा गया कि, प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अपराध के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं।

## सत्यजीत रे जयंती शताब्दी वर्ष : फिल्म पर उनके नोट्स महज एक क्लिक की दूरी पर

**कोलकाता।** ऑस्कर पुरस्कार विजेता, महान दिवंगत फिल्मकार सत्यजीत रे की सर्वकालिक संगीत मय बाल फिल्म गोपी गायन बाघा बायन के दृश्यों, कड़ियों और विशेष प्रभाव पर उनकी टिप्पणी अब कंप्यूटर के महज एक क्लिक की दूरी पर मौजूद है। दरअसल रे की जयंती के शताब्दी वर्ष पर लाखों-करोड़ों प्रशंसकों के लिए वेबसाइट एक्सप्लोररे डॉट ओआरजी ने उनके नोट्स को अपलोड किया है। यह पहल सेंटर फॉर न्यू मीडिया और फिल्मकार मृणाल सेन के बेटे कुणाल सेन की ओर से रे के निर्देशक बेटे संदीप रे और फिल्मा निर्माता पियाली फिल्म्स के सहयोग से की गई है। वेबसाइट ने, रे की नोटबुक्स को अपलोड किया है जिसे वह 1969 में बनी फिल्म के लिए अपना खेरोर खाता कहते थे। अमेरिका के इलिनॉयस में सॉफ्टवेयर कंपनी चला रहे सेन ने कहा, वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अनगिनत बैठकों और ई-मेल के आदान प्रदान के बाद अंततः बेवसाइट बनकर तैयार हो गई है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन आज भारत आएंगे, व्यापक मुद्दों पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को भारत पहुंच रहे हैं और इस दौरान उनका अफगानिस्तान में तेजी से बदलती सुरक्षा स्थिति, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और कोविड-19 प्रतिक्रिया प्रयास को मजबूत करने के तरीकों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा उनके व्यापक एजेंडे में शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्री का पदभार संभालने के बाद ब्लिंकन की यह पहली भारत यात्रा होगी और जनवरी में सत्ता में आने के बाद बाइडन प्रशासन के किसी उच्च पदस्थ अधिकारी की यह तीसरी भारत यात्रा होगी।

## पुरातात्विक स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए निजी भागीदारी जरूरी : समिति

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने देशभर में संग्रहालयों और पुरातात्विक स्थलोंस्मारकों के विकास और संरक्षण के लिए संस्कृति मंत्रालय के समक्ष निधि की कमी की समस्या के मद्देनजर कहा कि वह महसूस करती है कि सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित और भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी जरूरी है। संग्रहालयों और पुरातात्विक स्थलों का विकास और संरक्षण - चुनौतियां और अवसर विषय पर परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी संसद की स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। यह रिपोर्ट सोमवार को संसद के दोनों सदनों में पेश की गई। समिति महसूस करती है कि मंत्रालय को निजी क्षेत्र की भागीदारी लेना अनिवार्य है ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित और भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखने का काम हो सके।

## बंगाल में छात्रों का प्रदर्शन

भाषा। कोलकाता

**● उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के नतीजों से असंतुष्ट हैं छात्र**

**राज्य बोर्ड** के उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के नतीजों के 22 जुलाई को प्रकाशन के बाद दूसरी बार सोमवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में असंतुष्ट छात्रों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। इन छात्रों की मांग है कि उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया जाए और उनके अंक बढ़ाए जाएं क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण इस साल कोई परीक्षा नहीं हुई और मूल्यांकन पिछले नतीजों पर आधारित है। शहर के नकताला स्थित आनंद आश्रम विद्यालय और श्यामबाजार एवी स्कूल के समक्ष कई छात्रों ने अपने अंक बढ़ाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जबकि दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती और विष्णुपुर तथा मुर्शिदाबाद के डोमकल में छात्रों ने खुद को उत्तीर्ण घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। डोमकल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों के एक वर्ग ने जिस जगह से अंक पत्रों का वितरण किया जा रहा था, उस कार्यालय कक्ष में रखे फर्नीचर में तोड़फोड़ की और आरोप लगाया कि उन्हें अनुचित तरीके से अनुत्तीर्ण किया गया क्योंकि कोई परीक्षा नहीं कराई गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह नाराज छात्रों को संभाला। विष्णुपुर और नकताला में प्रदर्शनकारी छात्रों ने रास्ता जाम कर दिया जिससे यातायात बाधित हुआ। बाद में पुलिस के समझाने पर उन्होंने सड़क को खाली कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि कुछ स्कूलों में छात्रों ने अभिभावकों के साथ प्रधानाध्यापक का घेराव किया। नकताला के एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा, हमने पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद को आज की घटना के बारे में रिपोर्ट भेज दी है। विद्यालय शिक्षा विभाग के सूत्रों ने कहा कि जिन जिलों में प्रदर्शन हुए हैं वहां के जिला विद्यालय निरीक्षकों से कहा गया है कि वे संबंधित संस्थानों का दौरा कर यथाशीघ्र इस बारे में रिपोर्ट भेजें।

## अगरतला के होटल में प्रशांत किशोर की आई-पैक टीम से पुलिस ने की पूछताछ

भाषा। अगरतला

**पिछले** हफ्ते से अगरतला के एक होटल में डेरा डाले हुए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की इंडियन पॉलिटिकल ऐक्शन कमेटी (आई-पैक) की एक टीम ने स्थानीय पुलिस ने पूछताछ की है। आई-पैक की यह टीम राज्य की राजनीतिक स्थिति और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए संभावित समर्थन आधार का आकलन कर रही है। टीएमसी की त्रिपुरा इकाई ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार दिया है और कहा कि पुलिस ने उन्हें उनके होटल में बंद कर दिया था।

## पुरी में नल से पेयजल मिशन का उद्घाटन

**पुरी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी में नल से पेयजल मिशन का उद्घाटन किया, जिसके साथ ही यह पूरे सप्ताह 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला पहला शहर बना।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कारगिल विजय दिवस की 22 वीं वर्षगांठ के दौरान देहरादून में पुष्पांजलि देते हुए

## धामी ने दूसरे विश्वयुद्ध के शहीदों की विधवाओं और पूर्व सैनिकों की पेंशन बढ़ाई

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को दूसरे विश्वयुद्ध के शहीदों की विधवाओं और पूर्व सैनिकों की पेंशन आठ हजार रूपए से बढ़ाकर दस हजार रूपए प्रतिमाह करने की घोषणा की। यहां गांधी पार्क में शौर्य दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने यह घोषणा करते हुए कहा कि इसका फायदा लगभग 800 परिवारों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने कारगिल युद्ध में विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा और उनका बलिदान राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी।



अमृतसर में लाकडाउन के बाद स्कूल खुलने पर पूरे प्रोटोकाल के साथ छात्रों को पढ़ाती एक अध्यापिका

## भारत के वैज्ञानिक कोविड पर शोध में सहयोग करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

**रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका का देंगे साथ**


**भारत,** रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिक कोविड-19 के खिलाफ दवा विकसित करने के लिए साथ मिलकर शोध करेंगे। सोमवार को एक आधिकारिक बयान के कहा गया कि कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी दवा की तलाश के इस संयुक्त प्रयास में जैवसूचना विभाग, कार्बनिक रसायन, चिकित्सा रसायन, औषधि परीक्षण, परजीवी विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों का जुड़ना अतिमहत्वपूर्ण रहेगा।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने एक बयान में कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के प्रयासों, ज्ञान और अनुभव के सम्मिश्रण से ब्रिक्स देशों में स्वास्थ्य प्रणाली और स्वास्थ्य देखभाल दोनों सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंच सकेंगे। इसमें कहा गया, भारत, रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिक सार्स-सीओवी-2 के आरएनए की प्रतिकृतियों को उत्प्रेरित करने वाले एंजाइम, मुख्य प्रोटीएज (प्रोटीन के विखंडन को प्रेरित करने वाला एंजाइम) और आरएनए प्रतिकृतियों के खिलाफ सीसा धातु के यौगिकों के पुनर्निमाण, उनके सत्यापन और संश्लेषण के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे। बयान के मुताबिक, ऐसा करने से मेजबान कोशिकाओं में संक्रमण के दौरान वायरस की परिपक्वता और प्रसार दोनों को बाधित किया जा सकता है और इससे बेहतर उत्पादन विधियों के साथ नई कोविड -19 दवाओं के उत्पादन में मदद मिल सकती है।

## आंखों देखा साक्ष्य बेहतर, जब तक कि उन पर संदेह न हों : सुप्रीम कोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा कि आंखों देखा साक्ष्य बेहतर साक्ष्य होता है, जब तक कि उन पर संदेह करने के कारण नहीं हों। अदालत ने हत्या के लिए चार लोगों को मिली आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति नवीन सिन्हा और न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी की पीठ ने कहा कि जिन मामलों में चिकित्सीय साक्ष्य और मौखिक साक्ष्य के बीच काफी विरोधाभास होता है, उनमें आंखों देखे साक्ष्य पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा, आंखों देखा साक्ष्य बेहतर साक्ष्य माना जाता है, जब तक कि उन पर संदेह करने के कारण नहीं हों। जिन मामलों में चिकित्सीय साक्ष्य और मौखिक



साक्ष्य में विरोधाभास होता है और चिकित्सीय साक्ष्य सभी प्रत्यक्ष साक्ष्यों को असंभव बनाते हों और सभी प्रत्यक्ष साक्ष्यों के सच होने की संभावना से इंकार करते हों, वहां आंखों देखे साक्ष्य पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा दोषियों को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली अपील पर फैसला देते हुए की। गुजरात उच्च न्यायालय ने चार लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 34 (साझा मंशा), 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत आजीवन कारावास की सजा और बंबई पुलिस कानून की धारा 135 (एक) के तहत 15 दिन कारावास की सजा से बरी कर दिया था, जिसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। अक्टूबर 2015 में मोटरसाइकिल से जाते वक्त एक व्यक्ति पर हमला किया गया था, जिसकी मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा व्यक्ति इस मामले में अभियोजन पक्ष का गवाह है। दोषियों ने उस व्यक्ति पर लोहे की छड़, स्टील की छड़ और डंडे से हमला किया था। उन लोगों को इस आधार पर बरी कर दिया गया था कि अभियोजन पक्ष के दूसरे गवाह और दसवें गवाह के साक्ष्य चिकित्सीय साक्ष्यों से मेल नहीं खाते।

# कृतज्ञ राष्ट्र ने कारगिल युद्ध के वीरों को दी श्रद्धांजलि

**भाषा।** द्रास, नई दिल्ली

**कारगिल** विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरे देश ने युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि 1999 के युद्ध में शहीदों ने अदम्य साहस, वीरता और असाधारण बलिदान का परिचय दिया, वहीं प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी बहादुरी हमारे लिए प्रतिदिन प्रेरणादायक है। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में डैगर युद्ध स्मारक पहुंचे कोविंद ने कहा कि यह स्मारक देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति असीम सम्मान का प्रतीक है। कोविंद का कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सोमवार को लद्दाख के द्रास में युद्ध स्मारक जाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के चलते उनका यह दौरा रद्द कर दिया गया। उन्होंने बारामूला में कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोमवार को कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान के साथ हुए इस युद्ध के शहीदों को याद किया और कहा कि उनकी बहादुरी हर दिन देशवासियों को प्रेरित करती है। उन्होंने ट्वीट किया, हम उनके बलिदान को याद करते हैं। हम उनकी बहादुरी को याद करते हैं। आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हम उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए कारगिल में अपने आप को न्योछावर कर दिया। उनकी बहादुरी हमें हर दिन प्रेरणा देती है। कारगिल विजय दिवस 1999 के कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के तहत भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष में मनाया जाता है। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने सोमवार को कारगिल विजय दिवस पर 1999 में हुए युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।





जम्मू कश्मीर के बारामूला में डैगर युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद । नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर बलिदानियों को नमन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

इस बीच, विभिन्न दलों के नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों आदि ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर देश के कई हिस्सों में समारोह आयोजित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि वीर जवानों के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान के दम पर दुर्गम पहाड़ियों पर फिर से तिरंगा फहराया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया, हमारे तिरंगे की गरिमा के लिए अपनी जान देने वाले प्रत्एक सेनानी को दिल से श्रद्धांजलि। देश की सुरक्षा के लिए आपके व आपके परिवारों के इस सर्वोच्च बलिदान को हम हमेशा याद करेंगे। जय हिंद!

# राजस्थान सरकार कृषि एवं पेयजल व्यवस्था के लिए सजग : गहलोत

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में मानसून के दौरान अब तक औसत से कम वर्षा की स्थिति में कृषि तथा पेयजल व्यवस्था के लिए पूरी तरह सजग है। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गहलोत सोमवार रात को आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा, कृषि, जल संसाधन तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतापगढ़ और जैसलमेर को छोड़कर फिलहाल लगभग सभी जिलों में सामान्य से कम बारिश होना चिंताजनक है। लेकिन हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह स्थिति सुधरेगी और इस बार भी मानसून अच्छा रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को अनावृष्टि अथवा अतिवृष्टि जैसी स्थिति को लेकर आपदा प्रबंधन के लिए समस्त तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को पेयजल, वर्षाजनित हादसों, बाढ़ अथवा सूखे से निपटने के लिए तैयारियां करने का निर्देश दिया और कहा कि इस संबंध में आकस्मिक निधि हस्तांतरित कर दी गई है। गहलोत ने कहा कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राज्य की पूर्ववर्ती सरकार के समय आवासीय एवं अन्य भवनों में वर्षाजल संचयन ढांचा बनाने पर जोर दिया गया था। इस काम को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कामों को प्राथमिकता दी जा रही है और हर घर जल पहुंचाने के लिए केंद्र के साथ समन्वय किया जा रहा है।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि बारिश में देरी से अभी फसलों की बुवाई कम हुई है। लेकिन आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने के अनुमान से इसमें सुधार की उम्मीद है। आपदा प्रबंधन एवं राहत राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव ने मानसून के दौरान आगामी दिनों में पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह चाक-चौबंद है।

## अमेठी में स्कूल के छात्र की मौत की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ली

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के अमेठी में नवोदय विद्यालय के 11वीं कक्षा के एक छात्र की तीन साल पहले हुई रहस्यमय हालात में मौत की जांच सोमवार को अपने हाथ में ले ली। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। छात्र अभय प्रताप सिंह का शव रेल की पटरी के पास मिला था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 14 जनवरी, 2018 को सिंह के पिता अजय कुमार सिंह की शिकायत पर अमेठी पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी को फिर से दर्ज किया है। छात्र अमेठी के गौरीगंज स्थित नवोदय विद्यालय के छात्रावास में रहता था। अजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि कुछ अज्ञात लोग स्कूल अधिकारियों की मिलीभगत से उनके बेटे को स्कूल से ले गए थे और उसकी हत्या कर दी थी। अजय कुमार सिंह ने कहा था कि उन लोगों ने उसके शव को रेल पटरी के पास फेंक दिया। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि अपने कृत्य को छुपाने के लिए कथित हत्यारों ने स्कूल के प्रवेश रजिस्टर से प्रविष्टि हटा दी।

## जाति आधारित जनगणना हो, नीट में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित किया जाए : संगठनों की मांग

**नई दिल्ली।** पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्गों के कई प्रबुद्ध व्यक्तियों और संगठनों ने सोमवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस बार जनगणना में जाति आधारित आंकड़े भी एकत्र किए जाए ताकि विभिन्न क्षेत्रों में सभी पात्र समुदायों को आरक्षण का उचित लाभ मिल सके। इन व्यक्तियों और संगठनों ने सोशल रिवूल्यूशन अलायंस (एसआरए) के बैनर तले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में ओबीसी के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. ईश्वरैया, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह यादव, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अवधेश कुमार साह, वोटर एजुकेशन फाउंडेशन नामक संगठन के पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह, ओबीसी महासभा (मध्य प्रदेश) के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा तथा कुछ अन्य लोग शामिल थे।

उन्होंने कहा, हम सरकार के इस फैसले से आहत और हतप्रभ हैं कि 2021 की जनगणना में जाति आधारित जनगणना शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा, इस बार की जनगणना में जाति आधारित जनगणना को शामिल किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो पिछड़े वर्गों के लोग आंदोलन करने को विवश होंगे। एसआरए की ओर से यह मांग भी गई है कि नीट की परीक्षा में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित किया जाए, ओबीसी वर्गों के कल्याण के लिए केंद्र के स्तर पर अलग मंत्रालय बनाया जाए और संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग बनाया जाए।

## अदालत ने केरल पुलिस के दो पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तारी से दी अंतरिम राहत

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने, 1994 में इसरो के वैज्ञानिक नम्बी नारायण की गिरफ्तारी के मामले के संबंध में सीबीआई द्वारा आपराधिक साजिश, अपहरण और साक्ष्य मिटाने जैसे मामलों में नामजद केरल पुलिस के दो पूर्व अधिकारियों को सोमवार को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी। मामले से संबंधित एक वकील ने बताया कि एस विजयन और टी एस दुर्गा दत्त की ओर से दायर संयुक्त अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई द्वारा सुनवाई अगले सप्ताह तक के लिए स्थगित करने का अनुरोध करने के बाद न्यायमूर्ति अशोक मेनन ने दोनों अधिकारियों को राहत दी। सीबीआई की ओर से पेश हुए केंद्र सरकार के वकील सुविन आर मेनन ने भी आदेश की पुष्टि की और कहा कि अदालत ने यह निर्देश भी दिया कि अगर दोनों पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया जाता है तो उन्हें 50 हजार का बांड और उतनी ही राशि के मुचलके पर जमानत दे दी जाए। अंतरिम आदेश, सुनवाई की अगली तारीख, दो अगस्त तक प्रभावी रहेगा।

# राव के पैर छूने वाले डीएम को दंडित करे केंद्र : तेलंगाना कांग्रेस

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता मोहम्मद अली शब्बीर ने तेलंगाना में एक आधिकारिक समारोह में दो जिला अधिकारियों के राज्य के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) के पैर छूने की घटना का कड़ा विरोध करते हुए केंद्र से दोनों अधिकारियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की अपील दी। शब्बीर ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और केंद्र को रविवार को लिखे पत्र में सार्वजनिक रूप से केसीआर के पैर छूने पर सिद्दीपेट और कामारेड्डी के जिलाधिकारियों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। तेलंगाना राज्य के सिद्दीपेट के जिलाधिकारी पी वेंकटराम रेड्डी और कामारेड्डी के जिलाधिकारी डॉ ए शरद ने अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम, 1968 का उल्लंघन किया है।

शब्बीर ने आरोप लगाया कि 20 जून 2021 को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसरों के उद्घाटन के अवसर पर दोनों अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से मुख्यमंत्री के पैर छुए थे।

उन्होंने राष्ट्रपति से उनके व्यवहार का संज्ञान लेने और आवश्यक कार्वाई करने का अनुरोध करते हुए कहा, दोनों जिलाधिकारियों ने सार्वजनिक समारोह में मुख्यमंत्री के पैर छूकर संविधान का अपमान किया और राजनीतिक पदाधिकारियों की तरह व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अपने कृत्यों से गलत संदेश दिया है और एक राजनीतिक पदाधिकारी मुख्यमंत्री के सामने झुककर गलत मिसाल कायम की है। शब्बीर ने कहा, दोनों जिलाधिकारियों के कदमों ने स्पष्ट रूप से उजागर किया कि उन्होंने राजनीतिक तटस्थता नहीं बनाए रखी। मुख्यमंत्री तेलंगाना राष्ट्र समिति के अध्यक्ष भी हैं, इसलिए जिलाधिकारियों ने झुककर और उनके पैर छूकर आम लोगों को संदेश दिया है कि उनका झुकाव सत्ताधारी पार्टी की ओर है।

## क्विक न्यूज

### पेगासस न्यायालय की निगरानी में हो जांच: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि कथित पेगासस जासूसी मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी मे होनी चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने राजनीतिक हितो को पूरा करने के मकसद से जासूसी कराने पर सरकारी धन खर्च कर रही है। संसद परिसर में थरूर ने संवाददाताओं से कहा, हम चाहते है कि सरकार इस मुद्दे पर सदन मे चर्चा के लिए तैयार हो, लेकिन वह सहमत नही है। हमारा कहना है कि जब सरकार चर्चा और जवाब देने के लिए तैयार नही है तो फिर हमें सरकार के कामकाज को क्यो चलने देना चाहिए। पिछले रविवार को, कुछ मीडिया संगठनों के अंतरराष्ट्रीय समूह ने कहा था कि भारत में पेगासस स्पाइवेयर के जरिए 300 से अधिक मोबाइल नंबरो की संभवतः निगरानी की गई। इसमे दो मंत्री, 40 से अधिक पत्रकारों, तीन विपक्षी नेताओ के अलावा कार्यकर्ताओ के नंबर भी थे। सरकार ने इस मामले में विपक्ष के सभी आरोपो को खारिज कर दिया है।

### कार के नदी में गिरने से एक परिवार के चार सदस्यों की मौत

**बनिहाल (रामबन)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सोमवार को एक कार के राजमार्ग से फिसल कर नदी मे गिरने से उसमे सवार एक परिवार के चार सदस्यो की मौत होने की आशंका है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। यह घटना रामबन के मेहर बेक्त के पास उस समय हुई जब राकेश कुमार, उनकी पत्नी आशा रानी, उनके दो बेटे सचित भगत और मेहुल भगत श्रीनगर से जम्मू जा रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार कार कुमार चला रहे थे। उन्होने पुलिस को बताया कि कुमार ने कार पर अपना नियंत्रण खो दिया और कार नदी में गिर गई। पुलिस ने कहा कि त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की मदद से खोज अभियान जारी

### बीएसएफ के गश्ती दल ने सेना के छह जवानों को डूबने से बचाया

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के गश्ती दल ने सेना के छह जवानो को एक नाले मे डूबने से बचा लिया। बीएसएफ की ओर से जारी किए गए एक वक्तव्य के मुताबिक, यह हादसा रविवार को उस समय हुआ जब खराब मौसम और समुद्री परिस्थितियो के कारण भारत-पाकिस्तान सीमा के पास कोरी नाले मे, नियमित प्रशिक्षण के दौरान सेना के जवानों की नाव पलट गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही बीएसएफ का आठ सदस्ईय गश्ती दल स्पीड बोट के जरिए तुरंत मौके पर पहुंचा और छह सैन्यकर्मियो को डूबने से बचा लिया गया। इसके बाद सेना के जवानों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। बीएसएफ के गुजरात फ्रंटियर के महानिरीक्षक जी एस मलिक ने बीएसएफ के प्रयासो की सराहना की और बचाव अभियान मे शामिल गश्ती दल के कमांडर निरीक्षक संदीप के लिए दो हजार रुपए और बचाव दल के शेष सात सदस्यों के लिए एक-एक हजार रुपए के नकद इनाम की घोषणा की।

### राजस्थान में सामने आए कोरोना संक्रमण के 18 नए मामले

**जयपुर।** राजस्थान में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 18 नए मामले सामने आए। चिकित्सा विभाग की ओर से सोमवार शाम जारी आंकड़ो के अनुसार बीते 24 घंटे मे राज्य मे कोरोना वायरस संक्रमण के 18 नए मामले सामने आए। नए मामलो मे जयपुर के पांच, अलवर के चार नए मामले शामिल है। उन्होने बताया कि इस घातक संक्रमण से राज्य मे अब तक 8952 लोगो की मौत हो चुकी है। आंकड़ो के अनुसार सोमवार को राज्य मे 33 लोग संक्रमण से ठीक हुए है।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**करीमगंज (असम)।** असम के करीमगंज जिले मे मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग लड़की के साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने के आरोप मे एक 43 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी व्यक्ति ने शनिवार को अपने पड़ोस मे रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। पीड़ित लड़की घर मे अकेली थी और घर के पीछे टहल रही थी तभी आरोपी उसे एक कमरे मे खीच कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। सैकिया ने कहा, हमने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ यौन अपराधो से बच्चो के संरक्षण (पोक्सो) अधि. के तहत मामला दर्ज किया गया है। चूंकि लड़की नाबालिग और मानसिक रूप से कमजोर है, उसका बयान बहुत सावधानी से लिया गया है और उसका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है।

### बारामुला में आंतकी हमले में पुलिसकर्मी जख्मी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षा प्राप्त एक व्यक्ति के घर पर सोमवार को हुए आतंकी हमले मे पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। आतंकवादियो ने बारामुला मे चंदूसा इलाके मे फज़ल अहमद के घर पर सोमवार तड़के गोलीबारी की। नेता का एक निजी सुरक्षाकर्मी अल्ताफ गोलीबारी में घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर हैं। उन्होंने बताया कि अहमद पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर बेग के भाई है और उनका परिवार सुरक्षित है।



अमृतसर में सावन के पहले सोमवार पर बीरभान मन्दिर में पूजा करते श्रद्धालु

# मुख्यमंत्री एदियुरप्पा को बदलने के बजाय भाजपा सरकार को हटाया जाना चाहिए: कांग्रेस

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले बी एस एदियुरप्पा का एक विकल्प खोजने के बजाय राज्य की भाजपा सरकार को हटाने की सोमवार को मांग की। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में भाजपा सरकार अवैध है क्योंकि यह दलबदल और भ्रष्टाचार से उत्पन्न हुई है। कांग्रेस ने साथ ही यह सवाल भी किया कि क्या चेहरा बदलने से सरकार का भ्रष्ट चरित्र भी बदल जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने ट्वीट किया, आम आदमी के लिए कोई फायदा नहीं है, अगर एक भ्रष्ट मुख्यमंत्री को हटाकर दूसरे भ्रष्ट को मुख्यमंत्री बनाया जाए। इसके बजाय पूरी भाजपा पार्टी को बाहर कर दिया जाना चाहिए, जो लोगों के दुखों के लिए जिम्मेदार है।

एदियुरप्पा के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में सत्ता की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है जब लोग प्राकृतिक आपदाओं के कारण पीड़ति हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, बाढ़ के कारण कई जिलों में फसलें नष्ट हो गई हैं और 9 लोगों की जान चली गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार के प्रतिनिधि संकट में लोगों की मदद करने के बजाय सत्ता की राजनीति में व्यस्त हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि यह समस्या भाजपा की भ्रष्ट सरकार और कर्नाटक में कुशासन के साथ है, क्योंकि यह दलबदल और भ्रष्टाचार से उत्पन्न हुई एक विधि विरुद्ध सरकार है।

सुरजेवाला ने ट्वीट किया, सिर्फ चेहरा बदलने से भाजपा सरकार का भ्रष्ट चरित्र नहीं बदलने वाला है। सच्चाई यह है कि मोदी जी आदततन भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को अपमानित करते हैं और उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में डाल देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, इस्तीफा देने के लिए आदेश देकर मोदी जी द्वारा श्री बी एस एदियुरप्पा को अपमानित किया गया है। वह मोदी जी के सबसे ताजा शिकार हैं और जबरन सेवानिवृत्ति क्लब के सदस्य बने हैं।

एदियुरप्पा के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि जब उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा की तो वह भावुक क्यों हो गए और उनका गला क्यों रुंध गया। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, एदियुरप्पा नहीं रो रहे थे बल्कि राज्य और उसके मुख्यमंत्री की आंखों में आंसू थे। हम विपक्षी दल अलग हैं, लेकिन वह सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए एदियुरप्पा को बताना चाहिए कि क्या वह रो रहे थे, राज्य रो रहा था या पार्टी रो रही थी। एदियुरप्पा ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए भावुक होते हुए एवं रुंधे गले से कहा था कि उनकी पार्टी के कुछ विधायक उनसे खुश नहीं थे।

## केरल के सीएम, विपक्ष के बीच हवाला राशि लूटकांड के मामले को लेकर विधानसभा में बहस

**तिरूवनंतपुरम।** केरल विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और कांग्रेस नीत यूडीएफ सदस्यों के बीच कोडाकारा हवाला धन लूट मामले को लेकर जोरदार बहस हुई। यूडीएफ ने आरोप लगाया कि एलडीएफ सरकार और मुख्यमंत्री अपराध में कथित तौर पर शामिल भाजपा नेताओं का बचाव कर रहे हैं। यूडीएफ सदस्यों ने इसका विरोध करते हुए सदन का बहिष्कार किया।

इस मुद्दे पर विपक्षी नेताओं ने स्थगन प्रस्ताव का नोटिस पेश करते हुए आरोप लगाया कि अवैध रूप से धन अंतरण के लिए भाजपा के कुछ नेताओं ने षड्यंत्र रचे, वहीं पुलिस ने उन्हें आरोपपत्र में गवाह के तौर पर सूचीबद्ध किया है जिसे हाल में स्थानीय अदालत में दायर किया गया। मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने संदेह जताया कि भाजपा-माकपा के बीच गुप्त गठजोड़ है ताकि करोड़ों रुपए के कथित घोटाले की जांच रोकी जा सके। जवाब में विजयन ने यूडीएफ के आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि विपक्षी दल जानबूझकर तथ्यों को छिपाने और जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाए कि कोडाकारा में लूटी गई राशि छह अप्रैल को विधानसभा चुनाव प्रभावित करने के लिए जुटाई गई बड़ी रकम का हिस्सा थी और राज्य पुलिस ने अपने दायरे में मामले की जांच की और आरोपपत्र दाखिल किया। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन और पार्टी के 17 राज्य या जिला पदाधिकारियों सहित 250 गवाहों से इस मामले में पूछताछ हो चुकी है। विपक्ष आरोप लगाता रहा कि भाजपा नेताओं को मामले में आरोपी बनाने के बजाए गवाह बनाया गया ताकि जांच को बाधित किया जा सके।

# रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर दर्जा मिलने बाद तेलंगाना में जश्न का माहौल

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुलुगु जिले में रामप्पा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध ऐतिहासिक रुद्रेश्वर मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर कर दर्जा प्रदान किए जाने से विभिन्न वर्गों- राजनीतिक नेताओं, धरोहर कार्यकर्ताओं और आम लोगों को अपार खुशी मिली है। उनको उम्मीद है कि स्मारक को अब अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिलेगी। राज्य की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़, विधायक डी अनसूया उर्फ सीताक्का, अन्य नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने मंदिर का दौरा किया और विश्व धरोहर का दर्जा मिलने पर हर्षोल्लास से सोमवार को पूजा की।

मंदिर परिसर का दौरा करने वाली राठौड़ ने कहा कि वह मंदिर के विकास की सभी संभावनाओं की ओर मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का ध्यान दिलाएंगी। उन्होंने कहा कि हैदराबाद से लगभग 200 किलोमीटर दूर इस मंदिर में यूनेस्को से मान्यता मिलने के बाद अद्भुत विकास होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 800 साल पुराने काकतीय युग के मंदिर परिसर को और विकसित करेगी व मंदिर में आने वालों को सभी सुविधाएं मुहैया कराएगी। मुलुगु के जिला कलेक्टर एस कृष्णा आदित्य ने बताया कि यूनेस्को का दर्जा जिले और तेलंगाना की पहचान है।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और मंदिर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

कलेक्टर ने कहा कि मंदिर में सोमवार सुबह (यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर दर्जा प्रदान करने के एक दिन बाद) पर्यटकों के आगमन में अचानक वृद्धि देखी गई है।उन्होंने कहा कि मुख्य मंदिर का जीर्णोद्धार कर दिया गया है, लेकिन इसके अलावा अन्य संरचनाएं हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। जाहिर है, एएसआई अब अपने बुनियादी ढांचे (बहाली, पुनर्गठन) में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेगा।

कलेक्टर ने कहा कि हाल में मंदिर परिसर में बुनियादी ढांचे में सुधार किया गया है और राज्य सरकार मंदिर पर और धन खर्च करने को तैयार है। काकतीय धरोहर न्यास (केएचटी) के संस्थापक-न्यासी व पूर्व आईएएस अधिकारी बीवी पापा राव ने इस मामले को आगे बढ़ाया था और वह पेरिस में 2019 में यूनेस्को के अधिकारियों के साथ एक बैठक में भी शामिल हुए थे। राव ने कहा कि यह उनके लिए एक दशक की लंबी यात्रा थी जो संयुक्त राष्ट्र निकाय द्वारा रविवार को रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने के साथ समाप्त हुई। उन्होंने याद किया कि (अविभाजित आंध्र प्रदेश) की तत्कालीन संस्कृति मंत्री जे गीता रेड्डी ने समन्वयक के रूप में केएचटी के साथ 2010 में एक समिति का गठन किया था। राव ने कहा (2014 में) तेलंगाना के गठन के साथ केएचटी के प्रयासों को गति मिली और ट्रस्ट ने 2016 में नामांकन अभियान शुरू किया।



कराड़ में बाढ़ प्रभावित कृष्णमई घाट के निकट सड़क पर भरा कीचड़ साफ करते हुए नगर निगम कर्मी।

# मसूर दाल पर मूल सीमा शुल्क समाप्त

## ● सरकार के फैसले से घरेलू उपभोक्ताओं को मिली राहत

**भाषा** । नई दिल्ली

**सरकार** ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ाने और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के मकसद से सोमवार को मसूर दाल के आयात पर मूल सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया और दाल पर कृषि बुनियादी ढांचा विकास उपकर को आधा कर 10 प्रतिशत कर दिया। मूल सीमा शुल्क और उपकर में कमी के साथ, मसूर दाल पर प्रभावी आयात शुल्क 30 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगा। घटा हुआ सीमा शुल्क और उपकर मंगलवार से लागू हो जाएगा।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस संबंध में अधिसूचना संसद के दोनों सदनों में पेश की। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए, सरकार ने मसूर दाल पर सीमा शुल्क 30 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। (मूल सीमा शुल्क 10 प्रतिशत से घटाकर शून्य किया गया है) और कृषि अवसंरचना विकास उपकर 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे मसूर दाल के खुदरा मूल्य में कमी आएगी।

अधिसूचनाओं के अनुसार अमेरिका के अलावा अन्य देशों में पैदा हुए या निर्यात की जाने वाली दाल (मसूर दाल) पर मूल सीमा शुल्क 10 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। साथ ही अमेरिका से आने वाली या निर्यात की जाने वाली मसूर की दाल पर मूल सीमा शुल्क 30 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

इसके अलावा मसूर पर कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) को वर्तमान दर 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मसूर दाल का खुदरा मूल्य इस साल एक अप्रैल के 70 रुपए प्रति किलोग्राम से 21 प्रतिशत बढ़कर अब 85 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है।

सोमवार को धारवाड़ में अधिकतम बिक्री मूल्य 129 रुपए प्रति किलोग्राम था जबकि वारंगल और राजकोट में न्यूनतम बिक्री मूल्य 71 रुपए किलो था। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में रबी फसल, मसूर का घरेलू उत्पादन, फसल वर्ष 2020-21 (जुलाई-जून) में पिछले वर्ष के 11 लाख टन से बढ़कर लगभग 13 लाख टन हो गया।

फसल वर्ष 2020-21 के दौरान भारत का कुल दलहन उत्पादन दो करोड़ 55.8 लाख टन रहा, जो पिछले पांच वर्षों के औसत उत्पादन दो करोड़ 19.3 लाख टन से 36.4 लाख टन अधिक है। हालांकि भारत दुनिया में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, लेकिन यह घरेलू बाजार में दलहन की कमी को पूरा करने के लिए उनका आयात करता है। जून में सरकार ने जमाखोरी को रोकने और कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए अक्टूबर के अंत तक थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, आयातकों और मिल मालिकों के पास मूंग को छोड़कर सभी दालों पर स्टॉक रखने की सीमा तय कर दी थी।

हालांकि हाल ही में सरकार ने दालों के आयातकों को स्टॉक रखने की सीमा से छूट दी थी। सरकार ने मिल मालिकों और थोक विक्रेताओं के लिए भी स्टॉक स्टॉक रखने की सीमा से ढील दी। अब स्टॉक रखने की सीमा केवल तुअर, उड़द, मूंग और मसूर दाल पर 31 अक्टूबर तक लागू है।

भारतीय अनाज एवं दलहन संघ (आईजीपीए) के उपाध्यक्ष, बिमल कोठारी ने कहा कि सरकार को आयात शुल्क कम नहीं करना चाहिए क्योंकि दाल की कीमतों में नरमी नहीं आने वाली है।

## बोइंग को विमानों के जरूरी कलपुर्जों की आपूर्ति करेगी आजाद इंजीनियरिंग

**हैदराबाद**। एरोस्पेस उद्योग में इस्तेमाल किए जाने वाला जरूरी रोटेटिंग कलपुर्जे बनाने वाली हैदराबाद की कंपनी आजाद इंजीनियरिंग ने विमान विनिर्माता बोइंग के साथ महत्वपूर्ण कलपुर्जों के निर्माण और आपूर्ति के लिए एक अनुबंध किया है।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कंपनी की प्रौद्योगिकी में सुधार, गुणवत्ता एवं औद्योगिक सुरक्षा के निरंतर चलन ने उसे दुनियाभर के ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार बनाया है।

आजाद इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक राकेश चोपदार ने कहा, “बोइंग के साथ काम करना हमारे लिए गर्व की बात है। यह अनुबंध गुणवत्ता, सटीकता, और सहयोग की संस्कृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। निश्चित रूप से आजाद इंजीनियरिंग और बोइंग के बीच सहयोग तेलंगाना में बढ़ते एरोस्पेस तंत्र में एक मील का पत्थर है।

# सेंसेक्स 124 अंक टूटा, निफ्टी 15,850 अंक से नीचे आया

**भाषा** । मुंबई

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में नुकसान तथा वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सोमवार को सेंसेक्स 124 अंक फिसल गया। चीन ने प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ नियामकीय अंकुश बढ़ाए हैं जिससे वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। इसके अलावा बाजार भागीदारों को इस सप्ताह होने वाली फेडरल रिजर्व की बैठक का भी इंतजार है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 123.53 अंक या 0.23 प्रतिशत के नुकसान से 52,852.27 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में दो कारोबारी सत्रों के बाद गिरावट आई है। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 31.60 अंक या 0.20 प्रतिशत टूटकर 15,824.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एसबीआई का शेयर सबसे अधिक 1.36 प्रतिशत नीचे आया। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, भारती एयरटेल, एचडीएफसी तथा इंडसइंड बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

वहीं दूसरी ओर बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, टाइटन, और टाटा स्टील के शेयर 2.46 प्रतिशत चढ़ गए। कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में एक प्रतिशत का लाभ रहा। बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ करीब 32 प्रतिशत बढ़कर।,641.92 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के इक्विटी शोध (बुनियादी) प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि एशियाई बाजारों के नकारात्मक रुख के बीच भारतीय बाजारों की शुरुआत नुकसान के साथ हुई। हालांकि, दोपहर के कारोबार में बाजार सकारात्मक और नकारात्मक दायरे में घूमता रहा। बाजार के निवेशक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख को लेकर चिंतित हैं। एफपीआई ने जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों से 5,689 करोड़ रुपए की निकासी की है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बाजार लाभ-हानि के बीच झूलता रहा। वैश्विक बाजारों में भी कमजोरी का रुख रहा।

# मध्य प्रदेश में मानसून की सक्रियता ने सोयाबीन में नई जान फूंकी

**भाषा** । इंदौर

**देश** के सबसे बड़े सोयाबीन उत्पादक मध्य प्रदेश में मानसून की लम्बी खेंच के बाद पिछले एक हफ्ते से जारी बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिल गए हैं और इसने तिलहन फसल में नई जान फूंक दी है। इंदौर जिले के सोयाबीन उत्पादक किसान अरुण पटेल ने सोमवार को कहा कि मैंने 70 एकड़ में पिछले महीने सोयाबीन बोई थी। बुआई के बाद लगभग एक महीने तक कम बारिश होने से फसल को थोड़ा नुकसान पहुंचा। लेकिन पिछले एक हफ्ते से जारी बारिश ने इस नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर दी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में सोयाबीन की बुआई अंतिम दौर में है और अगस्त के पहले हफ्ते तक इसकी बुआई पूरी हो जाएगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में सोयाबीन का सामान्य रकबा 112.88 लाख हेक्टेयर है और आमतौर पर मध्य प्रदेश में 55.86 लाख हेक्टेयर में इस तिलहन फसल की खेती होती है। बहरहाल, खेती-किसानी के जानकारों का कहना है कि सोयाबीन के मानक बीजों की कमी और इनकी महंगाई के साथ ही कई किसानों का रुझान अन्य खरीफ फसलों की ओर होने से इस बार मध्य प्रदेश में सोयाबीन के रकबे में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जा सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन खरीफ सत्रों के दौरान राज्य में सोयाबीन की फसल को भारी बारिश और कीटों के प्रकोप से काफी नुकसान हुआ था।

# दूसरी लहर का अर्थव्यवस्था पर लंबा असर रहेगा

**रिपोर्ट**

**भाषा** । नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी की दूसरी लहर का भारतीय अर्थव्यवस्था पर ज्यादा समय तक प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल सकता है और एक बार फिर निर्यात पुनरूद्धार का आधार बनेगा। मूडीज एनालिटिक्स ने सोमवार को यह कहा।

एपीएसी आर्थिक परिदृश्य: डेल्टा बाधा शीर्षक से जारी रिपोर्ट में मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि सामाजिक दूरी का चालू तिमाही पर असर हो रहा है लेकिन साल के अंत तक आर्थिक पुनरूद्धार फिर से शुरू हो जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 का डेल्टा किस्म अब एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कारकों में से एक है, लेकिन इस क्षेत्र में आवाजाही को लेकर प्रतिबंधों का जो असर है, वह पिछले साल की दूसरी तिमाही में आर्थिक नरमी जितनी गंभीर नहीं होगा। भारत में अर्थव्यवस्था में निर्यात की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम है। जिंसों के ऊंचे दाम से निर्यात का मूल्य बढ़ा है। यह एक यह एक ऐसा कारक है जिसने कोविड-19 की पहली विनाशकारी लहर के बाद भारत को फिर से पटरी पर लाने में मदद की।

रिपोर्ट में कहा गया है, दूसरी लहर जब अब समाप्त होने की ओर बढ़ रहा है, उसका अर्थव्यवस्था पर ज्यादा समय तक नुकसान देखने को मिल सकता है। इसका कारण महामारी से छोटे कारोबारियों का बुरी तरह प्रभावित होना है।

वहीं निर्यात पुनरूद्धार का एक बार फिर आधार होगा। वित्तीय जानकारी और विश्लेषण से जुड़ी मूडीज एनालिटिक्स ने टीकाकरण के संदर्भ में लिखा है कि भारत टीकाकररण अभियान को गति देने को लेकर जूझता दिख रहा है। उसने कहा कि वैश्विक आर्थिक पुनरूद्धार ठोस गति से जारी है, लेकिन एशिया के कुछ देशों में यह अल्प अवधि में प्रतिबिंबित होता नहीं दिखता। विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशिया में।

इसका कारण कोविड-19 का डेल्टा संस्करण का पूरे क्षेत्र में फैलना और उसकी रोकथाम के लिए सामाजिक दूरी से जुड़ी पाबंदियां हैं। मूडीज एनालिटिक्स के अनुसार इस साल वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 5 से 5.5 प्रतिशत रहेगी।

यह 3 प्रतिशत की संभावित वृद्धि दर से ज्यादा है। इसका कारण पिछले साल की महामारी से जुड़ी नरमी के बाद से पुनरूद्धार बरकरार है।

## आर्थिक वृद्धि के अनुमान का कुछ पुनर्मूल्यांकन हो सकता है: कुमार मंगलम बिड़ला

**नई दिल्ली**। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि कोविड-19 की घातक दूसरी लहर की वजह से मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर का कुछ पुनर्मूल्यांकन हो सकता है, लेकिन देश के लिए दीर्घकालिक संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। बिड़ला ने समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में साथ ही कहा कि अच्छी बात यह है कि पहली लहर की तुलना में महामारी की दूसरी लहर के दौरान उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान कम गंभीर थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा टीकाकरण के जोर पकड़ने के साथ आवागमन के स्तर और संबंधित आर्थिक गतिविधियां को तेजी से सामान्य करने में मदद मिलेगी। जहां सरकार मार्च के बाद से वित्त वर्ष में लगभग 11 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के अपने अनुमान पर अडिग है।

# ई-कॉमर्स नियमों में प्रस्तावित संशोधन उपभोक्ताओं को हतोत्साहित करेंगे: आईएएमएआई

**भाषा** । नई दिल्ली

**उद्योग** निकाय आईएएमएआई ने सोमवार को कहा कि उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम 2020 में प्रस्तावित संशोधन उद्योग की वृद्धि के लिए बाधक होंगे और कई तरह की अस्पष्टताओं के कारण उपभोक्ताओं के लिए इसका नकारात्मक असर हो सकता है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) ने संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को ई-कॉमर्स की परिभाषा के दायरे से बाहर रखने, फ्लैश बिक्री की अवधारणा को स्पष्ट करने और उपभोक्ताओं के अधिकारों तथा हितों की रक्षा के लिए नियमों को सुव्यवस्थित करने का सुझाव दिया, क्योंकि वर्तमान रूप में वे प्रतिस्पर्धा कानून, विधिक मेट्रोलॉजी कानून, मध्यस्थ कानून आदि के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। संघ ने एक बयान में कहा कि हालांकि वह उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए सरकार की पहल और नियामक हस्तक्षेप का समर्थन करता है, लेकिन नियमों में प्रस्तावित संशोधन ई-कॉमर्स व्यवसाय के लिहाज से कई चिंताओं और अस्पष्टताओं को जन्म देते हैं। सरकार द्वारा 21 जून को जारी ई-कॉमर्स नियमों के मसौदे में ई-कॉमर्स मंचों पर धोखाधड़ी वाली तेज बिक्री (फ्लैश सेल) और माल एवं सेवाओं की गलत बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। मुख्य अनुपालन अधिकारी-शिकायत निवारण अधिकारी की नियुक्ति उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 के तहत प्रस्तावित प्रमुख संशोधनों में से एक है।

# 25 साल से अधिक पुराने कोयला बिजलीघरों को बंद करने से होगी 37,750 करोड़ की बचत

**अध्ययन**

**भाषा** । नई दिल्ली

**प्राथमिकता** के आधार पर 25 साल से अधिक पुराने कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को बंद करने से कुल 37,750 करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) ने एक अध्ययन में यह कहा है। इसके अलावा सीईईडब्ल्यू के एक अन्य अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि भारत में बिजली वितरण कंपनियों या डिस्कॉम मौजूदा प्रणाली के बजाय दक्षता के आधार पर कोयला बिजली प्रेषण को प्राथमिकता देकर हर साल 9,000 करोड़ रुपए (1.23 अरब अमेरिकी डॉलर) तक बचा सकती हैं। मौजूदा व्यवस्था में परिवर्तनशील लागतों के आधार पर प्राथमिकता दी जाती है। सोमवार को जारी अध्ययन के अनुसार इस पहल से सार्वजनिक क्षेत्र की वितरण कंपनियों को काफी राहत मिलेगी, जिसे वित्त वर्ष 2018-19 में 61,360 (8.4 अरब डॉलर) का घाटा हुआ था। यह रिपोर्ट 1,94,000 मेगावॉट क्षमता (करीब 2,05,000 मेगावॉट की कुल स्थापित क्षमता में से) की भारतीय कोयला संपत्ति के कोविड-19 महामारी के पूर्व 30 महीनों के प्रदर्शन पर आधारित है।

अध्ययन में आगे पाया गया कि इस समय दक्षता-आधारित प्रेषण को प्राथमिकता देने से कोयला बेड़े की कुशलता में 1.9 प्रतिशत सुधार हो सकता है। इसके परिणामस्वरूप 4.2 करोड़ टन वार्षिक कोयला बचत और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है। सीईईडब्ल्यू ने अपने अध्ययन में देश के 30,000 मेगावॉट क्षमता के कोयला आधारित बिजलीघरों को तेजी से बंद करने की भी सिफारिश की है। प्रस्तावित संयंत्र राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी), 2018 में परिचालन से हटाए जाने के लिए पहचाने गए बिजलीघरों के साथ मेल खाते हैं। इसके अलावा, 20,000 मेगावॉट क्षमता के संयंत्रों को अस्थाई रूप से सेवा से हटाने की सिफारिश की गई है, जो एनईपी सूची में शामिल नहीं हैं। अध्ययन के अनुसार कि नियोजित नवीकरणीय और कोयला क्षमता को ध्यान में रखते हुए, इन नए संयंत्रों को हटाने से आपूर्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

इसमें कहा गया है कि वास्तव में, इन अकुशल संयंत्रों में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों को लगाने से बचने से 10,000 करोड़ रुपए (1.37 अरब डालर) की एकमुश्त बचत होगी। इसके अलावा, अध्ययन में एक एकीकृत बिजली बाजार की वकालत की गई है जो पूरे देश को एक ही प्रेषण क्षेत्र के रूप में माने।

## असम में चाय विनिर्माता छोटे चाय उत्पादकों को न्यूनतम तय मूल्य देने को तैयार

**गुवाहाटी**। असम क्रीत पत्ती चाय विनिर्माता संघ ने कहा है कि वह छोटे चाय उत्पादकों को हरी चाय की पत्तियों के लिए न्यूनतम तय मूल्य देने को तैयार है लेकिन साथ ही वह चाय बोर्ड द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार अच्छी गुणवत्ता वाली चाय पत्ती ही खरीदेगा। संघ ने कहा कि इस फैसले का मकसद उत्पादकों को उचित कीमत देने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

असम क्रीत पत्ती चाय विनिर्माता संघ के अध्यक्ष चंद कुमार गोहेन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि रविवार को डिब्रूगढ़ में एक बैठक में आम सहमति से यह निर्णय किया गया और निर्णय 27 जुलाई से प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य कारखानों से अनुरोध किया गया है कि वे अच्छी गुणवत्ता वाली पत्तियों को ही स्वीकार करने के चाय बोर्ड के मानदंडों का पालन करें, जो वजन के हिसाब से 65 प्रतिशत या उससे

# वेदांता का शुद्ध लाभ चार गुना बढ़ा

**भाषा** । नई दिल्ली

**वेदांता** लि. का जून में समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 4,280 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आय बढ़ने की वजह से कंपनी का मुनाफा भी बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने।,033 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया थाा।

बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 29,151 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 16,998 करोड़ रुपए रही थी। तिमाही के दौरान कंपनी का खर्च 14,965 करोड़ रुपए से बढ़कर 21,847 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वेदांता के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुनील दुग्गल ने कहा, हम एक और अच्छे प्रदर्शन वाली तिमाही की घोषणा से खुश हैं। हमारे सभी कारोबार क्षेत्रों का प्रदर्शन अच्छा रहा। दुग्गल ने कहा कि अनिश्चित बाजार परिस्थतियों के बावजूद हमने सबसे ऊंचा तिमाही 10,032 करोड़ रुपए का ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर मूल्यह्रास और परिशोधन पूर्व आय) दर्ज किया। सालाना आधार पर इसमें 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## कोटक महिंद्रा बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली**। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में करीब 32 प्रतिशत बढ़कर 1,641.92 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 1,244.45 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 8,062.81 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले 2020-21 की समान अवधि में 7,685.40 करोड़ रुपए थी। संपत्ति के मोर्चे पर बात की जाए, तो कुल ऋण पर बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) तिमाही के दौरान बढ़कर 3.56 प्रतिशत पर पहुंच गईं, जो जून, 2020 में 2.70 प्रतिशत पर थीं। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए 0.87 प्रतिशत से बढ़कर 1.28 प्रतिशत हो गया। डूबे कर्ज और अन्य आकस्मिक खर्च के लिए बैंक का प्रावधान मामूली घटकर 934.77 रुपए रह गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 962.01 करोड़ रुपए था।

## मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी क्षणिक आरबीआई के यथास्थिति बनाए रखने की उम्मीद: रिपोर्ट

**मुंबई**। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा है कि बीते दो महीनों से खुदरा मुद्रास्फीति का बढ़कर छह प्रतिशत से अधिक होना एक क्षणिक उभार है और उम्मीद जताई कि आरबीआई इसे नजरअंदाज करेगा तथा आगामी नीति समीक्षा में आम सहमित से यथास्थिति को कायम रखेगा। वाल स्ट्रीट स्थित ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि हालांकि आरबीआई अपने मुद्रास्फीति के लक्ष्य में संशोधन कर सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति छह अप्रैल को मौद्रिक नीति की समीक्षा की घोषणा करेगी। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया हाउस के अर्थशास्त्रियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक एमपीसी छह अगस्त की नीति समीक्षा में मुद्रास्फीति में क्षणिक उभार को देखते हुए यथास्थिति को कायम रखेगा। इसके आगे सामान्ईकरण का रास्ता वृद्धिदर मुद्रास्फीति और महामारी के रुझानों रुख पर निर्भर करेगा।

# पेज 1 का शेष

## एदियुरप्पा ने कर्नाटक...

मैंभविष्य में पार्टी को आगे बढ़ाने की गतिविधियों में शामिल रहूंगा।’ अपने कार्यकाल को “अग्नि परीक्षा” बताते हुए, उन्होंने कहा, “जब मैंने कार्यभार संभाला (दो साल पहले मुख्यमंत्री के रूप में), मुझे केंद्र द्वारा (भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा) कैबिनेट का गठन करने की अनुमति नहीं दी गई थी, सूखा था और फिर बाढ़ आ गई थी और मुझे हर जगह अकेले यात्रा करनी पड़ी.. बाद में कैबिनेट का गठन हुआ, और फिर पिछले डेढ़ साल से कोविड संकट है।” उन्होंने कहा, “इस अग्नि परीक्षा के बावजूद, सभी के सहयोग से, मैंने राज्य के कल्याण के लिए कुशलता से काम किया है और मैंने अपनी सीमा से परे जाकर प्रयास किए हैं।” उन्होंने कहा, “ईश्वर से मेरी बस यही प्रार्थना है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह जीतें और देश की सेवा करने और भारत को मजबूत बनाने के लिए सत्ता में वापस आएं, यह लोगों की भी राय है।

## ग्राम पंचायतों में मानदेय...

आवेदन पत्र लिए जाने की सूचना ग्राम पंचायत सूचना पट्ट अथवा मुनादी द्वारा जनता को दी जाएगी। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 2 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय विकास खंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खंड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को 18 से 23 अगस्त के बीच ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची तैयार कर 24 अगस्त से 31 अगस्त के बीच जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा 1 सितंबर से 7 सितंबर के बीच परीक्षण एवं संस्तुति दी जाएगी। वही ग्राम पंचायत द्वारा 8 सितंबर से 10 सितंबर के बीच नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे। पंचायती राज मंत्री ने बताया कि नियुक्ति में कोरोना पीड़ित मृतक आश्रितों को तरजीह दिए जाने का निर्णय लिया गया है बशर्ते वह ग्राम पंचायत के आरक्षण श्रेणी को पूरा करने के साथ ही इंटरमीडिएट पास हो। उन्होंने बताया कि नियुक्ति में ग्राम पंचायत के प्रधान, उप प्रधान, सदस्य अथवा सचिव के संबंधी शामिल नहीं होंगे। पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर ग्राम सचिवालय व पंचायत कार्यालय को नियमित रूप से खोलने और संचालित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। साथ ही ग्राम पंचायत के वार्षिक कार्य योजना की ऑनलाइन एंट्री विभिन्न विभागों द्वारा संचालित व्यक्तिगत लाभार्थियों की योजनाओं के बारे में सूचना ऑनलाइन अपने कंप्यूटर पर मेंटेन करनी होगी। उन्होंने बताया कि नियुक्ति की प्रक्रिया में आरक्षण का पालन ग्राम पंचायत के हिसाब से किया जाएगा। नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष होगी। जबकि अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी गई है। एक से अधिक आवेदन आने पर ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के प्राप्त अंको के आधार पर पंचायत सहायक के चयन हेतु पात्रता सूची तैयार करेगी। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि प्रदेश में 33577 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन पूर्व से निर्मित है। इन पंचायत भवनों में आवश्यकतानुसार मरम्मत व विस्तार की कार्यवाही अगले 3 माह में पूरी कर ली जाएगी। वही 24617 पंचायत भवन बनाए जाने हैं। जिनमें 2088 आरजीएसए के अंतर्गत तथा 22529 वित्त आयोग एवं मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं। इन सभी का निर्माण अगले 3 माह के अंदर कर लिया जाएगा। ग्राम सचिवालय के साथ साज सज्जा एवं कंप्यूटर आदि के लिए 1.75 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है। कार्यालय में इंटरनेट की व्यवस्था ग्राम पंचायत समिति द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि इस बावत सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज सिंह, निदेशक पंचायती राज किंजल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तहसील व थाना दिवस...

इसके अलावा आईजीआरएस पर आने वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागवार शिकायतों की स्थिति बारे में सीएम कार्यालय को अवगत कराया जाए। सरकार की तहसील व थाना दिवस को प्रभावी बनाने की पहल जनता को बड़ी राहत देगी। उनकी समस्याएं तहसील व थाना स्तर पर ही दूर हो जाएंगी। इससे उनको फौरन न्याय मिल सकेगा। जनता को अपनी परेशानियों के लिए विभागों के चक्कर काटना नहीं पड़ेंगे। मौके पर ही उनकी समस्याओं को निस्तारण हो सकेगा। यहां पर आने वाली शिकायतों की निगरानी सीएम कार्यालय करेगा। सीएम ने कहा कि जनता की संतुष्टि ही अधिकारियों की कुशलता का मानक है। इसलिए जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं ताकि वह संतुष्ट होकर घर जाए।

## मिजोरम के उपद्रवियों की...

आईपीएस अधिकारी जब फोन पर बात कर रहे थे तब वह जंगल के अंदर छिपे हुए थे और पीछे से गोलीबारी की आवाज सुनाई दे रही थी। शाम के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम और मिजोरम के मुख्यमंत्रियों से दोनों राज्यों के बीच चल रहे सीमा विवाद पर बात की और उनसे विवाद का शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा के साथ टेलीफोन पर अलग-अलग बातचीत के दौरान शाह ने उनसे अंतरराज्यीय सीमा पर शांति बनाए रखने को कहा। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों से कहा कि सीमा विवाद को आपसी सहमति से हल करें।

## पेगासस जासूसी विवाद...

जांच आयोग अधिनियम के तहत केंद्र और राज्य दोनों जांच शुरू कर सकते हैं। अधिनियम के अनुसार हालांकि, अगर केंद्र सरकार ने इस तरह की जांच का आदेश दिया है,“कोई भी राज्य सरकार, केंद्र सरकार की मंजूरी के साथ छोड़ कर, एक ही मामले की जांच के लिए एक और आयोग का गठन नहीं करेगी, जब तक कि केंद्र सरकार द्वारा गठित आयोग काम कर रहा हो। इसमें यह भी कहा गया है कि यदि किसी राज्य सरकार ने जांच का आदेश दिया है,“केंद्र सरकार उसी मामले की जांच के लिए दूसरे आयोग को तब तक नियुक्त नहीं करेगी जब तक कि राज्य सरकार द्वारा नियुक्त आयोग काम कर रहा हो, जब तक कि केंद्र सरकार की यह राय न हो कि जांच का दायरा दो या दो से अधिक राज्यों तक बढ़ाया जाना चाहिए।

## विपक्ष के हंगामे...

अभी उन्होंने बोलना आरंभ ही किया था कि राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य मनोज झा ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि सभापति ने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में मंत्रियों को विपक्षी सदस्यों से संपर्क साधने को कहा था ताकि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा, “लेकिन माफी के साथ कहना चाहूंगा कि ऐसा नहीं किया गया। इसके बाद पीठासीन अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने सभी को बोलने की अनुमति दे दी है अब सदन को विधेयक पर चर्चा करनी चाहिए। इसके बाद जैसे ही लोखंडवाला ने बोलना आरंभ किया, विपक्षी सदस्यों ने एक बार फिर हंगामा शुरू कर दिया। लिहाजा उन्होंने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई, हालांकि इससे पहले सरकार ने सदन में शोर-शराबे के बीच दो विधेयक भी पारित कराये। मॉनसून सत्र के पहले सप्ताह में भी इन मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही बाधित रही।

## ब्रिटेन के हाईकोर्ट...

कारोबारी 65 साल के माल्या भारत में धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग के मामलों में वांछित हैं। ऐसा समझा जाता है कि प्रत्यर्पण प्रक्रिया से जुड़े एक अलग मामले में देश में शरण देने के मुद्दे पर गोपनीय कानूनी कार्वाई का समाधान होने तक वह जमानत पर रह सकते हैं। सुनवाई के दौरान ब्रिग्स ने माल्या के वकील फिलीप मार्शल से पूछा कि क्या ऐसा कोई संकेत है कि उनका मुवक्किल आपराधिक कार्वाई का सामना करने और उससे निपटने को लेकर भारत लौटने को इच्छुक है। इस पर अदालत में कहा गया कि ऐसा कोई संकेत नहीं है। विधि कंपनी टीएलटी एलएलपी और अधिवक्ता मार्सिया शेकरडेमियन ने भारतीय बैंकों का प्रतिनिधित्व किया और भारतीय बैंकों के पक्ष में दिवालियापन के आदेश को लेकर अपने तर्क रखे। माल्या के ऊपर भारतीय बैंकों के समूह का एक अरब पौंड से ज्यादा बकाया है। एक बार जब ब्रिटेन में दिवालियापन का आदेश दिया जाता है, तो दिवालिया इकाई की सभी संपत्तियां दिवालियापन से संबद्ध एक न्यास के अंतर्गत स्वत: तरीके से आ जाता है। उसकी भूमिका उन मामलों की जांच करने और प्रासंगिक संपत्तियों को बेचने की दृष्टि से उनकी वास्तविक संपत्ति और देनदारियों को स्थापित करने की होती है। इसका मकसद संबंधित संपत्ति बेचकर कर्जदाताओं को वापस भुगतान करना होता है। ब्रिटेन के कानून के तहत, एक दिवालिया व्यक्ति को दिवालियापन में ट्रस्टी के साथ सहयोग करना जरूरी होता है।

# अनुभवी शरत ने जगाई उम्मीदें

## तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेनिस, मुक्केबाजी व तैराकी में मिली हार

### ● भारतीय खिलाड़ियों ने तीसरे दिन अपने प्रदर्शन से किया निराश

**भाषा** । टोक्यो



**टोक्यो** ओलंपिक में पहले दिन के पदक को छोड़कर भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सोमवार को निशानेबाजी, तीरंदाजी , बैडमिंटन, मुक्केबाजी में पराजय ही मिली जबकि टेबल टेनिस में पिछले मैच में उम्मीदें जगाने वाली मनिका बत्रा भी हारकर बाहर हो गई। अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया और भारत की उम्मीदें अब उन्हीं पर टिकी है चूंकि महिला एकल में मनिका और सुतिर्था मुखर्जी सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई। शरत कमल ने 49 मिनट तक चले मैच में पुर्तगाल के 20वीं वरीयता प्राप्त टियागो अपोलोनिया पर 4-2 (2-11, 11-8, 11-5, 9-11, 11-6, 11-9) से जीत दर्ज की। मनिका ने इससे पहले अपने से अधिक रैंकिंग की खिलाड़ियों को हराया था लेकिन तीसरे दौर में आस्ट्रिया की विश्व में 16वें नंबर की सोफिया पोलकानोवा के नियंत्रित और दमदार खेल का उनके पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने केवल 22 मिनट में 0-4 (8-11, 2-11, 5-11, 7-11) से यह मैच गंवाया। महिला एकल के दूसरे दौर में सुतिर्था पुर्तगाल की फू यू से एकतरफा मुकाबले में 0-4 (3-11, 3-11, 5-11, 5-11) से हार गई। यह मैच केवल 20 मिनट तक चला। निशानेबाजी में भारतीयों की झोली फिर खाली रही जब अंगद वीर सिंह बाजवा पुरुष स्कीट स्पर्धा में 18वें जबकि मैराज अहमद खान 25वें स्थान पर रहे। अंगद ने पांच सीरिज में संभावित 125 में से 120 अंक बनाए जबकि मैराज केवल 117 अंक ही बना पाए। स्कीट में चोटी के छह निशानेबाज फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करते हैं। भारत की पदक उम्मीदें अब मिश्रित टीम स्पर्धा पर टिकी होंगी जिसमें 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में सौरभ चौधरी और मनु भाकर उतरेंगे जिन्होंने हाल ही के कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है। अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल भी इसमें भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वालारिवन दस मीटर मिश्रित राइफल टीम स्पर्धा में उतरेंगे। इस वर्ग में दीपक कुमार और अंजुम मुद्गिल भी भारतीय चुनौती पेश करेंगे। तलवारबाजी में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला भवानी देवी ने आत्मविश्वास भरी शुरुआत करके आसानी से पहला मैच जीता लेकिन दूसरे मैच में चौथी वरीयता प्राप्त मैनन ब्रूनेट से हारकर वह बाहर हो गई। भवानी देवी को महिलाओं की व्यक्तिगत साबरे के दूसरे मैच में रियो ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ब्रूनेट से 7-15 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले ट्यूनीशिया की नादिया बेन अजीजी को 15-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। तैराकी में साजन प्रकाश पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पिछले महीने इटली में एक मिनट 56.38 सेकेंड के समय के साथ निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक का ए क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने वाले साजन एक मिनट 57.22 सेकेंड के समय के साथ 38 तैराकों के बीच 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। साजन गुरुवार को 100 मीटर बटरफ्लाई में चुनौती पेश करेंगे। मुक्केबाजी में ओलंपिक में पदार्पण करने वाले आशीष चौधरी (75 किग्रा) को चीन के एरबीके तुओहेता के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में लचर शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा और 0-5 से हार के साथ ही उनका सफर खत्म हो गया। तीरंदाजी में अतनु दास, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम से हारकर बाहर हो गई। भारतीय तिकड़ी ने कजाखस्तान को 6-2 से हराकर दिन की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन क्वार्टर फाइनल में उनका सामना नंबर एक कोरिया से था जिससे उसे 0-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले मिश्रित युगल में दीपिका कुमारी और जाधव की जोड़ी भी कोरियाई टीम से हारकर क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। टेनिस में सुमित नागल पुरुष एकल के दूसरे दौर में रूस ओलंपिक समिति (आरओसी) के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में शिकस्त के साथ टोक्यो ओलंपिक से बाहर हो गए जिससे टेनिस में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। बैडमिंटन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को पुरुष युगल के ग्रुप ए में सोमवार को यहां मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दुनिया की 10वें नंबर की सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने 32 मिनट में 21-13, 21-12 से शिकस्त दी। सात्विक और चिराग ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की जोड़ी से भिड़ेंगे।



सुमित नागल



भवानी देवी

# महिला हाकी टीम की लगातार दूसरी हार

### ● दुनिया में तीसरे नंबर की जर्मनी ने 2-0 गोल से हराया

**भाषा** । टोक्यो

**आसान** मौके नहीं भुनाने का खामियाजा भारतीय महिला हाकी टीम को टोक्यो ओलंपिक में लगातार दूसरी हार के साथ भुगतना पड़ा जब सोमवार को रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जर्मनी ने उसे 2-0 से पछाड़ा। पहले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड से 1- 5 से हारने के बाद भारतीयों ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पूल ए के मैच में रियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता जर्मनी को हराने के लिए यह काफी नहीं था। भारतीयों ने कई आसान मौके गंवाए जिनमें तीसरे क्वार्टर में गुरजीत कौर ने एक पेनल्टी स्ट्रोक भी गंवाया।

जर्मनी के लिए कप्तान निकी लौरेंज ने 12वें और अन्ना श्रोडेर ने 35 वें मिनट में गोल दागा। जर्मनी की लगातार दूसरी जीत है जिसने पहले मैच में ब्रिटेन को 2-1 से हराया था। भारत को अब बुधवार को ब्रिटेन से खेलना है। जर्मनी ने मैच में आक्रामक शुरूआत की और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। भारतीय टीम धीरे धीरे मैच में लौटी। जर्मनी को नौवें मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन फ्रांसिस्का हाउके के शॉट को भारतीय गोलकीपर सविता ने बचा लिया। तीन मिनट बाद ही हालांकि कप्तान लौरेंज ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर जर्मनी को बढत दिला दी। जर्मनी को 21वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे भारतीय डिफेंडरों ने बचा लिया। इस बीच भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए लेकिन उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। वंदना कटारिया ने कई अच्छे मूव बनाए लेकिन फॉरवर्ड पंक्ति उन्हें अंजाम तक नहीं ले जा सकी। तीसरे क्वार्टर के दूसरे मिनट में वंदना ने भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। कप्तान रानी का शॉट जर्मन डिफेंडर के शरीर से टकराया। रेफरल पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन गुरजीत गोल नहीं कर सकी। तीन मिनट बाद जर्मनी के लिए श्रोडर ने दूसरा गोल दाग दिया। भारतीयों ने आक्रमण जारी रखा लेकिन जर्मनी के रक्षा कवच को भेद नहीं सके।



## भारत की नजरें पुरुष हाकी में स्पेन के खिलाफ वापसी पर

**टोक्यो**। ऑस्ट्रेलिया से बुरी तरह शिकस्त का सामना करने वाली भारतीय पुरुष हाकी टीम मंगलवार को यहां ओलंपिक के अपने तीसरे पूल ए मैच में अपने से कम रैंकिंग वाली टीम स्पेन के खिलाफ लय और टूटे हुए मनोबल को फिर से हासिल करने की कोशिश करेगी। अपने अभियान के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड पर 3-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम को दूसरे मैच में दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया से 1-7 के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इस बड़ी पराजय ने भारतीय टीम की हर कमजोरी को उजागर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पहले क्वार्टर के बाद भारतीय रक्षापंक्ति में मनमाने तरीके से सेंध लगाते हुए गोलों की बौछार कर दी और टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अप्रैल 2019 में ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड के कोच बनने के बाद से यह भारत की सबसे बड़ी हार भी थी। भारत की कमजोर रक्षापंक्ति पर ऑस्ट्रेलिया ने मैच की शुरुआत से ही दबाव डालकर पहले हाफ में चार और दूसरे हाफ में तीन गोल किए। न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से बेरंग नजर आई। इन खेलों से पहले कई मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद भारतीयों को वापसी करने के बारे में अच्छी तरह से पता है। मुख्य कोच ग्राहम रीड विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज स्पेन के खिलाफ दमदार वापसी की उम्मीद करेंगे।

# स्वदेश वापसी पर चानू का गर्मजोशी से स्वागत

**भाषा** । नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू सोमवार को स्वदेश लौटी तो हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान हालांकि हवाई अड्डे पर अफरा-तफरी भी मच गई और कोविड-19 से बचाव के लिए लागू किए सामाजिक दूरी के नियमों की पूरी तरह अनदेखी की गई। चानू सुरक्षाकर्मियों के बीच इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बाहर निकली, जहां उनके चेहरे पर मास्क और फेस शील्ड लगा था। उन्होंने यहां पहुंचने के बाद ट्वीट किया कि इतने प्यार और समर्थन के बीच यहां वापस आकर खुशी हो रही है। बहुत - बहुत धन्यवाद। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी का भारत माता की जय के नारों से स्वागत किया गया और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने उनका अभिनंदन किया। हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही वहां इंतजार कर रहे रहे मीडियाकर्मियों ने उन्हें घेर लिया, जिस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। सुरक्षाकर्मियों ने हालांकि उनके आस-पास घेरा बनाकर रास्ता बनाया। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने 49 किग्रा वर्ग में कुल 202 किग्रा (87 किग्रा, 115 किग्रा) भार उठाकर शनिवार को रजत पदक हासिल किया था। इससे पहले भारोत्तोलन में 2000 सिडनी ओलंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी के कांस्य पदक जीता था। इस शानदार प्रदर्शन से उन्होंने 2016 के खेलों की निराशा को दूर किया जहां वह एक भी वैध भार उठाने में विफल रही थी। चानू पूर्व विश्व चैंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भी रह चुकी हैं।





खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ मीराबाई चानू। साथ में कानून मंत्री कीरेन रिजीजू

### चानू को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त करने की घोषणा

**इंफाल**। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू को राज्य पुलिस विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उन्हें एक करोड़ रुपए का इनाम भी देगी। सिंह ने कहा कि 49 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने वाली इस ओलंपियन के पास अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (खेल) का पद होगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर सरकार ने जल्द ही राज्य में विश्व स्तरीय भारोत्तोलन अकादमी स्थापित करने का फैसला किया है।

सिंह ने कहा कि जुडोका एल सुशीला देवी को भी कांस्टेबल के पद से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।



जापान की 13 साल 330 दिन की मोमिजी निशया स्केटबोर्डिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली सबसे युवा एथलीट बनीं

### 13 साल की बच्चियों ने स्केटबोर्डिंग में जीते स्वर्ण और रजत

**टोक्यो**। स्केटबोर्डिंग में हैरतंगेज करतब दिखाकर 13 साल की दो बच्चियों ने तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीत लिए, जबकि कांस्य पदक जीतने वाली भी 16 वर्ष की प्रतियोगी थी। आम तौर पर जिस उम्र में बच्चे खिलौनो या वीडियो गेम से खेलते हैं, इन लड़कियों ने कड़ी मेहनत और लगन से तमाम चुनौतियों का सामना करके पुरुषों के इस खेल पर दबदबे को तोड़ा। जापान की मोमिजी निशिया ने पहला ओलंपिक खेलते हुए पीला तमगा अपने नाम किया। अब तक पुरूषों के दबदबे वाले इस खेल में लड़कियों के इस यादगार प्रदर्शन ने खेल का भविष्य उज्जवल कर दिया है। रजत पदक ब्राजील की रेसा लील को मिला जो 13 वर्ष की ही है। वहीं कांस्य पदक जापान की फुना नाकायामा को मिला। 20 प्रतियोगियों के महिला वर्ग में ब्राजील की लेतिसिया बुफोनी भी थी जिनके पिता ने उन्हें खेल से रोकने के लिए उनका स्केटबोर्ड दो हिस्सों में तोड़ दिया था। कनाडा की एनी गुगलिया जब स्केटिंग सीख रही थी तो पहले दो साल कोई और लड़की उनके साथ नहीं थी।

# भारत सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा

### ● श्रीलंका के साथ दूसरा टी-20 मैच आज

**भाषा** । कोलंबो

**भारतीय** टीम श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां दूसरे मैच में जीत के साथ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी तो उसे उम्मीद होगी कि संजू सैमसन अपनी प्रतिभा पर खरे उतरकर अपने प्रदर्शन में निरंतरता ला पाएंगे।

श्रीलंका को पहले मुकाबले में 38 रन से हराने के बाद भारत के विजयी संयोजन में बदलाव करने की संभावना नहीं है। टीम प्रबंधन हालांकि अगर ब्रिटेन में टेस्ट दौरे के लिए चुने गए पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव को आराम देने का फैसला करता है तो टीम में बदलाव हो सकते हैं।

हालांकि उम्मीद है कि यह दोनों कम से कम कल के मुकाबले में खेलेंगे और भारत के श्रृंखला जीतने की स्थिति में उन्हें अंतिम मैच से आराम दिया जा सकता है। योजना में बदलाव होने की स्थिति में खराब फॉर्म से जूझ रहे मनीष पांडे पर देवदत्त पडिक्कल और रुतुराज गायकवाड़ को तरजीह दी जा सकती है। सैमसन को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के पर्याप्त मौके मिले लेकिन इसके बावजूद वह आठ मैचों में 13.75 की औसत से ही रन बना पाए। सामने आ रहे प्रतिभावान खिलाड़ियों को देखते हुए सैमसन की राह इस प्रदर्शन के साथ आसान नहीं होने वाली। प्रदर्शन के आधार पर ऋषभ पंत ने सैमसन को काफी पीछे छोड़ दिया है जबकि इशान किशन ने भी सीमित मौके मिलने पर प्रभावी प्रदर्शन किया है।

श्रीलंका के लिए एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की तुलना में टी-20 श्रृंखला कड़ी चुनौती होगी क्योंकि उसके पास लगातार बड़े शॉट खेलकर मैच का रुख बदल पाने वाले खिलाड़ी नहीं हैं। चरिथ असालंका ने पहले मैच में 44 रन की पारी खेलकर भारत पर दबाव डालने का प्रयास किया था लेकिन अहम मौकों की दासुन शनाका की टीम की अनुभवहीनता झलकी।

टीम ने सोमवार को अंतिम छह विकेट सिर्फ 15 रन जोड़कर गंवाए। वानिंदु हसारंगा ने अपनी लेग स्पिन से प्रभावित किया है और सूर्यकुमार को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाजों को कुछ परेशान करने में सफल रहे हैं।

### इंग्लैंड जाएंगे सूर्यकुमार यादव, पृथ्वी और ईश्वरन

**लंदन**। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव और मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इंग्लैंड के खिलाफ चार अगस्त से शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के लिए चोटिल शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। स्टैंड बाई खिलाड़ियों में शामिल बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि स्टैंड बाई तेज गेंदबाज आवेश खान बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण स्वदेश लौटेंगे। गिल के पैर में घुटने के नीचे के अगले हिस्से में चोट है जबकि सुंदर के दाएं हाथ की अंगुली में चोट है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने विकल्प के तौर पर पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव को चुना है। भारतीय टीम : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी , ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शारदुल ठाकुर, उमेश यादव, लोकेश राहुल, रिद्धिमान साह, अभिमन्यु ईश्वरन, पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव। स्टैंड बाई खिलाड़ी: प्रसिद्ध कृष्णा, अर्जन नागवासवाला।

## पदक तालिका



| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जापान | 8 | 2 | 3 | 13 |
| 2 | अमेरिका | 7 | 3 | 4 | 14 |
| 3 | चीन | 6 | 5 | 7 | 18 |
| 4 | रूस | 4 | 5 | 3 | 12 |
| 5 | ब्रिटेन | 3 | 3 | 1 | 7 |
| 6 | द. कोरिया | 3 | 0 | 4 | 7 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | कोसोवो | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 9 | इटली | 1 | 4 | 4 | 9 |
| 10 | फ्रांस | 1 | 2 | 2 | 5 |
| 33 | भारत | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 33 | बेल्जियम | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 33 | कोलंबिया | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 33 | डेनमार्क | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 33 | बुल्गारिया | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 33 | रोमानिया | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 33 | जोर्डन | 0 | 1 | 0 | 1 |


### नीदरलैंड का टेनिस खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव

**भाषा** । टोक्यो

**नीदरलैंड** के टेनिस खिलाड़ी जीन जुलियन रोजर कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। आयोजकों ने सोमवार को खेलों से जुड़े 16 नए मामलों की घोषणा की। रोजर का परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद उन्हें और उनके युगल जोड़ीदार वेस्ली कूल्हॉफ को सोमवार को न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और माइकल वीनस के खिलाफ होने वाले दूसरे दौर के मैच से हटना पड़ा।

नीदरलैंड की टीम में इस तरह से पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। इससे पहले टोक्यो आयोजकों ने बताया कि ओलंपिक खेलों में सोमवार को कोविड-19 के 16 नए मामले दर्ज किए गए जिसमें तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस तरह से खेलों से जुड़े कुल मामलों की संख्या 148 हो गई है।

## भारतः आज के कार्यक्रम



निशानेबाजी: 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वलीफिकेशन चरण एक, भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 30 मिनट से (सौरभ चौधरी और मनु भाकर , यशस्विनी देसवाल और अभिषेक वर्मा)। 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वलीफिकेशन चरण एक, भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 45 मिनट से (इलावेनिल वालारिवन और दिव्यांश सिंह पंवार , अंजुम मुद्गिल और दीपक कुमार)। टेबल टेनिस: अचंता शरत कमल बनाम मा लोंग (चीन), पुरुष एकल तीसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 30 मिनट से। मुक्केबाजी: लवलीना बोरगोहेन बनाम एपेट्ज नेदिन, महिला वेल्टरवेट राउंड आफ 16, भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 57 मिनट से।

बैडमिंटन: सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम बेन लेन और सीन वेंडी (ब्रिटेन), पुरुष युगल ग्रुप ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 30 मिनट स।

हाकी: भारत बनाम स्पेन, पुरुष पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।

सेलिंग: नेत्रा कुमानन, महिला लेजर रेडियल, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट से। विष्णु सरवनन, पुरुष लेजर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 45 मिनट से। केसी गणपति और वरूण ठक्कर, पुरुष स्किफ 49ईआर, सुबह 11 बजकर 20 मिनट से

### भारतीय ग्रैंडमास्टर सरीन रेपिड में दूसरे स्थान पर

**भाषा** । बील ( स्विट्जरलैंड )

**भारत** के युवा ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन यहां बील अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के रेपिड वर्ग में चार जीत और दो ड्रा के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 17 साल के सरीन (ईएलओ रेटिंग 2620) ने ग्रैंडमास्टर गाटा कामस्की (ईएलओ 2658) को बराबरी पर रोककर अमेरिकी खिलाड़ी के पांच मैच के विजय अभियान को थामा। सरीन ने रविवार देर रात संपन्न सात दौर की रेपिड स्पर्धा में संभावित 14 में से 10 अंक जुटाए।

भारतीय ग्रैंडमास्टर ने रूस के किरिल एलेक्सेंको, इस्राइल के अनुभवी ग्रैंडमास्टर बोरिस गेलफेंड, विन्सेंट केमर और मैक्सिम लगार्डे को हराया। उन्होंने एलेन पिचोट और कामस्की को बराबरी पर रोका जबकि स्विट्जरलैंड के ग्रैंडमास्टर नोएल स्टुडर के खिलाफ उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### पीओके का विधानसभा चुनाव संपन्न

# पीटीआई ने जमाया 25 सीटों पर कब्जा, विपक्ष का धांधली का आरोप

भाषा। इस्लामाबाद

**प्रधानमंत्री** इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पहली बार सरकार बनाएगी। पीटीआई ने पीओके विधानसभा की 45 सीटों के लिए हुए चुनाव में 25 सीटें जीती हैं। हालांकि चुनाव में हिंसा हुई है और विपक्ष ने धांधली के आरोप लगाए हैं।

सरकारी रेडियो पाकिस्तान ने चुनाव आयोग द्वारा घोषित अनौपचारिक नतीजों के हवाले से खबर दी है, पीटीआई ने 25 सीटें जीती हैं, जबकि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 11 सीटें जीत कर दूसरे स्थान पर है और फिलहाल सत्ता पर काबिज पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को सिर्फ छह सीटें मिली हैं।

पीटीआई को सरकार बनाने के लिए साधारण बहुमत मिल गया है और उसे किसी अन्य पार्टी के समर्थन की जरूरत नहीं है। यह पहली बार है कि वह पीओके में सरकार बनाएगी। परंपरागत रूप से, देश की सत्ताधारी पार्टी ही पीओके में चुनाव जीतती आई है। मुस्लिम कांफ्रेंस (एमसी) और जम्मू कश्मीर पीपुल्स पार्टी (जेकेपीपी) को एक-एक सीट पर कामयाबी मिली है। भारत ने इससे पहले गिलगित-बाल्तिस्तान में चुनाव कराने के पाकिस्तान के फैसले का विरोध किया था और कहा था कि सेना के जरिए कब्जाए गए क्षेत्र की स्थिति को बदलने का कोई कानूनी आधार नहीं है।पीओके विधानसभा में कुल 53 सदस्य हैं लेकिन इनमें से केवल 45 सीटों पर सीधे निर्वाचन किया जाता है। इनमें पांच सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हैं और तीन विज्ञान विशेषज्ञों के लिए हैं। सीधे चुने जाने वाले 45 सदस्यों में से 33 सीटें पीओके के निवासियों के लिए हैं और 12 सीटें शरणार्थियों के लिए हैं, जो बीते वर्षों में कश्मीर से यहां आए थे और पाकिस्तान के विभिन्न शहरों में बस गए है। पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने कहा कि पीटीआई की "चुनावों में शानदार जीत प्रधानमंत्री इमरान खान में आम आदमी के भरोसे की अभिव्यक्ति है। उन्होंने सोमवार को एक ट्वीट में कहा कि विपक्षी दलों को अपने नेतृत्व और राजनीति दोनों पर पुनर्विचार करना चाहिए। पाकिस्तान के विपक्षी नेताओं - पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ज़रदारी और पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरयम नवाज़ ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने धांधली के जरिए चुनाव जीता और उन्होंने रविवार को हुए चुनाव के नतीजों को खारिज कर दिया। भुट्टो ने दावा किया कि चुनाव आयोग चुनावी नियमों का उल्लंघन करने पर पीटीआई के खिलाफ कार्वाई करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा, "पीटीआई ने हिंसा



और धांधली का सहारा लिया" इसके बावजूद पीपीपी 11 सीटों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी है , जिसे पिछली बार तीन सीटें मिली थीं। उन्होंने पार्टी के जीतने वाले उम्मीदवारों की सूची भी साझा की।

पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरयम नवाज़ ने कहा कि उन्होंने परिणामों को स्वीकार नहीं किया है और न ही कभी स्वीकार करेंगी। "मैंने 2018 के नतीजों को न तो स्वीकार किया है और न ही इस नकली सरकार को माना है। हालांकि, उन्होंने चुनावों में "पीटीआई द्वारा हिंसा और धांधली" के बावजूद "अच्छी लड़ाई लड़ने" के लिए पीएमएल-एन के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। पीपीपी की उपाध्यक्ष सीनेटर शेरी रहमान ने कहा, चुनाव में व्यवस्थित धांधली का सबूत है। उन्होंने कहा कि पीटीआई कार्यकर्ताओं ने मतदान के दौरान पीपीपी कार्यकर्ता पर हमला किया, जबकि पुलिस ने उनकी पार्टी के एक शिविर को उखाड़ फेंका। रहमान ने कहा कि "कई मतदान केंद्रों की मतदाता सूचियों में साफ फर्क है। पीएमएल-एन की प्रवक्ता मरयम औरंगजेब ने एक बयान में दावा किया कि चुनाव में धांधली करने के लिए पीटीआई के गुंडों ने गुजरांवाला के अलीपुर छत्ता इलाके में उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला किया। हालांकि, क्षेत्र के चुनाव आयोग ने आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से हुए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त अब्दुल राशिद सुलेहरिया ने मीडिया को बताया कि वह चुनाव प्रक्रिया से संतुष्ट हैं।

पीटीआई के बैरिस्टर सुल्तान महमूद चौधरी क्षेत्र के प्रधानमंत्री की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। वह अपनी सीट जीत गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन नेता राजा फारूक हैदर ने अपनी सीट बचा ली है। एक अन्य पूर्व प्रधानमंत्री और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सरदार अतीक अहमद खान भी जीत गए हैं। पीओके में सरकार प्रमुख को प्रधानमंत्री कहा जाता है। पीओके के विभिन्न जिलों की 33 सीटों पर कुल 587 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा जबकि पाकिस्तान में बसे जम्मू-कश्मीर के शरणार्थियों की 12 सीटें पर 121 प्रत्याशी मैदान में थे। इससे पहले रविवार को कोटली जिले के चारहोई इलाके में एक मतदान केंद्र पर पीपीपी के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में पीटीआई के कम से कम दो कार्यकर्ताओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अज्ञात लोगों ने दो कार्यकर्ताओं की गोली मारकर हत्या कर दी। सेना ने एक बयान में बताया कि क्षेत्र के लासवा इलाके में एक घुमावदार पहाड़ी सड़क मार्ग पर नीचे एक खड्ड में वाहन के गिर जाने से उसमें सवार कम से कम चार सैनिकों की मौत हो गई, जबकि तीन सैनिक और पेशे से ड्राइवर एक आम नागरिक घायल हो गए। ए सभी चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने में मदद के लिए तैनात सैनिकों में शामिल थे। सेना के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। वहीं, एक अन्य घटना में झेलम घाटी जिले में एक मतदान केंद्र पर जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ताओं के हमले में पांच पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। जियो न्यूज के मुताबिक, पीएमएल-एन के उम्मीदवार चौधरी मोहम्मद इस्माईल गुर्जर ने रविवार को धमकी दी कि अगर स्थानीय प्रशासन उनकी चिंताओं को दूर करने में नाकाम रहता है, तो वह भारत की मदद मांगेंगे।

## ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति ने पीएम को किया बर्खास्त

**ट्यूनिश।** ट्यूनीशिया में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पैदा हुए हालात और आर्थिक स्थिति खराब होने के विरोध में देश में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बीच राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को बर्खास्त कर दिया और संसद की गतिविधियों पर रोक लगा दी ।ट्यूनीशिया राष्ट्रपति कैस सईद ने संसद के सदस्यों को प्राप्त सभी अधिकारों को भी समाप्त कर दिया और कहा कि वह देश में शांति के लिए शीघ्र ही नए प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा करेंगे। देशभर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद आपात सुरक्षा बैठक बुलाई गई थी और उसके बाद राष्ट्रपति ने यह घोषणा की है। हजारों की संख्या में लोग कोरोना वायरस संक्रमण संबंधी पाबंदियों को तोड़ते हुए भीषण गर्मी में सड़कों पर उतर आए और उन्होंने बाहर निकलो के नारे लगाए। साथ ही लोगों ने संसद को भंग करने और जल्द चुनाव कराने की मांग की।



मलेशिया में संसद सत्र के दौरान सदन को संबोधित करते हुए मलेशिया के प्रधानमंत्री मुहीदीन यासीन

## चीन जिम्मेदार वैश्विक ताकत बने

**बीजिंग।** अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने चीन से मतभेदों को परे रखने और पर्यावरण तथा महामारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जिम्मेदार ताकत के रूप में अमेरिका के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री वेंडी शेर्मन ने चीन के उप विदेश मंत्री शी फेंग की प्रतिक्रिया पर यह टिप्पणी की। फेंग ने शेर्मन के साथ सोमवार को एक बैठक में कहा कि चीन साझा आधार पर मतभेदों को दूर करना चाहता है। जनवरी में राष्ट्रपति जो बाइडेन के पदभार संभालने के बाद से अमेरिका मानवाधिकारों से लेकर क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं तक के मुद्दों पर चीन की आलोचना करने से पीछे नहीं हटा है। चीन ने बार-बार कहा है कि चीन को आगे बढ़ने से रोकते हुए अमेरिका सहयोग की उम्मीद नहीं कर सकता। शेर्मन ने आरोपों का खंडन किया। अमेरिका ने कहा कुछ ऐसी चीजें हैं मतभेदों से हटकर काम करना वैश्विक ताकतों की जिम्मेदारी है।

# चीन ने अमेरिका पर संबंधों में गतिरोध का लगाया आरोप

एपी। तियानजिन (चीन)

**अमेरिका** और चीन के बीच सोमवार को तियानजिन में आमने-सामने की उच्च स्तरीय वार्ता में चीन ने अमेरिका पर द्विपक्षीय संबंधों में गतिरोध पैदा करने का आरोप लगाया और उससे अपनी गुमराह मानसिकता और खतरनाक नीति बदलने की अपील की।आधिकारिक बयान में बताया गया कि चीन के उप विदेश मंत्री शी फेंग ने देश की यात्रा पर आईं अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शेरमन के साथ वार्ता के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन पर चीन के विकास को रोकने और दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। विदेश मंत्रालय ने शी के हवाले से कहा कि दोनों देशों के संबंधों में गंभीर समस्याओं का मूल कारण यह है कि कुछ अमेरिकी चीन को काल्पनिक शत्रु के रूप में चित्रित करते हैं।आधिकारिक संवाद समिति शिंहुआ ने बताया कि शी फेंग ने अमेरिका से अपनी अत्यधिक पथभ्रष्ट मानसिकता और खतरनाक नीति बदलने की अपील की। शेरमन ने अमेरिका एवं चीन के संबंधों के प्रभारी शी और चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ तियानजिन शहर के रिजॉर्ट में बंद कमरे में अलग-अलग बैठकें की। छह महीने पहले जो बाइडन के अमेरिका में राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद वह चीन की यात्रा करने वाली सबसे ऊंचे रैंक की अमेरिकी अधिकारी हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच संबंध बहुत खराब हो गए थे और प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, मानवाधिकार तथा अन्य मामलों पर दोनों के बीच तनाव की स्थिति है।

शी ने कहा कि चीन मतभेदों को दूर करके साझा आधार तलाशना चाहता है। बाइडन प्रशासन ने कहा है कि वह कुछ क्षेत्रों में सहयोग करेगा लेकिन मानवाधिकार जैसे कुछ क्षेत्रों में चीन का विरोध करेगा। उसने संबंधों को सहयोगात्मक, प्रतिस्पर्धात्मक और प्रतिकूल बताया।

वांग ने शनिवार को एक साक्षात्कार में अमेरिका पर आरोप लगाया था कि वह स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझता है और अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल करता है। उन्होंने चीन के फीनिक्स टेलीविजन से कहा था, चीन किसी भी ऐसे देश को कभी स्वीकार नहीं करेगा जो स्वयं के दूसरों से श्रेष्ठ होने का दावा करता हो। उन्होंने कहा था, अगर अमेरिका ने अन्य देशों के साथ समानता का व्यवहार करना नहीं सीखा है, तो चीन और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह अमेरिका को यह सीखने में मदद करे।

## स्कॉटलैंड के पर्वतारोही की मौत

**इस्लामाबाद।** दुनिया के दूसरे सबसे ऊंचे पर्वत के2 की चोटी पर चढ़ने का प्रयास करते समय स्कॉटलैंड के एक जानेमाने पर्वतारोही की हिमस्खलन से मौत हो गई। यह जानकारी पाकिस्तान के एक पर्वतारोही अधिकारी ने दी। पाकिस्तान के अल्पाइन क्लब के सचिव कर्रार हैदरी ने कहा कि 68 वर्षीय रिक एलन की तीन दिन पहले तब हिमस्खलन में मौत हो गई थी। वह एक ऐसी दिशा से शिखर पर पहुंचने की कोशिश कर रहे थे, जिसे इससे पहले पर्वतारोहण के लिए इस्तेमाल नहीं किया गया था। हैदरी ने कहा कि एलन के दो सहयोगी हिमस्खलन से बच गए और बाद में उन्हें वहां से निकाला गया।उनके अभियान का उद्देश्य ब्रिटेन स्थित परमार्थ संगठन पार्टनर्स रिलीफ एंड डेवलपमेंट के लिए धन जुटाना था, जिसके बोर्ड के एलन सदस्य थे। बच्चों के कल्याण के लिए काम करने वाले द चैरिटी ने अपने फेसबुक पेज पर एलन की मृत्यु की पुष्टि की।

# रूसी पीएम ने जापान के दावे वालों द्वीपों का किया दौरा

एपी। मास्को

**रूस** के प्रधानमंत्री ने सोमवार को जापान द्वारा दावा किए गए प्रशांत द्वीपों का दौरा किया और कहा कि सरकार वहां एक विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है।

प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन इस सप्ताह रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र और साइबेरिया का दौरा कर रहे हैं, और कुरील द्वीप सोमवार को उनका पहला पड़ाव है। मिशुस्तीन ने चार सबसे दक्षिणी कुरील द्वीपों में से एक, इटुरुप पर एक अस्पताल और एक मछली संयंत्र का दौरा किया, और संयंत्र श्रमिकों से कहा कि सरकार द्वीपों पर एक विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाने पर विचार कर रही है, जिसमें व्यवसाय और निवेश अधिकांश करों और सीमा शुल्कों से मुक्त होंगे।

मिशुस्तीन ने कहा, "रूसी अधिकारी वर्तमान में जिन उपायों पर विचार कर रहे हैं, वे निवेशकों के लिए एक अच्छा साधन हो सकते हैं, जिनमें पश्चिम के लोग और जापान भी शामिल हो सकते हैं, अगर वे रुचि रखते हैं, तो यहां रोजगार पैदा कर सकते हैं" उन्होंने कहा कि इससे इन द्वीपों पर आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। उन्होंने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ इन उपायों पर चर्चा करेंगे। शुक्रवार को, पुतिन ने मिशुस्तीन को सुदूर पूर्व की अपनी यात्रा के दौरान कुरील द्वीप समूह पर "विशेष ध्यान देने" के लिए कहा है। गौरतलब है कि जापान उन द्वीपों पर अपने क्षेत्रीय अधिकारों का दावा करता है जिन्हें वह उत्तरी क्षेत्र कहता है। सोवियत संघ ने उन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम दिनों में अपने कब्जे में ले लिया था और तब से इनको लेकर विवाद बरकरार है। समझौते पर बातचीत करने के लिए दशकों से चल रहे राजनयिक प्रयासों का अब तक कोई स्पष्ट परिणाम नहीं निकल सका है।

## लंदन में बारिश के कारण घरों और स्टेशन में भरा पानी

**लंदन।** लंदन में पिछले दो सप्ताह में दूसरी बार आई बेमौसम मूसलाधार बारिश के कारण घरों, सड़कों एवं कई सबवे स्टेशन पर पानी भर गया। मौसम विभाग कार्यालय ने बताया कि रविवार दोपहर को मध्य लंदन में छह सेंटीमीटर (16 इंच) बारिश हुई। सोमवार को मौसम शुष्क रहा, लेकिन पर्यावरण एजेंसी ने बताया कि दक्षिणपूर्व इंग्लैंड के लिए बाढ़ की चार चेतावनियां जारी की गई हैं। लंदन के दो अस्पतालों ने मरीजों को बाढ़ की वजह से बाधा उत्पन्न होने के चलते आपातकालीन विभाग में नहीं आने को कहा। लंदन परिवहन विभाग ने बताया कि बाढ़ के कारण आठ स्टेशनों को बंद करना पड़ा। दक्षिण लंदन के निवासी एडी इलियट ने कहा, मैं लंदन में पैदा हुआ और यहीं पला-बढ़ा, लेकिन मैंने यहां पहले कभी ऐसा नहीं देखा। सड़क यातायात बुरी तरह बाधित हुआ है।




रूसी प्रधान मंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने जापान द्वारा दावा किए गए विवादित प्रशांत द्वीपों पर गिड्रोस्ट्रोई के मछली प्रसंस्करण संयंत्र का दौरा किया




वाइपाहू में लगे एक कोविड वैक्सीनेशन कैंप का निरीक्षण करती अमेरिकी की प्रथम महिला जिल बिडेन

# अफगानिस्तान में मृतकों में महिलाओं व बच्चों की संख्या बढ़ीः यूएन

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान** में 2021 के पहले छह माह में किसी अन्य वर्ष के पहले छह महीने की तुलना में ज्यादा संख्या में महिलाएं एवं बच्चे मारे गए एवं जख्मी हुए। यह जानकारी सोमवार को संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई। संयुक्त राष्ट्र ने 2009 से व्यवस्थागत रूप से संख्या का रिकॉर्ड रखना शुरू किया था।रिपोर्ट के मुताबिक युद्धग्रस्त देश में वर्ष के पहले छह महीने में अफगानिस्तान में हिंसा के दौरान मारे गए एवं जख्मी हुए नागरिकों की संख्या में पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 47 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष प्रतिनिधि देबोरा लायन ने कहा, मैं तालिबान और अफगानिस्तान के नेताओं से आग्रह करती हूं कि संघर्ष की भयावहता और नागरिकों पर पड़ने वाले इसके खतरनाक असर पर ध्यान दें। लायन ने रिपोर्ट के साथ जारी बयान में कहा, रिपोर्ट स्पष्ट चेतावनी देती है कि अगर हिंसा पर लगाम नहीं कसी गई तो इस वर्ष काफी संख्या में अफगान नागरिक मारे जाएंगे और जख्मी होंगे। तालिबान ने हाल के समय में काफी भूभाग पर कब्जा कर लिया है, कई पड़ोसी देशों के साथ लगती सीमाओं पर भी उसने प्रभुत्व कायम कर लिया है और कई प्रांतीय राजधानियों पर उसके कब्जा करने का खतरा बना हुआ है। अमेरिका और नाटो सैनिकों के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद से तालिबान का खतरा बढ़ा है।अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने बताया कि 2021 में अब तक 1659 आम नागरिक मारे गए हैं और 3254 आम नागरिक घायल हुए हैं। इसने कहा कि पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में यह 47 फीसदी ज्यादा है।रिपोर्ट के मुताबिक 2021 के पहले छह महीने में इन सभी हताहतों में लगभग आधे महिलाएं एवं बच्चे थे। मारे गए लोगों में 32 फीसदी बच्चे हैं जिनकी संख्या 468 है और 1214 बच्चे घायल हुए हैं। मृतकों में 14 फीसदी महिलाएं हैं।

## सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय आवागमन फिर शुरू करेगाः मंत्री

**सिंगापुर।** सिंगापुर उन देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय आवागमन शुरू करेगा, जिन्होंने व्यापार, यात्रा और कामकाज के लिहाज से कोविड-19 पर अच्छी तरह लगाम लगाने के प्रयास किए हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने सोमवार को संसद को बताया। व्यापार एवं उद्योग मंत्री और कोविड-19 बहुमंत्रालय कार्यबल के सह-अध्यक्ष गैन किम योंग ने कहा कि सिंगापुर छोटी और खुली अर्थव्यवस्था वाला देश है, लिहाजा इसे दुनिया के लिए बंद नहीं किया जा सकता। चैनल न्यूज एशिया ने गैन के हवाले से कहा, हमारी अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों के लिए सिंगापुर में लोगों के आने और यहां जाने वाले लोगों के संबंध में स्थिर प्रवाह की आवश्यकता होती है - फिर चाहे वे श्रमिक हों या आगंतुक। उन्होंने कहा, यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे हमें एक व्यापार, यात्रा और प्रतिभा केंद्र के रूप में सिंगापुर की स्थिति को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# इराक में अमेरिकी लड़ाकू मिशन खत्म करने की हो सकती है घोषणा

संवाददाता। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन और इराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल काज़मी सोमवार को यह घोषणा कर सकते हैं कि इस साल के आखिर तक इराक में अमेरिकी सेना की लड़ाकू भूमिका खत्म हो जाएगी। बाइडन प्रशासन के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी सैन्य मिशन का मकसद इस्लामिक स्टेट (आईएस) को हराने में इराक की मदद करना था और साल के अंत तक उसकी भूमिका को इराकी सेना को सलाह और प्रशिक्षण देने में तब्दील कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्हाइट हाउस में सोमवार दोपहर को दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद इसकी घोषणा एक विज्ञप्ति में की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि इराकी बलों ने अपने जौहर दिखाए हैं और साबित किया है कि वह अपने मुल्क की रक्षा करने में सक्षम हैं। अधिकारी ने कहा कि फिर भी बाइडन प्रशासन का मानना है कि आईएस से अब भी काफी खतरा है।

आईएस अब 2017 जितना ताकतवर नहीं है, लेकिन उसने दिखाया है कि वह ऐसे हमले कर सकता है जिसमें ज्यादा तादाद में लोग हताहत हों। पिछले हफ्ते, उसने बगदाद के एक बाजार में सड़क किनारे किए गए बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी जिसमें 30 लोगों की मौत हुई थी।

अमेरिका और इराक अप्रैल में इस बात पर सहमत हो गए थे कि इराक में अमेरिका की भूमिका सैनिकों को सलाह देने और प्रशिक्षित करने की हो तथा वे लड़ाकू भूमिक में न रहे। हालांकि इसकी कोई तारीख तय नहीं हो पाई थी। बहरहाल, यह घोषणा ऐसे समय में हो रही है जब इराक में 10 अक्टूबर को चुनाव होने हैं जिसके कुछ महीने ही बचे हैं।अल-काज़मी ने अमेरिका की यात्रा पर रवाना होने से पहले साफ किया था कि उनका मानना है कि वक्त आ गया है कि अमेरिका अपना लड़ाकू मिशन खत्म करे।

# टॉक टाइम

## वीर दास

*एंटरटेनर, कॉमेडियन और अभिनेता एक नए प्रोजेक्ट द मोस्ट एपिक मैक्स शो के साथ वापस आ गए हैं। मुसबा हाशमी ने उनसे शो के कॉन्सेप्ट के बारे में बात की कि लॉकडाउन के दौरान उन्हें किस चीज ने टिकाए रखा और उससे क्या हासिल हुआ*

# छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाशना जरूरी



**■ मोस्ट एपिक मैक्स शो किस विषय के बारे में है ?**

मेरा शो जीवन की छोटी-छोटी साधारण चीजों के बारे में है जो आपको अंदर से महाकाव्य का एहसास कराती हैं, जिसका अर्थ है कि आपको महाकाव्य महसूस करने के लिए महाकाव्यात्मक चीजें करने की आवश्यकता नहीं है। मुझे लगता है कि यह एक कठिन वर्ष रहा है और दुनिया में हर कोई अपने बारे में अच्छा महसूस करने और उन छोटी-छोटी चीजों का जश्न मनाने का हकदार है जो उन्हें खुशी देती हैं। मैं अज्ञान तथा सीखने के लिए तैयार जगह से आ रहा हूं मगर बड़े पैमाने पर और शानदार ढंग से विफल होने के लिए भी तैयार हूं।

**■ शो का कॉन्सेप्ट मजेदार है। क्या शूटिंग के दौरान आपको किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ा? कोई मजेदार वाकया जो आप हमें बताना चाहेंगे ?**

हमने महामारी के दौरान शो की शूटिंग की, जब लॉकडाउन हट गया था। अचानक, जो तामझाम आमतौर पर इस्तेमाल किया जा सकता था वह अचानक चला गया। सीमित कर्मी-दल, मेरे चारों ओर पीपीई किट पहने लोग, सभी अपने समक्ष बिखरे सभी पत्तों के साथ कुछ मजेदार रचने की कोशिश कर रहे हैं। यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे चारों ओर एक शानदार टीम थी जिसने सभी का मनोबल ऊंचा रखा। मुझे लगता है कि मज़ा वास्तव में सीमित संसाधनों व रचनात्मक तरीके से आया है जब हमने जरूरत पड़ने पर सुधार किया था।

**■ प्रत्येक एपिसोड में आप नया काम हाथ में लेते हैं, चाहे वह दो मिनट से भी कम समय में मैगी बनाना हो या सही माफीनामा लिखना हो। कौन सा एपिसोड आपके लिए सबसे खास रहा ?**

मुझे नहीं लगता कि कोई एक खास एपिसोड है जो दूसरे की तुलना में शूटिंग करते हुए अधिक मजेदार था। लेकिन मुझे लगता है कि मेरे अंदर मौजूद खाने के शौकीन ने आइसक्रीम एपिसोड का सबसे ज्यादा आनंद लिया। मैंने खुद हैरान था कि यह कैसे निकला। मेरे पास विकल्प के रूप में मेरा मास्टरशेफ आवेदन फॉर्म है।

> हमने महामारी के दौरान शो की शूटिंग की, जब लॉकडाउन हट गया था। अचानक, जो तामझाम आमतौर पर इस्तेमाल किया जा सकता था वह अचानक चला गया। सीमित कर्मी-दल, मेरे चारों ओर पीपीई किट पहने लोग, सभी अपने समक्ष बिखरे सभी पत्तों के साथ कुछ मजेदार रचने की कोशिश कर रहे हैं। यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे चारों ओर एक शानदार टीम थी जिसने सभी का मनोबल ऊंचा रखा। मुझे लगता है कि मज़ा वास्तव में सीमित संसाधनों व रचनात्मक तरीके से आया है जब हमने जरूरत पड़ने पर सुधार किया था।

**■ आने वाले एपिसोड से दर्शक क्या उम्मीद कर सकते हैं?**

जैसे-जैसे शो आगे बढ़ेगा, मैं अपनी रचनात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए -नवीन तकनीकों और सरल समाधानों के साथ- चुनौतियों का सामना करना जारी रखूंगा। प्रत्येक चुनौती या तो पूरी तरह से 'महाकाव्य' या पूर्ण 'असफल' है। किसी भी तरह से, सारे एपिसोड स्नैपचैटर्स के लिए मजेदार सीखने वाला तजुर्बा रचते हैं!

**■ लॉकडाऊन के दौरान आपको शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय या फिट रहने में कैसे मदद मिली ?**

हम सभी ने लॉकडाऊन के दौरान मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए संघर्ष किया है। मेरा जीवन दुनिया की यात्रा करने और हर रात हजारों लोगों के बीच में रहने से लेकर अपने सामने के दरवाजे से यात्रा न करने और अपनी पत्नी का मनोरंजन करने की कोशिश करने में बीत गया, जिसमें मैं भी असफल रहा।

रचनात्मक होने की कोशिश करना और यह जानना कि अंधेरे के बाद सवेरा होगा, मुझे आगे बढ़ाता रहा। विश्वास नहीं खोना, और सिर्फ नया करने की कोशिश करना, उस दिन के लिए खुद को तैयार करना जब मैं अपना सूटकेस फिर से पैक सकूंगा और जो पिछली बार से बेहतर हो सकता है जब मैंने इसे अनपैक किया था। इसी सबने मुझे टिकाए रखा।

**■ लॉकडाउन से आपका सबसे बड़ा हासिल क्या है ?**

समय! उन कुछ चीजों को दुबारा देखने, पुनर्विचार करने और रीचार्ज करने का समय, जिनके बारे में मैंने केवल सोचा था, लेकिन उन्हे करने के लिए समय और प्रेरणा कभी नहीं थी। इस चुनौतीपूर्ण दौर से सबसे बड़ी सीख यह हासिल हुई है कि छोटी-छोटी चीजों में खुशी तलाशना जरूरी है। यह परिणाम नहीं बल्कि यात्रा है जो मायने रखती है। आप या तो लीक से हटकर कुछ सकते हैं या असफल हो सकते हैं, इस प्रकार, दोनों तरह से सीखते हैं।

## पंजाबी सनसनी



**रियलिटी** शो बिग बॉस 14 से प्रसिद्धि पाने वाली अभिनेत्री अर्शी खान शोक-ई द्वारा गाए गए आगामी पंजाबी गीत बुक लिखदा में नजर आएंगी।

अर्शी बता रही हैं कि मैं गाने में काम करने को लेकर उत्साहित हूं, आजकल लोग न केवल यहां, बल्कि विदेशों में भी पंजाबी गानों का आनंद लेते हैं। इसके बाद जल्द ही और गाने आने वाले हैं। मैं एक्शन में वापस आ गयी हूं। एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इमेज मेकओवर किया है।

इसके बारे में बात करते हुए अर्शी कहती हैं कि मैंने हमेशा एक स्टाइलिश औरा के साथ एक साधारण लुक का आनंद लिया है। लेकिन अब तालाबंदी ने मुझे अपने लुक के साथ प्रयोग करने में मदद की है और मैं वास्तव में इसका मजा ले रही हूं। मैं एक राजकुमारी जैसा महसूस करती हूं। और निश्चित रूप से मेरे दर्शक गाने में मुझे नए रूप में देखेंगे। किताब लिखदा का संगीत जी प्रो द्वारा दिया गया है और गीत हनी काकोवालिया के हैं। यह गाना 5 अगस्त को रिलीज होने वाला है।



## बिग बी, प्रभास की नई फिल्म लॉन्च

**अभिनेता** अमिताभ बच्चन, प्रभास और दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म की शुरुआत शनिवार को मुहूर्त पूजा और क्लैप के साथ हुई। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म को फिलहाल के नाम का वर्किंग टाइटल दिया गया है। शनिवार को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर फिल्म का मुहूर्त होने के कारण अमिताभ हैदराबाद पहुंचे। मुहूर्त शॉट के लिए, प्रभास ने अमिताभ बच्चन पर क्लैपबोर्ड बजाया, जिसके हिस्से पहले शेड्यूल में शूट किए जाएंगे। फिल्म की निर्माण टीम के अनुसार, नाग अश्विन पहले शूटिंग शेड्यूल में अमिताभ व कुछ अन्य अभिनेताओं के साथ कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग करेंगे, जो शनिवार से यहां रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होगी। जबकि प्रभास बाद में टीम से जुड़ेंगे।

# विकास बहल के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा

**दयाना इरप्पा,** जो अपनी पहली हिंदी वेब सीरीज सनफ्लावर में नजर आई हैं, शालिनी सक्सेना से बातचीत में बता रही हैं कि उन्हें यह प्रोजेक्ट कैसे हासिल हुआ

**❖ आप सनफ्लावर - वेब सीरीज़ का हिस्सा कैसे बनीं ?**


यह मेरा पहला हिंदी उपक्रम था इसलिए मैं इसे लेकर काफी उत्साहित थी। किसी भी अन्य अभिनेता की तरह, मैंने एक- दो राऊंड ऑडिशन के दिए और अंततः यह भूमिका निभाने का मौका हासिल हुआ।

**❖ विकास बहल के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

अद्भुत अनुभव रहा। विकास एक बेहतरीन मेंटर हैं। वह आपको इंप्रोवाइज करने के अवसर देते हैं और एक अभिनेता के लिए प्रदर्शन करना बहुत सहज और आसान बनाते हैं। बहुत कुछ है जो मैंने उनसे सीखा है। मैं भविष्य में भी उनके साथ जुड़ने की उम्मीद करती हूं।

**❖ यहां आपकी कैसी भूमिका है ? इस विधा को प्रस्तुत करना कितना रोमांचक रहा ?**

मैं जस्टिना की भूमिका में हूं। किरदार से पता चलता है कि कैसे हर महिला निर्भीक हो सकती है। वह अपने मन की बात कहती है और उसे बहुत महत्व देती है। वह आत्मविश्वासी और स्वतंत्र है। इस चरित्र के साथ पहचान बनाना आसान था, मेरी सचमुच में उसी तरह की मान्यताएं हैं। तो, जीवन के प्रति चरित्र का दृष्टिकोण मेरे अपने दृष्टिकोण जैसा ही है। मुझे इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर और इस भूमिका को निभाने में बहुत मजा आया। मैं कहूंगी कि यह अब तक की मेरी पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है।



**❖ आपने मॉडल के रूप में शुरुआत की थी, अभिनय की शुरूआत कैसे हुई ?**

जब मुझे मणिरत्नम के कार्यालय से फोन आया, तो मैंने उनकी हिट फिल्म, चेका चिवंता वनम के लिए काम किया। उसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुझे खुशी है कि मैंने फिल्मों की ओर रुख किया और मैं विभिन्न भाषाओं के फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानना चाहती हूं। मैं निश्चित रूप से और ज्यादा बॉलीवुड परियोजनाओं का हिस्सा बनना चाहता हूं और विभिन्न भूमिकाओं के लिए तत्पर हूं जो मैं निभा सकती हूं।

**❖ आपने बहुत सारे विज्ञापन अभियान किए हैं, इसकी सबसे अच्छी खूबी क्या है ?**

इसकी सबसे अच्छी खूबी यह है कि आपको बहुत सारे अनुभवी लोगों से मिलने का मौका मिलता है और प्रत्येक अभियान से वापस पाने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है। इतने सारे विज्ञापन अभियानों का हिस्सा बनकर मैंने बहुत कुछ सीखा है।

**❖ क्या आप अभी भी मॉडलिंग कर रही हैं ?**

हां, मुझे अभी भी मॉडलिंग में मजा आता है लेकिन मैंने खुद को संपादकीय व डिजाइनर अभियानों तक सीमित कर लिया है। इसकी शुरुआत मॉडलिंग से हुई थी, इसलिए मैं इससे खुद को कभी अलग नहीं कर सकती।

**❖ कई अभिनेता क्षेत्रीय फिल्में भी कर रहे हैं। यहाँ प्रेरक शक्ति क्या है ?**

ईमानदारी से कहूं, कि मेरे लिए प्रेरक शक्ति विषय-सामग्री है। जब तक मुझे अच्छी स्क्रिप्ट मिल रही है, जिसमें अच्छा कंटेंट है, मैं वह करूंगी, चाहे वो क्षेत्रीय सिनेमा हो या बॉलीवुड। साथ ही मुझे लगता है कि ओटीटी क्षेत्रीय सिनेमा के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म रहा है। मेरे लिए माध्यम वास्तव में मायने नहीं रखता। वो सब मायने रखता है जो सामग्री और मेरी भूमिका है।

**❖ अगली योजना ?**

मैं कुछ प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं लेकिन मैं अभी उनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं।

# आसान नहीं असुर की भूमिका निभाना : सिद्धार्थ

सोनी सब पर हीरो-गायब मोड ऑन में 2500 साल पुराने असुर की भूमिका निभाने वाले **सिद्धार्थ निगम** से **शालिनी सक्सेना** ने इस भूमिका और भावी चुनौतियों को लेकर विस्तार से बात की।

**■ जब आपको 2500 साल पुराने असुर की भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया गया तो आपकी क्या प्रतिक्रिया थी ?**

जब मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया गया तो मुझे यह नहीं बताया गया कि मुझे कौन सा किरदार ऑफर किया जा रहा है। मुझे केवल संक्षिप्त जानकारी दी गई थी। उन्होंने मुझे बताया कि उनके पास पहले से ही उनका मुख्य नेतृत्व था। और अब वे एक ऐसे व्यक्ति की तलाश में थे जो इस सुपर हीरो से अधिक शक्तिशाली हो - कोई ऐसा व्यक्ति जो नायक को सुपरहीरो बना सके। मुझे भी दिलचस्पी थी। मुझे लगा कि यह शो अनोखा है। मैंने हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट करने की कोशिश की है जहां मैं अतीत में किए गए कामों से अलग हो सकूं। जब मुझे इस भूमिका की पेशकश की गई, तो मैं उत्साहित था। हालांकि, जब मुझे बताया गया कि मैं एक असुर बनूंगा, तो मैं थोड़ा अचंभित हो गया लेकिन मुझे बताया गया कि मैं अपने मानव रूप में रहूंगा; बस इतना कि मेरे पास अलौकिक शक्तियां होंगी। सबसे अच्छी बात यह थी कि मुझे अपने भाई के साथ इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा।



**■ आप प्रोजेक्ट में कैसे आए ?**

मैं भाग्यशाली था कि मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए ऑडिशन नहीं देना पड़ा। पेनिनसुला पिक्चर्स के निर्माता, अलिंद श्रीवास्तव ने मुझे इस भूमिका की पेशकश की। उन्होंने कहा कि वह चाहते थे कि मैं इस शो का हिस्सा बनूं और शिवाय का रोल करूं। मैं सहमत हूं और मैं यहां हूं।

**■ शिवाय का किरदार निभाने में क्या चुनौतियां आती हैं ?**

काफी कुछ थे। पहले तो शिवाय की आवाज थोड़ी भारी है। मैं वीर नंदा (हीरो) के विपरीत हूं जो स्ट्रीट-स्मार्ट है। मैं सर्वशक्तिमान और शक्तिशाली हूं। फिर नज़र है। मेरे पास टैटू हैं और शुरू में इसे तैयार होने में दो घंटे तक का समय लगेगा। अब, निश्चित रूप से, इसमें इतना समय नहीं लगता है। साथ ही, डायलॉग डिलीवरी अलग है; वह अत्यंत बुद्धिमान है। वह जो कुछ भी कहते हैं उसका गहरा अर्थ होता है। इसे कैसे व्यक्त किया जाना है, इसका अभ्यास किया जाना था।

**■ क्या आप अपने भाई से झगड़ते हैं - ऑफ-स्क्रीन ?**

ऑनस्क्रीन, मैं स्पष्ट रूप से उसे एक सुपरहीरो में बदलने की कोशिश कर रहा हूं, इसलिए फाइट सीक्वेंस हैं। ऑफ-स्क्रीन, कभी-कभी हमारे बीच मतभेद होते हैं और मौखिक झगड़े होते हैं, जैसा कि सामान्य है। हम कभी-कभी डब्लू-डब्लू-ई जैसी स्थिति में आ जाते हैं। लेकिन हम भाई हैं और एक दूसरे का सम्मान करते हैं। अच्छी बात यह है कि हमारे बीच कोई अहंकार संघर्ष नहीं है।

**■ आप अभिनय में कैसे आए ?**

मैं कभी भी अभिनेता नहीं बनना चाहता था। एक जिमनास्ट के रूप में मेरी पृष्ठभूमि किसी भी मनोरंजक गतिविधियों के लिए बहुत कम समय छोड़ती है। अगर मैं समाचार पर समाप्त हो गया, तो मेरे लिए इतना ही काफी था। मैं छात्रावास में था; मेरे पास मोबाइल नहीं था; हमें दिन में आठ घंटे अभ्यास करना था। इससे किसी और चीज के लिए बहुत कम समय बचा। ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैं अभिनय खत्म कर दूं। 58वें नेशनल स्कूल गेम्स, पुणे में मेरे पास पैरेलल बार में गोल्ड और हाई बार में सिल्वर है और एक गेम के दौरान मुझे देखा गया और बोर्नविटा विज्ञापन के ऑडिशन के लिए संपर्क किया गया। इसी तरह मैं इंडस्ट्री में आया। यह नियति थी।

**■ क्या विज्ञापन करना कठिन था ?**

ये कठिन था। मेरी कोई एक्टिंग बैकग्राउंड नहीं थी। मैंने कभी कोई क्लास नहीं ली। कैमरे का सामना करना, जाने-माने अभिनेताओं का सामना करना और संवादों को याद रखना और उन्हें भावना के साथ देना मेरे लिए बहुत ही अलग था। इससे मैं घबरा गया। लेकिन मैंने ठान लिया था कि चूंकि मुझे एक भूमिका निभाने की पेशकश की गई थी, इसलिए मैं इसे अपनी पूरी क्षमता से करूंगा। इसलिए, मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की।

**■ आपने एक दो फिल्में की हैं। बॉलीवुड में प्रयास क्यों नहीं किया ?**

मुझे यकीन है कि बॉलीवुड से वाकई कुछ बड़ा होगा। मैं ऐसी भूमिकाएं भी देख रहा हूं जो मैं वेब सीरीज में निभा सकूं। जब से मैं इस उद्योग में आया हूं, मैंने हमेशा अलग-अलग भूमिकाएं की हैं। मैं केवल एक ही चीज जानता हूं, चाहे स्क्रीन कितनी भी बड़ी या छोटी हो, मेरा काम अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

**■ आपने कुछ संगीत वीडियो किए हैं। अनुभव कैसा रहा ?**

संगीत वीडियो करना सीरियल से बहुत अलग है। संगीत वीडियो दो प्रकार के होते हैं। एक जहां कोई गाना होता है और एक लड़का या लड़की होती है और वे नाचते हैं। फिर ऐसे वीडियो हैं जो एक कहानी बताते हैं। मैंने जो किया है वह दूसरी श्रेणी में आता है। मुझे ऐसे संगीत वीडियो करना अच्छा लगता है क्योंकि उन्हें दो-तीन दिनों के भीतर शूट किया जाता है; यह एक स्ट्रेस-बस्टर है। संगीत सुनना और उसका प्रदर्शन करना बहुत ही सुकून देने वाला होता है।

2 | न्यूज-व्यूज
नागरिक-सरकार सहभागिता का बड़ा प्लेटफॉर्म होगा माई गव

6 | अभिमत
पुतिन के लिए सिरदर्द बनी चीन से दोस्ती

11 | स्पोर्ट्स
अनुभवी शरत कमल तीसरे दौर में

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 274
लखनऊ, मंगलवार, 27 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



आसान नहीं असुर की भूमिका निभाना : सिद्धार्थ
विविध-12

# एदियुरप्पा ने कर्नाटक का मुख्यमंत्री पद छोड़ा

## ● संसदीय दल और विधायक अगला मुख्यमंत्री तय करेंगे: भाजपा

**भाषा।** बेंगलुरु

**बीएस** एदियुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सोमवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत को सौंप दिया। राज्य में कई महीनों से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें थी और एदियुरप्पा ने आज उस दिन इस्तीफा दे दिया जब उनकी सरकार के दो वर्ष पूरे हो गए है। उन्होंने इन दो वर्षों को अग्नि परीक्षा करार दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें शुरुआती दिनों में मंत्रिमंडल के बिना प्रशासन चलाना पड़ा और इसके बाद राज्य को विनाशकारी बाढ़ और कोरोना वायरस समेत कई समस्याएं झेलनी पड़ीं। एदियुरप्पा (78) ने राजभवन में गहलोत को इस्तीफा सौंपा। उन्होंने बताया कि उनका त्याग पत्र स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है। दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह ने सोमवार को बी एस एदियुरप्पा के इस्तीफे के बाद अगले मुख्यमंत्री के बारे में टिप्पणी करने से इंकार कर दिया और कहा कि इस बारे में फैसला पार्टी के संसदीय बोर्ड और भाजपा के विधायकों पर छोड़ दिया गया है। सिंह ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, अभी मैं कुछ नहीं कहूंगा। भाजपा ससंदीय दल और पार्टी विधायक दल की बैठक में अगले मुख्यमंत्री को लेकर निर्णय लिया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि बैठक कब होने की संभावना है? उन्होंने कहा कि इस समय वह कुछ नहीं कह सकते।



बेंगलुरु में राज्यपाल को त्यागपत्र सौंपने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते बीएस एदियुरप्पा

वहीं एदियुरप्पा ने पत्रकारों से कहा, मैंने दो महीने पहले इस्तीफा देने का फैसला किया था। आज हमारी सरकार के दो साल पूरे हो गए हैं। मुझे लगा कि अब इस्तीफा देना उचित है और राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है, और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। राज्यपाल के कार्यालय से एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि गहलोत ने एदियुरप्पा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनकी अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। राज्य की सेवा करने का मौका देने के लिए पार्टी नेताओं और लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा, उन पर दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का कोई दबाव नहीं था, और मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने के लिए दूसरों के वास्ते रास्ता बनाने के लिए स्वेच्छा से पद छोड़ दिया है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, अगला मुख्यमंत्री कौन हो, इस पर मैं कोई प्रस्ताव नहीं दूंगा, यह फैसला आलाकमान को करना है। वे जिसे भी चुनेंगे, मैं सहयोग करूंगा और साथ काम करूंगा। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता। एदियुरप्पा के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में जिन नामों की चर्चा चल रही है, उनमें केंद्रीय मंत्री प्रह्ललाद जोशी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि, राष्ट्रीय आयोजन सचिव बी एल संतोष और राज्य विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी शामिल हैं। गृह मंत्री बसवराज एस बोम्मई, राजस्व मंत्री आर अशोक और उपमुख्यमंत्री सीएन अश्वथ नारायण के नाम भी चर्चा में हैं। इस बीच, राज्यपाल कार्यालय ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक एदियुरप्पा मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते रहेंगे। दक्षिण भारत में भाजपा की पहली सरकार बनाने के मुख्य कर्ता-धर्ता एदियुरप्पा ने चार बार राज्य का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में शत-प्रतिशत बने रहेंगे और कल से ही भाजपा को सत्ता में वापस लाने के लिए काम करेंगे।



कारगिल युद्ध के बलिदानियों के परिजनों को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# ग्राम पंचायतों में मानदेय पर होंगी 58 हजार से अधिक भर्तियां

## ● ग्राम सचिवालय के संचालन के लिए नियुक्त होंगे पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश की** योगी सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सूबे की 58189 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट की नियुक्ति करने जा रही है। यह पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट ग्राम सचिवालय के संचालन में अपना योगदान देंगे। इसकी नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायतों में आवेदन की प्रक्रिया 30 जुलाई से लेकर शुरू होगी। नियुक्त पंचायत सहायक को 6000 रुपये मानदेय के तौर पर दिए जाएंगे। साथ ही नियुक्ति की अवधि एक वर्ष होगी। सोमवार को लोकभवन में मीडिया से मुखातिब पंचायती राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम सचिवालय की स्थापना किया जाना महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 78 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन अथवा सामुदायिक भवन बनाने का कार्य पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है। इसके पीछे भी पंचायतों में नियमित कार्यालय संचालित हो यही सोच रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यालय के संचालन के लिए पूर्व में कई प्रयास किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली क्योंकि प्रदेश की 58189 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष लगभग 16421 ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी के पद सृजित हैं। इनमें भी वर्तमान में 11008 कर्मी कार्यरत है, मतलब 1 ग्राम पंचायत सेक्रेटरी के पास एक से अधिक ग्राम पंचायत होने की वजह से वह नियमित रूप से ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर कार्यालय का संचालन नहीं कर सकते। ऐसे में सूबे की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक कम अकाउंटेंट की नियुक्ति किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 30 जुलाई से आवेदन लिए जाएंगे।

### तहसील व थाना दिवस पर होगी सीएम दफ्तर की नजर

**लखनऊ।** तहसील और थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों को नजरअंदाज करना असफरों को भारी पड़ेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय अब तहसील और थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों पर सीधे नजर रखेगा। अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण तथा उनकी प्रगति की रिपोर्ट सीधे सीएम कार्यालय को देना होगी। इससे शिकायतों को प्रभावी तरीके से निस्तारण हो सकेगा। अभी हाल में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तहसील व थाना दिवस के दिनों में परिवर्तन किया था। हर महीने के पहले व दूसरे सप्ताह को तहसील व दूसरे व चौथे सप्ताह को थाना दिवस आयोजित किए जाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए कि तहसील व थाना दिवस पर आने वाले प्रकरणों को कतई लंबित न रखा जाए। लोगों की शिकायतों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे तुरंत निस्तारित किया जाए।

# पिछले 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना से एक भी मौत नहीं

## ● संक्रमण के सिर्फ 33 मामले आए सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीते 24** घंटे के अंदर प्रदेश भर में कोरोना संक्रमण से एक भी मौत नही दर्ज हुई है। जबकि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 33 नये मामले आये हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में संक्रमण कम होने के बावजूद टेस्टिंग कम नहीं की जा रही है। गत एक दिन में कुल 2,27,740 सैम्पल की जांच की गयी है।

प्रदेश में अब तक कुल 6,42,77,972 सैम्पल की जांच की गयी है तथा आरटीपीसीआर के लिए 1,06,672 सैम्पल भेजे गये है। प्रदेश में विगत 24 घंटे में 64 लोग तथा अब तक 16,84,601 लोग कोविड.19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 857 एक्टिव मामले हैं। प्रदेश में रिकवरी रेट 98.6 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि सर्विलांस की कार्यवाही निरन्तर चल रही है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में 3,71,99,189 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज तथा 72,13,587 दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक कुल 4,44,72,776 डोजें लगायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कोविड19 की संभावित तीसरी लहर के दृष्टिगत बच्चों के लिए आईसीयू बेड के साथ साथ आवश्यक बेड तैयार कर लिये गये है तथा 234 ऑक्सीजन प्लांट भी अस्पतालों में संचालित हो गये है। निजी अस्पताल ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण करने में सहयोग करें। प्रदेश में कोविड संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए कोविड प्रोटोकाल का भी पालन करें।

# पीडीपी नेता वहीद पारा के खिलाफ आतंकवाद संबंधी आरोप तय

**श्रीनगर (भाषा)।** एक विशेष एनआईए अदालत ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के करीबी सहयोगी वहीद-उर-रहमान पारा के खिलाफ आतंक के आरोप तय किए हैं। पुलिस के आरोप पत्र में दावा किया गया है कि पारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जुड़ा था और वर्ष 2007 से एक पत्रकार और राजनेता के रूप में उसकी 13 साल की यात्रा छल और पाखंड की कहानी थी। अदालत ने इस महीने की शुरूआत में आरोप तय करने को लेकर बचाव एवं अभियोजन की दलीलें सुनी थीं और उसने पारा के खिलाफ आरोप तय करने की अनुमति दी। पारा पर आतंकवादियों से साठगांठ कर राजनीतिक लाभ लेने का आरोप है, जिसके एवज में उसे आतंकी हमलों को अंजाम देने में सहायता करनी थी। सोमवार को उपलब्ध हुए आठ पन्नों के आदेश में कहा गया कि, प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अपराध के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं।

# पेगासस जासूसी विवाद: ममता ने जांच आयोग का गठन किया

**भाषा।** कोलकाता

**पेगासस** विवाद को लेकर केंद्र के साथ टकराव के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नेताओं, अधिकारियों और पत्रकारों की जासूसी के आरोपों की जांच करने के लिए दो सदस्ईय जांच आयोग की घोषणा की। यह चौंकाने वाला घटनाक्रम तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने से कुछ समय पहले हुआ, जहां वह 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा विरोधी दलों का गठबंधन बनाने के तरीकों का पता लगाने के लिए विपक्षी नेताओं के साथ बातचीत करेंगी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ज्योतिर्मय भट्टाचार्य और उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश मदन भीमराव लोकुर आयोग के दो सदस्य हैं। बनर्जी ने कहा, मंत्रिमंडल ने 1952 के जांच आयोग अधिनियम की धारा



3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए व्यापक रूप से रिपोर्ट की गई अवैध हैकिंग, निगरानी, निगरानी में रखने, पश्चिम बंगाल में विभिन्न व्यक्तियों के मोबाइल फोन की ट्रैकिंग और रिकॉर्डिंग के मामले में जांच आयोग के गठन को आज मंजूरी दी। उन्होंने नई दिल्ली रवाना होने से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे इस बात की जांच करेंगे कि इस हैकिंग मामले में कौन शामिल हैं और वे इस अवैध गतिविधि को कैसे कर रहे हैं। साथ ही यह भी जांच करेंगे कि वे दूसरों को कैसे चुप करा रहे हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के एक साल पूरा होने पर प्रधानमंत्री करेंगे राष्ट्र को संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए जाने के एक साल पूरा होने के अवसर पर आगामी 29 जुलाई को राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को दी। उन्होंने ट्वीट कर कहाकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अध्ययन परिदृश्य को बदलने, शिक्षा को समग्र बनाने और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत बुनियाद रखने के लिए एक मार्गदर्शी सिद्धांत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस सुधार के एक साल पूरा होने के अवसर पर 29 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान इस नीति के क्रियान्वयन में हुई अब तक की प्रगति पर बोल सकते हैं और साथ ही आगामी परियोजनाओं की एक रूपरेखा भी प्रस्तुत कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को पिछले साल 29 जुलाई को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी।

# विपक्ष के हंगामे के कारण नहीं चल सकी संसद

**भाषा।** नई दिल्ली

**पेगासस** जासूसी विवाद और केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों सहित अलग-अलग मुद्दों पर विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। लिहाजा पांच बार के स्थगन के बाद अंतत: राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पेगासस जासूसी मामला, तीन केंद्रीय कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई, हालांकि इससे पहले सरकार ने सदन में शोर-शराबे के बीच दो विधेयक भी पारित कराए। मॉनसून सत्र के पहले सप्ताह में भी इन मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही बाधित रही।

दूसरी ओर हंगामे के कारण राज्यसभा में आज एक बार फिर प्रश्न काल और शून्य काल हंगामे की भेंट चढ़ गए और नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी। कोई अन्य महत्वपूर्ण विधाई कामकाज भी नहीं हो सका। काम के नाम पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) संशोधन विधेयक 2012 को वापस लिए जाने संबंधी पेश किए गए प्रस्ताव को ध्वनि मत से स्वीकार कर लिया गया जबकि हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दलहन पर सीमा शुल्क घटाने की अधिसूचना संबंधी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे। इन दोनों के अलावा कुछ अन्य विधाई कामकाज सदन के पटल पर रखे जा सके। सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित किए जाने से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चला।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,852 | ↓ | 124 | |
| निफ्टी | 15,824 | ↓ | 32 | |
| सोना | 46,753 | ↑ | 169 | /10g |
| चांदी | 66,080 | ↑ | 396 | /kg |

### क्विक न्यूज

**डेंटल कॉलेज के मालिक की ढाई अरब की अवैध संपत्ति कुर्क**

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने सोमवार को जालसाज, सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने और गिरोह बनाकर अवैध संपत्तियां हासिल करने वाले कैरियर डेंटल कालेज के मालिक अजमत अली और सपा सरकार में राज्यमंत्री रहे उनके बेटे मो. इकबाल की संपत्तियों को कुर्क कर दिया है। अजमत अली की गिरोहबंद व समाज विरोधी क्रिया कलाप के अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत कुर्क की कुल संपत्ति की कीमत 2.54 अरब रुपये है। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के आदेश पर सोमवार को 14 (1) की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने सभी संपत्तियों की सूची तैयार की। जिसे संबंधित विभागवार बनाया गया। इसके बाद संबंधित विभाग को भी इस मामले की जानकारी दी गई।

# मिजोरम के उपद्रवियों की गोलीबारी में असम पुलिस के छह कर्मियों की मौत

## ● शाह ने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की

**भाषा।** गुवाहाटी


**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि कछार जिले में अंतर-राज्ईय सीमा पर मिजोरम की ओर से उपद्रवियों द्वारा की गई गोलीबारी में असम पुलिस के छह कर्मियों की मौत हो गई है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम और मिजोरम के मुख्यमंत्रियों से दोनों राज्यों के बीच चल रहे सीमा विवाद पर बात की और उनसे विवाद का शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

सीमा पार से लगातार हो रही गोलीबारी के बीच जंगल में मौजूद असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कछार के पुलिस अधीक्षक निंबालकर वैभव चंद्रकांत समेत कम से कम 50 कर्मी गोलीबारी और पथराव में घायल हो गए हैं। सरमा ने ट्वीट किया, मुझे यह सूचित करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि असम-मिजोरम सीमा पर हमारे राज्य की संवैधानिक सीमा की रक्षा करते हुए असम पुलिस के छह बहादुर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सीमा पार से उपद्रवियों ने उस समय अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जब दोनों पक्षों के नागरिक अधिकारी मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे थे। अधिकारी ने फोन पर कहा, मैं तत्काल यह नहीं बता सकता कि कितने लोग घायल हुए हैं, लेकिन मेरा अनुमान है कि कम से कम 50 कर्मी घायल हुए। गोलीबारी में हमारे एसपी भी घायल हो गए और एक गोली उनके पैर में लगी।

# कृतज्ञ राष्ट्र ने कारगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि दी

**भाषा।** द्रास, नई दिल्ली

**कारगिल** विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरे देश ने युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा कि 1999 के युद्ध में शहीदों ने अदम्य साहस, वीरता और असाधारण बलिदान का परिचय दिया, वहीं प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी बहादुरी हमारे लिए प्रतिदिन प्रेरणादायक है। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में डैगर युद्ध स्मारक पहुंचे कोविंद ने कहा कि यह स्मारक देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति असीम सम्मान का प्रतीक है। कोविंद का कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सोमवार को लद्दाख के द्रास में युद्ध स्मारक जाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के चलते उनका यह दौरा रद्द कर दिया गया। उन्होंने बारामूला में कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को



जम्मू कश्मीर के बारामूला में डैगर युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ।



नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर बलिदानियों को नमन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोमवार को कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान के साथ हुए इस युद्ध के शहीदों को याद किया और कहा कि उनकी बहादुरी हर दिन देशवासियों को प्रेरित करती है। उन्होंने ट्वीट किया, हम उनके बलिदान को याद करते हैं। हम उनकी बहादुरी को याद करते हैं। आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हम उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए कारगिल में अपने आप को न्योछावर कर दिया। उनकी बहादुरी हमें हर दिन प्रेरणा देती है। कारगिल विजय दिवस 1999 के कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के तहत भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष में मनाया जाता है। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने सोमवार को कारगिल विजय दिवस पर 1999 में हुए युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इस बीच, विभिन्न दलों के नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों आदि ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर देश के कई हिस्सों में समारोह आयोजित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि वीर जवानों के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान के दम पर दुर्गम पहाड़ियों पर फिर से तिरंगा फहराया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहहुल गांधी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया, हमारे तिरंगे की गरिमा के लिए अपनी जान देने वाले प्रत्एक सेनानी को दिल से श्रद्धांजलि। देश की सुरक्षा के लिए आपके व आपके परिवारों के इस सर्वोच्च बलिदान को हम हमेशा याद करेंगे। जय हिंद!

# कोरोना अभी खत्म नहीं, प्रोटोकॉल का पालन करें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। इसके साथ ही सीएम ने कोविड संक्रमण से बचाव और उपचार के सम्बन्ध में ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट की नीति को प्रभावी ढंग से लागू रखने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया गया कि अलीगढ़, बदायूं, बस्ती, बहराइच, एटा, फतेहपुर, हमीरपुर, हाथरस, कासगंज, महोबा और श्रावस्ती में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। यह सभी जनपद कोरोना संक्रमण से मुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में विशेषज्ञों के भविष्य के आकलनों के दृष्टिगत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्धस्तर पर सम्पन्न किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मेडिकल कॉलेजों में पीडियाट्रिक आईसीयू के निर्माण की कार्यवाही पूरी गति से संचालित है। मेडिकल कॉलेजों में अब तक 6,522 से अधिक पीकू आइसोलेशन बेड तथा स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में लगभग 3,000 पीकू-आइसोलेशन बेड स्थापित किये जा चुके हैं। राज्य में ब्लैक फंगस के मरीजों को दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश में 549 ऑक्सीजन संयंत्रों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। इनमें से 234 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापना के पश्चात क्रियाशील हो गये हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में भविष्य के आकलनों के दृष्टिगत बड़ी संख्या में कोरोना वैक्सीनेशन कराये जाने पर बल देते हुए कहा कि कोरोना वैक्सीन की निरन्तर एवं पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कोरोना टीकाकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाए। टीकाकरण का कार्य निर्बाध एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए। कोविड वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि गत दिवस तक प्रदेश में 4 करोड़ 44 लाख 12 हजार 776 वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हेल्थ एटीएम की स्थापना की जाए, जिसमें एक प्रशिक्षित पैरामेडिक्स की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में कई औद्योगिक समूह तथा सामाजिक संस्थाएं प्रदेश में योगदान देना चाहती हैं। इनका उपयोग हेल्थ एटीएम की स्थापना में किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 9 जनपदों में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों के अवशेष कार्य को तेजी से पूरा किया जाए।

## घर पहुंचने से पहले ही हो गया समस्या का समाधान

- जनता दर्शन कार्यक्रम में सीएम योगी से गोंडा की विमला ने लगाई थी रास्ते की गुहार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राह** बिना बहुत दिक्कत होत रहल। चारों तरफ से घेर दिहले रहलअ। कौनो राहि नाहि देखाइत रहल कि का करीं। ई हमरे खरतिन सपना जइसन हवे। ओहर बाबा से मिललीं, ऐहर राहि मिल गईल। मुख्यमंत्री योगी जी कै बहुत बहुत धन्यवाद। जब तक हमार जिनगी रही, उन कर गुणगान करअब। जिनगी भर करअब बाबा कै गुणगान। यह भाव हैं गोंडा जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र की ग्राम खोखिया निवासी विमला देवी के। वह आज सुबह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली थीं। सीएम योगी को दिए प्रार्थना पत्र में उन्होंने कहा था कि उनका घर पुरानी आबादी में है और कुछ लोगों ने जबरन दबंगई के बल पर दीवार खड़ी कर रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे उनका आने जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है।

इस बारे में एसडीएम ने रास्ते को खाली कराने आदेश दिया था, लेकिन रास्ता खाली नहीं हुआ। उनकी समस्या पर सीएम योगी ने उन्हें समाधान कराने का आश्वासन दिया था। विमला लखनऊ से अपने घर तक पहुंचतीं, इससे पहले ही जिला प्रशासन ने उन्हें आठ फिट का रास्ता दिला दिया। इस बारे में जब उनसे बात की गई, तो उन्होंने बताया कि हम घर पहुंचै वाला हईं, लेकिन फोन आ गईल बा कि राहि मिल गईल। बाबा बहुत बड़ा किरपा कइलें।

## नागरिक-सरकार सहभागिता का बड़ा प्लेटफॉर्म होगा माई गव

- केंद्रीय संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया प्लेटफार्म का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार सरकार-नागरिक सहभागिता के राष्ट्रीय मंच माई गव पर उपलब्ध हो गई है। योगी सरकार की इस अभिनव प्रयास के बाद सरकारी नीति तय करने में रायशुमारी करनी हो या फिर जनहित के कार्यक्रमों का फीडबैक, युवाओं के इनोवेटिव आइडिया लेना हो अथवा किसी मुद्दे पर चर्चा-विमर्श, यूपी में इन विषयों के लिए लोगों के पास एक और मंच उपलब्ध हो गया है।

सोमवार को केंद्रीय संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माई गव प्लेटफर्म का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित शासन की एक व्यवस्था है। वर्ष 2014 के पहले सरकार में जनभागीदारी नगण्य थी। आमजन की भावनाओं, विचारों के लिए कोई स्थान नहीं था लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार बनने के मात्र दो माह के भीतर जुलाई में माईगव प्लेटफार्म की शुरुआत की गई। प्रधानमंत्री ने तकनीक के माध्यम से लोकतंत्र की जिन भावनाओं को साकार रूप प्रदान करने के लिए जिस कार्य का शुभारंभ किया थाए आज सात वर्ष में उसने सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है।

सीएम ने कहा कि कोरोना कालखंड में हम लोगों ने तकनीक के उपयोग को महसूस किया कि कैसे एक साथ करोड़ों लोगों तक पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा सकते हैं। अस्सी हजार से अधिक फेयर प्राइस शॉप में ई.पॉश मशीन लगाकर उसे सरकार के पोर्टल से जोड़ा। आज 15 करोड़ से अधिक लोगों को पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का लाभ दे रहे हैं। पहले से अधिक मात्रा में लोगों को खाद्यान्न वितरित हो रहा है और हर इसके माध्यम से 1ए200 करोड़ तक की बचत भी कर रही है। सीएम योगी ने माईगव मंच के माध्यम से युवाओं के इनोवेटिव विचारों को प्रोत्साहन देनेए नीतियों पर चर्चा करने आदि विषयों के अच्छे परिणाम की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के इस मंच से जुड़ने को प्रदेशवासियों के लिए उपयोगी बताया।

# समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करना है: स्वतंत्र देव

- निचले स्तर तक संगठनात्कक इकाइयों का गठन अगस्त तक पूरा होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** के प्रकोष्ठों व विभागों के नवनियुक्त सयोंजकों, सहसंयोजकों की बैठक में पार्टी के प्रकोष्ठों विभागों के कार्यो पर चर्चा के साथ ही निचले स्तर तक विभागों प्रकोष्ठों की संगठनात्मक इकाईयों का गठन अगस्त में पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभागों-प्रकोष्ठों के नवनियुक्त संयोजकों और सह संयोजकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संगठन कों सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्वग्राही बनाते हुए समाज के हर वर्ग को भाजपा से जोड़ने का काम करना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी-योगी नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए योजनाऐं बनाकर कार्य किया है। सरकार में दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योंदय का स्वपन साकार हो रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने नवनियुक्त संयोजकों-सह संयोजकों का आहवान किया कि वे अपने अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाये। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। विपक्ष आज मुद्दा विहीन है इसीलिए वह झूठ और भ्रम के सहारे लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।

# कृषि कानूनों के खिलाफ होगी मुजफ्फरनगर में किसानों की महारैली

- लखनऊ को भी घेरने की दी चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्र** सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ आठ माह से आंदोलन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पांच सितंबर को मुजफ्फरनगर में महारैली और उत्तर प्रदेश राज्य के सभी मंडल मुख्यालयों पर महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की है। मोर्चा ने उत्तर प्रदेश में अपने आंदोलन के लिए चार चरणों की रणनीति बनाई है। किसान नेताओं ने दिल्ली की तरह लखनऊ को भी चारों तरफ से घेरने की चेतावनी दी है।

यहां प्रेस क्लब में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आयोजित पत्रकार वार्ता में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत, जय किसान आंदोलन के प्रोफेसर योगेंद्र यादव, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के शिवकुमार कक्का जी, जगजीत सिंह दल्लेवाल और डॉक्टर आशीष मित्तल समेत कई नेताओं ने सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी दलों के कार्यक्रमों का विरोध और उनके नेताओं का बहिष्कार करने के ऐलान के साथ आंदोलन के अगले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। राकेश टिकैत ने कहा, अब लखनऊ को भी दिल्ली की तरह बनाया जाएगा और जिस तरह दिल्ली में चारों तरफ के रास्ते सील हैं, ऐसे ही लखनऊ के चारों तरफ के रास्ते किसानों द्वारा सील किए जाएंगे। हम इसकी तैयारी करेंगे। टिकैत ने कहा, तीन किसान विरोधी कानूनों को रद्द करने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर चल रहा ऐतिहासिक किसान आंदोलन आठ माह पूरे कर चुका है। इन आठ महीनों में किसानों के आत्मसम्मान और एकता का प्रतीक बना यह आंदोलन अब किसान ही नहीं देश के सभी संघर्षशील वर्गों का लोकतंत्र बचाने और देश बचाने का आंदोलन बन चुका है।

**बुनियाद महाविद्यालय**

अल्पसंख्यक अध्यापक शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान
कनायतपुर खैराबाद सीतापुर उ0प्र0 (अल्पसंख्यक संस्थान)

**D.El.Ed. 2021-23 में प्रबन्धकीय कोटे में प्रवेश हेतु नियमानुसार आनलाइन आवेदन करें। अल्पसंख्यक समुदाय को वरीयता दी जाएगी। मानक एवं अर्हता एन0सी0टी0ई0/एस0सी0ई0आर0टी0 के मानकानुसार प्रवेश हेतु समयसारिणी निम्नवत् है –**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि | 30.07.2021 |
| 2 | आनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 12.08.2021 |
| 3 | आवेदन शुल्क जमा करने/पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि | 14.08.2021 |

**Website :- www.buniyadmahavidhyalaya.com**
**Mo.: 7007572255, 9140875048**

**बुनियाद महाविद्यालय**

कनायतपुर खैराबाद सीतापुर उ0प्र0 (अल्पसंख्यक संस्थान)
(सम्बद्ध, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ)

**बी0एड0 :–** सत्र 2021–23 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।
**शैक्षिक योग्यता :–** कला/विज्ञान वर्ग में स्नातक/परास्नातक उपाधि में 50% व तकनीकी शिक्षा में स्नातक/परास्नातक में 55% (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग) एवं 40% (अनुसूचित जाति/जनजाति) वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु।
इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा फार्म महाविद्यालय के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 05.08.2021 तक सभी शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड छायाप्रति के साथ जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि – 08.08.2021
**नोट :–** अपूर्ण एवं डाक/कोरियर से आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। स्नातक/परास्नातक अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राएं महाविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परन्तु उपरोक्त शैक्षणिक आहर्ता पूर्ण होने पर ही प्रवेश लिया जाएगा।

**Website :- www.buniyadmahavidhyalaya.com**
**Mo.: 7007572255, 9140875048**

## लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में न हो विलम्ब: सीएस

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के लम्बित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों के निस्तारण में प्रक्रियात्मक विलम्ब न हो। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों को निर्धारित समयसारिणी के अनुसार निस्तारित किया जाये ताकि निर्माण कार्य टाइम लाइन के अनुसार पूरे किये जा सकें और प्रोजेक्ट के पूरा होने में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो। कपितय प्रकरण न्यायालयों में विचाराधीन होने के कारण हो रहे विलम्ब पर उन्होंने प्रभावी पैरवी कर उक्त प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन करते हुए प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नितिन रमेश गोकर्ण ने बताया कि कॉरीडोर के अन्तर्गत 56 आरओबी बनाये जाने हैं जिनमें से 17 का निर्माण पूरा हो गया है तथा 39 पर कार्य चल रहा है। भूमि अधिग्रहण आदि के 19 इश्यूज हैं जिन पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## अपने घोषणा पत्र की भी उपेक्षा कर रही है भाजपा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आई है किसानों की दशा बिगड़ती गई है। खेती के काम आने वाली हर चीज मंहगी हो गई है और किसान के उत्पाद की लागत का डेढ़ गुना दिलाने तथा 2022 तक किसान की आय दुगनी करने के वादे सिर्फ वादे बनकर रह गए हैं। भाजपा अपने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) की भी उपेक्षा कर रही है। वादों का न निभाना भ्रष्टाचार से कम नहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि डीजल, बिजली, खाद, बीज, कीटनाशक सबके दाम आसमान छू रहे हैं। धान की खेती की लागत 40 प्रतिशत बढ़ गई है। ट्रैक्टर से खेती की जुताई भी डेढ़ गुना मंहगी है। पहले से अब मजदूरी भी ज्यादा मंहगी हो गई है। कोरोना संकट, बेरोजगारी, महंगे परिवहन से सबसे ज्यादा छोटे किसान परेशान हुए हैं। उत्तर प्रदेश में बिजली की दरें सबसे महंगी है। गन्ना किसानों की हालत बहुत खराब है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की घोर उपेक्षा की है। भाजपा सरकार के पांच वर्ष होने को है लेकिन गन्ने की कीमत में एक रूपया की भी वृद्धि नहीं की गई है। चीनी मिल मालिक पूरी तरह अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। 12 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा किसानों का बकाया है। सत्ता में आने के 14 दिनों के अंदर ही बकाया भुगतान का भाजपा सरकार ने वादा किया था। यह किसानों के साथ अन्याय है।

## कांग्रेस के नक्शे कदम पर चल रही भाजपा: मायावती

**लखनऊ।** शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाये जाने की संभावना को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे चुनावी राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के नक्शेकदम पर चल रही है। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अगर यह खबर सही है कि यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ सकता है तो यह काफी विलम्ब से उठाया गया कदम है, यह कार्य बहुत पहले हो जाना चाहिये था। जबकि चुनाव के नजदीक ऐसे फैसले करना कांग्रेसी कल्चर रहा है जिसपर अब भाजपा भी चल रही है। जनता यह सब समझती है। उन्होंने आगे कहा कि जबकि बीएसपी की कार्यशैली ऐसी संकीर्ण चुनावी सोच से हमेशा अलग व पाक साफ रही है। इसी कारण सन् 2007 में सरकार बनते ही हमने अपरकास्ट की भर्ती पर लगी रोक को तुरन्त हटाया।

## कारपोरेट जगत की समर्थक भाजपा सरकार के एजेंडे में कभी नहीं रहा किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहां है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब-जब प्रदेश और केन्द्र में आई हमेशा से कारपोरेट जगत की समर्थक रही है किसान कभी इनके एजेंडे में नही रहा है। उन्होंने कहा कि काले कृषि कानून आने के पहले मंडियां बनाना शुरू हो गई थी। स्पष्ट है कि कारपोरेट के दबाव में यह कानून ले आया जा रहा था। जहां किसानों का हित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप देने में होता वहीं ऐसा न करके बिना किसानों के सलाह के वह कानून थोपे गये जिससे किसान सड़क पर आ गए। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की शहादत का भी यह सरकार उपहास उड़ा रही है इनके जिम्मेदार मंत्री किसानों को अपशब्दों से नवाजते है, जो इस सरकार की मानसिकता दर्शाता है। किसानों के हित के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा दिलाने के लिए तीनों कानूनों के रद्द करने के लिए हम संघर्ष करते रहेंगें। सरकार के पास किसानों के शहादत का कोई रिकार्ड नहीं है इतनी असंवेदनशीलता इस सरकार को बहुत भारी पड़ेगी। लल्लू ने कहा कि किसानों के हित में आवश्यक वस्तु अधिनियम जो किसानों को सुरक्षित करता थाए कालाबाजारी से रोकता था उसे कारपोरेट के इशारे पर समाप्त करने का प्रावधान लाया गया। खाद्य पदार्थ तेल, आलू, प्याज, दाल, तिलहन को आवश्यक वस्तु मानते हुए कालाबाजारी से रोका जाता था।

**RICH UNIVERSE NETWORK LIMITED**
(Formerly Known as Rich Capital & Financial Services Limited)
**Regd. Office:** 7/125, (C-2), 2nd FLOOR, SWAROOP NAGAR, KANPUR- 208002
**PHONE No.:** 0512-3391881, **Tele Fax:** 0512-2540293
**CIN:** L51100UP1990PLC012089 **E-mail:** rcfsl@rediffmail.com investors@richuninet.com
**website:** richuninet.com

Notice

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 readwith Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, 6th August, 2021 at 4:00 P.M. at the Registered Office of the Company at IInd Floor, 7/125, C-2, Swaroop Nagar, Kanpur - 208002 to, inter-alia, consider and approve the un-audited financial results of the Company for the quarter ended 30th June, 2021 & any other business with the permission of chair.

In compliance of the provisions of SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and the Company's "Code of Internal Procedures and Conduct for Regulating, Monitoring and Reporting of Trading in Securities by Designated Persons", the Trading Window for dealing in the securities of the Company for all the Designated Persons including Insiders, had already been closed w.e.f. 1st July, 2021, and the same shall re-open 48 hours after results are made public on 6th August, 2021.

The information contained in this notice is available on the Company's website www.richuninet.com and also on the website of BSE Ltd.-www.bseindia.com.

**For Rich Universe Network Limited**
**Sd/-**
**(Shashwat Agarwal)**
**Chairman & Managing Director**
**DIN: 00122799**

**Date : 26.07.2021**
**Place : Kanpur**

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Guriya Agrawal था जो अब बदलकर Shivani Agarwal हो गया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Shivani Agarwal W/O Rupam Agarwal 56/13, Motilal Nehru Road Allahabad, UP

**प्रवेश सूचना**

**माँ शीतला देवी त्रिजुगी नारायण महिला महाविद्यालय, अरौल, कानपुर नगर-209214 (अल्पसंख्यक संस्था) बी.एड. – 2021 में प्रबंधकीय कोटे पर प्रवेश हेतु 11/08/2021 तक आवेदन करें। प्रवेश परीक्षा 16/08/2021 को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। योग्यता एवं अर्हता उ.प्र. सरकार / एन.सी.टी.ई. के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित हो कर आवेदन करें। अल्पसंख्यक आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। –**
**प्राचार्य**

# साइबर क्राइम के अब तक 528 मुकदमे दर्ज, 385 गिरफ्तार

- साइबर अपराध के मामलों में हो रही है प्रभावी कार्रवाई: अवनीश अवस्थी
- पांच करोड़ 63 लाख 47 हजार रुपए से अधिक की हो चुकी है बरामदगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि साइबर अपराध के मामलों में उत्तर प्रदेश में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खोले गये परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों द्वारा अब तक कुल 385 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनसे 5 करोड़ 63 लाख 47 हजार रुपए से अधिक की बरामदगी की गयी है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों में अब तक कुल 528 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं, जिनमें से 126 अभियोगों का अनावरण करते हुये उक्त कार्यवाही की गयी है तथा शेष पर कार्यवाही प्रगति पर है। महिलाओं के साथ घटित होने वाले साइबर अपराधों की शिकायत पर सुगमता से कार्यवाही हेतु प्रत्येक साइबर थाने में महिला साइबर क्राइम सेल भी संचालित कराया जा रहा है। प्रदेश के सभी परिक्षेत्रीय साइबर थानों को पर्याप्त उपकरणों एवं संसाधनों की व्यवस्था की गयी है। शासन द्वारा नये साइबर थानों को और अधिक सुदृढ़ करने एवं डाटा सम्बन्धी कार्यो आदि के लिये और बेहतर परिणाम हेतु 32 करोड़ 80 लाख रुपए की धनराशि दी गयी है। इस धनराशि से सभी साइबर थानों के साइबर लैब हेतु डाटाबेस मैनेजमेंट, फारेन्सिक टूल्स, डेटा एनेलिसिस साफ्टवेयर, डेटा एक्सट्रैक्शन साफ्टवेयर आदि की व्यवस्था किये जाने के प्रयास किये गये हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश में अब तक एनसीसीआरपी पोर्टल पर कुल 49779 शिकायतें एवं एमएचए से कुल 21512 टिप लाइन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका निस्तारण सम्बन्धित जनपदों एवं साइबर क्राइम थानों द्वारा कराया जा रहा है। साइबर क्राइम मुख्यालय द्वारा अब तक कुल 12547 संदिग्ध मोबाइल नम्बरों को बंद किये जाने हेतु रिपोर्ट किया गया है। साइबर क्राइम के अन्वेषण के सम्बन्ध में संचालित लैब में अब तक कुल 1363 राजपत्रित, अराजपत्रित पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में स्थापित साइबर थाना लखनऊ व गौतमबुद्धनगर के अलावा सभी 16 परिक्षेत्रीय स्तर पर एक एक साइबर क्राइम थाने क्रमश: आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, चित्रकूटधाम, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन, कानपुर, झांसी, अयोध्या, सहारनपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर व वाराणसी की स्थापना की गयी है। शासन द्वारा इन थानों को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु 384 पदों का सृजन भी किया गया है। साइबर क्राइम थानों के नियंत्रण एवं राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण हेतु अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में सिग्नेचर बिल्डिंग में साइबर क्राइम मुख्यालय पर साइबर क्राइम सेल संचालित किया जा रहा है।

अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राम कुमार ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा पीड़ित व्यक्तियों के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर निकाली गयी धनराशि को यथाशीघ्र अपराधियों के खातों में फ्रीज कराकर पीड़ित को वापस कराने के लिए टोल फ्री नम्बर.155260 संचालित किया गया है, जो चौबीसों घण्टें क्रियाशील है।

## सांसद आदर्श ग्राम योजना में चयनित गांवों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव आरके तिवारी की अध्यक्षता में सांसद आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित अधिकार प्राप्त समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सीएस ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका अनुश्रवण भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। अत: सभी विभाग सांसद आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में अपनी विभागीय योजनाओं व बजट को इन ग्रामों के विकास कार्यो में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जो परियोजनायें पूर्ण होती जाए। उन्हें तत्काल पोर्टल पर अपडेट भी कर दिया जाये। उन्होंने सभी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिये। इससे पूर्व बैठक में बताया गया कि सांसद आदर्श ग्राम योजना दो फेज में लागू की गयी है जिसमें प्रथम फेज 2014-19 में प्रत्येक सांसद को वर्ष 2019 तक 3 चयनित ग्रामों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अभिसरण द्वारा संतृप्त करते हुए आदर्श ग्राम बनाया जाना है।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, रायबरेली रोड, पोस्ट–दिलकुशा, लखनऊ–226002, भारत
Indian Institute of Sugarcane Research, Rae Bareli Road, Post - Dilkusha, Lucknow — 226 002, India

F. No13-76/2020-Admn.I  Dated : 26.07.2021

**Walk-in-Interview**

Walk-in-Interview for the following contractual position under time bound project as per details given below :-

| Sl. No. | Name of the Position | No. of Vaccancy | Date of Interview |
|---|---|---|---|
| 1 | Field Assistant | 01 | 02.08.2021 |
| 2 | Contract Assistant | 01 | 04.08.2021 |
| 3 | Project Assistant | 01 | 05.08.2021 |
| 4 | Technical Assistant | 01 | 06.08.2021 |
| 5 | Young Professional-I | 01 | 09.08.2021 |
| 6 | Yoga Instructor | 01 | 11.08.2021 |
| 7 | Physiotherapist | 01 | 11.08.2021 |

For further details as qualifications, age and other terms and conditions etc., please refer to the Institute's Website *Attps://iisr.icar.gov.in*

For any change/updation will be published on website only.

**(R K Yadav)**
**Assistant Administrative Officer**
**& I/e Adm.I**

आस्था का श्रावण मास






# सावन के पहले सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ का अद्भुत श्रृंगार





● शहर के अन्य शिवालयों गौरी-केदारेश्वर महादेव महामृत्युंजय महादेव तिलभाण्डेश्वर महादेव त्रिलोचन महादेव, जागेश्वर महादेव, ऊं कालेश्वर महादेव सारंगनाथ महादेव, श्री काशी विश्वनाथ (बीएचयू) स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी

**सावन के** पहले सोमवार पर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए बाबा का दर्शन सुबह मंगला आरती के बाद भक्तों ने किया। पूरे दिन सावन की परंपरा अनुसार शाम को श्रृंगार भोग आरती से पहले गर्भगृह में शिव रूप श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान मंगलवा आरती के बाद तरह-तरह के फूलों से बाबा की झांकी सजाई गई। मान्यता है कि सावन के हर सोमवार को बाबा अलग-अलग रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। भक्त बाबा के इस अद्भुत और आकर्षक स्वरूप का दर्शन पाकर तृप्त होते हैं। इस विधान के अनुसार हर सोमवार को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर गर्भगृह में अलग-अलग झांकी सजाई जाती है।बाबा दरबार में मंगला आरती के बाद आम श्रद्धालुओं को प्रवेश मिला तो श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह आठ बजे तक 13 हजार 900 भक्तों ने लगाई हाजरी। वहीं सोमवार को सपा नेता शालिनी यादव गोदौलिया चौराहे से यादव बंधु के साथ जलाभिषेक के लिए जुलूस में शामिल हुईं। सुबह डमरू दल के साथ पूरी टोली मौजूद रही और पूरा क्षेत्र हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। उम्मीद है कि रात तक लगभग एक लाख लोग दर्शन पूजन कर सकेंगे। इसके लिए सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। परिसर में कोरोना गाइडलाइन का इस दौरान पूरा पालन कराते हुए श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया। जबकि सुबह अभिनेता व सांसद रविकिशन ने भी बाबा दरबार में हाजिरी लगाई। इसकी तस्वीर पोस्ट करने के बाद लिखा- 'सावन का पहला सोमवार महादेव बाबा विश्वनाथ के दर्शन प्राप्त कर आप समस्त देशवासियों के लिए प्रार्थना किया 3 बोलो हर हर महादेव'। वहीं शहर में अन्य वीआइपी लोगों ने भी बाबा दरबार में हाजिरी लगाकर पुण्य की कामना की।

**गंगधार से बाबा दरबार:** सुबह से ही आस्थावानों का रेला गंगा की ओर मुड़ चला तो गंगा में स्नान के बाद दान पुण्य की कामना के साथ ही आस्थावानों ने बाबा दरबार में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए हाजिरी लगाई। बाबा दरबार सुबह मंगलाआरती के बाद आस्थावानों के लिए खुला तो पूरा प्रांगण हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद दर्जनों लोग मंगला आरती के साक्षी बने। वहीं महामृत्युंजय महादेव, गौरी केदारेश्वर महादेव, सारंगनाथ, तिलभांडेश्वर महादेव, जागेश्वर महादेव, त्रिलोचन महादेव, ऊं कालेश्वर महादेव (कोयला बाजार),रामेश्वर, बीएचयू स्थित श्री काशी विश्वनाथ, माधोपुर स्थित शूलटंकेश्वर महादेव सहित कई जगहों पर आस्था की कतार सुबह से ही नजर आई।

## 11 यादव बंधुओं ने श्री काशीपुराधिपति नाथ का किया जलाभिषेक

● चन्द्र गोप सेवा समिति के अध्यक्ष लालजी यादव के नेतृत्व में यादवों के 132 वर्षों की परम्परा का किया निर्वाह



**वाराणसी।** बाबा काशी विश्वनाथ ही सभी कष्टों से मुक्ति दिलाते है,अत: कोरोना से पूरी मानव जाति को मुक्ति दिलाकर सुख व समृद्धि के पथ पर ले जाने की प्रार्थना के साथ श्रीमती शालिनी यादव ने बाबा काशी विश्वनाथ का गंगाजल से जलाभिषेक करते हुए सावन में बाबा के दर्शन का प्रारम्भ किया।यादव बंधुओं द्वारा परंपरागत रूप से वर्ष 1932 से जलाभिषेक करने वाली संस्था चंद्रवंशी गोप सेवा समिति के तत्वाधान में शालिनी यादव के नेतृत्व में आज पूरे विधि विधान से बाबा काशी विश्वनाथ का परंपरागत तरीके से कोविड प्रोटोकॉल के अंतर्गत जलाभिषेक किया गया।इस अवसर पर मीडियाजनों से बात करते हुए श्रीमती यादव ने कहा कि इस सावन माह में शुक्र व चंद्र मजबूत होते हैं जिसमे यादव बंधुओं द्वारा प्रथम सोमवार को बाबा का गंगाजल से जलाभिषेक किये जाने से मानव के सभी कष्ट दूर होते है।इसके पहले समिति के अध्यक्ष लालजी यादव व अन्य यादव बंधुओं ने केदारघाट से घड़ो में गंगाजल भरते हुए इस ऐतिहासिक परंपरा का आरम्भ किया।इस दौरान पीतल ध्वज लेकर व डमरू बजाते हुए हर हर महादेव के उद्घोष के साथ 11 की संख्या में यादव बंधु चल रहे थे।तदोपरान्त दशाश्वमेध घाट से शीतला माता का आशीर्वाद व गंगाजल लेते हुए शालिनी यादव व लालजी यादव के नेतृत्व में ये जत्था 11 की संख्या में मंदिर में प्रवेश हेतु डेडशी के पुल की गली पर पहुंचा जहां उपस्थित दर्शनार्थियों ने शालिनी यादव को माला व अंगवस्त्रम अर्पित कर स्वागत किया।फिर हर हर महादेव के जयघोष के साथ सभी मंदिर हेतु प्रस्थान किए।जहां विधि विधान से बाबा का गंगाजल से जलाभिषेक के उपरांत उनसे विश्व को कोरोना से मुक्त करने और भारत को सुख समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना सभी यादव बंधुओं ने की।इसके उपरांत ज्ञानवापी के मुख्य द्वार से सभी यादव बंधु बाहर आये जहां पर स्थानीय यादव बंधुओं द्वारा श्रीमती शालिनी यादव सहित सभी दर्शनार्थियों का पूर्व पार्षद प्रत्याशी मनीष यादव के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया साथ ही सभी को फलाहार का वितरण किया गया। इस जलाभिषेक कार्यक्रम में लालजी यादव के अलावा विनय यादव, मनीष यादव, मनोज इंजीनियर, दुर्गा यादव,मनोज यादव, आयुष्मान यादव,विष्णु यादव,बल्ली सरदार, अश्वनी यादव, सागर यादव, बल्ली यादव, अशोक यादव व गोपाल यादव सहित भारी संख्या में यादव बंधुओं ने भाग लिया।इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया गया साथ ही भारी प्रशासनिक व पुलिस व्यवस्था रही।

## आयुष्मान भारत योजना का लाभ पहुंचाने के लिए अभियान किया गया शुरू

**मिर्जापुर।** केन्द्र व प्रदेश की अति महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना से अब कोई भी व्यक्ति वंचित नही रहेगा। शासन के निर्देश पर विभाग 26 जुलाई से 09 अगस्त तक जिले के सभी ग्राम पंचायतोंए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कैम्प लगाकर जिनके पास पत्र तो है परन्तु कार्ड से वंचित है उनका कार्ड बनाने का कार्य करेगा।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डाक्टर अरूण कुमार ने बताया कि जिन लोगों के पास प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का पत्र तो है परन्तु किसी कारणवश उनका कार्ड अभी तक नही बना है और वे योजना के लाभ से अभी तक वंचित है उनका कार्ड बनाने के लिए 26 जुलाई से 09

● शासन के निर्देश पर विभाग चलायेगा नौ अगस्त तक अभियान

अगस्त तक अभियान चलाकर जिले के सभी 809 ग्राम पंचायतोंए 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कैम्प लगाकर लाभार्थियों का कार्ड बनाया जायेगा। जिला सूचना प्रबन्धक राहुल ने बताया कि अभियान में विभाग में कार्यरत 2043 आशाकार्यकर्ताए 563 एएनएम के अलावा बाल विकास विभाग के 2000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लगाया गया है।अभियान के दौरान कैम्प में कोरोना की सावधानियों का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। हर व्यक्ति मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग के साथ ही प्रति घण्टे हाथों को साबुन व पानी से धोने का कार्य कराया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के जिला शिकायत प्रबन्धक आयुष पाण्डेय का कहना है कि यह योजना गरीब परिवार के लिए एक संजीवनी बूंटी की तरह काम किया है। कोरोना जैसी महामारी के दौर में भी इलाज कराने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए पूरी तरह उपयोगी सिद्ध हुआ। जिससे ऐसे लाभार्थियों को एक नया जीवन दान मिला। लेकिन आयुष्मान भारत योजना से जो व्यक्ति पत्र होने के बावजूद वंचित रहा है उनसे यह अपील है कि अभियान के दौरान अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या कैम्प में जाकर कार्ड बनवाने का कार्य करें। जिससे उनको योजना का लाभ जल्द से जल्द मिलना शुरू हो जाए।

## दस जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र



**स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत** स्थित बीजपुर कस्बा में रविवार की भोर में जुआ खेलते हुए एक फड़ से दस जुआड़ी बीजपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीजपुर थाना के उप निरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय हमराही आरक्षी विवेक राय धीरज पटेल अभिषेक कुमार कृष्ण कुमार व योगेन्द्र यादव के साथ रविवार की रात्रि गश्त पर निकले हुए थे। उसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि बीजपुर कस्बा में एक फड़ पर जुआड़ी जुआ खेल रहे हैं। बस क्या था पुलिस ने मुखबीर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी करके फड़ से कुल दस जुआड़ियों को हिरासत में ले लिया। फड़ व जुआड़ियों से जामा तलाशी के दौरान पुलिस को कुल 2300 रुपए भी मिले। रविवार की सुबह पुलिस दसों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। पकड़े गए आरोपियों में ग्राम सभा बीजपुर टोला शांतिनगर निवासी अर्जुन प्रसाद गुप्ता पुत्र रामफल गुप्ता ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व राम अधीन गुप्ता व ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र रामफल गुप्ता हाल पता कस्बा बीजपुर व मूल निवासी ग्राम फत्तुही थाना बरदह जनपद आजमगढ़ निवासी राकेश राय पुत्र चंद्रेश राय कस्बा बीजपुर निवासी प्रभात कुमार चौरसिया पुत्र बेचन कुमार चौरसिया पंकज मिश्रा पुत्र प्रेम नरेश मिश्रा व जितेंद्र सोनकर पुत्र स्व शंकर सोनकर ग्राम सभा बीजपुर टोला पुनर्वास प्रथम निवासी लाल बहादुर जायसवाल पुत्र स्व शंकर जायसवाल व सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्व रामलल्लू गुप्ता के साथ साथ ग्राम सभा सिरसोती निवासी पंकज जायसवाल पुत्र राजेश जायसवाल के नाम शामिल हैं।

## दस्तक अभियान में खोजे गए टीबी के 26 नए मरीज

● विभाग ने शुरू किया निशुल्क उपचार

**सोनभद्र।** संचारी रोग नियंत्रण मांह के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चलाए गए दस्तक अभियान में जिले में 26 टीबी के मरीज पाए गये ।क्षय रोग विभाग द्वारा इन टीबी रोगियों का निशुल्क उपचार भी शुरू कर दिया गया है।प्रभारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत जिले में 11 जुलाई से 25 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया गया इस अभियान में स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर टीबी के मरीजों को खोजने का काम किया, दस्तक अभियान में 26 टीबी के मरीज मिले जिनका उपचार विभाग द्वारा शुरू करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीम कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए घर घर जाकर टीबी के रोगियों को खोजने का काम किया ।टीम ने घर घर जाकर परिवार के लोगों से मिलकर यह पूछा कि परिवार में किसी सदस्य को दो सप्ताह से खांसी तो नहीं आ रही है। इस तरह से स्वास्थ्य टीम ने ऐसे मरीजों को चिन्हित कर क्षय रोग विभाग को उनका सैंपल उपलब्ध कराया ।जांच के बाद टीबी की पुष्टि होने पर विभाग ने मरीजों का उपचार शुरू कर दिया ।प्रभारी जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि टीम में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाया गया था और टीम ने टीबी रोगियों के खोजने के साथ-साथ कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए दो गज की दूरी बनाए रखने और मुंह पर मास्क लगाने तथा सैनिटाइजर से बार बार हाथ धोने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर न जाने एवं टीकाकरण कराए जाने का सुझाव दिया ।उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत उनके खान-पान व पौष्टिक आहार के लिए प्रतिमाह पॉच सौ रुपए उनके बैंक खाते में भेजा जाएगा।

**टीबी रोग के लक्षण:** यदि किसी को दो सप्ताह या उससे अधिक समय से खांसी आ रही हो, खांसी के साथ बलगम तथा कभी-कभी खून आता हो, सीने में दर्द होना ,वजन कम होना, भूख न लगना और शाम को बुखार आना यह सब टीबी के लक्षण है।

## क्विक न्यूज

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत



**वाराणसी।** राजातालाब थाना क्षेत्र के बीरभानपुर स्थित हाईवे पर सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे राजातालाब से मोहनसराय के तरफजा रही ट्रक की चपेट में आने से पल्सर बाइक सवार मोनू चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी रैपुरा आशापुर थाना सारनाथ तथा दूसरा मृतक कचनार राजातालाब निवासी मुकेश चौहान 32 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर राजातालाब थाना प्रभारी राम आशीष मौके पर पहुंच कर उक्त दोनों शवो को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजातालाब थाना प्रभारी रामआशीष ने बताया कि मृतक के पाकेट से मिले आधार कार्ड से एक मृतक की पहचान मोनू चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी रैपुरा आशापुर थाना सारनाथ तथा दूसरा मृतक मुकेश चौहान 32 वर्ष कचनार राजातालाब निवासी है।एक्सीडेंट के बाद ट्रक फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि नो एन्ट्री के कारण से राजातालाब से मोहनसराय जाने वाली हाईवे रोड के किनारे वे तरीके से लंबी लाइन में खड़ी ट्रकों के कारण यह घटना घटी।

### अजीरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शंकर का किया जलाभिषेक

**बीजपुर/सोनभद्र।** पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवार के सुअवसर पर श्रद्धालुओं ने स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा जरहां परिक्षेत्र स्थित अंजीर नदी के तट पर बने अजीरेश्वर धाम में भूतभावन भगवान शंकर पर जलाभिषेक विधि -विधान से किया। भगवान शंकर पर विभिन्न ग्राम सभाओं से आए हुए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करने के उपरांत उनसे अपने परिजनों एवं देश की सलामती के लिए मिन्नते कीं। सोमवार की भोर से ही श्रद्धालुओं का जत्था भोले बाबा के जलाभिषेक के लिए अपने-अपने घरों व गांवों से निकला हुआ दिखाई दे रहा था। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से कोविड-19 के नियमों का अनुपालन कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक बीजपुर देवतानन्द सिंह के नेतृत्व व दिशा निर्देशन में थाने की पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रही। श्रद्धालुओं द्वारा किए जा रहे हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। अजीरेश्वर धाम में मंदिर पूजा समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए काफी तत्पर दिख रहे थे। यही आलम ग्राम सभा सिरसोती के शिव मंदिर, एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर मौजूद शिव मंदिर के साथ -साथ क्षेत्र में बने अन्य शिव मंदिरों में भी देखने को मिल रहा था जहाँ भगवान शंकर के जयघोष से सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिरस से सराबोर दिख रहा था।

### लिखित आश्वासन पर किसानों का धरना समाप्त



**धानापुर/चन्दौली।** क्षेत्र के रसुलपुर पंचायत भवन पर किसानों का चल रहा धरना प्रदर्श सोमवार को ब्लाक प्रमुख अजय सिंह के मध्यस्थता एवं उपजिलाधिकारी के लिखित आश्वासन पर समाप्त हो गया। ज्ञात हो कि एक लगभग एक सप्ताह से भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों का धरना माइनरों की साफसफाई एवं पानी को लेकर चल रहा था। किसानों का कहना था कि धान की रोपाई का समय जा रहा है अभी तक न तो माइनर की सफाई हो रही है और न ही उसमें पानी आया था जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांव में रोपाई का कार्य बाधित चल रहा था। धरना प्रदर्शन के बाद सोमवार को लगभग सभी माइनरों तक पानी पहुंच गया । जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव ने बताया कि उपजिलाधिकारी ने लिखित आश्वासन दिया है कि रोपाई का कार्य जब तक नही हो जाता तब तक नहरों और माइनरों में पानी चलता रहेगा तब जाकर किसान शांत हुए। इस दौरान मुख्य रूप से दीनानाथ श्रीवास्तवए विमल सिंह दादाए अनिल ए मनोज सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

### मन्दिर परिसर की व्यवस्था चुस्त करने में लगे अधिकारी

**चकिया/चन्दौली।** श्रावण मास का महीना शुरू होते ही पहले सोमवार को शिवालयों एवं देवालयों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई है और लोग पहुंच कर पूजा अर्चन कर रहे हैं। उसी क्रम में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को चकिया क्षेत्र के हेतिमपुर गांव स्थित जागेश्वर नाथ धाम में भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ टूट पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन चप्पे.चप्पे पर तैनात है। मंदिर परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीति त्रिपाठी व कोतवाल नागेंद्र प्रताप सिंह मोर्चा संभाल रखे है।वही वर्तमान समय में चल रहे करोना कॉल को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए केवल 5 लोगों को ही मंदिर के अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा है। वहीं सादे वर्दी में भी पुलिस प्रशासन के लोग मंदिर परिसर के आसपास चक्रमण कर रहे है और लगातार उच्चकों एवं चैन स्नैचरों पर नजर रख रहे है।

## मऊ में चालकों की हड़ताल से थम गए एम्बुलेंस के पहिए

**मऊ।** छह सूत्री मांगों को लेकर रविवार की आधी रात से हड़ताल पर गए एम्बुलेंस चालकों के कारण जिले के सभी एम्बुलेंसों के पहिए जाम हो गए। साथ ही साथ हड़ताल के कारण जिले में स्वास्थ्य सेवा चरमरा गया है। सबसे ज्यादा परेशानी दूर.दराज के इलाकों में गंभीर रुप से बीमार लोगों को उठानी पड़ी। एम्बुलेंस के अभाव में मरीज व तीमारदार इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। हालांकि प्रभारी सीएमओ डॉण् एसपी अग्रवाल ने दावा किया है कि इमरजेंसी के लिए रखे गए चार एम्बुलेंस के माध्यम से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बहाल हैं।

बतातें चलें कि नगर समेत ग्रामीण अंचलों में कुल 57 एम्बुलेंस का जिले में संचालन किया जाता है। इसमें 102ए 108 और एडवांस लाइफसपोर्ट (एएलएस) के कुल 57 एंबुलेंस है। एम्बुलेंस सेवा के तहत 102 के लिए 27 एम्बुलेंस, 108 के तहत 23 एम्बुलेंस तथा एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) के लिए 7 एम्बुलेंस हैं। लेकिन रविवार की आधी रात से एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल के कारण सभी एम्बुलेंस के पहिए जाम हो गए। सिर्फ चार एम्बुलेंस को इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रखा गया है। एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल से सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को हुआ। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल जाने के लिए एंबुलेंस की 102 नंबर सेवा काम करती है। अस्पताल से महिलाओं को उनके घर भी इसी से छोड़ा जाता है। लेकिन सोमवार को हड़ताल के साथ एम्बुलेंस की सेवाएं पूरी तरह से ठप रहा। विभिन्न अस्पतालों के सामने एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल के कारण मरीज व तीमारदार काफी परेशान दिखाई दिए। हालांकि प्रभारी सीएमओ डॉ. एसपी अग्रवाल ने दावा किया है कि रिजर्व में रखे गए चार एम्बुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखने का प्रयास किया जा रहा है।

**आपात कालीन सेवा के लिए चार एम्बुलेंस है रिजर्व:** एम्बुलेंस प्रभारी रविकांत ओझा ने बताया कि एम्बुलेंस चालकों की हड़ताल को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सर्तक हो गया है। इमरजेंसी सेवा के बाबत चार एम्बलेंस को रिसर्व रखा गया है। रिजर्व में रखे गए चार एम्बुलेंस के माध्यम से आपात कालीन स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

## सावधान एक्सप्रेस रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

● प्रभारी सीएमओ ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। मऊ



सीएमओ कार्यालय पर सावधान एक्सप्रेस रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते प्रभारी सीएमओ डॉण् एसपी अग्रवाल

**कोर ग्रुप,** सीआरएस एवं गोरखपुर एनवायर्नमेंटल एक्शन ग्रुप के द्वारा कोविड.19 प्रोजेक्ट के अंतर्गत सोमवार को सीएमओ कार्यालय से सावधान एक्सप्रेस ई रिक्शा रैली निकाला। रैली को प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एसपी अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

सावधान एक्सप्रेस रैली घोसी, कोपागंज, परदहां, रानीपुर ब्लाक समेत जिले के अन्य विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को कोविड नियमों के बारे में जागरुक करेगी। प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् एसपी अग्रवाल ने बताया कि सावधान एक्सप्रेस रैली कोविड.19 का व्यवहार अपनाने के बारे में जैसे मास्क लगानाए 2 गज की दूरी अपनानाए साबुन से हाथ धुलनाए अनावश्यक बाहर ना जानाए कोविड टीकाकरण के बारे में लोगो को जागरूक करेगी। साथ ही साथ लोगों में टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने एवं टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने का भी कार्य करेगी। इस अवसर पर मुख्य रुप से डॉ डॉ बी के यादव जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ वकील अली अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पद्म जैन एसएमओ डब्लूएचओ, जिला वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर कामख्या मौर्या, सौरभ सिंह डीएमसी यूनिसेफ, शमशेर अली डीएमसी कोर ग्रुप व कोर ग्रुप बीएमसीए कम्युनिटी मोबीलाइजर्स उपस्थित रहे।

## सपा ने महंगाई के लिये सरकार को कोसा

**घाटमपुर।** समाजवादी पार्टी ने बिकास खंण्ड पतारा में गांव स्योढ़ारी गांव में सदस्यता अभियान के तहत आयोजित सभा में महगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार को कोसा, सेवा निवृत फौजी भारत भूषण संखवार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्य क्रम में बड़ी संख्या में लोगो सपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमेश सिंह यादव, महासचिव अनवार सिंह, घाटमपुर बिधान सभा अध्यक्ष राजू बर्मा उर्फ धीरेंन्द्र प्रताप और महा सचिव अमर सिंह यादव, पिंकू के सचान भी मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला खण्ड (ल0क्षे0) मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पुरनिया कार्यालय परिसर, अलीगंज, लखनऊ।** **ई–निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से ई–निविदायें दो भागों में निम्न विवरणानुसार उ0प्र0 सरकार के पोर्टल **www.etender.up.nic.in** आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विवरण **www.mvvnl.in** पर भी अवलोकित किया जा सकता है। निविदा के अवधि विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन एव निरस्तीकरण की सूचना ई–टेण्डर पोर्टल **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने, विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1. अल्पकालीन निविदा सं0 01/विकाख/2021–22** : परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला, बॉकेगंज, लखीमपुर में कम्प्यूटर पर कार्य करने हेतु 01 नग कम्प्यूटर आपरेटर की आपूर्ति का कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य 1180.00 (1000+18% GST 180.00) एवं धरोहर धनराशि रू0 1600.00। निविदा अपलोड करनें की अंतिम तिथि 11.08.2021 समय 17:00 बजे तक तथा प्रथम भाग खुलने की तिथि 12.08.2021 समय 14:00 बजे। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला खण्ड, लखनऊ** पत्रांक–815 दिनांक–26.7.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''।

**MADHYANCHAL VIDYUT VITRAN NIGAM LTD.** HEAD OFFICE 4-A, GOKHLE MARG, LUCKNOW. **E-TENDER NOTICE** Tenders through e-tendering system are invited from reputed manufacturers with adequate experience for Competitive Bidding for supply of Three Phase Four Wire Direct Connected Static Electronic Energy Meter(10-60 Amp.) Accuracy Class 1.0 DLMS Compliant with Box & Seal with following details. Bidders may quote for minimum 20% quantity with proportionate earnest money:- **TENDER SPECIFICATION NO. MEDCO/2593/ 2021 : - Item Description** Supply of Three Phase Four Wire Direct Connected Static Electronic Energy Meter (10-60 Amp.) Accuracy Class 1.0 DLMS Compliant with Box & Seals **Quantity (Nos.)** 1,20,000 **Earnest Money (Rs.)** Rs. 23,76,000.00 **Tender Fee with GST(Rs.)** Rs. 11,800.00 Last Date & Time of receiving Tender : 24.08.2021 upto 13:00 Hrs. Due date and time for opening Bid Part-I : 25.08.2021 at 15:00 Hrs. For this tender the tender Fee amounting to Rs. 11800.00 (Rupees Eleven Thousand Eight Hundred) onlywith GST shall be deposited in the form of NEFT/RTGS only and Earnest Money, as mentioned above, shall be deposited in the form of Bank Guarantee or RTGS/NEFT. The scanned copy of Tender Fee and Earnest Money details alongwith tender bid documents shall be uploaded on e-tender website: etender.up.nic.in. Detailed information of the tender and tender documents can be seen and downloaded from e-tender website: https://etender.up.nic.in and MVVNL website: www.mvvnl.in In case of amendment and date extension, the information shall be made available on e-tender website:https://etender.up.nic.in and MVVNL website: www.mvvnl.in **Superintending Engineer (Comm) MVVNL 4-A Gokhale Marg, Lucknow** No.: 314, Date : 26.7.2021, **MVVNL Helpline No.18001800440/ 1912** "SAVE ELECTRICITY IN NATIONAL INTEREST, USE **LED** IN PLACE OF **BULB**"

# बारह घंटे जाम रहा कानपुर-सागर हाइवे

● दुर्घटना के कारण स्टेट हाइवे भोगनीपुर चौडगरा पर भी वाहनों की लगी लम्बी लाइन

संवाददाता। घाटमपुर



**नगर** के मुख्य चौराहे पर सोमवार तड़के दो ट्रक आपस में भिड़ गये जिससे कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग 12 घंटे तक जाम रहा। जाम से कानपुर–हमीरपुर और स्टेट हाइवे 46 भोगनीपुर बाया घाटमपुर–चौडगरा पर वाहनों की मीलों लम्बी लाइन लग गयी। जाम में परिवाहन निगम की बसें और मरीज को लेकर आने–जाने वाली एम्बूलेंसें भी फसी रही, हादसे में एक ट्रक के चालक क्लीनर भी घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया है,, बताया जाता है एक बारह चक्का ट्रक मोरंग लेकर हमीरपुर से लखनऊ जा रहा कि भोर पहर जैसे ही चौराहे पर पंहुचा कि तभी भोगनीपुर की ओर से आ रहे से ट्रंक ने टक्कर मार दी, हादसे में लखनऊ जा रहे ट्रक के चालक व क्लीनर घायल हो गये। सबेरे 8 बजे के करीब जब चौराहा डियुटी पर तैनात पीआरडी के जवान आये और क्रेन के जरिये ट्रकों को हटवाने का प्रयास किया लेकिन क्रेन दगा दे गयी, तब दूसरी क्रेन के जरिये मोरग लदे ट्रक को एक किनारे कराने के बाद यातायात बहाल हो सका लेकिन तब तक चौराहे के चारो रोडों पर मीलों वाहनों की दोहरी–तेहरी लाइन लग चुकी थी।

### हादसे में बोलारो सवार महिला सहित तीन घायल

**घाटमपुर।** बीती शांम कानपुर रोड पर स्थित गांव बीरपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बोलारो कार सवार तीन लोग घायल हो गये सूचना पर पंहुची कस्बा चौकी पुलिस उन्हें इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने तीनों को उर्सला कानपुर रिफर कर दिया है। पुलिस के मुताविक घायल नगर के बसंन्त बिहार मुहल्ले के रहने वाले हैं।

## सरकारी एंबुलेंस चालकों ने किया चक्का जाम

**फतेहपुर।** नौकरी से निकाले जाने के मिले सिग्नल के बाद सरकारी एंबुलेंस चालकों ने हडताल शुरू कर दी। जिले के 102, 108 तथा एएलएस एंबुलेंस के चालक कई दिनों से सांकेतिक हडताल कर रहे हैं। सांकेतिक हड़ताल के बाद आज स्पोर्ट्स स्टेडियम में सभी 71 एंबुलेंस खड़ी कर चक्का जाम कर दिया। मरीजों को लाने ले जाने की कॉल नहीं अटेंड हो रहीं हैं। एंबुलेंस चालक नौकरी में रखने की मांग कर रहे हैं। एंबुलेंस चालक जीवीके से संबद्ध हैं। अब जिगित्सा को काम मिला है। जिगित्सा ने नए कर्मचारियों को रखने का फरमान जारी कर दिया है। एंबुलेंस न चलने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गयीं। मरीजों को लान, ले जाने में बडी दिक्कतें हो रही हैं। अफसर अब तक कोई हल नहीं निकाल पाए हैं। जीवन दायिनी संघ के अध्यक्ष ने बिना ठोस आश्वासन के काम पर न लौटने का ऐलान किया है।

# करोड़ों की सिंचाई विभाग की सरकारी जमीन अवैध क़ब्ज़ेदारों से कराई मुक्त

● 2.5 एकड़ जमीन पर चला बुलडोजर तो ढह गया कब्जा

संवाददाता। उन्नाव

**सोहरामऊ** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहरामऊ ग्राम सभा स्थिति सिंचाई विभाग की ढाई एकड़ जमीन जिसपर अवैध कब्जेदारों ने कब्जा कर रखा था। निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज के कई वर्ष पूर्व इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। क्षेत्र से कई और शिकायतें भी शासन तक पहुंची थी। शासन द्वारा संज्ञान लेकर कार्यवाही के निर्देश देने के बाद सोमवार सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से अवैध कब्जे धरासाई करते हुवे लगभग ढाई एकड़ जमीन मुक्त करायी गयी। सरकारी आंकड़ों में जमीन की कीमत कई करोड़ रूपये बताई जा रही थी। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया लखनऊ.कानपुर राजमार्ग पर जनपद उन्नाव के विकासखण्ड नवाबगंज के ग्राम सोहरामऊ में स्थित बनीनार्थ पम्प नहर की मुख्य नहर एवं सोहरामऊ माइनर पर 11 व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। जिसकी एफआईआर सोहरामऊ थाने में पिछले वर्ष 28 सितम्बर को दर्ज करायी गयी थी।विभागीय अधिकारियों की माने तो गाटा संख्या 167 एवं 80 ;आंशिकद्ध पर अवैध रूप से काबिज 05 व्यक्तियों के द्वारा किये गये कब्जे को इसी वर्ष 01 फरवरी को अतिक्रमणमुक्त कराया गया था। जिसके बाद 06 लोगों द्वारा पक्के भवनों का निर्माण करा लिया गया था। इन लोगों को लगातार नोटिस देने के उपरान्त भी अवैध कब्जा नहीं हटाये जा रहे थे। सूत्रों की माने तो यह कब्जा लगभग 06 वर्ष पुराने थे।

इन अवैध निर्माणों को सिंचाई विभाग की जमीन से हटाने के लिए शासन से कड़े निर्देश मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 10 जेसीबी व 02 पोकलैण्ड मशीनों की मदद से जमीन को कब्जामुक्त कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता ;नलकूप.मध्यद्ध लखनऊ आलोक गोयलए अधीक्षण अभियंता नलकूप मण्डल लखनऊ अरविन्द कुमार यादव के अलावा अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड.6 रायबरेली विनोद कुमारए अधिशासी अभियंता नलकूप निर्माण खण्ड लखनऊ मो0 आसिफए अधिशासी अभियंता नलकूप खण्ड लखनऊ संदीप कठेरिया आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया का किया निरीक्षण

● ऑक्सीजन प्लांट निर्माण जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

● दो गज की दूरी मास्क है जरूरी का पालन करना आवश्यक

संवाददाता। उन्नाव

**जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में बन रहे सांसद निधि से 250 एल पी एम क्षमता के निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मुशीर अहमद को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट का सिविल कार्य जो प्रगति पर है को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को गुणवत्ता के साथ ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण समय से पूरा कराने को कहा। उन्होंने डॉ0 मुशीर को हेल्पडेस्क लगाने में गुणवत्ता न पाए जाने पर फटकार लगाई और वैक्सीनेशन के दौरान प्रोटोकॉल का पालन न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को वहां हो रही घोर लापरवाही पर इनके खिलाफ पत्र लिखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ष्दो गज की दूरीए मास्क जरूरीष् का पालन किया जायेए वैक्सीनेशन के दौरान भीड़ होने पर दो डेस्क लगाकरए वैक्सीनेशन का कार्य करें ताकि वैक्सीनेशन के लिये आने वाले लोगों का समय बच सके। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरध्कर्मी आदि उपस्थित थे।

## अमरौधा के कालेश्वर में दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता

**पुखरायां, कानपुर देहात।** ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहर संजाए भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में कस्बा अमरौधा के दक्षिणी छोर कालिंदी तट पर स्थापित प्रसिद्ध कालेश्वर मंदिर में सावन मास के प्रथम सोमवार को दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भारी तदात में दूर–दूर से आए श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा अर्चना की। लोगों ने जलाभिषेक करने के बाद दूध का भोग लगाया। सावन मास के प्रथम सोमवार को ऐतिहासिक एवं पौराणिक धरोहर संजाए भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में कस्बा अमरौधा के दक्षिणी छोर कालिंदी तट पर स्थापित प्रसिद्ध कालेश्वर मंदिर में कालपी, सिकंदरा, मूसानगर, राजपुर, औरैया, घाटमपुर समेत दूर–दूर से भक्तजन दर्शन करने पहुंचे। वहीं सीमावर्ती गावों में से पिपरी, भोगनीपुर, मांचा, सुजगवां, गौरीरज्जन से भी लोग आए।

# ब्लाक प्रमुख का चुनाव जिताने के बाद कैरानी पहुंचे नीरज

● बीती रात्रि कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध की मौत पर परिजनों को दी सांत्वना, प्रधान व ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख चुनाव जीत पर बांटे लड्डू

संवाददाता। कानपुर देहात



**मैथा** ब्लाक प्रमुख पद के चुनाव में अपनी धर्मपत्नी अनुपमा सिंह को लगातार दूसरी बार जीत दिलाने के बाद पूर्व अकबरपुर रनियॉ सपा विधानसभा प्रत्याशी नीरज सिंह गौर ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के कैरानी गॉव पहुॅच कर लोगों के सुख:दुख बॉटे। इस मौके पर जहॉ पीडित परिवार को सात्वना देते हुये उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आवास आवॅटित करने की मॉग की। वहीं ग्राम प्रधान ने नवनिर्वाचित ब्लाकप्रमुख पति का ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वागत कर लडडुओं का वितरण किया।

नीरज सिंह गौर पूर्व मंत्री तथा लगातार तीन बार विधायक रहे रामस्वरूप सिंह गौर के सुपौत्र है। पिछला विधानसभा चुनाव वह सपा की टिकट से लडे थे तथा भाजपा की लहर के बावजूद जनपद की अन्य विधानसभाओं में सबसे ज्यादा वोट प्राप्त किये थे, अकबरपुर रनियॉ विधानसभा क्षेत्र में लोगों के दु:ख सुख में शरीक होने के चलते उनकी गहरी पकड व पहुॅच है। ब्लाक प्रमुख व जिला पॅचायत अध्यक्ष के चुनाव जहॉ सत्तापक्ष के पाले में ही ज्यादा जाते है। जहॉ जनपद में सभी ब्लाकों पर भाजपा या भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने ब्लाक प्रमुख पद पर जीत हासिल की वहीं मैथा ब्लाक में नीरज सिह ने अटूट मेहनत कर समाजवादी पार्टी का परचम फहरा दिया। मैथा ब्लाक में उनकी धर्मपत्नी अनुपमा सिंह गौर लगातार दूसरी बार भारी मतों के अन्तर ब्लाक प्रमुख के पद पर निर्वाचित हुयी। नीरज ने ब्लाक प्रमुख के चुनाव में जीत दर्ज कर जनता के बीच अपनी पकड का अहसास करा आसन्न विधानसभा चुनावों में अपनी दावेदारी भी मजबूत की है। सोमवार को पूर्व सपा अकबरपुर रनियॉ विधानसभा प्रत्याशी तथा ब्लाक प्रमुख पति नीरज सिंह गौर ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के कैरानी गॉव पहुॅचें सबसे पहले वह रविवार की रात्रि घर की कच्ची दीवार गिर जाने से बटवारी बॅजारा की हुयी मौत पर उनके परिजनों को सॉत्वना दी, गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये पूर्व सपा प्रत्याशी ने एसडीएम से फोन पर वार्ता कर पीडित परिजनों को शीघ्रता के साथ आवासन देने की बात कही। उसके बाद मैथा ब्लाक प्रमुख पति का ग्राम प्रधान अजमेर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर लडडुओं का वितरण कर मैथा ब्लाक प्रमुख बनने पर खुशी का इजहार किया गया। यहॉ शत्रुभन सिंह, महावीर यादव, जगरूप यादव, राकेश यादव शिव सिंह यादव, हरिश्चन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# पत्रकारों ने निकाला जुलूस, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**प्रिण्ट** एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में जिले भर के एक सैकड़ा से अधिक पत्रकार जय नारायण वर्मा रोड स्थित अंबेडकर प्रतिमा के निकट एकत्र हुए। वहां से पत्रकारों का जुलूस शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां पर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। पत्रकारों ने एक स्वर से पत्रकारों पर किए जा रहे उत्पीड़न के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह को सौंपा ।दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि लखनऊ में भारत समाचार के हेड बृजेश मिश्रा व बीरेन्द्र सिह के आवास व आफिस पर आईटी के द्वारा रेड डलवाकर स्वंत्रत पत्रकारिता पर अंकुश लगाने का प्रयास किया है। इसके साथ ही भास्कर समूह के मुख्यालय व मालिकानो के आवास पर आई टी रेड डलवायी गयी। प्रदेश सरकार के मुखिया पूरी तरह से स्वंतत्र पत्रकारिता पर अपना अंकुश लगाना चाहते है। प्रदेश व देश मे आपातकाल जैसी सिथिती है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिह ने कहा सरकार अपनी ओछी हरकतो से पत्रकारो का मनोवल नही तोड पायेगी। पत्रकारो के आवासो पर रेड डालने से बाज आये सरकार, अन्यथा आगामी चुनाव मे जनता व मीडिया करारा जबाब देगी। उन्होने ने कहा कि पत्रकारो का उत्पीडन बर्दाश्त नही किया जायेगा। ज्ञापन देने वालो मे एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिह ,प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा ,सूर्या बाजपेई जापान, डॉक्टर जितेंद्र दुबे, सचिन कटियार ,राजीव शुक्ला, अनिल प्रजापति, आमोद तिवारी ,अनुज तिवारी ,अमित कुमार ,धर्मेंद्र पाल ,चंद्र प्रकाश दीक्षित ,अरविंद शुक्ला ,मोहन लाल गौड़, रामजी तिवारी अभिषेक द्विवेदी,अनुज कुमार ,अरविंद यादव ,अरविंद शर्मा ,हर्ष वर्मा ह्रदेश कुमार मुकेश बाथम,ताहिर खान ,इसरार अली, अभय प्रताप सिंह अंशुल गुप्ता आदेश यादव सहित एक सैकड़ा से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया। सभी पत्रकारो ने तीखे शब्दो मे निंदा की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जिन्दपुर वि0ख0 बहुआ, जनपद फतेहपुर**

पत्रांक : मेमो/निविदा/ग्राम पंचायत जिन्दपुर/ दिनांक : 26.07.2021

**निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से ग्राम पंचायत जिन्दपुर विकास खंड बहुआ जनपद फतेहपुर वर्ष 2021–22 में मनरेगा, केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त से ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले कार्यो में प्रयोग होने वाली सामग्रियों की आपूर्ति हेतु जीएसटी धारक आपूर्तिकर्ताओं से विभिन्न सामग्री ईट, सीसी ईट, सीमेंट, मोरम, लोहा, आरसीसी गिट्टी, ईट गिट्टी, टाइल्स, दरवाजा, खिड़की, वेंटिलेटर, सीमेंट, स्टील बेंच, टीन की चादर, प्लास्टिक चादर, हयूम पाइप, एंगल, सीमेंट पाइप, प्लास्टिक पाइप, टॉयलेट सीट, वास बेसिन, रनिंग वाटर कार्य सामान, वाल पेंटिंग कार्य, साफ सफाई कार्य, सफाई किट, कूड़ा वाली ठेलिया या रिक्शा, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, बैट्री पंखा, एलईडी बल्ब, वायर, स्टेशनरी, लैपटॉप, प्रिंटर, फर्नीचर, हैंडपंप रिबोर एवं मरम्मत सामग्री, कोविड–19 बचाओ सामग्री, भाड़े पर ट्रैक्टर व जेसीबी, मिट्टी पुराई, रंगाई–पुताई सामग्री, पंचायत भवन हेतु माइक, दरी एवं अन्य सामग्री क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा डालने की दिनांक 01.08.2021 को 3:00 बजे तक है जो उसी दिन 4:00 बजे खोली जाएगी कार्य हेतु अधिकतम समय एक माह है। विलंब की दशा में आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। फर्म का खाता पंजीकृत बैंक में होना आवश्यक है। किसी भी तरह का वाद विवाद जनपद न्यायालय में दर्ज किया जा सकेगा। किसी भी समय बिना कारण बताए टेंडर निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**शिवबीर साहू– सचिव** **अखिलेश कुमार– ग्राम प्रधान**

ग्राम पंचायत जिन्दपुर, विकास खंड बहुआ–फतेहपुर

## क्विक न्यूज

### भाइयों के बंटवारे का विवाद पुलिस तक पहुंचा

**पुखरायां, कानपुरदेहात।** आपसी बंटवारे को लेकर पुखरायां कस्बे में एक अधिवक्ता व उसके भाइयों के बीच विवाद हो गया है। दोनों पक्षों ने भोगनीपुर थाने में तहरीर दी है। बाल्मीकि नगर निवासी वसीमुद्दीन व अलीमुद्दीन शेख ने बताया कि उसके पिताजी की मृत्यु कई महीने पहले हो गई थी। उनके चल व अचल संपत्ति में चारों भाइयों का बराबर की हिस्सेदारी है। लेकिन पिता सलीमुद्दीन के मरने के बाद खेत और मकानों में अन्य दोनों भाई कब्जा कर लिया है। इसी बात को लेकर चारों भाइयों विवाद हो गया है। दोनों पक्षों ने भोगनीपुर थाने में थाना दिवस में तहरीर दी है। पुलिस ने बताया थाना समाधान दिवस में शिकायत मिली थी। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्तिः विद्यासागर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** मानव भक्ति के द्वारा ही इस लोक ही नहीं परलोक में भी मोक्ष प्राप्त कर सकता है। परमपिता परमात्मा को प्राप्त करने के लिए भक्ति ही एकमात्र रास्ता है। उक्त विचार विकास खंड मलासा के देवीपुर गांव में आयोजित कीर्तन समारोह को संबोधित करते हुए संचालक विद्यासागर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य परमपिता परमात्मा को प्राप्त करना है। अतः यह शरीर रहते हुए हम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। जब ईश्वर की प्राप्त हो जाती है तो जीवन में आनंद आ जाता है। उक्त कीर्तन समारोह का आयोजन सोनू व उनके भाई द्वारा माता राजलक्ष्मी की यादगार में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर किशन दास महाराज, जगतपाल जी महाराज एवं अल्लापुर गांव की एक भजन सुंदर–सुंदर गीत प्रस्तुत किए गए।

### सब्जी विक्रेता की सोता नाले में डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** सब्जी विक्रेता की सोतानाला में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस नें ग्रामीणों की मदद से उसके शव को बरामद कर लिया। परिजनों में कोहराम मच गया।शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सलाबत खां निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र सक्सेना सब्जी बिक्री करनें का कार्यक करता था। वह बीते दिन शाम को कटरी धर्मपुर से वापस आते रास्ते में सोतानाला में डूब गया। सोमवार को उसका शव ग्रामीणों नें पानी में तैरते हुए देखा। जिस पर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस नें ग्रामीणों की मदद से उसके शव को बाहर निकला। राजेन्द्र की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी कमला का रो–रो कर बुरा हाल हो गया।

### कारागार मंत्री ने चौपाल लगा सुनीं समस्यायें

**फ्तेहपुर।** विकास खण्ड मलवां के अंतर्गत ग्राम बनियनखेड़ा में कारागार राज्यमंत्री जयकुमार जैकी ने चौपाल लगायी। चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निदान हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। चौपाल में लोगो ने पेंशन, आवास, शौचालय संबधी समस्याओं को रखा। साथ ही सड़क बनवाने की भी मांग किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बांगरमऊ उन्नाव।** मुखबिर की सूचना पर आज कोतवाली पुलिस ने नगर के नानामऊ तिराहे निकट से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया । कोतवाली पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर निवासी शोएब पुत्र नसीम के विरुद्ध कोतवाली में बलात्कार का मुकदमा दर्ज है । पुलिस शोएब को काफी दिन से तलाश कर रही थी । आज सोमवार को एक खास मुखबिर ने सूचना दी कि वांछित अभियुक्त कही जाने की फिराक में नगर के नानामऊ तिराहे निकट खड़े होकर किसी वाहन का इंतजार कर रहा है । मुखबिर की सूचना पर कोतवाल मुकुल प्रकाश वर्मा मय दल बल के नानामऊ तिराहे निकट जा पहुंचे । जहां पर खड़े आरोपी शोएब को गिरफ्तार कर लिया । आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है । कोतवाल मुकुल प्रकाश वर्मा के अनुसार शोएब धारा 376 व 366 का मुलजिम है ।

### सडक दुर्घटना में युवक की मौत, 4 घायल

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत 4 अन्य घायल। घटना से मचा कोहराम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व घायलों को उपचार के लिए हैलट में भर्ती कराया। जनपद के शिवली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा शिवली निवासी जन सेवा केंद्र संचालक सुनील कुमार राजपूत 26 पुत्र रमेश चंद्र अपने साथी व उनके परिवार के साथ औरैया से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी मधु निवादा गांव के मोड़ के निकट गड्ढे से अचानक गाड़ी अनियंत्रित हो गई और अर्जुन के पेड़ से जा टकराई। इस दौरान सुनील कुमार राजपूत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सभी लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद इरशादएअफसरा बेगमएरानी व शहजाद को हैलट कानपुर रिफर किया गया।

### 955 लोगों को लगा करोना रोधी टीका

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गाँवो एवं सीएचसी मे करीब एक हजार नागरिकों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 मुकेश के अनुसार क्षेत्र के ग्राम खारपुरवा में 88 ए तकिया में 88 ए पच्चा पुरवा में 88 ए नन्हू पुरवा में 89 ए ख्वाजगीपुर में 88 ए जमुनिहा बंगर में 88 ए मदार नगर में 1 76 और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 250 कुल 955 नागरिकों को कोरोना रोधी टीका लगाया गया । वैक्सीनेशन में राम शंकरए जयंतीए प्रिया ए शिवानी एरुपेंद्र व सोनीश आदि स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही । चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा है कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है। किसी के बहकावे में न आएं और टीका अवश्य लगवाये । साथ ही कोविड 19 प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन करें ।

### कारगिल विजय दिवस मनाया

**उन्नाव।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के तत्वाधान में परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर ष्कारगिल विजय दिवसष् की 22 वीं वर्षगांठ अत्यन्त हर्षोल्लास एवं श्रृद्धा पूर्वक मनाई गई ।स्क्वाड्र्न लीडर मधु मिश्राए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारीए पूर्व सैनिकों एवं कार्यालय स्टॉफकी उपस्थिति में शहीद स्मारक में माल्यार्पण एवं श्रृद्धा सुमन अर्पित कर कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को नमन किया गया। साथ ही ग्राम.बजौराए जनपद.उन्नाव के कारगिल युद्ध शहीद लांस नायक अमर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं उनके अदम्य साहस एवं बलिदान को याद किया गया। साथ ही बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाने वाली कारगिल पेंशन शहीद की वीर नारी को 67ए500 एवं पिता को 45ए000 प्रदान करा दी गयी है।

### डीएम ने गोर्वधन योजना की समीक्षा में दिये निर्देश

**कानपुर देहात ।**जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गोवर्धन योजना की बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में की गयी। इस योजना में जनपद में गोवर्धन योजना को स्थापित करने के स बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयीए जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी निजी कंपनियां यहां पर इस प्रोजेक्ट को स्थापित करने के लिए इच्छुक है वे न्यूनतम कीमतों पर अपनी योजना को इस जनपद में पटल पर अवतरित करेंए जैसा कि विदित है कि गौवंश से ग्रामोत्थान की जो योजना सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैए उसका उद्देश्य ही है गौवंशों से प्राप्त गोबर एवं अन्य अवशिष्टों से गांव के बहुविध उद्देश्यों को पूरा करना है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कांशीराम आवास से हटाए अवैध कब्जेदार

**संवाददाता।** टाण्डा अम्बेडकरनगर



**बसपा शासन** काल मे नगर पालिका परिषद टाण्डा के मोहल्लाह सिकंदराबाद में बने मान्यवर कांशीराम शहरी आवास भवन में आज सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ पहुँचे प्रशासनिक अधिकारियों से अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। आवंटितों को भौतिक कब्जा दिलाने के उद्देश्य से आवास विकास के अधिशासी अभियंता सुमित कुमार, एस डी एम अभिषेक पाठक, नायब तहसीलदार राहुल सिंह, नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक निशांत पाण्डेय, टाण्डा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय भारी सुरक्षा कर्मियों के साथ पहुंचे और क्रमवार ब्लाकों में बिना आवंटन अवैध रूप से रहने वालों को बेदखल की कार्यवाही करना शुरू किया जिससे मान्यवर कांशीराम शहरी आवास कालोनी में हड़क प मच गया। और वर्षों से रह रहे परिवार सड़क पर आ गये।

टाण्डा नगर पालिका परिषद के मोहल्ला सिकंदराबाद में मान्यवर कांशीराम शहरी आवास कालोनी के 46 ब्लाकों पर आधारित 552 भवनों का निर्माण कराया गया था।

नगर पालिका का दावा है कि उक्त भवनों में 427 लोगों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है लेकिन उक्त भवनों में अधिकांश अवैध रूप से लोग रह रहे हैं जिनको कई चक्रों में भवन खाली करने का निर्देश दिया गया था और सोमवार को उसी क्रम में वास्तविक आवंटितों को भौतिक कब्जा दिलाने का काम किया जा रहा है। भारी सुरक्षा बलों के साथ पहुंचे प्रशासनिक दल ने काफी आवंटित लोगों को भौतिक कब्जा दिलाया। टाण्डा कांशीराम आवास कालोनी में कई ऐसे लोग परिवार थे जिनका आवंटन हुआ था परंतु वो किसी अन्य भवन में रह रहे थे जिन्हें सोमवार को उनके वास्तविक आवंटित भवन में प्रवेश कराया गया। अवैध रूप से रहने वाले सैकड़ों परिवार एक साथ बाहर निकाले जाने से हड़कंप मच गया। अवैध रूप से रहने वाले कई परिवार कमरों पर ताला लगाकर फरार हो गए जिनका मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ताला तोड़वाकर मूल पात्र आंवटित को कब्जा दिलाया गया। कई ऐसे परिवार भी नज़र आए जिनके आगे पीछे कोई भी नहीं है और ना ही उनके पास रहने की कोई जगह है तथा उनका आवंटन भी नहीं है परंतु वर्षों से भवनों में रह रहे थे। ऐसे लोग सोमवार को हुई प्रशासनिक कार्यवाही के बाद पूरी तरह से सड़कों पर आ गए हैं। भवन खाली करने वालों का आरोप है कि आवंटन प्रक्रिया में भारी भेदभाव किया गया है तथा गैर स्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भवन आवंटित किया गया है जबकि मूल रूप से नगर क्षेत्र के रहने वालों द्वारा कई चक्रों में फार्म भरने के बाद उन्हें पात्रों की सूची से बाहर रखा गया है। बहरहाल शासन की मंशानुसार डीएम के निर्देश पर प्रशासनिक अमला द्वारा मूल आवंटितों को भौतिक कब्जा दिलाने का काम शुरू किया गया जिसके कारण सैकड़ों लोग घरेलू सामानों को लेकर सड़कों पर आ गए लेकिन मौजूदा प्रशासन ने भी अपनी मजबूरी बताते हुए उनसे भवन खाली करा लिया। बेदखल हुए लोगों ने मांग किया है कि प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जंच कराकर जिन्हें भवन की अत्याधिक आवश्यकता है उनके नाम भवन आवंटित करे। याद दिलाते चलेंकि टाण्डा में भवन मान्यवर कांशीराम शहरी आवास कालोनी में बने कुल भवनों का 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति व 50 प्रतिशत सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था तथा उक्त कालोनी का मु य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में रहने वालों को छत उपलब्ध कराना था लेकिन अनुसूचित जाति कोटे में गैर नगरीय लोगों की भरमार है जिसको लेकर वर्षों से कालोनी में रहने वालों में आक्रोश व्याप्त है।वहीं पर अभी 125 भवनों का आवंटन शेष है।जिसके बारे में प्रशासन ने उसके आवंटन के स बन्ध कोई कार्यवाही नही कर रही है। पातत्तो सूची में चयन होने के भासड भी कितने लोगों को आवंटन नही किया गया।

# मानव जीवन के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन जरूरी

**● उमरे सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड की ओर से वन महोत्सव का आयोजन**

प्रयागराज। पर्यावरण सुधार एवं मानव जीवन हेतु पर्याप्त ऑक्सीजन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड प्रयागराज की ओर से उत्तर मध्य रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय के परिसर में वन महोत्सव का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें पीपल नीम जामुन कनेर अमरूद आदि छाया और फलदार पेड़ों के लगभग 40 पौधे रोपे गए। उत्तर मध्य रेलवे सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड प्रयागराज के सदस्य आपदा एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं के समय घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान करके उनके जीवन को बचाने में सदैव आगे की पंक्ति में खड़े रहे हैं।



पौधरोपण करते रेल अधिकारी।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्य कार्मिक अधिकारी मुख्यालय एवं डिविजनल कमांडर सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड एम के कुलश्रेष्ठ एवं सदस्य रेल सलाहकार समिति जी के श्रीवास्तव ने पौधा रोपा।कार्यक्रम में माहिबुल्ला पवन कुमार यादव आलोक कुमार वर्मा ए के आर्य अनूप श्रीवास्तव जे के विश्वकर्मा सहित ब्रिगेड के लगभग 30 सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने अपने घर और आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने की शपथ ली।

## प्रो. एसएस मिश्र बने गणित व सांख्यिकी के विभागाध्यक्ष

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के प्रो. एसएस मिश्र को विभागाध्यक्ष बनाया गया। आज 26 जुलाई को प्रो. एसएस मिश्र ने विभाग के विभागाध्यक्ष रहे प्रो. सीके मिश्र से कार्यभार ग्रहण किया। प्रो. मिश्र के विभागाध्यक्ष बनने पर प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. एसके रायजादा, डॉ. अभिषेक सिंह एवं विभागीय कर्मचारियों सहित शोधार्थी संदीप कुमार ने उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। प्रो. मिश्र विवि के कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके है। वर्तमान में विवि के विभिन्न समितियों के संयोजक है। 2019 में प्रो. एसएस मिश्र को प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक श्री से पुरस्कृत किया गया है। विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के आदेश के अनुपालन में प्रो. सी.के. मिश्र का कार्यकाल पूरा होने पर प्रो. मिश्र को विभागाध्यक्ष बनाया गया। प्रो. मिश्र द्वारा विभागाध्यक्ष का दायित्व संभालने के उपरांत सर्वप्रथम कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने किया हनुमान मंदिर में दर्शन

**● बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने की आरती**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुनीश्वर नाथ भंडारी ने सपरिवार बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर लेटे हनुमान जी मंदिर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए। उन्होंने बजरंग बली का पूजन कर आरती भी की। बाघम्बरी मठ और हनुमान मंदिर के महंत एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम एन भंडारी को रुद्राक्ष की माला एवं हनुमान जी की प्रतिमा भेंटकर आशीर्वाद दिया।

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और रास सांसद सतीश चंद्र मिश्रा ने भी आज हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन और आरती की। बसपा



दर्शन करते मुख्य न्यायाधीश।

महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने महंत नरेंद्र गिरि से आशीर्वाद लिया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महन्त नरेंद्र गिरि से मुलाकात किया। बड़े हनुमान मंदिर के मीडिया प्रमुख अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मंदिर के पुजारियों ने विधिवत आरती पूजन कराया। आरती के दौरान तमाम आचार्य और ब्राम्हण मौजूद रहे।

## सावन माह के पहले सोमवार को मंदिरों में शिव भक्तों का हुजूम

**मालीपुर अम्बेडकरनगर।** हर हर महादेव,बोल बम के नारे लगाते हुए भक्तो ने शिवालयों में माथा टेका, शास्त्रोक्त विधि से पूजन अर्चन, जलाभिषेक कर भोले नाथ के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित किया।घरों से लेकर शिवालयों में हर ओर यही नजारा देखने को मिला। क्षेत्र के झारखंड धाम में महाशिव की आराधना,पूजन अर्चन जलाभिषेक के लिए भोर से ही महिला पुरुष श्रद्धालु धाम में पहुंच गए, हालाकि कोविड के चलते अपेक्षित भीड़ नहीं दिखी। न ही सड़को पर भोले बाबा के भक्तो की मस्ती दिखी। यों तो सावन माह का आगाज रविवार से ही हो गया, प्रथम दिवस लोगो ने घरों में ही बाबा शिव की आराधना, पूजन अर्चन जलाभिषेक किया था और सोमवार को घरों के साथ ही शिवालयों में उमड़ी भीड़ ने विधि विधान से बाबा शिव शंकर को प्रसन्न करने के लिए पूजा अर्चना और जलाभिषेक एवम् दुग्धभाभिषेक किया।

# पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा

**● सावन माह के पहले सोमवार को जहां महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा वही युवतियों ने योग्य वर की कामना के लिए भोलेनाथ का उपवास रखा**

**भीटी अम्बेडकरनगर।** क्षेत्राधिकारी भीटी रुक्मणी वर्मा के आदेश के बाद सास, ससुर, पति व देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत गाली गलौज व मारपीट की गंभीर धारा में महरुआ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामला महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत दारीडीहा का है। जहाँ शालिनी अग्रहरि पत्नी संजय अग्रहरि ने अपने सास ससुर देवर व पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुये सीओ भीटी रुकमणी वर्मा को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता का आरोप है कि उसकी शादी महरुआ थाना अंतर्गत दारीडीहा में 2019 में हुई थी उसके पिता अपने हैसियत के हिसाब से शादी में दान दहेज आरोपियों को दिया था उसके बाद भी आरोपियों द्वारा दहेज की मांग की जा रही थी। तथा विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारते पीटते थे अंत में पीड़िता थक हार कर अपने मायके महरुआ थाना क्षेत्र के दारिडिहा है भीटी थानाक्षेत्र अंतर्गत खजूरी ससुराल है और सीओ भीटी रुकमणी वर्मा के समक्ष अपनी आपबीती बताते हुए सास ससुर पति व देवर के खिलाफ तहरीर दिया। सीओ भीटी रुकमणी वर्मा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल महरुआ थानाध्यक्ष को मुकदमा लिखने के लिए आदेश किया। महरुआ पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सास माया देवी, ससुर हरी पूजन, देवर परिवेश तथा पति संजय अग्रहरी के ऊपर 498, 323, 506, 314 ,डीपी एक्ट के तहत नामजद मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## क्विक न्यूज

### डिजिटल मीडिया के उदय ने मीडिया उद्योग को किया बाधित

**प्रयागराज।** जब संचार का माध्यम बदलता है तो वह मूल रूप से संदेश को ही बदल देता है। कुछ ऐसा ही अब भारत में हो रहा है। जहां मीडिया के पुराने रूप प्रिंट टीवी रेडियो अब डिजिटल प्लेटफॉर्म में बदल रहे हैं। मीडिया की खपत अब ज्यादातर मोबाइल फोन पर हो रही है। सामग्री का उत्पादन उपभोग और वितरण कैसे अब मौलिक रूप से बदल रहा है। डिजिटल मीडिया के उदय ने मीडिया उद्योग को काफी हद तक बाधित कर दिया है। यह बदलाव एकीकृत न्यूजरूम मोबाइल पत्रकारिता पॉडकास्ट सोशल मीडिया फीड ओटीटी प्लेटफॉर्म सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन आदि की तरफहो रहा है। इसे यूपीईएस स्कूल ऑफमॉडर्न मीडिया में पढ़ा रहे हैं। स्कूल ऑफमॉडर्न मीडिया के डीन डा नलिन मेहता कहते हैं आज और कल के एक मीडिया पेशेवर को आगे बढ़ने के लिए चौतरफा कौशल की जरूरत होती है। इसमें न केवल सामग्री के बारे में डोमेन ज्ञान होना शामिल है। बल्कि सोशल मीडिया कौशल डेटा और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन की समझ मोबाइल फोन के साथ शूटिंग और संपादन पॉडकास्टिंग और दूसरों के बीच डिजिटल मार्केटिंग भी शामिल है। इसके अलावा अद्वितीय शैक्षणिक ढांचे के मुताबिक मीडिया यूपीईएस स्कूलों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर्यावरण डेटा विज्ञान आदि जैसे छोटे पाठ्यक्रमों को चुनने में सक्षम होने का अनूठा लचीलापन है।

### मीडिया की आवाज दबाने के विरोध मे प्रेस क्लब का प्रदर्शन

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** केन्द्र सरकार द्वारा मीडिया की आवाज दबाने हेतु दैनिक भाष्कर समाचार पत्र व भारत चौनल के कार्यालयों पर इनकम टैक्स के पडे छापेव। फर्जी रिपोर्ट का प्रेस क्लब टाण्डा निन्दा करते हुयेउसके विरोध मे सोमवार कोप्रेस क्लब टाण्डा के अध्यक्ष मो0आजम अन्सारी के नेतृत्व मे पत्रकारो ने तहसील मु यालय पर प्रदर्शन कर महा महिम राष्ट्रपति को स बोधित चार सुत्रीय माग पत्र उप जिलाधिकारी टाण्डा अभिषेक पाठक को सौपा। माग पत्र मे दैनिक भाष्कर समाचार पत्र व भारत चौनल के कार्यालयों पर छापेमारी करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही व केन्द्र वंराज्य सरकार द्वारा करायी गयी छापे की कार्यवाही व फर्जी रिपोर्ट खारिज करने व पूरे देश मे पत्रकारों के उत्पीडन रोकने एवँ केन्द्र व राज्य सरकारो को यह। निर्देश जारीकिया जाय कि वह.मीडिया की आवाज को दबानेका कु त्सित प्रयास न करे की माग किया है। प्रदर्शन मे प्रदीप कुमार मौर्य, सत्य प्रकाश मौर्य, सुदीप शुक्ला ,मेराज अहमद राम गोपाल सोनी, सन्दीप जायससवाल, प्रतीक ससोनी, काशी मिश्रा कृष्ण कुमार उपाध्याय, हेलाल अशरफ, नूर आलम ओमशकर सोनी राम कुमार सोनी आदि पत्रकार उपस्थित रहे ।

### ऑनलाइन एजुकेशन अब हो गया है महत्वपूर्ण: अजय

**प्रयागराज।** देश के प्रमुख संचार समाधान प्रदाता एयरटेल ने सोमवार को कॉर्पोरेट और रिटेल ग्राहकों के लिये नये पोस्टपेड लांस की घोषणा की है। महामारी के बाद की दुनिया में हाई स्पीड डेटा की अधिकता लोगों की महत्वपूर्ण जरूरत बनती जा रही है। क्योंकि घर से काम करना और ऑनलाइन एजुकेशन अब न्यू नॉर्मल हैं। इस संदर्भ में एयरटेल ने फाइव जी के लिये तैयार नेटवर्क और उन्नत डिजिटल फर्स्ट कस्टमर केयर के सहयोग से उद्योग में अग्रणी डेटा बेनेफिट्स की पेशकश के लिये अपने पोस्टपेड लांस को और भी आसान बना दिया है। यह प्लांस विशेष फायदों की श्रृंखला के साथ आते हैं। एयरटेल के नये कॉर्पोरेट पोस्टपेड प्लांस एयरटेल बिजनेस के डायरेक्टर और सीईओ अजय चितकारा ने कहा पिछले कुछ वर्षों से एयरटेल ने फाइव जी के लिये तैयार और सुरक्षित नेटवर्क बनाने के लिये स्पेक्ट्रम इंफ्रास्ट्रक्चर और नई टेक्नोलॉजी में भारी निवेश किया है। एक महत्वपूर्ण फीडबैक मिला था कि उन्हें ज्यादा डेटा चाहिये।

### सड़क दुर्घटना में लाइनमैन की मौत

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** बीते रविवार की रात्रि में लगभग 9 बजे टाण्डा अकबरपुर मार्ग पर हाइवे ओवर ब्रिज के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गये।जिसमे एक प्राइवेट लाइनमैन 26 वर्षिय युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गयी बाकी दोनो घायलों की शिना त नही हो सकी थी। उक्त टक्कर में थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम ममरेजपुर निवासी सुभाष पुत्र राम जनक जो प्राइवेट लाइन में का विधुत विभाग में कार्य करता था अस्पताल में मौत हो गयी। टाण्डा पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### तहसील में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील सभागार मे विधिक सेवा समिति तहसील टाण्डा के सचिव तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए शिविर में घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराई को रोकने हेतु वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये वहीं पर कोविड 19 से बचाव हेतु जागरूक करते हुए टीकाकरण का महत्व बताया गया। शिविर को नायब तहसीलदार राहुल सिंह के अलावा तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी संबोधित किया।

# छापेमारी के विरोध में प्रेस क्लब टाण्डा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** दैनिक भास्कर समाचार पत्र व भारत समाचार न्यूज चौनल के कार्यालयों पर केंद्र सरकार के इशारे पर इनकम टैक्स विभाग द्वारा की गई छापेमारी के विरोध में प्रेस क्लब टाण्डा के अध्यक्ष आजम अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों पत्रकार ने विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र एसडीएम टाण्डा अभिषेक पठाक को सौंपा। जिसपर उपजिलाधिकारी ने मांग पत्र को जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को भेजने का आश्वाशन दिया। आज सोमवार को प्रेस क्लब टाण्डा के तत्वावधान में अध्यक्ष मो0 आज़म अंसारी व महामंत्री प्रदीप मौर्य की अगुआई में नारे बाजी करते हुए छापे की निंदा की गई और राष्ट्रपति से मांग की गई कि छापे डालने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।और केंद्र सरकार के इशारे पर की गई कार्यवाही और फर्जी रिपोर्ट को खारिज किया जाए। पूरे देश मे पत्रकारों का उत्पीड़न रोका जाए।तथा केंद्र व राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया जाए कि वह मीडिया की आवाज दबाने का कुत्सित प्रयास न करे।

## सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ रियलमी तेजी से होगा विकसित

**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होते हुए रियलमी ने सोमवार को रियलमी वॉच टू प्रो रियलमी वॉच टू रियलमी बड्स वायरलेस टू रियलमी बड्स वायरलेस टू नियो और रियलमी बड्स क्यू टू नियो के लांच के साथ अपनी एआईओटी प्रस्तुतियों का विस्तार किया है। माधव शेठ वाईस प्रेसिडेंट रियलमी एवं चीफ एक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर रियलमी इंडिया आउट यूरोप ने कहा रियलमी के लिए भारत सर्वोच्च प्राथमिकता वाला बाजार है। रियलमी वॉच टू प्रो का मूल्य चार हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये है। यह 26 जुलाई दोपहर बारह बजे से रियलमी डॉट कॉम और अमेज़न पर मिल रहा है। जल्द ही यह सभी मेनलाइन चैनल्स पर मिलना शुरू हो जाएगी। यह 29 जुलाई दोपहर बारह बजे से रियलमी डॉट कॉम और फ्लिपकार्ट पर मिलेगा।

# कस्बा कुमारगंज में ट्रांसफार्मर जला, गर्मी में लोग हो रहे परेशान



**मिल्कीपुर अयोध्या।** विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से विद्युत सप्लाई रही बाधित उमस भरी गर्मी में बाजार वासियों समेत व्यापारी हो रहे परेशान। विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज अन्तर्गत कस्बा कुमारगंज के बवां चौराहे की विद्युत सप्लाई के लिए लगा 250 केबीए का ट्रांसफार्मर ओवर लोड के चलते जल गया।इससे कस्बे समेत पड़ोस के गांव की विद्युत सप्लाई बाधित रही।

इस दौरान कस्बे के व्यापारी गर्मी में दुकानों के बाहर बैठे रहे। वहीं दिन भर विद्युत सप्लाई न मिल पाने से उमस भरी गर्मी में ग्राहक सामान का खरीदारी करते रहे । विद्युत ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए कुमारगंज बाजार माली विजय कुमार उपाध्याय ने एसडीओ विद्युत कुमारगंज संतोष कुमार को अवगत कराते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विद्युत सप्लाई ना मिलने से लोगों को उमस भरी गर्मी में बड़ी परेशानियां हो रही है। एसडीओ विद्युत संतोष कुमार ने बाजार मालिक विजय उपाध्याय को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही ट्रांसफार्मर को बदलवा दिया जाएगा। ट्रांसफॉर्मर मंगवाने के लिए कर्मचारियों को भेजा गया है।

## कृष्ण और सुदामा जैसी पवन सिह और बंजारा की रही पहली मुलाकात

**बसखारी अंबेडकरनगर।** अधिकतर फ़िल्मो में पवन सिंह के साथ काम करने वाले भोजपुरी फिल्म के बिलेन बालगोविंद बंजारा ने कहा हम तो रील लाइफ वाले आज एक रियल पवन सिंह गोरखपुर में मुलाकात से दिल को छु लिया इतना सब कुछ होते हुए घमण्ड नाम की चीज जरा भी नहीं सेवा भाव में वैसे जैसे कृष्ण के घर सुदामा आऐ है भोजपुरी फिल्म एक्टर डायरेक्टर बाल गोविंद बंजारा से जब स्थानीय पत्रकारो ने जब पूछा कि पवन सिंह से मिलकर कैसा लगा पूछने पर बोले बालगोविन्द बंजारा कि मैं पहले से काफी प्रभावित था यू ट्यूब पे लिंक देख कर मिलने की चाहत थी अर्से से जब गोरखपुर मेंअपने शूटिंग के दौरान मुलाकात हुई वैसे तो पहली मुलाकात में लगा जैसे कृष्ण सुदामा के सामने मुस्कुरा रहे है शान्त स्वभाव जरा भी घमण्ड नहीं लगभग एक घंटे के वार्तालाप में दिल को जीत लिया पवन सिंह ने हम तो रील लाइफ वाले आज रियल पवन सिंह से मुलाकात यादगर रहेगा।

# पद एक नियुक्तियां तीन, कुलपति के गले की फांस

**● नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय**

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में वर्ष 2003 में एक पद पर तीन नियुक्तियां करने का जो सिलसिला चालू हुआ वही कुलपति के गले की फांस बन बैठा। नतीजतन मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद थाना कुमारगंज में पूर्व कुलपति डॉक्टर बी बी सिंह एवं एक लिपिक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया। जांच अधिकारी की आख्या के आधार एवं मुख्यमंत्री के अनुमोदन पर अंकित कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार ट्रेनिंग एसोसिएट के एक पद के लिए 9 अगस्त 2003 को कराए गए साक्षात्कार के एक अभ्यर्थी विनोद कुमार सिंह ने विवि से प्राप्त जन सूचना के आधार पर उच्च न्यायालय में वाद दायर किया कि वह इस पद का दावेदार था पर उसका चयन नहीं किया गया।

उच्च न्यायालय के आदेश पर विजिलेंस द्वारा जांच कराया गया जिसमें बड़े स्तर पर नियमों की अनदेखी कर नियुक्तियां करने का राज खुला। यहां यह भी जानना उचित होगा कि इस हाई प्रोफाइल फर्जीवाड़े का मुकदमा माननीय उच न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में योजित रिट याचिका संख्या 994 ख्एस्ऽवी, 20017 विनोद कुमार सिंह बनाम कुलपति नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय व दो अन्य में पारित दिनांक 25ध्1ध् 16.17 के संबंध में खुली जांच सतर्कता अधिष्ठान से कराए जाने के आदेश के क्रम में सेक्टर अयोध्या द्वारा पूर्ण कर सतर्कता मुख्यालय प्रेषित की गई जहां से अंतिम आंख्या शासन को प्रेषित की गई जिसके आधार पर जांच अधिकारी विजय कुमार यादव ने प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित कराई।

थाना कुमारगंज में अंकित कराई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट 0154/29-6-2020 के अनुसार खुली जांच के मध्य संकलित अभिलेखी एवं मौखिक जांच के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन कुलपति बी बी सिंह नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कार्यकाल में वर्ष 2001.2003 में ट्रेनिंग एसोसिएट प्लांट प्रोटक्शन के पद पर 3 नाम चयन किए गए।

प्रथम स्थान पर डॉ अरविंद कुमार सिंह, द्वितीय स्थान पर रूद्र प्रताप सिंह तथा तृतीय स्थान पर किसी अन्य का नाम चयनित किए जाने के बाद विश्वविद्यालय की प्रबंध परिषद समिति द्वारा अनुमोदित कराते हुए 26 फरवरी 2004 को तत्कालीन कुलपति डॉ बीबी सिंह के पास पत्रावली भेज दी गई थी। सतर्कता अधिष्ठान द्वारा शासन को भेजी गई आंख्या में बताया गया कि कुलपति द्वारा क्रम संख्या तीन पर चयनित अभ्यर्थी के नाम के स्थान पर सफेदा लगाकर पेन से डॉक्टर प्रमोद कुमार का नाम अंकित कर दिया गया। काली स्याही वाली पेन से कूट रचना करके आपराधिक षड्यंत्र रच कर उसी विज्ञप्ति पर 17 अगस्त 2004 को क्रमश: डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं डॉक्टर रूद्र प्रताप सिंह को भी नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया। 27 दिसंबर 2008 को कूट रचना कर अंकित किए गए गैर चयनित डॉ प्रमोद कुमार को भी नियुक्ति पत्र जारी कर दिया। इसके बाद फर्जीवाड़े के इस मामले ने तूल पकड़ाए मामला उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ जा पहुंचा और फर्जी नियुक्ति का सच बाहर आ गया।

तत्कालीन कुलपति डॉ बी बी सिंह, वरिष्ठ लिपिक कृषि विवि ओम प्रकाश गौड़ए विषय वस्तु विशेषज्ञ फसल सुरक्षा कृषि विज्ञान केंद्र बसुली महाराजगंज डॉ प्रमोद कुमार तथा वस्तु विशेषज्ञ फसल सुरक्षा कृषि विज्ञान केंद्र अंबापुर सीतापुर विनोद कुमार सिंह के विरुद्ध तहरीर के आधार पर थाना कुमारगंज पुलिस ने 29 जून 2020 को कुलपति सहित उपरोक्त चारों लोगों के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471 व 120बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। कुमारगंज थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व ही इस मुकदमे को सतर्कता अधिष्ठान गोरखपुर को ट्रांसफर किया गया था ।

## पीड़ित को न्याय न मिलने पर कोतवाली गेट पर किया धरना-प्रदर्शन

**अम्बेडकरनगर।** योगी सरकार एक तरफ अपराधियों से प्रदेश को मुक्त कराने की बात करती है। दूसरी तरफअपराधी जन्म लेते जा रहे हैं जिस बूथ सेक्टर अध्यक्ष के बलबूते प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है आज उसी का परिवार दबंगों से पीटता है और अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। पीड़ित अरुण विश्वकर्मा पुत्र स्व. श्याम प्रकाश विश्वकर्म निवासी मोहसिन पुर मंसूरपुर ने बताया कि सायं 7 बजे के करीब अपने घर के काम से बाहर निकला और मंदिर परिसर पर जाकर कुछ देर के लिए बैठ गया उसी वक्त मोहसिन खान अनिरुद्ध मिश्रा हैप्पी सिंह अपने तीनों दोस्तों के साथ मामूली बात को लेकर शराब के नशे में उलझ गए और मारपीट चालू कर दी फिर भी उनका दिल नहीं भरा पीड़ित को राजेश पाण्डेय कालेज के पास ले जाकर फिर से पिटाई चालू कर दिया। पिस्टल से फायरिंग भी हुई, उसके बाद आरोपी फरार हो गए पीड़ित के जेब में रखे हुए 600 रुपए भी छीन ले गए पीड़ित को न्याय ना मिलने से पीड़ित के परिजनों ने कोतवाली का गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया।

# किन्नर अखाड़ा ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि टीना मां ने कारगिल युद्ध के शहीदों को सोमवार को बैरहना स्थित आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। आज 26 जुलाई को आपरेशन विजय का समापन कारगिल विजय से हुआ था। पाकिस्तान ने विश्वास में लेकर जिस तरह से देश की पीठ में ख़ंजर भोका था वह बात सामने आने पर हर भारतीय की तरह मेरी भी रगो में सरसराहट दौड़ गई।

मन और मस्तिष्क में एक ही बात घर कर गई कि बदला। गद्दारी का बदला लेना है हरहाल में और सबक़ सिखाना है। भारतीय सेना की फ़ौलादी बाजुओं की शक्ति का अहसास करवाना है। आख़िर हो क्यों न मेरे भी रक्त में फ़ौजी पिता का ही रक्त बह रहा है। जिन्होंने भारत चीन युद्ध में अपने पेट पर गोली खाई थी और जिनके घाव आज भी गरवीला एहसास करवाते हैं। जिनके



शहीदों को श्रद्धांजलि देते किन्नर समाज के लोग।

बुजुर्ग शरीर में आज भी युद्ध के नाम पर बिजली सी कौंध जाती है और सीमा पर जाने को आतुर हो जाते हैं। किन्नर अखाडा की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कारगिल विजय मेरे जन्म के बाद हुई।

यह भीषण लड़ाइयों में से एक है इसीलिए मेरे जीवन में इसका विशेष स्थान है। कारगिल युद्ध जो विश्व के सबसे ऊँचे स्थानों पर तापमान से 40 और 50 डिग्री पर लड़ा गया था। इस युद्ध ने पाकिस्तानियों को वीरता का ऐसा पाठ पढ़ाया जो उन्हें सात पीढी तक याद दिलाता रहेगा। इस युद्ध में वीरता की कोई एक कहानी तो है नहीं जिसका वर्णन मैं करूँ एक से एक वीरता की प्रेरणा दायक कहानियाँ हैं। नैना शिवानी राधिका परी मनीषा सारिका शोभा सहित अन्य शिष्य श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

# कोविड की तीसरी लहर

## लापरवाही से बचें

**सभी** संकेत मिल रहे हैं कि कोविड-19 की तीसरी लहर आने वाली है। ऐसे में भारत को सुरक्षा बनाए रखनी चाहिए। कोविड-19 की दूसरी लहर के 25 जून से घटने की उम्मीद है, पर राहत की यह बात कुल मामलों की संख्या या महामारी-विरोधी रणनीतिकारों के प्रेक्षणों में नहीं दिखती है। राष्ट्रीय स्तर पर नए मामले 39,000 से अधिक हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही उच्चाधिकार प्राप्त रणनीतिक समूह ने सरकार से कह दिया है कि रोज आने वाले मामले 50,000 से अधिक हो सकते हैं। क्या सरकार को इसे तीसरी लहर की चेतावनी की तरह लेना चाहिए? पहली बार रणनीतिकारों ने प्रारम्भिक चेतावनी जल्दी दे दी है। पहली बार देश की कोविड-रोधी नीति का संचालन प्रशासन के बजाय सीधे वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस परिवर्तन से दो संदेश जाते हैं। पहला, दूसरी लहर देश में काफी कमजोर हो गई है और यह मुख्यत: दो राज्यों-केरल व महाराष्ट्र तक सीमित है। दूसरा, 50,000 मामलों की सीमा पार होने का अर्थ चिकित्सा ढांचे पर दबाव बढ़ने की शुरुआत होगा। ऐसे में रणनीतिकार सुरक्षित रूप से अनुमान लगा रहे हैं कि भविष्य में लहर के शिखर पर रोज चार-पांच लाख मामले आएंगे तथा नए मामलों की सीमा लगभग दस गुना है। इससे केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों को स्पष्ट तस्वीर मिल जानी चाहिए कि अगले दो महीनों में उनको अतिरिक्त ढांचा किस तरह संगठित करना है।

ब्रिटेन के उदारहण पर गौर किया जा सकता है कि उसने नई स्थिति से निपटने के लिए क्या किया जब नए मामलों की संख्या 50,000 पार कर



गई। वर्तमान समय में पाजिटिव टेस्ट वालों की संख्या खतरनाक रूप से बढ़ रही है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में लगभग 6,50,000 लोग पाजिटिव पाए गए हैं। अस्पतालों में भर्ती लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। इसके बावजूद सरकार ने सभी नियंत्रणों में ढील दी है। अब सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य नहीं रह गई है तथा कानून द्वारा फेस मास्क पहनना जरूरी नहीं रह गया है तथा लोगों के बड़े समूहों से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पूर्ण अनलाक के लिए ब्रिटिश सरकार की आलोचना हो रही है, पर सरकार को संभवत: दो स्रोतों से विश्वास है। पहला, ब्रिटेन में 46 मिलियन से अधिक लोग या वयस्कों के 87.6 प्रतिशत को टीके की पहली खूराक मिल चुकी है तथा 35.5 मिलियन या 67.5 प्रतिशत का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण की उच्च संख्या तथा संक्रमित व बिना टीका लगे लोगों में एंटीबाडी की उपस्थिति से संक्रमण की गंभीरता और अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता कम होती है तथा मौत की संभावना घटती है। दूसरा, हजारों लोग एनएचएस कोविड एप का प्रयोग कर हर दिन एलर्ट के अनुसार स्वयं पृथक्कृत रहते हैं तथा पाजिटिव होने की स्थिति में दूसरों को सतर्क करते हैं कि उनके संपर्क में न आएं। उच्च स्तरीय टीकाकृत होने के कारण ब्रिटेन ने स्वयं को सुरक्षा प्रोटोकालों से अलग किया है, भले ही मामले बढ़ रहे हैं। भारत में टीकाकरण का स्तर कम है, प्रोटोकालों का उल्लंघन अधिक होता है तथा मामले बढ़ रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि टीकाकरण और सुरक्षा उपायों के प्रति लापरवाही के कारण वैश्विक महामारी की तीसरी लहर आना अवश्यंभावी है। ऐसे में टीकाकरण को गति देने के साथ सुरक्षा उपायों का कठोरता से पालन जरूरी है और भारतीय रणनीतिकारों को इस पर अवश्य जोर देना चाहिए।

# पुतिन के लिए सिरदर्द बनी चीन से दोस्ती

1969 में, चीन ने साइबेरिया की उससुरी नदी पर कुछ द्वीपों का अधिग्रहण किया। अब, इसने पूरे साइबेरिया को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करना शुरू कर दिया है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात स्तम्भकार हैं)



पिछले महीने के अंत में, रूस और चीन ने अपनी मित्रता संधि को और पांच वर्षों के लिए नवीनीकृत किया। ऐसा लगता है कि कॉमरेड पुतिन चीन से संभावित खतरे को नज़रअंदाज़ कर एक खतरनाक गलती कर रहे हैं। वह केवल 17 वर्ष का था जब सोवियत संघ ने रूस के साइबेरिया (स्लीपिंग लैंड) में स्थित उससुरी नदी के पार सात महीने का मिनी-युद्ध लड़ा। बीजिंग की महत्वाकांक्षा कितनी बड़ी थी, यह कोई नहीं जानता, लेकिन सोवियत को हमलावर को एक निहित परमाणु खतरा बताना पड़ा। चेहरा बचाने के लिए, माओ ज़ेडॉन्ग ने अपने प्रीमियर झोउ एन लाई के माध्यम से पीपुल्स वॉर की धमकी दी, जिसका अर्थ था कि सैकड़ों-हजारों चीनी सैनिक सोवियत टैंकों को झुका देंगे, जैसा कि उन्होंने 1951-52 में कोरियाई युद्ध में अमेरिकियों के साथ किया था। चीनी नेता की सुविधा का विश्वास मशीन पर मनुष्य की श्रेष्ठता थी। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने सोवियत सैनिकों पर घात लगाकर उससुरी के द्वीपों में से एक पर युद्ध के अपने विचार का प्रदर्शन किया।

अंत में, चीन ने नदी पर काफी कुछ द्वीप प्राप्त किए, जो सोवियत संघ के लिए एक नुकसान थे। तार्किक रूप से, अधिक संघर्ष आगे है। चीन 1969 की तुलना में बहुत बड़ी परमाणु शक्ति है। उसकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ी हैं और वर्तमान संकेतों से, वह एक महाशक्ति बनना चाहता है। हमें यह याद रखना होगा कि साइबेरिया एक विरल आबादी के साथ 13 मिलियन वर्ग किमी से अधिक है, जबकि चीन लोगों के साथ उबल रहा है लेकिन कृषि योग्य भूमि की कमी है। संयोग से, येलो जाइंट ने न केवल उससुरी बल्कि अमूर और अर्गुन नदियों के बीच में कई सौ द्वीप प्राप्त किए। चीन को यह लाभ और यूएसएसआर द्वारा नुकसान दशकों की कठोर वार्ता के बाद हुआ जो 2004 में समाप्त हो गया।

जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के गर्म होने के साथ, साइबेरिया अधिक मेहमाननवाज बन सकता है। आज पूरे क्षेत्र को सर्दियों में बहुत कम तापमान के कारण शत्रुतापूर्ण माना जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के साथ, साइबेरिया के चीन के कब्जे के लिए आकर्षक बनने की संभावना है। यह क्षेत्र कोयला, प्राकृतिक गैस, हीरे, लौह अयस्क, सोना और एल्यूमीनियम में समृद्ध है। साइबेरिया पर जबरन कब्जा करने वाले चीन के संभावित परिदृश्य को अब काल्पनिक या काल्पनिक के रूप में नहीं देखा जा सकता है। एक पश्चिमी स्तंभकार पैट्रिक प्रिंस्टन ने हमें सूचित किया कि एक चीनी पोर्टल जिंजी टुटियाओ ने एक लेख प्रकाशित किया, जिसके लेखक साइबेरिया को चीनी भूमि कहते हैं।

चीनी मीडिया नियमित रूप से रूसी शासक व्लादिमीर पुतिन की प्रशंसा करता है और वह कितनी चतुराई से पश्चिम को उसके स्थान पर रखता है। बस, बीजिंग के दृष्टिकोण से, रूस न केवल एक अच्छा दोस्त है, बल्कि एक उत्कृष्ट संभावित पुरस्कार भी है। दुनिया भर में कोई भी देश ऐसा नहीं है जो हमेशा मित्रवत हो या, इसके विपरीत, हमेशा एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण हो। अतीत में, मंगोलों द्वारा साइबेरिया पर विजय प्राप्त की गई थी और इसलिए, वास्तव में, चीनी क्षेत्र है। यह तेजी से चीन का परहेज बनता जा रहा है।

द न्यू यॉर्क टाइम्स के कॉलम ''व्हाई चाइना रिक्लेम्स साइबेरिया'' में जो बर्गेस एक कठोर परिदृश्य पेश करते हैं- एक भूमि के बिना लोगों के लिए लोगों के बिना भूमि, बर्गेस कहते हैं। भूमि उतनी ही संसाधन संपन्न और लोग-गरीब है जितना कि चीन इसके विपरीत है। उस तर्क का वजन क्रेमलिन को डराना चाहिए। प्यार की तरह, एक सीमा तभी वास्तविक होती है जब दोनों पक्ष उस पर विश्वास करते हैं। और चीन-रूसी सीमा के दोनों ओर, यह विश्वास डगमगा रहा है। साइबेरिया - रूस का एशियाई भाग, यूराल पर्वत के पूर्व में - विशाल है। यह रूस के भूमि द्रव्यमान का तीन-चौथाई हिस्सा लेता है, जो पूरे अमेरिका और भारत के बराबर है।

सीमा के दक्षिण में 1.35 अरब चीनी लोग रूस के 144 मिलियन लगभग 10 से 1 से अधिक हैं। यह विसंगति साइबेरिया के लिए और भी अधिक है, मुश्किल से 38 मिलियन लोगों का घर है, और विशेष रूप से सीमा क्षेत्र, जहां केवल छह मिलियन रूसी 90 से अधिक का सामना करते हैं। मिलियन चीनी। उस सीमा के पार अंतर्विवाह, व्यापार और निवेश के साथ, साइबेरियाई लोगों ने महसूस किया है कि, बेहतर या बदतर के लिए, बीजिंग मास्को की तुलना में बहुत करीब है। भूमि पहले से ही चीन को ''दुनिया का कारखाना'' प्रदान कर रही है, इसके अधिकांश कच्चे माल, विशेष रूप से तेल, गैस और लकड़ी के साथ। तेजी से, साइबेरिया में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों ने तैयार माल का मंथन किया जैसे कि यह क्षेत्र पहले से ही मध्य साम्राज्य की अर्थव्यवस्था का हिस्सा था। बीजिंग रूस की अपनी रणनीति का उपयोग कर सकता है- विवादित क्षेत्रों में सहानुभूति रखने वालों को पासपोर्ट सौंपें, और फिर अपने नागरिकों की रक्षा के लिए सैन्य रूप से आगे बढ़ें। यदि बीजिंग साइबेरिया को बलपूर्वक लेने का विकल्प चुनता है, तो मास्को इसे रोकने का एकमात्र तरीका परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकता है।

इस साल 20 मई को प्रेस के साथ एक बैठक में, पुतिन ने थोड़ी रंगीन भाषा का इस्तेमाल करते हुए, साइबेरिया के एक टुकड़े को भी काटने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के दांत तोड़ने की धमकी दी। वह निश्चित रूप से अमेरिका या पश्चिम के बारे में नहीं सोच रहा होगा। चीनी तानाशाह शी जिनपिंग ने पिछले साल ही पुतिन को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया था।

लेकिन तमाम अच्छे-अच्छे बयानबाजी के बावजूद, चीन-रूस संबंधों की वास्तविकता उथली है। अमेरिका और मित्र देश क्वाड जैसे सामान्य मूल्यों या संरचनाओं के एक समूह के करीब आ गए हैं। रूस और चीन के मामले में दूर-दूर तक तुलनीय कुछ भी नहीं है; इस साझेदारी में, जो बिना किसी वास्तविक राजनीतिक एकीकरण के विशुद्ध रूप से लेन-देन है, रूस बहुत कनिष्ठ भागीदार है, चीन के साथ भौगोलिक रूप से विशाल, संसाधन-समृद्ध लेकिन कम आबादी वाले यूरेशियन पड़ोसी की नजर है।

# निजता पर हमला है पेगासस मामला


**प्रियंका चतुर्वेदी**
(लेखिका राज्यसभा सदस्य हैं)



पिछले सप्ताह न्यूजब्रेक इंटरनेशनल के सनसनीखेज खुलासे से पता चला कि इस्राइली जासूसी साफ्टवेयर पेगासस के माध्यम से 300 से अधिक भारतीयों की जासूसी हो रही है। इस साफ्टवेयर में फोन को हैक कर उसकी फाइलों, दस्तावेजों, वायस कार्ड तथा हैक व्यक्ति के वीडियो तक पहुंचने की क्षमता है। इस सूची में पत्रकार, विपक्षी नेता, एक्टिविस्ट व कैबिनेट मंत्री तक शामिल हैं। अधिकांश नाम अवस्थापना-विरोधी हैं और उनकी जांच की कहानियों ने सरकार की अनेक विफलतायें उजागर की हैं। पेगासस प्रकरण ने एक बार फिर निजता की अवधारणा तथा इस बात पर सवाल उठाए हैं कि राज्य किस सीमा तक निजता अधिकारों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत में जासूसी का इतिहास नया नहीं है, पर पहली बार रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में प्रयोग होने वाली संवेदनशील तकनीक का प्रयोग अनैतिक रूप से सरकार-विरोधी लोगों के संप्रेषणों तक पहुंचने के लिए हो रहा है। इस मामले का बचाव करने वाला कोई भी व्यक्ति लोगों के मूलाधिकारों को नुकसान पहुंचाने के खतरनाक रास्ते पर चलेगा।

यह विवाद सामने आने के बाद से ही आईटी मंत्री का एकमात्र बचाव यह है कि लोगों की निजता को सुरक्षा देने का कानून है तथा सरकारों द्वारा इसका पालन जरूरी है। भारत में निगरानी दो कानूनों-टेलीग्राफ एक्ट व इन्फर्मेशन टेक्नोलोजी एक्ट के अंतर्गत की जा सकती है। टेलीग्राफएक्ट का संबंध आडियो काल रिकार्ड और उनको पकड़ने से है, आईटी एक्ट का संबंध सभी इलेक्ट्रानिक संप्रेषण से है। लेकिन दोनों कानूनों में कमियां हैं और केन्द्र द्वारा इनको दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इनके द्वारा विपक्षी स्वरों की निगरानी होती है और उनको खामोश करने का प्रयास किया जाता है। भारत लोकतांत्रिक देश है और जनता लोकतंत्र के केंद्र में होती है। पेगासस जैसी घटनायें नागरिकों के मूलाधिकारों में हस्तक्षेप हैं। हालांकि, संविधान में निजता के अधिकार का उल्लेख नहीं है, पर यह संविधान के विभिन्न प्राविधानों में अंतर्निहित है।

2017 में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मत फैसले में माना है कि निजता का अधिकार मूलाधिकार है, जबकि केन्द्र सरकार ने इसके विपरीत राय रखी थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निजता का अधिकार अंतर्निहित है। पुट्टास्वामी फैसले के अनुसार, 'किसी व्यक्ति को अपने पर्सनल डेटा पर नियंत्रण का अधिकार है और इस पर तथा अपने जीवन पर नियंत्रण का अर्थ उसके जीवन तथा इंटरनेट पर उसके अस्तित्व



पर नियंत्रण होगा।' निगरानी के मुद्दे में निजता की अनुपस्थिति स्वतंत्रता व गरिमा के आदर्शों में हस्तक्षेप है जिनकी कल्पना भारतीय संविधान ने की है और इससे देश के नागरिक के विकास में बाधा आती है। डिजिटल संप्रेषण के इस युग में 'शून्य निगरानी' का अर्थ निजता के अधिकार से जुड़ा है। पेगासस आरोप हमारे उन लोकतांत्रिक आदर्शों का हनन करते हैं जिन पर हमारा देश आधारित है। इससे देश की संप्रभुता खतरे में पड़ती हे तथा यह देश के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि यहां नागरिकों के डेटा व निजता की रक्षा के लिए जवाबदेह संस्थागत ढांचा उपलब्ध नहीं है। विश्वसनीय, संप्रभु व जवाबदेह ढांचे की अनुपस्थिति ने पूरे देश को ऐसे साइबर खुलासों की दया पर छोड़ दिया है। जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा पारदर्शिता लाने वाला पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल अनेक विसंगतियों से भरा है और अभी स्थाई समिति उसकी जांच कर रही है। भारत में तेजी से डिजिटल संप्रेषण व बिजनेस बढ़ा है तथा स्मार्टफोन अब विशिष्टता के बजाय जरूरत बन गए हैं। कोविड-19 के कारण डिजिटलीकरण प्रक्रिया और तेज हुई है। सारी चीजें उंगलियों पर उपलब्ध होने के कारण संप्रभु राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है कि वह एक उपयुक्त संस्थागत ढांचा तैयार करे।

डिजिटल भारत में वर्ष 2025 तक 900 मिलियन इंटरनेट के सक्रिय प्रयोगकर्ता होंगे, लेकिन वह साइबर युद्ध के खतरे से परेशान है जिनका संचालन दूसरे देश कर सकते हैं। इसलिए व्यावहारिक है कि सरकार कठोर डेटा संरक्षण तथा निजता कानून बनाए तथा इनकी सुरक्षा के लिए एक ढांचा तैयार करे ताकि जनता के अधिकारों की सुरक्षा हो सके। स्मार्टफोन प्रयोग करने वालों की संख्या बढ़ने के साथ भारत में डेटा संरक्षण नीति होनी चाहिए। व्यवस्था में कमियों के कारण इस मुद्दे पर कोई जवाबदेही नहीं है कि डिजिटल डेटा का स्वामी कौन है। इस मामले में बिग बास जैसे रियलिटी शो पर गौर किया जा सकता है जहां हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है तथा आप इससे दूर नहीं हो सकते हैं।

डेटा में हस्तक्षेप का अर्थ लोगों से उनकी निजता और गरिमा छीनना हो सकता है। निगरानी में अनेक विपक्षी नेताओं के शामिल होने के कारण यह मामला राजनीतिक हो गया है और मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसद में रोज हंगामा हो रहा है। पारदर्शिता के हित में सरकार को इन आरोपों पर गौर करना चाहिए, पर वह इनको पूरी तरह खारिज करने में लगी है और अब तक उसने इसे भारत-विरोधी षडयंत्र बताया है। विभिन्न देशों द्वारा जासूसी मामले की जांच के बाद यह दृष्टिकोण हास्यास्पद लगता है। फ्रांस ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं तथा इस्राइल ने एक वरिष्ठ अंतर-मंत्रालयी समूह इस पर गौर करने के लिए बनाया है। लेकिन भारत सरकार अपनी स्थिति का बचाव कर रही है। प्रशासन में सीज़र की पत्नी का सिद्धान्त लागू होता है कि शासन करने वाला संदेह से परे होना चाहिए। लेकिन सरकार लगातार भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। यह विवाद नीतिगत ढांचे की अनुपस्थिति के कारण है जिसका लाभ सत्तारूढ़ लोग उठा सकते हैं। संवैधानिक मानकों के प्रति यह लापरवाही ठीक नहीं है, भले ही सत्ता में चाहे जो हो। अनेक लोगों का मानना है कि संविधान में लिखित उनकी स्वतंत्रतायें एक-एक कर छीनी जा रही हैं। यह समय इस मुद्दे पर बोलने, अपने अधिकारों की सुरक्षा करने तथा अपने दायित्वों के पालन का है। सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ सकती है तथा झूठ बोल कर जवाबदेही से बचने का प्रयास नहीं कर सकती है। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता किसी के पास स्थाई नहीं होती है और उसे लोकतांत्रिक मानकों तथा संवैधानिक प्राविधानों का पालन करना चाहिए। देश के लोगों को यह अनुभव नहीं होने देना चाहिए कि उनके मूलाधिकार छीने जा रहे हैं। ऐसे अवसर पर खामोश रहने वालों के लिए बेंजामिन फ्रेंकलिन ने कहा था, 'जो लोग थोड़ी अस्थाई सुरक्षा के लिए आवयश्क स्वतंत्रता छोड़ देते हैं, उनको सुरक्षा या स्वतंत्रता नहीं मिलनी चाहिए।'

## आप की बात

### बच्चों की वैक्सीन

**देश** दुनिया में कोरोना महामारी ने लोगों को बर्बादी की राह पर लाकर छोड़ दिया। कोरोना की दूसरी लहर इतनी घातक सिद्ध हुई कि कही अपने कही रिश्ते मौत के आगोश में हमेशा हमेशा के लिए गहरी नींद सो गए। व अश्को के आंसुओ के सैलाब बह निकले। अब कोरोना की तीसरी लहर की संभावना व बच्चों की वैक्सीन की उम्मीद ये दोनों का तुलनात्मक विश्लेषण की सकारात्मक गवाही समय ही दे सकता है। परन्तु एम्स निदेशक डॉ गुलेरिया जी ने कहा कि कोवेक्सीन का परीक्षण अंतिम चरण में है । अगर सब कुछ ठीक रहा तो देश मे सितंबर तक बच्चों के लिए भी कोरोना रोधी वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। निश्चित यह उम्मीद उन माता पिता की चिंता की लकीरों को रोकेगी जो अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिंतित है। वर्तमान हालात पर नजर डाले तो कोरोना की रफ्तार नगण्य सी हो गई। व चिंताजनक हालात नही है। परन्तु आमजन व भीड़तंत्र के दृश्यों को देखा जाए तो लापरवाही का आलम व कोविड नियमो की अनदेखी तीसरी लहर को आमंत्रण की मौन स्वीकृति देती नजर आ रही है। समझ से परे लगता है कि लोग कोरोना को हल्के में लेकर पुन: लापरवाही बरतने लगे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### देश की बात

**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मनकी बात कार्यक्रम की79कड़ी में लोगो से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाने की अपील किया। गांधीजी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन चलाया।आज भारत जोड़ो आंदोलन चलाने की जरूरत है। स्वदेशी उत्पादों का अधिकाधिक प्रयोग और स्थानीय उत्पादों को खरीदने की ओर आमजन का ध्यान होना चाहिये। प्रधानमंत्री के माई गाव पोर्टल पर युवाओं द्वारा अधिक सुझाव भेजे गए। प्रधानमंत्री ने देश मे राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने के लिये याद करो कुर्बानी, अमृत महोत्सव महापुरुषों के नाम पर अनेक कार्यक्रम शुरू किये। लेकिन बढ़ती हुई महंगाई पर रोक, बेरोजगारी समस्या, आतंकवाद, अराजकता, भ्रष्टाचार और लचर प्रशासनतन्त्र के कारण कराहते देश की ओर ध्यान देने की जरूरत है। कोरोना महामारी से त्रस्त देश मे सरकार द्वारा हर सम्भव लोगों को सहायता उपलब्ध कराने का भागीरथी प्रयास किया गया। लेकिन प्रशासनतन्त्र ने सरकार का अपेक्षित सहयोग नही किया। अमृत महोत्सव देश के प्रशासनतन्त्र और प्रशासनिक अधिकारियों को सक्रिय, जवाबदेह बनाकर ही सफल हो सकता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### हरित ऊर्जा की ओर

**कोविड-19** महामारी के कारण उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक व्यवधान विनाशकारी साबित हुए हैं। लाखों उद्यमों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। महामारी के कारण अनौपचारिक अर्थव्यवस्था से सम्बद्ध कर्मी विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश समाज सुरक्षा और गुणवत्ता पूर्व स्वास्थ्य देखभाल पहुंच की कमी से प्रभावित हैं और अर्थव्यवस्था में उत्पादक आस्तियों और मांग तक अपनी पहुंच काफी कम है। भारत को वी आकार की रिकवरी की आवश्यकता है और इसके लिए एक वृहत मांग प्रोत्साहन दिया जाना काफी महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में एक हरित प्रोत्साहन आवश्यक है जो की मांग उत्पन्न करने वाली प्रदूषण की समस्या को संबोधित करने और हरित ऊर्जा की ओर ट्रांजिशन या अवस्थान्तर में तेजी लाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। बताते चलें कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का बहुत अधिक प्रभाव मिला है जैसे कि जीडीपी विकास दर पर, ऑटोमोबाइल उद्योग पर, फार्मास्युटिकल्स पर, और विनिर्माण और अन्य क्षेत्रों पर।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** भारत के लिए पहला पदक जीतकर बहुत प्रसन्न हूं। मैं सिर्फ मणिपुर की ही नहीं सारे देश की हूं।

**-एसएम चानू**
ओलम्पिक रजत पदक विजेता

**कांग्रेसनीत** विपक्ष के पास उठाने को ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जो जनता से जुड़ा हो। इसीलिए वे स्नूपगेट जैसे मुद्दे उठा रहे हैं।

– **जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष





**लातिनी** अमेरिकी राज्यों को यूरोपीय संघ जैसा कुछ करना चाहिए मगर हमारे इतिहास, यथार्थ और अस्मिताओं से जुड़ा रहना चाहिए।

**-एएमएल ओब्राडोर**
मैक्सिको के राष्ट्रपति

### मांगों को लेकर हड़ताल पर कर्मी, एक घंटे बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस

# थामे पहिये, किशोरी की गई जान

- इलाज के अभाव में दर्द से कराहते रहे हादसे के जख्मी, न करें एंबुलेंस को काल, खुद करें अपनी व्यवस्था

संवाददाता। सीतापुर




**उत्तर प्रदेश** में 108 और 102 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से एंबुलेंस पहिए जाम हो गए। इससे सूबे में हाहाकार मच गया। सीतापुर के कमलापुर इलाके में ढही कच्ची दीवार के मलबे में दबकर घायल किशोरी इलाज के लिए तड़पती रही मगर एक घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। एंबुलेंस के अभाव में उसने दम तोड़ दिया। मजबूरन किसी ने ई-रिक्शा तो किसी ने प्राइवेट एंबुलेंस का सहारा लिया। ऐसे में मरीजों और तीमारदारों को काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ी। उधर, हड़ताल से नाराज यूपी सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों पर एस्मा लागू करने की चेतावनी दी है। आपको बता दें कि स्वास्थ्य विभाग में ठेका प्रथा बंद करन एंबुलेंस कर्मियों उत्तर प्रदेश में 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारियों ने रविवार रात 12 बजे से सेवा ठप कर दी। इनकी हड़ताल से सूबे में 4500 एंबुलेंस खड़ी हो गई। हड़ताली कर्मियों का आरोप है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और ओडिशा में ब्लैकलिस्टेड कंपनी को यूपी स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों रुपये का ठेका मिला है। यह कंपनी यूपी में वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस सेवा में विभिन्न पदों पर नौकरी दिए जाने के नाम पर बडे़ पैमाने पर भ्रष्टाचार कर रही है। ठेका पाने वाली ज्यादातर नई कंपनी पुराने अनुभवी कर्मचारियों को रोलओवर करती है, लेकिन यह कंपनी पूर्व में काम कर रहे कर्मचारियों की छंटनी कर केवल पैसा कमाने के लिए नए कर्मचारियों की भर्ती कर रहा है। नए अभ्यर्थियों से खुलेआम 20 से 25 हजार रुपये की मांग की जा रही है। मांग है कि ठेका प्रथा बंद की जाए। एंबुलेंस कर्मियों की नौकरी सुरक्षित की जाए। 102 और 108 के कर्मचारियों को एनएचएम में शामिल किया जाए। समान कार्य समान वेतन लागू किया जाए। कोरोनाकाल में जान गंवाने वाले एंबुलेंस कर्मियों के परिजनों को 50 लाख की बीमा राशि और सहायता राशि तुरंत दी जाए। बार-बार कंपनी बदल कर नए सिरे से भर्ती न की जाए।

### सावन के पहले सोमवार सीतापुर को मिली सौगात

# विद्युत विभाग ने कोएक्सिल फीडर किया चालू

- सिटी टू सब स्टेशन से जुड़े आधा दर्जन मोहल्लों को मिलेगा लाभ
- करीब ढाई हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी सुचारु विद्युत आपूर्ति

संवाददाता। सीतापुर



**सावन के पहले** सोमवार को दोपहर बाद गिरती रिमझिम बूंदों के बीच सीतापुर शहर की विद्युत आपूर्ति सुधार की दिशा में बड़ा काम किया गया अब तक जिस सिटी टू पावर हाउस पर एक ही फीडर से शहर के दर्जन भर से ज्यादा महलों की विद्युत आपूर्ति का भार था अब उसे बांट कर दो फीडर में कर दिया गया कोएक्सिल के नाम से बनाए गए इस नए फीडर का शुभारंभ अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम एके श्रीवास्तव ने पूजन कर किया इस नए फीडर से शहर के मोहल्ला नई बस्ती होली नगर जेल रोड लक्ष्मी मार्केट लोहार बाग ग्रीकगंज तथा शहर से सटे हाजीपुर गांव की विद्युत आपूर्ति बेहतर होगी इसका तकरीबन 23 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा बताते चलें अब तक एक ही फीडर पर दर्जन भर से ज्यादा मोहल्लों की आपूर्ति का भार होने के चलते यहां पर ओवरलोड ट्रिपिंग लो वोल्टेज तथा बार-बार ब्रेकडाउन की समस्या अंतहीन बनी हुई थी एक ही फीडर होने के चलते कोई भी मरम्मत कार्य करने के लिए समूचा फीडर बंद करना पड़ता था जिसे लेकर काफी समय से इस नए फीडर को क्रियाशील करने पर काम किया जा रहा था अब भार दो भागों में बंट जाने के कारण जहां तमाम तरह की समस्याएं समाप्त होगी वही शटडाउन में एक ही फीडर की बिजली कटा करेगी शुभारंभ अवसर पर जे ई मिथिलेश यादव तथा दुर्गाशंकर व रामजी कनौजिया आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीतापुर में मनाया गया 161वां आयकर दिवस

**लहरपुर।** जिले के आयकर कार्यालय पर शनिवार को 161 वां आयकर दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को आयकर अधिकारी रमेश सिंह ने संबोधित किया और सभी को शुभकामनाएं दी इसके बाद कार्यक्रम को एक वेबिनार के माध्यम से पूर्वी क्षेत्र के मुख्य आयकर आयुक्त आशीष वर्मा व अन्य उच्चाधिकारियों ने भी संबोधित किया जिसमें विभिन्न विभागीय बिंदुओं पर चर्चा की गई इस दौरान आयकर निरीक्षक प्रफुल्ल वर्मा, के के सिंह, शुभम, नितिन आदि मौजूद रहे।

### पहले सोमवार को पहरे में रहे शिवालय

# कोविड के चलते समूचे जिले में शिवालयों के कपाट रहे बंद

संवाददाता। सीतापुर



**कोरोना संक्रमण** के चलते वैसे तो समूचे सीतापुर जिले के मंदिर और शिवालय लॉक थे। बावजूद इसके सोमवार को शिव भक्तों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। कुछ स्थानों पर तो श्रद्धालुओं ने मंदिरों में आशुतोष भगवान को जलाभिषेक किया तो कुछ जगहों पर मंदिर के कपाट बंद होने के बैरंग लौट गए, हालांकि बंद कपाट पर प्रतीकात्मक स्वरूप जलाभिषेक, पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद जरूर लिया। श्रावण मास में देवादिदेव महादेव का नाम लेने मात्र से सारे दुख दूर हो जाते हैं। उनकी महिमा का बखान कर रुद्राभिषेक करने वालों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव की आराधना के इस महीने के सोमवार को महिलाएं व्रत रखकर सुख समृद्धि की कामना करती हैं। ऐसे में सावन मास पर अलसुबह से शिवालय बम-बम भोले, हर-हर महादेव आदि जयकारों की गूंजने लगे थे। लेकिन पिछले बरस से कोरोना का ग्रहण छाया है। इस बार भी कोरोना के चलते सीतापुर जिले में मंदिर-शिवालयों में दर्शन के लिए पाबंदी लगा दी गई थी। वहां पर तैनात पुलिस द्वारा आने वाले श्रद्धालुओं को वापस कर रहे थे। सावन मास के पहले सोमवार को सुबह चार बजे श्रद्धालुओं के श्यामनाथ मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन मंदिर के कपाट बंद होने के चलते लोग दर्शन नहीं कर सके। उन्हें दर्शन किए गए बगैर बैरंग वापस लौटना पड़ा, हालांकि कुछ लोगों ने मंदिर गेट पर ही जलाभिषेक व पूजन अर्चन रस्में निभाई। दर्शन पर पाबंदी के चलते सन्नाटा पसरा रहा। धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य के प्रसिद्ध शिव मंदिर देवदेवेश्वर के भी कपाट बंद रहे। मंदिर आने वाले मुख्य मार्ग पर पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर श्रद्धालुओं को रोका गया, वहीं जगह.जगह पुलिस बल तैनात रहा। रेउसा क्षेत्र में प्रतिबंध लगने के बाद शिव मंदिरों में सावन के पहले सोमवार को भीड़ नहीं रही, फिर भी स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से पूजन अर्चन किया गया। रेउसा कस्बे के संकट मोचन हनुमान मंदिर व क्षेत्र का प्रसिद्ध मोइया शिवाला पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। हरगांव के प्रसिद्ध सूर्यकुंड तीर्थ स्थल पर स्थित बाबा गौरी शंकर धाम के कपाट बंद रहने से श्रद्धालु मायूस रहे, हालांकि श्रद्धालुओं ने तीर्थ में व मंदिर के मुख्य द्वार पर पूजन अर्चन किया। कमलापुर में भी कसमंडा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने अपने परिवार द्वारा स्थापित नर्वदेश्वर शिवालय अति प्राचीन मंदिर में सावन के पहले सोमवार को आशुतोष भगवान का जलाभिषेक पूजन अर्चन किया और सुख, शांति और समृद्धि की दुआएं मांगीं।

# रोडवेज चालकों ने ट्रैफिक नियमों के पालन की ली शपथ



- परिवहन व पुलिस विभाग के सड़क सुरक्षा सप्ताह का पांचवां दिन

संवाददाता। सीतापुर

**परिवहन और** पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवे दिन आयोजित कार्यशाला में रोडवेज चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। साथ ही सड़क पर सावधानी के साथ वाहन चलाने की हिदायत भी दी। एआरटीओ प्रशासन ने चालकों को यातायात नियमो के पालन की शपथ भी दिलाई। खैराबाद स्थित रोडवेज वर्कशाप में आयोजित कार्यशाला में एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेई ने कहा कि रोडवेज चालकों को वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बस में सवार यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाना आपका कर्तव्य है। नशा, नींद, तेज रफ्तार सड़क हादसों की प्रमुख वजह है। शासन द्वारा प्रवर्तन कार्यवाई के साथ यातायात जागरूकता पर जोर दे रहा है, जिससे यातायात नियमो के प्रति लोगो की समझ सकें। उन्होंने चालकों को यातायात नियमो के पालन की शपथ दिलाई। कहा कि 90 प्रतिशत सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते है। कार्यशाला में यात्रीकर, मालकर अधिकारी शैहपर किदवई ने कहा कि रोडवेज चालक बस स्टाप के बाहर सड़क पर सवारियां न भरे सड़क पर वाहन खडे करने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। यातायात निरीक्षक सुरेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि चालक स्वयं यातायात नियमो का पालन करते हुए दूसरों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। मोटर ड्राईविंग ट्रेनर सुरेन्द्र शुक्ला ने चालकों को गुड ड्राईविंग के टिप्स दिये। कार्यशाला में चिकित्सकों ने 36 चालकों की आंखों का परीक्षण कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया। परिवहन विभाग द्वारा लहरपुर में अभियान चलाकर 12 वाहनों को विरूद्ध कार्रवाई की। साथ ही सिधौली, खैराबाद में भी लापरवाह वाहन चालकों के चालान काटे गए। कार्यशाला में सीतापुर प्रगति संस्थान के सहयोग यातायात चिन्हयुक्त पम्फ्लेट वितरित किए गए। कार्यशाला में टीएसआई रामजतन फेर मैन प्रवेश कुमार, प्रवर्तन कर्मी, अजय कुमार, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

# भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को मात देकर पाई विजय



संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद नगर इकाई लहरपुर द्वारा 22वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर ब्लॉक परिसर में पदाधिकारियों द्वारा कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें नगर अध्यक्ष मीनाक्षी मिश्रा ने उद्बोधित करते हुए कहा हमारे देश के सैनिकों ने पाकिस्तान के द्वारा की जाने वाली कुटिल नीति का साहस से संघर्ष करते हुए कारगिल को भारत भूमि में जोड़ने का काम किया था हम उन्हें शत शत नमन करते हैं! नगर सह मंत्री आशुतोष मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिवस हमारे लिए बहुत ही गौरव का दिन है आज के दिन ही हमारे देश के जवानों कैप्टन मनोज कुमार पांडेय, विक्रम बत्रा आदि के शौर्य पराक्रम से कारगिल पर तिरंगा फहराने में सफल रहे, हमें इस कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उनके शौर्य पराक्रम को स्मरण करें, और उनके बलिदान को नमन करते हुए हम सभी हमेशा याद रखेंगे इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे, तहसील सह संयोजक अमित नाग, नगर सह मंत्री नैंसी देवी, विकास मौर्य, नैंशी राजपूत, अरुणादित्य, मानसी निगम, कोमल जायसवाल अभिजीत गौड़ आराध्या मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता वा नागरिक उपस्थित रहे।

### जितिन प्रसाद का विधायक ने किया जोरदार स्वागत

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा नेता जितिन प्रसाद के गोला आगमन पर विधायक अरविंद गिरि ने भव्य स्वागत किया। अपने निवास मोहल्ला तीर्थ पर भगवान भोले शंकर के मंदिर में कोविड प्रोटोकॉल के कारण कपाट बंद रहे। जितिन प्रसाद मंदिर परिसर के बाहर से ही दर्शन करने उपरांत विधायक निवास पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, प्रमुख साथियों, पत्रकारबन्धुओं व समाजसेवियों से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर जनार्दन गिरि, रामगुलाम पांडे, अवधेश मिश्रा, विमल वर्मा, विनोद गुप्ता, विनोद वर्मा, सरताज खान, जवाहर वर्मा, अशोक यादव, दिलीप यादव, सचिन, अंशु सैनी, अजय गिरि, धर्मेंद्र गिरि, कन्हैया गिरि, बालकृष्ण गुप्ता, बब्लू व अनुराग गुप्ता इत्यादि साथीगण उपस्थित रहे।

# मीडिया दफ्तरों में कार्रवाई से भड़के पत्रकार

- राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**मीडिया हाउस** व समस्त पत्रकार संगठन मोहम्मदी के तत्वाधान के भारत समाचार व दैनिक भास्कर के कार्यालय पर हुई कार्रवाई के विरोध में वरिष्ठ पत्रकार व मीडिया हाउस संरक्षक अब्बास नकवी के नेतृत्व में एक सामूहिक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मोहम्मदी के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपा गया। साथ ही ज्ञापन में मांग की गई कि पत्रकारों का उत्पीड़न व अत्याचार तत्काल प्रभाव से रोका जाए। इस प्रकार की कोई कार्यवाही बिल्कुल भी पत्रकारों को डरा नहीं सकती। ज्ञापन में बड़ी संख्या के पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व मीडिया हाउस के संचालक आकाश सैनी ने किया। मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार मो. अब्बास नकवी, कमल गुप्ता, हरविंदर सिंह, इरफान अहमद, मो.इलियास, शिवम राठौर, रियासत अली, जर्रार खान, रविउल्ला, देवरंजन मिश्रा, सिदाकृत मंसूरी, शाहनवाज, अमित कुशवाहा, अतुल मिश्र, गौरव सिंह, अश्वनी सिंह, जसवंत सिंह, दानिश, राशिद, इंतजार व मीडिया हाउस संचालक आकाश सैनी एड. सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

### दो को तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** एसपी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत 26 जुलाई को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 687/21 धारा 307 भादवि में वांछित दो अभियुक्तों दिव्यांशु पांडे पुत्र सुनील पांडे निवासी भटनागर कॉलोनी व हर्षवर्धन शुक्ला पुत्र लव कुश शुक्ला निवासी मोहल्ला हाथीपुर को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। इस बरामदगी के संबंध में आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

# दो सौ लोगों ने लगवाई वैक्सीन



**मैलानी-खीरी।** शासन के निर्देश पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी शैलेंद्र भटनागर के निर्देश पर नगर मैलानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोराना वाइरस की रोक थाम हेतु कोविड 19के टीके लगवाएंद्र। कुल दो सौ लोगों ने वैक्सीन लगवाई। चिकित्सा प्रभारी डा. संजीव कुमार, फार्मासिष्ट तुषार वर्मा, स्टाफ नर्स दीपा शर्मा व सरिता दीक्षित सीएचओ सोहन सिंह एवं अनुपमा द्वारा आये तीमारदारों के रजिस्ट्रेशन करके टीकाकरण किया। टीका लगवाने की भीड़ सुबह से ही काफी मात्रा में एकत्र हो लोग अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये। सभी वैक्सीनेशन में सभी स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा। भीड़ की लम्बी कतारें लगी रही। यह टीका करण सुबह से शाम तक चलता रहा।

### मोतीपुर में लगाया गया कोविड वैक्सीन का विशाल कैम्प

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**ब्लाक मोतीपुर** के ग्राम मोतीपुर ओयल में कोविड वैक्सीन का कैंप लगवा कर ग्राम वासियों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मंजू देवी, पूनम वर्मा, रामरति, पूनम मिश्रा, संगीता कार्यक्रम को करुणा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग लिया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राम त्रिपाठी भाजपा युवा नेता आदर्श अवस्थी मंडल मंत्री मंसूर अली नित्यानंद बैजनाथ अवस्थी अनूप तिवारी पूर्व प्रधान रामाश्रय मिश्रा ऋषभ त्रिपाठी अतुल शुक्ला आलोक तिवारी शिवा मिश्रा तसव्वर अली व ग्राम प्रधान मोतीपुर रामहेत मौर्या ने कार्यक्रम में पूर्ण रुप से सहयोग किया।

# डीएम ने की आत्मायोजना की समीक्षा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सोमवार को** नेशनल मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नोलाजी के सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना के तहत डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। इसके बाद डीएम ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना की जिला खाद्य सुरक्षा मिशन की एग्जीक्यूटिव कमेटीए जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति व उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु गठितजनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक ली एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने डिस्टिक एग्रीकल्चर एक्शन प्लान की मदवार समीक्षा की व कार्य योजना का अनुमोदन किया। डीएम ने आत्मा योजना की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। डिस्टिक एग्रीकल्चर एक्शन प्लान का जिले के कृषि क्षेत्र में एक अलग महत्व व भूमिका है। उन्होंने उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि किए जाने हेतु चर्चा की। उप निदेशक (कृषि) डा. वाईपी सिंह ने आत्मा योजना के लक्ष्य व उद्देश्य बताएं।

उन्होंने कृषकों के फार्मिंग सिस्टम की सभी समस्याओं का निदान करते हुए समग्र उत्पादन व आय वृद्धि लाकर जीवन स्तर ऊंचा उठाना, कृषि एवं कृषकों का सबलीकरण, क्षेत्र विशेष के संसाधन एवं लोगों की मांग आधारित तकनीक सेवा का विकास कृषि प्रबंधन व्यवस्था में समीकरण हेतु कृषक समूहों का गठन सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। उन्होंने आत्मा योजना में ट्रेनिंग फार इंटर स्टेट, ट्रेनिंग आफ फार्मर विद इन स्टेट, ट्रेनिंग आफ फार्मर विथ इन डिस्टिक ग्राम स्टर एवं केवीके स्तर एक्स्पोज़र विजिट इंटर स्टेट, एक्स्पोज़र विजिट विद इन डिस्टिक, प्रदर्शन, क्षमता विकास, सीड मनी किसान मेला किसान गोष्ठी फार्मर साइंटिस्ट इंटरएक्शन व फार्म स्कूल का मदवार विवरण प्रस्तुत किया।इस दौरान उप कृषि निदेशक डा. योगेश प्रताप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी बीके पटेल, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्येंद्र, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) राम शिष्ट, भूमि संरक्षण अधिकारी (जिला योजना) प्रमोद कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य संजय यादव, सहायक निदेशक रेशम व एडीआईओ विपिन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# घर के सामने पोल लगने को लेकर हुआ विवाद

- दोनों पक्षों में चले ईंटे पत्थर, दो लोग घायल
- मौके पर पहुंची पुलिस
- घायलों को उपचार के लिए गया भिजवाया
- नहीं दर्ज है रिपोर्ट

**बेहजम-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर में प्रधान पुत्र व ग्रामीण के बीच बिजली के खंभे लगाने के विवाद के चलते दोनों पक्षों से जमकर चले ईंट और पत्थर दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची नीमगांव पुलिस ने दोनों घायलों को पुलिस ने मेडिकल के लिए भिजवाया।

कोतवाली नीमगांव के ग्राम मिर्जापुर निवासी प्रधान महावीर का पुत्र दीपू गांव के ही रहने वाले ग्रामीण उमेश पुत्र गया प्रसाद के मकान के सामने बिजली पोल लगवाने गया था। इसी बीच उमेश व प्रधान पुत्र दीपू के बीच कहा सुनी हो गयी। इसके बाद देखते ही देखते दोनों पक्षों में ईंट पत्थर चलने लगे। इसमें दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गये। ग्रामीणों की मानें तो प्रधान पुत्र चुनावी रंजिश को मानते हुए उमेश के मकान के ऊपर से होकर बिजली की लाइन निकालने को लेकर बीचों बीच बिजली पोल लगवाना चाहता था। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और दोनों पक्षों से ईंट पत्थर चलने लगे। इसमें प्रधान पुत्र दीपू तथा दूसरे पक्ष से उमेश कुमार के ईंट लगने से दोनों ही घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही नीमगांव पुलिस मौके पर पहुंच गयी। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवा दिया है।

इंस्पेक्टर नीमगांव गजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ है। दोनों पक्षों से दो लोगों घायल हैं। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवा दिया गया है।

# पूर्व चेयरमैन ने पालिकका परिषद पर लगाया घोटालों का आरोप

- मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग

संवाददाता। संडीला (हरदोई)

**पूर्व चेयरमैन ने** नगर पालिका परिषद द्वारा अच्छे खासे डामर रोड व इंटरलॉकिंग को मनमाने तरीके से उखाड़कर वर्षा काल में निर्माण कराने के प्रकरण की सूचना प्रदेश के मुख्यमंत्री को दी गयी है। प्रादेशिक जनहित जागरण समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर कहा कि नगर पालिका परिषद ने 15 जुलाई से रेलवे क्रासिंग से बस स्टाप तक सड़क को बंद करके उसे खोद डाला। हालांकि सड़क में कहीं कोई कमी नहीं थी। नगर पालिका परिषद इस स्थान पर सीसी रोड बना रही है। जिसके बीच में डिवाइडर भी बनना है जबकि कुछ समय पहले ही लाखों रुपये लगाकर इंटरलॉकिंग करायी गयी थी। आखिर वह इंटरलॉकिंग कहां चली गयी। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि नगर पालिका परिषद के कर्ता धर्ता लगातार तीन चार वर्ष ऐन केन प्रकारेण सरकारी धनराशि का बंदरबांट कर रहे हैं। ऐसा इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि तमाम शिकायतों की जांच जिला स्तर पर आती है और वहीं से नगर पालिका परिषद के शातिर लोगों द्वारा सांठ गांठ करके उन्हें लिखा पढ़ी कर वापस कर दिया जाता है। यही कारण है कि इस नगर पालिका परिषद के तमाम घोटालों पर सरकारी धन की बंदरबांट की न तो कोई जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि नगर पालिका परिषद के चेयरमैन स्वयंभू सपा नेता बनकर भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने का लगातार प्रयास कर रहे है। ज्ञापन में मांग की गयी है कि मार्ग निर्माण, इंटरलाकिंग, फुटपथ समेत अन्य तमाम बिन्दुओं की उच्च स्तरीय जांच जनपद हरदोई के किसी अधिकारी से न कराकर अन्य किसी अधिकारी से करायी जाये।

### मां के साथ खड़ी बच्ची को ट्रक ने कुचला, मौत

**बरेली।** सड़क किनारे मां के साथ खड़ी एक बच्ची को तेजी से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक फरार हो गया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा बदायूं के बिनावर निवासी प्रशांत मिश्रा की 3 वर्षीय बेटी माधवी की आज दोपहर सचिन गंज थाना क्षेत्र के रिठौरा इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिला अस्पताल में मौजूद मृतका के परिवालों ने बताया कि माधवी अपनी मां सी डी मिश्रा के साथ कुछ दिन पहले बरेली में इज्जत नगर थाना क्षेत्र में रजत विहार कॉलोनी स्थित अपनी ननिहाल आई थी। उसके नाना ज्ञान प्रकाश रिठौरा में प्राइवेट स्कूल चलाते हैं। आज सुबह वह अपनी मां के साथ नाना ज्ञान प्रकाश के रिठौरा स्थित ज्ञान प्रकाश स्कूल गई थी। जहां से वापस लौटते समय दोनों मां बेटी सड़क किनारे खड़ी होकर बरेली आने वाली किसी गाड़ी का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान तेजी से आ रहा एक ट्रक अचानक बेकाबू हो गया और मां के पास खड़ी माधवी उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। पास खड़ी मां बाल-बाल बच गई। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया। घटना की सूचना उसकी मां ने अपने मायके वालों को दी।

पायनियर
लखनऊ , मंगलवार, 27 जुलाई , 2021



# हर तरफ हर-हर महादेव की गूंज

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)

**सावन** माह के पहले सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी चारों तरफ हर हर बम बम के जयकारो से वातावरण गूज उठा। भक्तों ने शिवलिंग में जलाभिषेक कर मनोकामनाएं की। कस्बे के धमना रोड स्थित चौपरेश्वर मंदिर में सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही भक्तों की उमड़ी रही। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवालय बम बम भोले से गूंज उठा। मंदिर के पुजारी राजेंद्र पाटकर ने बताया कि सावन महीने में भगवान शिव की पूजा होती है और इस दौरान सोमवार के दिन का महत्व सबसे ज्यादा होता है। क्योंकि यह दिन भगवान भोले नाथ का माना जाता है। इस दिन भोले शंकर की विशेष पूजा की जाती है। आज भी काशी से उज्जैन तक मंदिरों में सुबह से ही भोले के भक्तों की लाइन लगी हुई है। सोमवार का दिन शिवजी की पूजा के लिए खास माना जाता है।



सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार के दिन शिवलिंग की पूजा करने पर विशेष फ्ल की प्राप्ति होती है। बताया कि बेल पत्र से भगवान भोलेनाथ की पूजा करना और उन्हें जल चढ़ाना बहुत फ्लदायी माना जाता है। बताया कि कुंवारी लड़कियां मनचाहा वर प्राप्त करने के लिए सावन के सोमवार का व्रत रखती हैं। शिव पुराण के अनुसार जो भी भक्त सावन के महीने में सोमवार का व्रत रखते हैं। भोलेनाथ उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस दौरान चौपरेश्वर मंदिर पुलिस बल मौजूद रहा।

## प्राचीन शिवमंदिरों में बेलपत्र चढ़ाकर पूजा-अर्चना की

**कुरारा ( हमीरपुर )।** कुरारा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिवमंदिरों में सावन माह के प्रथम सोमवार को भक्त पूजा अर्चना करते रहे। वही बेरी , शंकरपुर के प्राचीन शिव मंदिर में लोगो ने बेलपत्र से पूजा किया । विकास खण्ड क्षेत्र के बेरी गाँव में बेतवा नदी के किनारे प्राचीन कोटेश्वर शिव मंदिर स्थापित है। यह लोगो की आस्था है। सावन माह में तथा शिवरात्रि को भक्तों का जमावड़ा रहता है। तथा लोग पूजा अर्चना करते है। वही शंकर पुर गाँव मे प्राचीन शिव मंदिर स्थापित है। इस मंदिर में खरौंज, रघवा, पडुई, बचरौली, मंगलपुर, बम्हणपुर, व कस्बा के लोग सावन माह में पूजा करने जाते है। वहीं कस्बा की महिलाएं मंडी समिति में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जाती है। सावन के प्रथम सोमवार को शिवमंदिरों में लोगो ने बेलपत्र चढ़ा कर पूजा अर्चना की।

# मासूमों की हत्या के पांचों आरोपी दोषी करार घोषित

संवाददाता। चित्रकूट



फ्रिौती की भेंट चढ़े मासूम श्रेयांश व प्रियांश की फाइल फोटो

**जिले के** बहुचर्चित एवं सनसनीखेज दो मासूमों प्रियांश व श्रेयांश की हत्या के मामले में सतना मप्र के अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार कुशवाह की अदालत में पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया है। ज्ञात है कि 12 फ्रवरी 2019 को चित्रकूट जिले के रामघाट के तेल व्यापारी के छह साल के जुडवा पुत्र श्रेयांश व प्रियांश के ट्यूशन शिक्षक रामकेश यादव ने बीस लाख फ्रिौती की खातिर अपहरण कर लिया था। 24 फ्रवरी 2019 को पुलिस ने दोनों मासूमों के शव बरामद कर लिए थे। जेल में रामकेश यादव ने आत्महत्या कर ली थी। सोमवार को अदालत में तीन आरोपी पद्ममकान्त, राजू और लकी को धारा 302, 364ए, 328, 201, 120बी आईपीसी व 25/27 आयुध अधिनियम तथा 11/13 एडी एक्ट के तहत दोषी पाये। आरोपी विक्रमजीत सिंह और अपूर्व यादव को धारा 120बी, 364ए, 328, 25/27 आयुध अधिनियम व 114/13 एडी एक्ट के तहत दोषी करार दिया। भोजन अवकाश के बाद सभी आरोपियों को सजा सुनाने का निर्णय लिया। आरोपी लकी तोमर की ओर से तर्क दिये कि छह जुलाई 2021 को अदालत के समक्ष आवेदन पेश किया था। कोर्ट में सुनवाई दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दोषी मिलने पर आरोपीगणों को कम दण्ड देने की अपील की। अभियोजन में मामले को विरलतम साबित करने को सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांत पेशकर फांसी देने की मांग की। इस मामले में फ्रियादी मृतक बच्चों के पिता बृजेश रावत ने भी रुंधे गले से आरोपियों को फांसी देने की मांग की। मप्र राज्य शासन की ओर से वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने शासन का पक्ष रखा। 886 दिनों में अदालत का ये फैसला आया है।

## क्विक न्यूज

### आटा के बेटे सत्यम ने उप्र रत्न प्राप्त कर बढ़ाया जालौन का मान



**आटा ( जालौन )।** आटा निवासी एवं कालपी तहसील में सरकारी एडवोकेट के तौर पर कार्यरत सत्यम पांडेय को सोमवार को कानून व न्याय के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक द्वारा उत्तर प्रदेश रत्न प्रदान किया गया। आपको बता दें कि पूरे प्रदेश में केवल 6 लोगों को उत्तर प्रदेश रत्न से नवाजा गया है। और वही जनपद जालौन में केवल सत्यम पांडेय को ही उत्तर प्रदेश रत्न प्रदान किया गया है। वही जब ग्राम वासियों को इस खबर के बारे में पता चला तो आटा ग्राम में खुशी की लहर दौड़ गई। और जब आटा का लाल यह उपलब्धि पाकर वापस लौटा। तो ग्राम वासियों ने मिठाई बांटकर मुंह मीठा करवाया। और जश्न मनाया। वही सत्यम पांडेय के पिता शिवदास पांडेय (डीजीसी जिला न्यायालय) व माता सरिता पांडेय ने इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया व कहा कि मेरे पुत्र ने सिर्फअपने माता-पिता का ही नहीं बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन किया है और आज पूरा गांव गर्व महसूस कर रहा है।

### मनरेगा आरक्षण पर रोक लगाने को लेकर सौपा 17 सूत्रीय ज्ञापन

**मौदहा ( हमीरपुर )।** भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर भारतीय खेत मजदूर यूनियन की नगर इकाई मौदहा ने राष्ट्रपति को संबोधित 17 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर नगर इकाई मौदहा के नगर अध्यक्ष रामबाबू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन उप जिलाधिकारी को 17 सूत्री ज्ञापन देते हुए बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा में जाति एवं लिंग के आधार पर किए जा रहे आरक्षण पर अविलंब रोक लगाई जाए तथा मनरेगा में जाति एवं लिंग के आधार पर बजट आवंटन की प्रक्रिया पर भी रोक लगाई मनरेगा मजदूरों को जाति एवं लिंग के आधार पर बांटने की साजिश को रोकने की गारंटी सुनिश्चित की जाए।

### पेयजल के लिये नगर पालिका,जल निगम,जल संस्थान ने खड़े किये हाथ

**हमीरपुर।** हमीरपुर शहर से सटे तीन किलोमीटर बन विभाग क्षेत्र में पेयजल की समस्या हल करने के बजाय उलझती जा रही है, जलनिगम,जलसंस्थान व नगरपालिका ने हाथ खड़े कर अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर बताकर पल्लू झाड़ ले रहे है, जिससे लोगो मे निराशा व्याप्त होती जा रही है। जानकारी के मुताबिक कुरारा रोड पर हमीरपुर नगरसीमा से तीन किलोमीटर दूर तक हमीरपुर सीमा के अन्तर्गत लोगो ने मकान बनाकर रहना तो शुरु कर दिया है मगर पेयजल लाइन डालने के लिये जब शिकायत कर्ता तौसीफखान ने मुख्यमंत्री पोर्टल में अपनी शिकायत दर्ज करायी तो शासन ने कार्यवाही शुरु की मगर नगर पालिका का कहना है कि क्षेत्र उनकी सीमा के अन्तर्गत नही आता है,जब जलनिगम को शासन ने व्यवस्था करने को कहा तो जल निगम के अधिशासी अभियंता ने साफकहा है कि उनको पाइप लाइन डालने के लिये न तो कोई बजट की व्यवस्था की गयी है न ही शासन से इस प्रकार का कोई प्रस्ताव आया है यही नही जल संस्थान ने दो टूक शासन को जवाब देते हुये कहा है कि विभाग के पास संसाधन की कमी है जिससे वहा पर पाइप लाइन डाल पाना संभव नही है।

### थाना प्रभारी ने किया बैंकों का निरीक्षण

रामपुरा (जालौन)। नगर में स्थित इंडियन बैंक तथा आर्यावर्त बैंक का निरीक्षण थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल द्वारा मंगलवार को किया गया। बैंक निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर जेपी पाल ने बैंक के अंदर व बाहर बैठे लोगों से सोसलडिस्टेंस का पाठ पढ़ाया। लोगों से मुँह पर मास्क अथवा गमछे का उपयोग करने की सलाह दी। लोगों से कहा कि कोरोना को लेकर ज्यादा लापरवाही न बरतें। जिन लोगो ने टीका नहीं लगवाया हैं, वो जल्द से जल्द टीका लगवाये। बैंक स्टाफसे कहा कि बैंक के अन्दर बेवजह भीड़ न लगने दी जाये। बैंक का काम भी तेजी से किया जाये। जिससे बैंक पर आने वाले लोगो की संख्या में वृद्धि न हो सके। इस मौके पर इंस्पेक्टर जेपी पाल के साथ कांस्टेबल ब्रजेन्द्र भदौरिया, हरेन्द्र, सुनील आदि सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### एक दशक से पटल सहायकों की जिम्मेदारी संभाल रहा है डीएसओ का चहेता लिपिक

**उरई ( जालौन )।** विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक वरिष्ठ लिपिक जो कई अहम पटलों की जिम्मेदारी संभाल रहा है। जो शासनादेश को चिढ़ाता नजर आता है। जबकि जिला पूर्ति विभाग के पास लगभग 14 कर्मचारी के सापेक्ष 9 लिपिकीय वर्ग कर्मचारी है। अधिकारी द्वारा अनुभाग प्लेट कर्मचारियों के टेबिल पर क्यों नहीं लगवाई गयी है। प्लेट लगवाने से ही विभाग की कार्यशैली की पोल खुल जाएगी। हैरानी की बात तो यह है जिला पूर्ति अधिकारी के नजदीकी लिपिक के अनेकों ऐसे कारनामे है जिसे सुनकर हर कोई दांतों तले उंगलियां दबाने को विवश हो जायेगा। गौरतलब है कि जो विभागीय सूत्रों से आंकड़ो की जानकारी प्राप्त हो रही है। वह चौंकाने वाली है। जिला पूर्ति कार्यालय में लगभग 14 सहायक एवं वरिष्ठ लिपिक के सापेक्ष 9 कर्मचारी जिसमे मुख्यालय में 4 बाबू नियुक्त है। मजेदार बात यह है जानें कितने डीएसओ आये और चले गए। लेकिन सन्तोष साहू जिसकी नियुक्ति बसपा शासन काल में हुई थी। और पहली पोस्टिंग जिला पूर्ति कार्यलय उरई मुख्यालय में हुई। तभी से मेहरबानी सभी की उसी पर रही। आज उक्त वरिष्ठ लिपिक डीएसओ अनूप तिवारी की मेहरबानी से अहिम मालदार लगभग चार अनुभागों की जिम्मेदारी दी गई है।

### मोदी-योगी कर रहे छत्रपति शाहूजी के सपनों को साकारः चंद्र प्रकाश खरे



**चित्रकूट।** सामाजिक परिवर्तन के महानायक छत्रपति साहूजी महाराज की 147वीं जयंती कोरोना गाइडलाइन के साथ रगौली इंटर कालेज में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अगुवाई में मनाई गई। सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के महानायक छत्रपति साहूजी महाराज का सम्पूर्ण जीवन शोषित, वंचित समाज के उत्थान में लगा रहा है। दलितों, पिछड़ों को विकास की मुख्य धारा से जोडकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साहूजी महाराज के सपनों को साकार कर रहे हैं। छत्रपति साहूजी महाराज ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफलडाई लडी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साहूजी महाराज के वंचित समाज के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोडने का ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साहूजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का सभी लोग संकल्प लें। इस मौके पर भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, सुनील सिंह पटेल, अश्वनी अवस्थी, सुशील कुमार सिंह ने कहा कि डॉ अम्बेडकर को कोलम्बिया विश्वविद्यालय में शिक्षा दिलाने का काम छत्रपति साहूजी महाराज ने किया था। भाजपा नेता/सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि देश के दबे-कुचले वर्ग के लोगों को मान-सम्मान के साथ जीने का अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व योगी आदित्यनाथ ने समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोडने का कार्य कर रहे हैं। समारोह में सूरजपाल श्रीवास्तव, रामपाल सिंह, छेदीलाल सिंह, श्रीकेशन, शिवलाल सिंह, प्रहलाद सिंह, केशव प्रसाद सिंह, राजबहादुर सिंह, अयोध्या प्रसाद सिंह आदि का अभिनन्दन किया।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना व कस्बा कुरारा निवासी दुकानदार ने एक के खिलाफगाली गलौज व मारपीट करने की शिकायत पुलिस से की गयी है। कस्बा कुरारा के कलारी मोहाल निवासी हिमांशु गुप्ता ने थाने में बताया कि आज सुबह अपनी दुकान में बैठा था ।तभी वहाँ पर कस्बा का ही रहने वाला प्रांशु गुप्ता पुत्र सुनील आया । तथा अपनी पासबुक मांगने लगा। पासबुक देने के बाद उसने कहा कि एक माह से मेरा कार्य नही कर रहे हो मेने कहा कि समय मिलने पर होगा। तो वह गाली देने लगा। मना करने पर उसने अंदर आकर मारपीट की है। वही मारपीट में चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### महिला ने फांसी लगाई

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के लहरा गाँव मे कल शाम अज्ञात कारण के चलते महिला ने रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही पति की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।क्षेत्र के लहरा गाँव निवासी ओंकारसिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम 6 बजे घर के सभी लोग बाहर थे । तभी मेरी पत्नी अन्नपूर्णा (40) ने रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जब मेरा लड़का घर के अंदर गया तो घटना की जानकारी हुई। तब पुलिस को सूचना दी।

### युवक को सर्प ने काटा

**मौदहा (हमीरपुर)।** बीती देर शाम गांव से बाहर शौच क्रिया को गए युवक को सर्प ने काट लिया हालत गंभीर सदर अस्पताल के लिए रिफ्र कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बीती देर शाम पड़ोसी जनपद कानपुर सजेती के अमर सिंह नगर मौदहा में अपने एक रिश्तेदार के घर आए हुए थे जहां से वह देर शाम शौच क्रिया के लिए बस्ती से दूर बाहर खेतों की ओर गए हुए थे जहां उसे एक जहरीले सर्प ने काट लिया जैसे ही इसकी सूचना रिश्तेदारों को मिली आनन-फानन में उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया।

### बाइक से गिरकर दो घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के चरखारी रोड पर स्थित जगतराज महाविद्यालय के पास बाइक से गिरकर बुआ-भतीजी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार राजेश पुत्र जगतसिंह अपनी बहन रागिनी व बुआ कुंती पत्नी नृपत सिंह निवासी औंता को चरखारी क्षेत्र के सबुआ गांव से लेकर गांव जा रहा था। तभी रास्ते में चरखारी रोड स्थित जगतराज महाविद्यालय के पास अचानक बाइक पर बैठी रागिनी व कुंती का अचानक सन्तुलन बिगड़ गया। जिससे वह चलती बाइक से गिरकर घायल हो गईं। वहीं चिरवा गांव निवासी लखन पुत्र किशोरीलाल इटौरा से वापस अपने गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में चिरवा गांव के पास अचानक एक गाय उसकी बाइक से टकरा गई। जिससे वह गिरकर घायल हो गया।

### दो बाइक सवार और साइकिल सवार घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक व साइकिल में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन लोगों के अलावा साइकिल सवार भी गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। मझगवां थाना क्षेत्र के झिन्नावीरा गांव निवासी अशोक पुत्र मंगल अपनी पत्नी आरती व भतीजी काजल को चिल्ली पहरा गांव से लिवाकर वापस अपने गांव झिन्नावीरा जा रहा था।

# दस या पांच समूह मिलकर तैयार होगा ग्राम संगठन

संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)

- तीन पदाधिकारियों द्वारा चयनित होगी ग्राम संगठन की तालिका

**ब्लाक स्तर** पर समूह में कार्य करने वाली महिलाओं का कार्य बढ़ा दिया गया है जिसमें दस या पांच समूह मिलकर एक ग्राम संगठन को तैयार किया जायेगा विकास खण्ड माधौगढ़ के अन्तर्गत एडीएसओ प्रवीण रत्नम व ब्लाक प्रबन्धक मुकेश कुमार व संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि समूह की कार्य प्रणाली को एक बड़ा रुप दिया गया है। जिसमें दस या पांच समूह मिलकर एक ग्राम का संगठन तैयार करेंगे हालांकि एक समूह में दस महिलाओं द्वारा कार्य किया जाता है जिसमें एक को अध्यक्ष बनाया जाता है।

जिसमें अन्य महिलाओं की सहमति दर्शायी जाती है ग्राम संगठन का कार्य 18 जून से प्रारम्भ किया जा चुका है जिसमें अभी तक गालमपुरा में एक ग्राम संगठन, हरौली में दो ग्राम संगठन, महोई में एक ग्राम संगठन तैयार किया जा चुका है व आईटीआरपी समूह के अन्तर्गत तीन पदाधिकारियों को नियुक्त किया जाता है। जिसमें सचिव, ब्लाक कोषाध्यक्ष व अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है ताकि समूह की जिम्मेदारियों के साथ साथ सारणी तैयार की जा सके। इसके साथ टाटा मोटर्स कम्पनी ने समूह की महिलाओं को तीन हजार का चौक भी उपलब्ध कराया जिसमें समूह की महिलाओं ने टाटा मोटर्स कम्पनी के वाहनों को बेचने में मदद की है जिसमें सुरावली की महिला दीपमाला ने दो वाहन, अमखेड़ा की रेखा देवी ने एक वाहन, मिझौना की कविता देवी ने एक वाहन की विक्री करवायी है हालांकि यदि देखा जाये तो महिलाएं हर क्षेत्र में नारी शक्ति व नारी सम्मान पाने में पूर्णतया हकदार साबित हो रही है।

# आईटी का छापा डलवा सरकार कर रही लोकतंत्र की हत्या : अशोक द्विवेदी

- प्रेस क्लब चित्रकूट ने डीएम को सौपा राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन

संवाददाता। चित्रकूट



**मीडिया** संस्थानों पर हो रही आईटी विभागकी छापेमारी के विरोध में सोमवार को प्रेस क्लब चित्रकूट ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौप कर लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की आजादी रोकने के लिएईर्ष्या भावना से की जा रही कार्यवाही पर रोक लगाए जाने की मांग की है। सोमवार को प्रेस सक्लब चित्रकूट के अध्यक्ष अशोक दिवेदी के नेतृत्व में प्रेस क्लब चित्रकूट के पदाधिकारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए मुख्यालय से कलेक्ट्रेट तक मीडिया संस्थानों पर आईटी विभाग की हो रही कार्यवाई के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद पत्रकारों ने जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा ।इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने सरकार द्वारा भारत समाचार और दैनिक भास्कर मीडिया संस्थानो पर दबाव बनाने के लिए की जा रही छापा मारने की कार्यवाही की घोर निंदा की। अध्यक्ष अशोक द्विवेदी ने कहा सरकार के इशारे पर मीडिया संस्थानों पर की गई कार्यवाही अवैधानिक है और इससे मीडिया और जनमानस को हतोत्साहित किया गया है। सरकार वैधानिक कार्यवाही करें न कि हमलावरो की तरह काम करे। न मीडिया की आवाज को दबाने का प्रयास करे। मीडिया देश का चौथा स्तम्भ है और इसकी मर्यादा का ख्याल रखा जाए। इस दौरान प्रेसक्लब के महासचिव रतन पटेल ने कहा कि सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर सरकार द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ का गला घोटने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि मीडिया संस्थानो को दबाव में लेने के लिए कार्यवाई की जा रही है। यह मीडिया के अधिकारों का हनन है। इस मौके पर क्लब के संरक्षक हेमराज कश्यप ,शाल आलम, राम नरेश श्रीवास्तव, विनोद कुमार, सोहन लाल सिंह, ओंकार सिंह समेत एक दर्जन से अधिक पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## होटल स्वर्णिमा मालिक पर सफाई कर्मी की हत्या का आरोप

संवाददाता। चित्रकूट

**सीतापुर पुलिस** चौकी क्षेत्र स्थित होटल स्वर्णिमा में प्रमोद वन निवासी कुलदीप बाल्मीकि पुत्र विजय की होटल मालिक आदि ने निर्ममता से संदिग्ध दशा में हत्या कर दी। हत्या को दबाने को आत्महत्या करार दिया जा रहा है। परिजनों ने होटल मालिक पर हत्या का आरोप लगाते हुए सही ढंग से जांच की मांग की है। ये हत्याकांड 24 जुलाई को हुआ। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय सिंह राणा ने बताया कि कुलदीप बाल्मीकि की हत्या होटल मालिक ने कर आत्महत्या का रुप दे रहे हैं। होटल संचालक ने कुलदीप की मौत पर कोई तवज्जो न देकर धडल्ले से होटल चलाने में मशगूल है। कुलदीप की मौत के रहस्य पर पर्दा डाला जा रहा है। होटल संचालक ने कुलदीप के शव को डग्गा में भरकर जिला अस्पताल ले गये। कुलदीप की होटल में ही मौत होने पर शव को ऐसे ले जाया गया जैसे कोई जानवर हो।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : पटेल



संवाददाता। चित्रकूट

**श्री हरिमोहन** सिंह इण्टर कालेज एवं धीरेन्द्र सिंह जितेन्द्र सिंह महाविद्यालय बछरन के परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह ने किया। इस मौके पर सांसद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।वृक्षारोपण ही पर्यावरण का संरक्षण होगा।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा,ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी,नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता,बाल्मीकि आश्रम लालापुर के महंत भरतदास महाराज,गायत्री शक्तिपीठ के संचालक रामनरायन त्रिपाठी, सपा जिलाध्यक्ष अनुज यादव, कॉंग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज अग्रवाल,जगदीश गौतम, शिवपूजन गुप्ता के अलावा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव रंजन मिश्र आदि मौजूद रहे अतिथियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री अवधविहारी सिंह, मनोज सिंह पटेल,लवलेश कुमार, आनंद यादव, गीत श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह,कमलेश सिंह परिहार,डॉ शिवप्रेम यज्ञिक,अशोक त्रिपाठी, अवनीश रजक आदि शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय में आये सभी अतिथियों का स्वागत धीरेन्द्र सिंह ,जितेंद सिंह,ओमप्रकाश त्रिपाठी, उमाशंकर सविता, शंकर सिंह, रामप्रकाश सिंह, रणविजय सिंह, विनय सिंह, राकेश सिंह,एवं ग्राम प्रधान ब्रजजीवनलाल ने किया।

## शासन की मंशानुसार किसानों को मिलेगा लाभः उद्यान अधिकारी

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ बलदेव प्रसाद के कार्यालय का कार्यभार संभालने पर भाकियू के तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। उनसे अपेक्षा जताई कि किसानों को उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ देंगे। सोमवार को जिला उद्यान अधिकारी डॉ बलदेव प्रसाद ने कार्यालय का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि कानपुर, महोबा, अमेठी आदि स्थानों पर जिला उद्यान अधिकारी पद पर रहे हैं। चित्रकूट में उद्यान इंस्पेक्टर के रुप में सेवायें दे चुके हैं। उद्यान विभाग के कार्यों में उनकी खासी रुचि है।

## राजापुर के वकीलों ने नायब तहसीलदार पर लगाये आरोप

**चित्रकूट।** तहसील बार एसोसिएशन राजापुर के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद द्विवेदी की अगुवाई में वकीलों ने नायब तहसीलदार के कार्यों से खफा होकर जिलाधिकारी को लिखे पत्र में नायब तहसीलदार को निर्धारित अवधि में अविवादित नामांतरण पत्रावली स्वीकार न करने का आरोप लगाया है। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन राजापुर ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम अविवादि नामांतरण पत्रावली को निर्धारित समय 45 दिन के अन्दर स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

## पटरी विक्रेता लें योजना का लाभः वर्तिका सिंह

**चित्रकूट।** नगरीय विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्तिका सिंह ने जिले के सभी शहरी पटरी विक्रेताओं से कहा है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भय योजना के तहत डूडा एवं नगर निकाय कार्यालय में 27-28 जुलाई एवं 11-12 अगस्त को दो दिवसीय शिविर लगेंगे।

# नवागंतुक एसपी ने कार्यालय का निरीक्षण कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

संवाददाता। हमीरपुर



**गोरखपुर** से आए नवागंतुक एसपी कमलेश दीक्षित ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करते हुए सोमवार को मुख्यालय स्थित एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी शाखाओं में जाकर दस्तावेज देखे और साफ सफाई की निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि जिले में अपराधियों की खैर नहीं होगी और पीड़ितों को न्याय मिलेगा। हर थाने में फ्रियादियों की शिकायतें सुनी जाएंगीं और पुलिस कर्मी सभी से नम्रता से बात करेंगे। नवागंतुक एसपी कमलेश दीक्षित ने सभी से परिचय प्राप्त करते हुए जिले की जानकारी ली और कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। हिस्ट्रीशीटरों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। वह बतौर एसपी पहली बार जिले में भेजे गए हैं। इससे पहले वह गोरखपुर एसपी अभिसूचना पद पर तैनात थे। वह औरैया व उन्नाव में रह चुके हैं। कहा कि फ रियादियों को उनके कार्यालय तक नहीं भटकना पड़ेगा। हर फरियादी की शिकायत थाना स्तर पर ही सुलझाई जाएगी। एसपी ने कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अपराध शाखा, सीओ पेशी, कोरोना हेल्प डेस्क, अभियोजन कार्यालय, साइबर सेल, मीडिया सेल समेत सभी कार्यालयों का विधिवत जायजा लिया और साफ सफ्ई तथा अभिलेखों को अच्छी तरह से रखने के दिशा निर्देश दिए।

## तीस अनुसूचित जाति के लोगों को मिलेगा प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** राजकीय फ ल संरक्षण केन्द्र प्रभारी धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने रोजगार परक प्रशिक्षण में रुचि रखने वाले शिक्षित बेरोजगारों को सौ दिनों का प्रशिक्षण देगा। राजकीय फ्ल संरक्षण केन्द्र प्रभारी धीरेन्द्र कुमार ने यह जानकारी दी।

# असलहों में जाला व तकनीकी खराबी देख एएसपी नाराज, कोतवाली का निरीक्षण

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**कोतवाली का** आज अपर पुलिस अधीक्षक ने छमाही निरीक्षण कर साफसफाई न होने व अभिलेख चुस्त दुरुस्त न होने पर नाराजगी जाहिर की, शीघ्र पूरे करने के आदेश दिये है। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने आज कस्बे की कोतवाली का छमाही निरीक्षण किया।कोतवाली अपर पुलिस अधीक्षक को उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह ने गार्ड ऑफआनर दिया और अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली।उसके बाद अपर पुलिस ने कोतवाली के अभिलेख देखने के साथ ही अपराध रजिस्टर का भी गहनता से निरीक्षण किया उसके बाद कोतवाली के मालखाने में असलहों का निरीक्षण किया और बंदी गृह का मुआएना कर बंदियों से बातचीत की इसके साथ ही कोतवाली में कुछ स्थानों में गंदगी देख नाराजगी जाहिर की। एएसपी ने बताया कि कोतवाली में कई प्रकार के अभिलेख थे जो पूरे नही किये गये थे उनको पूरा करने के आदेश दिये गये है। और महिला हेल्पडेस्क में जगह जगह फैले बिजली और कम्प्यूटर के वायरों को देखकर नाराजगी जताई। उन्होने टेनिस कोर्ट, वाहन गैरेज,और शौचालय आरक्षी बैरिक,भोजनालय आदि का भी गहनता से निरीक्षण किया जबकि कोतवाली में लम्बे समय से मुकदमों में खड़ी बेतरतीब बाईकों को तरतीब से दूसरे स्थान पर खड़ी कराने की बात कही। साथ ही कोतवाली के पीछे पड़ी खाली जमीन में बारामदा बनवाकर बाइकों सहित अन्य सामान को बेतरतीब से रखने पर नाराजगी जाहिर की।

# डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

● जनता दर्शन में शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें संबंधित अधिकारी : डीएम



**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी अरुण** कुमार ने आज जनता दर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी व्यक्ति अपना कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवाद भूमि पर अवैध कब्जे वसीयत भूमि की पैमाइश शौचालय राशन आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव फंदे से लटकता मिला

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**सिरसिया** थाना सिरसिया अंतर्गत ग्राम चौबेपुरवा निवासी 28 वर्षीय युवक शिव कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के ही एक व्यक्ति के अहाते में बडेर से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक की हत्या या आत्म हत्या में उलझ गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। मृतक शिव कुमार पुत्र राम शरन की पत्नी शारदा देवी ने सिरसिया थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही जीवन लाल पुत्र राम पति ने मेरे पति से दो वर्ष पहले दुबई भेजने के नाम पर एक लाख रुपये लिए थे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह उन्हें दुबई नही भेज सका तो मेरे पति ने जीवन लाल से अपने पैसे वापस मांगना शुरू कर दिया जिसपर विपक्षी के द्वारा गाली गलौज देकर जान से मारने की धमकी लगातार दी जा रही थी। रविवार को जब मेरे पति ने जीवनलाल से अपने पैसे मांगे तब विपक्षी द्वारा फिर गाली देकर जान से मारने की धमकी दी गयी जिसपर मेरे पति ने सुबह कानून का सहारा लेने की बात कह कर घर वापस लौट आए। सोमवार सुबह जब मेरे पति साढ़े तीन बजे शौच के लिए बाहर गए तब से वह घर नही लौटे। मेरी सास जब सुबह नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर जाने लगी तो देखा कि गांव के ही त्रिभुवन के अहाते में बडेर से बेटे का शव लटक रहा है।जिसकी सूचना फौरन सिरसिया पुलिस को दी गई सूचना पर पहुची सिरसिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। जब इस संबंध में थानाध्यक्ष सिरसिया राजेन्द्र प्रसाद कनौजिया से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मृतक के पिता के द्वारा तहरीर दी गई है घटना की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



प्लांट का निरीक्षण करते हुए डीएम

**संवाददाता।** अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज टिकरिया स्थित एसीसी सीमेंट फैक्ट्री परिसर में एसीसी फैक्ट्री द्वारा सीएसआर के अंतर्गत स्थापित कराए जा रहे ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट में लगाया जा रहे उपकरणों के संबंध में जानकारी ली तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर जल्द से जल्द प्लांट संचालित करने के निर्देश दिए। इस प्लांट में प्रतिदिन 170 जंबो सिलेंडर ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर डायरेक्टर प्लांट अतुल दत्ता एचआर हेड अनिल दुबे सीएसआर हेड अखिलेश गुप्ता हेड इनवायरमेंट राम यज्ञ पाठक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### ट्रक से बाइक टकराई, बाइक सवार की मौत

**जामो अमेठी** । गौरीगंज की तरफ से आ रही ट्रक से विपरीत जा रही तेज रफ्तार बाइक टकरा गई जिससे बाइक सवार दोनों लोग बुरी तरह जख्मी हो गई द्य प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे गोसाई महोना थाना शुकुल बाजार निवासी शान पुत्र जमाल उम्र लगभग 24 वर्ष इमरान पुत्र तौफीक उम्र लगभग 23 वर्ष अपनी बाइक यूपी 25 सीजे 1833 से गौरीगंज की तरफको जा रहे थे कि भोये बाजार के पास गौरीगंज की तरफसे आ रही ट्रक नंबर यूपी 42 एटी 1394 से उपरोक्त बाइक टकरा गई जिससे इमरान का एक पर बुरी तरह से कुचल गया प् वही शान को भी गंभीर चोटे आई हैं प् दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर ने हालत नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार कर घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया द्य लखनऊ जाते समय रास्ते में इमरान पुत्र मोहम्मद तौफीक की मौत हो गई प् जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची । पुलिस ट्रक और ड्राइवर को अपने कब्जे में लेकर थाने पर ले आई ।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**अमेठी** । जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सरैया रामगढ़ मार्ग ननकू दास की कुटी के पास रविवार की रात एक 28 वर्षीय दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। संग्रामपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में संग्रामपुर क्षेत्र के गांव तालुकदार का पुरवा मजरा गोरखापुर निवासी मृतक धर्मेंद्र कोरी ;28द्ध के ससुर राम दुलारे ने आरोप लगाया है कि 25 जुलाई की देर शाम लगभग 8रू30 बजे आम पोखर निवासी जियालाल उनके दामाद धर्मेंद्र कोरी को लेकर गए और ननकू दास की कुटी सरैया रामगढ़ मार्ग के पास गोली मार दी। धर्मेंद्र को गंभीर हालत में संयुक्त जिला अस्पताल गौरीगंज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना संग्रामपुर के उप निरीक्षक रवि शंकर तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### सावन माह के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में उमड़े भक्त

**बोल बम के जयकारे के साथ क्षेत्र गुंजायमान**

**तिलोई अमेठी** । सावन माह के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा।ब्लाक क्षेत्र सिंहपुर के सुप्रसिद्ध बाबा दतहरेश्वर धाम में जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। सेमरौता निवासी आचार्य चंद्रमणि पांडेय ने बतायाकि सावन माह में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है।इस माह में भगवान शिव के भक्त प्रसिद्ध शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते है एवम शिव को प्रसन्न करने के लिए पालथी पूजन भी करते है।महिलाएं एवम कन्याएं सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव की विधि विधान से पूजन अर्चन करने के उपरांत व्रत भी रखती है। महिलाओं में सावन के सोमवार व्रत का भी विशेष महत्व है।ब्लाक क्षेत्र के इंहौना स्थित बाबा रत्नेश्वर धामएराजा फत्तेपुर स्थित झारखंडेश्वर महादेवएसेमरौता में बाबा आनंदेश्वर महादेवएबाबा उजियारनाथ महादेव मंदिर पर भक्तों ने जलाभिषेक कर सर्व मंगल की कामना की।

### मोबाइल शॉप का शुभारंभ

**मुसाफिरखाना अमेठी** । सोमवार को स्थानीय कस्बा स्थित मुंशीगंज रोड पर मोबाइल शॉप का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य उदय राज यादव ने किया । मोबाइल शॉप का उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत सदस्य उदय राज यादव ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती भविष्य की समस्याओं के साथ जूझने व परिवार के भरण पोषण की है ।जिसे शिक्षित युवा अपने कौशल का विकास कर करने के लिए तैयार रहे ।उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व सपा जिला प्रवक्ता विजय यादव अक्षय प्रताप यादव अमित यादव मनोज यादव अंकित शुक्ला गोलू यादव विजय यादव उर्फ मुलायम सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

### बाइक की हुई छिनैती

**जामो अमेठी** । नई स्प्लेंडर बाइक सेअपने खेत को जा रहे नव युवक को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने शारदा सहायक नहर की पटरी पर रोक कर असलहा दिखाकर बाइक छीन मौके से फरार हो गए प् प्राप्त जानकारी के अनुसार तुलसी राम पुत्र रामदेव निवासी ग्राम खुटहना मौजा जामो सुबह 7.00 बजे अपने खेत को पानी लगाने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से जा रहा था कि लल्लू के पुरवा के पास शारदा सहायक खंड 49 पर पहुंचा ही था कि पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग बगल आए और गाड़ी रुकवाया जैसे ही गाड़ी रुकी उस में से किसी ने सर पर तुलसीराम को डंडे से मार दिया तुलसीराम जब तक कुछ समझ पाता इन्हीं में से किसी एक ने असलहा निकाल कर जान से मारने की बात कही जान से मारने की बात सुनते ही गुहार लगाते हुए तुलसीराम खेत में कूद गया और यह लोग बाइक लेकर मौके से फरार हो गए प् उपरोक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बीते 5 जून को भोये के मंगल सरोज ने सागर एजेंसी जगदीशपुर से खरीद कर अपनी लड़की की शादी में अपने दामाद तुलसी राम को दिया था प् जिस से संबंधित आरसी पेपर तुलसीराम के पास मौजूद है फिलहाल सुबह सुबह हुई इस छिनैती से जामो पुलिस के ऊपर भले ही कोई असर ना पडा हो लेकिन आम जनता काफी असुरक्षित महसूस कर रही है इस घटना से ऐसा लगता है कि अब आम जनमानस दिन में भी सुरक्षित नहीं है ।

### लेखपाल को निलंबित करने का आदेश जारी

**गोंडा।** एक जीवित महिला को मृत दिखाने की शिकायत पर डीएम ने मृतक दिखाने वाले लेखपाल को निलंबित करके उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने का आदेश दिया है। तहसील करनैलगंज के ग्राम सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतई पुरवा निवासिनी सुनीता देवी पुत्री स्व. सांवल प्रसाद की शिकायत पर जिलाधिकारी ने लेखपाल जितेन्द्र कुमार को निलंबित कर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश एसडीएम करनैलगंज को दिये हैं। विगत सोमवार को जिलाधिकारी के जनता दर्शन में सुनीता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि लेखपाल जितेन्द्र कुमार ने उसे मृतका दिखाकर उसकी खतौनी की जमीन उसके

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने बौद्ध परिपथ पर यातायात जागरूकता रैली निकाली

**श्रावस्ती।** इकौना राजकीय महामाया महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने यातायात जागरूकता अभियान के तहत बौद्ध परिपथ पर एक रैली निकाली विद्यालय की प्राचार्य डाण् धर्मेंद्र गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर दिखाकर रवाना किया। रैली को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा अधिकांश सडक दुर्घटनाएँ लापरवाही के कारण होती हैं इससे बचने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने छात्र छात्राओं का आवाहन किया कि स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और आम लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर उनका पालन करने के लिए जागरूक करने की मुहिम चलायें। छात्रों ने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने व दूसरों को ऐसा करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया छात्रों ने बौद्ध परिपथ पर बाइक चालकों को हेल्मेट पहननेए स्टंट न करने निर्धारित गति से ही वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डा दिलीप कुमार डा उपेन्द्र सोनी डा एस एन वर्मा सहित महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## सावन मास के पहले सोमवार पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**गोंडा।** सावन माह के प्रथम सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों पर भारी सं या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सावन मास भगवान शिव का महीना माना जाता है। जिसमे सावन के सोमवार का महत्व काफी बढ़ जाता है। श्रद्धालु बेसब्री से सावन के सोमवार की प्रतीक्षा करते रहते हैं। गत वर्ष कोरोना महामारी के कारण सावन माह में शासन के निर्देशानुसार शिवालयों पर जलाभिषेक नहीं हो पाया था। इस वर्ष सावन के प्रथम सोमवार को श्रद्धालु सुबह मुंह अंधेरे ही कटरा घाट पर सरयू स्नान करने और वहां से जल लाकर शिवालयों पर जलाभिषेक करने के लिए निकल पड़े थे। इसमें तमाम लोग तो स्नान करके और जल लेकर वहां से निकल चुके थे लेकिन कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने लोगों को स्नान करने और जल लेने से रोकना शुरू कर दिया। यद्यपि उनके रोकने के बावजूद तमाम लोगों ने स्नान भी किया और जल भी भरा।



साइकिल यात्रा निकालते हुए सपाई

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सपा की साइकिल रैली

**संवाददाता।** अमेठी

**समाजवादी पार्टी** प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ साइकिल यात्रा निकाली ।साइकिल यात्रा भादर ब्लाक के रेवड़ा से शुरू होकर खाझा कल्याणपुर भदांव भोजपुर पीपरपुर अयोध्या नगर डीह खरगपुर स्मायलपुर बरियारशाह से होते हुए खाझा में सम्पन्न हुई। साइकिल यात्रा को सपा जिला अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । साइकिल रैली के संयोजक व संचालन सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में सम्पन हुई ।जिसमें बड़ी संख्या में लोग सायकिल यात्रा में शामिल हुए रैली में आजम खान की रिहाई की मांग बेरोजगारी मंहगाई के साथ ही लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला ध्वस्त कानून व्यवस्था सर्विलांस से मोबाइल की लोकेशन निकलना बढ़ते डीजल और पेट्रोल के दाम आवारा पशुओं से निजात पुरानी पेंशन बहाली पंचायत चुनाव में लोकतंत्र की हत्या इनकम टैक्स व सीबीआई का भय दिखाना कृषि कानून बिल एन आर सी जनसंख्या नियंत्रण कानून मेडिकल कॉलेजों में ओबोसी आरक्षण का पालन न करना 69000 शिक्षक भर्ती में हुई धांधली सिलिंडर के बढ़ते दामएकिसान संबंधी विधेयक की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना जैसे मुद्दों को लेकर निकली गयी।

सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि अखिलेश यादव के आवाहन पर जनता के बीच जा रहेएहर तबके के लोग समाजवादी विकास वाली अखिलेश सरकार चाहते हैं आने वाली समय 2022 में सपा सरकार बनेगी जिससे हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान व तरक्की और खुशहाली का रास्ता खुलेगा ।इस मौके बड़ी संख्या में साईकिल यात्री मौजूद रहे !

# आरा मशीन संचालक के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

● वन विभाग की छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित प्रजाति के 11 बोटे लकड़ी हुई थी बरामद

**श्रावस्ती।** गिलौला . थाना गिलौला अंतर्गत गिलौला कस्बे में संचालित एक आरा मशीन संचालक के खिलाफ वन विभाग ने वन अधिनियम के तहत थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। उक्त आरा मशीन संचालक के यहाँ वन दरोगा ने छापेमारी कर प्रतिबंधित प्रजाति के ग्यारह बोटे लकड़ी बरामद की थी। जिस पर उनके द्वारा आरा मशीन संचालक के खिलाफ गिलौला पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन गिलौला पुलिस मामला दर्ज करने में आना कानी करती नजर आ रही थीं। पयागपुर रेंजर द्वारा इस सम्बंध में पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग के बाद गिलौला पुलिस हरकत में आयी और मामला पंजिकृत कर लिया। गिलौला कस्बे में संचालित आरा मशीन संचालक अनुपम टंडन पुत्र विनय कुमार टंडन यहाँ से बन दारोह संजय ओझा ने 11 बोटा जामुन की अवैध लकड़ी बरामद की थी जिस पर आरा मशीन संचालक के खिलाफ थाने में तहरीर दिया था। पुलिस ने मामला पंजीकृत करना उचित नहीं समझा वन विभाग हरकत में आया और पयागपुर रेजर अशोक कुमार सिंह ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर विभागीय कार्यवाही में सहयोग की मांग की थी जिस पर पुलिस ने आरा मशीन संचालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही के लिए जांच पड़ताल में जुट गई थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे ने बताया कि बन दरोगा की तहरीर पर आरा मशीन संचालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# मार्ग दुर्घटना में बालक की मौत

**गोंडा।** मार्ग दुर्घटना में एक 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। वहीं एक 20 वर्षीय युवक ग भीर रूप से घायल हो गया। घटना करनैलगंज-लखनऊ मार्ग स्थित ग्राम भुलियापुर के पास की है। यहां के निवासी 20 वर्षीय रहमतअली के साथ विकास 14 बाइक पर सवार होकर करनैलगंज की तरफ जा रहे थे। वह सड़क पर पहुंचे ही थे कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सड़क पर गिर गये। जिससे विकास की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रहमतअली ग भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। भँभुआ पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार गंगवार ने बताया कि किस वाहन से घटना हुई है। इसका पता नही चल सका है। घायल को अस्पताल भेजवाकर शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# छूटे लाभार्थियों का 20 अगस्त तक बनेगा गोल्डेन कार्ड: जिलाधिकारी

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी0के0 शिबु ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत जनपद के कुल 72144 परिवारों को योजना से आच्छादित किया गया है जिन्हें 5 लाख का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा दिया गया है। जिस क्रम में जनपद में अब तक 91565 लामार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाया जा चुका है एवं 36017 लाभार्थी परिवारों के कम से कम एक सदस्य का गोल्डन कार्ड बनाया जा चुका है। 26 जुलाई 2021 से 20 अगस्त 2021 तक समस्त छूटे हुए लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए जाने हेतु जनपद में ग्रामवार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित कैंपों में जनपद के समस्त जन सेवा केंद्रों द्वारा चयनित लाभार्थियों के नि:शुल्क गोल्डन कार्ड बनाए जायेंगे। उन्होने बताया कि

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना

प्रधानमंत्री जन योजना के अन्तर्गत श्रम विभाग में पंजीकृत अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिकों को माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार योजनान्तर्गत जोड़ा गया है और इनका भी इस अभियान अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनेगा। शासन से प्राप्त श्रम विभाग में पंजीकृत अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिकों की सूची 1700 है। जनपद में योजना के अंतर्गत 7 राजकीय चिकित्सालय एवं 1 निजी चिकित्सालय आवद्ध है एवं जनपद में अब तक 4503 लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य लाभ दिलाया गया है। इस योजना के अंतर्गत 1500 से अधिक बीमारी एवं 2700 अस्पताल चिन्हित हैं जिसमें श्वास रोगए हृदय रोगए गुर्दा रोगए पेट रोगए अस्थि रोगए मस्तिष्क सामान्य जटिल सर्जरी एवं मेडिसिन के केसेज इत्यादि को कवर किया गया है। उक्त आयोजित कैंपों में ब्लाक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी को नोडल नामित करते हुये लेखपालोंए ग्राम सचिवोंए कोटेदारों एवं आशा बहुओं को शत प्रतिशत लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाने हेतु निकटतम जन सेवा केंद्रों पर एवं आयोजित कैंपो में लाभार्थियों को बुलवाने के निर्देश दिए गए हैंए जिससे की जनपद में छूटे हुए समस्त लाभार्थी परिवारों का गोल्डन कार्ड बनवाया जा सके। उन्होने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स समिति गठित की गई हैए जिसके माध्यम से प्रत्येक दिन बने हुए कार्डों की समीक्षा की जाएगी। गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी को आधार कार्ड एवं राशन कार्ड अथवा प्रधानमंत्री जी का पत्र अथवा मुख्यमंत्री जी का पत्र या परिवार रजिस्टर की नकल लाना अनिवार्य है।

# घाघरा, मनवर व कुआनो नदी का जलस्तर बढ़ने से 40 गांवों में गहराया बाढ़ का संकट

## विधायक, डीएम और एसपी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा, बांटी सहायता

**संवाददाता।** गोंडा

**तहसील सदर** अन्तर्गत विकास व रूपईडीह तथा इटियाथोक के बाढ़ प्रभावित गांवों की स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, डीएम मार्कण्डेय शाही तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने रूपईडीह के ग्राम गोनरिया व भोलाजोत में पहुंचकर पीड़ितों में राशन किट, बिस्कुट व अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सीएमओ डा0 आरएस0 केसरी ने गांवों में पहुंचकर आवश्यक दवाओं का वितरण कराया। वहीं पशुपालन विभाग की टीम ने पशुओं का टीकाकरण कराना प्रार भ किया।

बताते दें कि विगत दिनों हुई भारी बरसात के कारण बिसुही नदी का जलस्तर बढ़ने और केचमेंट का पानी आ जाने से नदी में उल्टा प्रवाह शुरू हो गया जिसके कारण तहसील सदर अंतर्गत विकास खंड इटियाथोक तथा रुपईडीह के लगभग 40 गांव जल मग्न हुए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधीक्षण अभियंता नहर पंच दशम त्रयंबक त्रिपाठी ने बताया है कि कुआनो और मनवर नदी का जलस्तर बढ़ने और बिसुही नदी में केचमेंट का पानी आ जाने के कारण नदी में उल्टा प्रवाह चालू हो गया जिसके कारण नदी का पानी कई गांव में घुस गया। उन्होंने बताया कि ब्लॉक इटियाथोक के पारा सराय, निरमापुर के मजरा अहिरन पुरवा, तेलियानी कानूनगो, हरैया झूमन में आंशिक जलमग्न की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसी प्रकार विकास खंड रुपईडीह के मजरा अनंतपुर, असिधा, राजाजोत, भुडकुड़ी, कमडरवा, भुलईडीह, भोलाजोत, गोनरिया और परसपुर एलहवा सहित लगभग 40 मजरे प्रभावित हुए हैं।जिलाधिकारी श्री शाही ने बताया कि राजस्व विभाग की टीमों द्वारा निरीक्षण कर फसल व घरों को हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर प्रभावितों को अनुमन्य योजना के तहत घर व मुआवजा राशि दिलाने का कार्य किया जाएगा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थिति पर नजर बनाए रखने हेतु राजस्व टीमों को एलर्ट पर रखा गया है। इसके साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में नायब तहसीलदार सदर के मोबाइल नंबर 9454416071 व कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम के नंबर 05262-230125 पर कॉल करके सूचना दी जा सकती है।



बाढ़ पीड़ितों राशन किट वितरित करते विधायक बावन सिंह व डीएम मार्कण्डेय शाही।

# वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

● शनिवार को करनैलगंज तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी संजय मिश्रा एवं सूर्यकांत तिवारी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था

**संवाददाता।** करनैलगंज (गोंडा)

**करनैलगंज नगर** के पांच प्रमुख तालाबों का अस्तित्व समाप्त होने एवं भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने के विरोध में बार एसोसिएशन करनैलगंज तहसील के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी ने तालाबों की पैमाइश और अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए राजस्व निरीक्षक की अगुवाई में 4 सदस्य टीम का गठन किया है।

बता दें कि बीते शनिवार को करनैलगंज तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी संजय मिश्रा एवं सूर्यकांत तिवारी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया था। जिसमें करनैलगंज नगर के पांच प्रमुख तालाबों जिसमें जूनियर हाई स्कूल व प्राथमिक विद्यालय के बीच तालाब, भैरवनाथ मंदिर के निकट बावड़ी एवं तालाब, ईदगाह के बगल में स्थित तालाब सहित पांच तालाबों को भू माफियाओं द्वारा पटाई करके उनका अस्तित्व समाप्त करने और जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ अवैध अवैध अतिक्रमण करने की शिकायत एवं ज्ञापन दिया गया था। जिस पर उप जिलाधिकारी करनैलगंज ने राजस्व निरीक्षक करनैलगंज, लेखपाल सुजीत कुमार, लेखपाल तेज बहादुर, लेखपाल राम नारायण तिवारी की 4 सदस्यीय टीम का गठन किया है और निर्देश दिया है कि सभी तालाबों की पैमाइश करके तालाबों का चिन्हांकन करें। यदि अवैध अतिक्रमण है तो उसको खाली कराएं। एसडीएम हीरालाल ने बताया कि तालाबों की जमीन पर कब्जा किया गया है तो उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

# छापे की थाप फिर पाक-साफ!

● विधायक अजय सिंह इनकम टैक्स के कलंक कथा से मुक्त होते हैं या चौथ का चांद रहेगा फिर क्लीन चिट कैसी

● इस कार्रवाई के बाद विरोधियों के चक्रव्यूह से पार पाना विधायक के लिए आसान नहीं होगा

● अजय विधायक तो हो गए मगर दुर्भाग्य उनका पीछा नहीं छोड़ रहा

● श्रीकृष्ण पर भी 'मणि' के चोरी का आरोप लगा था, पर उन्होंने सिद्ध भी किया

संवाददाता। बस्ती

**इन्कम** टैक्स के छापे में बकौल हर्रैया विधायक अजय सिंह एक दम पाक-साफनिकले, उनकी जांच चाहें किसी के शिकायत पर हुई हो, या फिर रुटीन में, पर किसी भक्त के गंगा स्नान की तरह विधायक छापे की गंगा से बाहर निकल गए। यद्यपि 'अजय' ने हर्रैया विधानसभा क्षेत्र में अपेक्षा से अधिक सड़कों का जाल फैला रखा है, काम भी खूब किया, पर चौथ की चांद के कलंक को धोने के लिए अभी इनके पास समय भी है। सिर पर मंडराता चुनाव और ब्लॉक प्रमुखी चुनाव में विधायक ने एक तरह से अनेक विरोधियों को आंमत्रित कर रखा है। विरोधियों के चक्रव्यूह से पार पाना अगर संभव नहीं है, तो कठिन भी नहीं है। आगामी चुनाव में कई वोटों के सौदागरों से जूझना पड़ सकता है। हालांकि लोकतंत्र में परिणाम सारे कंलक को धो देता है, पर भारी मतदाताओं के बीच जाकर विधायक अपने आपको कैसे सिद्ध करेंगे? कि लजघटा और लखनऊ आवास और कार्यालय पर छापा इन्कम टैक्स की रुटीन कार्रवाई थी? जानकारों का कहना है कि अजय सिंह विधायक तो हो गए, मगर दुर्भाग्य उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। हर्रैया का अगला चुनाव जीतना तो लक्ष्य हो सकता है, पर, लजघटा गांव की प्रधानी हारना भी उनके लिए चुनौती भरा संदेश होगा। विरोधी चुनाव में छापेमारी की कार्रवाई का पूरा लाभ उठाने का प्रयास अवश्य करेंगे, इस बात की आशंका विधायक की ओर से जारी वीडियो में भी व्यक्त कर चुके हैं। पर, देखना यह है कि विधायक इन्कम टैक्स के कलंक से मुक्त हो पाते हैं, या फिर चौथ का चांद लगा रहता है। वैसे 'मणि' चोरी का आरोप भगवान श्रीकृष्ण पर भी लग चुका है, मगर वह अपने को बेगुनाह सिद्ध भी कर चुके हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या अजय सिंह भी अपनी छवि सुधारने के लिए अपने आपको निर्दोष साबित कर पाएंगे? क्यों कि इन्कम टैक्स विभाग की ओर से जारी बयान में आगे की जांच जारी होना बताया गया है। चूंकि विधायक का बयान इन्कम टैक्स विभाग के बयान के दो दिन बाद आया, तो हो सकता है, इन दो दिनों में विधायक को क्लीन चिट मिल गई हो,, मगर विभाग की ओर से इस तरह का कोई भी बयान अभी तक सामने नहीं आया।

## आयकर विभाग के अभियान में दौ सौ करोड़ के बेहिसाब का हुआ खुलासा



**23 जुलाई** को इन्कम टैक्स विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विभाग की ओर से प्रदेष में खनन, आतिथ्य, समाचार मीडिया, षराब और रियल स्टेट में काम करने वाले एक समूह पर लखनऊ, बस्ती, वाराणसी, जौनपुर और कोलकाता में तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 200 करोड़ के बेहिसाब लेनदेन का संकेत मिला। इसके डिजिटल साक्ष्य सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं। तीन करोड़ नकदी बरामद करने की बात भी कही गई। 16 लाकर को कब्जे में लिया गया। तलाशी के दौरान लगभग 90 करोड़ का आय से अधिक लेनदेन का पता चला। कई फर्जी संस्थाएं सामने आईं। 15 से अधिक मुखौटा कंपनियों का पता चला। बिना किसी साधन के 30 करोड़ एकत्रित होना पाया गया। बिना किसी क्षमता के एक मीडिया समूह के द्वारा 40 करोड़ का लोन प्राप्त करना मिला। जिसका रिर्टन भी दाखिल नहीं किया गया। करोड़ों में लोन और प्रीमियम जमा होते मिला। एक पेपर कंपनी का कोई कारोबार नहीं मिला, पता भी गलत मिला। एक भी कर्मचारी नहीं मिले, पर इनके नाम पर लाखों का भुगतान होना दिखाया गया। 13 करोड़ का फर्जी कारोबार मिला। बेहिसाब अर्जित की गई सम्पत्ति का उपयोग सम्पत्ति खरीद और उसके निर्माण पर किया गया। बेहिसाब करोड़ों का भुगतान मिला। 170 करोड़ का बेहिसाब लेनदेन मिला। भारी बेहिसाब धन एक समूह ट्रस्ट में जमा किया गया। जारी बयान में आगे की जांच जारी होने की बात कही गई। जारी बयान में किसी को भी क्लीन चिट देने की बात नहीं कही गई है। चूंकि विधायक का बयान इन्कम टैक्स विभाग के बयान के दो दिन बाद आया, तो हो सकता है, इन दो दिनों में विधायक को क्लीन चिट मिल गई हो।

## विधायक और उनके परिवार को दी जा रही मानहानि का दावा करने की सलाह

**बकौल** विधायक अगर छापेमारी अभियान में विभाग की ओर से उन्हें या फिर उनके परिवार को क्लीन चिट दी गई, तो इसके लिए विभाग पर मानहानि का दावा करने की सलाह दी जा रही है। क्यों कि तीन दिन तक चले छापेमारी की कार्रवाई से विधायक का परिवार पूरे देश में मीडिया का केंद्र बना हुआ था, हर कोई इस परिवार को संदेह की नजर से देख रहा है। विधायक के समर्थक भी मानहानि का दावा करने की बात कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह वही विधायक हैं जो फर्जी शिकायत करने वाले पीडब्लूडी के कई ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा कायम करा चुके हैं, और एक पत्रकार को इज्जत उछालने के आरोप में उसे संस्था से निकलवा भी चुके हैं।

## मदरसा शिक्षकों ने चार वर्षो से बाधित मानदेय देने की किया मांग

**बस्ती।** अखिल भारतीय मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक पिछले चार वर्षो से मानदेय न मिलने से परेशान है। मानदेय न मिलने के कारण उनका परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। बार- बार सरकार का ध्यान आकृष्ट कराए जाने के बावजूद केन्द्रांष न मिलने से उनके मानदेय पर संकट बना हुआ है।

अखिल भारतीय मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ ने इस पर चिंता व्यक्त किया है। विकास भ्सवन में बैठक कर शिक्षकों ने मानदेय न मिलने और नियमितीकरण की मांग को अनसुना करने पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। पिछले चार वर्षो से मदरसा शिक्षक मानदेय के लिए आवाज उठा रहे है, लेकिन सरकार उनकी मांग को अनसुना कर रही है।

जिलाध्यक्ष मेंहदी हसन ने कहा कि केन्द्रांष न मिलने के चलते मदरसा शिक्षकों का परिवार मुर्फलिसी में गुजर रहा है। कहा कि प्रदेश में लगभग 25 हजार और जिले में करीब दो सौ टीचर 22 वर्षो से कार्यरत हैं, वे पिछड़े वर्ग के लाखों बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के कार्य में लगे हैं। मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को दीनी तालीम के सथ दुनियावी तालीम की भी शिक्षा दे रहे है। विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, सामजिक विषय, हिन्दी, कम्प्यूटर की शिक्षा से बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। लेकिन सरकार की उपेक्षा के चलते बच्चों के भविष्य के साथ मदरसा शिक्षकों का भी भविष्य अंधकारमय हो गया है। बाधित मानदेय को दिए जाने की सरकार से मांग किया है। चेतावनी दिया है कि यदि मदरसा शिक्षकों के हित में शीघ्र मानदेय का निर्णय नहीं लिया गया तो व्याप्क आन्दोलन को बाध्य होंगे। बैठक में जिला महासचिव शकील अहमद, ऐनुलहक, हफीज अहमद, शुषुलहक, फारूक, आरिफ अकरम, सुजात, अतीक, अलीहुसेन, यासीन, तरन्नुम, सरवर, इरशाद, नूर मोहम्मद, शाहिद व अन्य शामिल रहे।

# सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक के लिए मंदिरों में उमड़ा शिवभक्तों का रेला



● आस्था के जल से नहा गए भोलेनाथ

● हर हर महादेव और ऊं नमः शिवाय के जयघोष से गुंजायमान रहा कोना- कोना

संवाददाता। बस्ती

**श्रावण** मास के प्रथम दिन षिव मंदिरों में आस्था का रेला उमड़ा। पौराणिक भदेश्वरनाथ शिव धाम मंदिर, तिलकपुर, बरवां धाम, कड़र, देवरियामाफी सहित जिले के सुदुरवर्ती क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिर शिवभक्ति की आभा से गुंजायमान रहे। हर हर महादेव, ऊं नम: शिवाय के जयघोष से समूचा वातावरण गुंजायमान रहा।

श्रावण मास में षिव मंदिरों और षिवालयों पर षिवभक्तों के रेले को देखते हुए मंदिर प्रबन्ध और प्रषासन दोनो की ओर से व्याप्क प्रबन्ध किए गए हैं। लगभग 2 वर्ष से कोविड-19 के चलते जनपद के सभी मन्दिरो पर प्रशासन के द्वारा मंदिरो मे भीड एकत्र करने के लिए मनाही थी लेकिन जैसे ही जिला कोरोना मुक्त हुआ और प्रशासन ने राहत की साँस ली वैसे ही श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की ओर से कोविड-प्रोटोकॉल के तहत मन्दिरों के कपाट खोल दिए गए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं का रेला मंदिरों में उमड़ पड़ा। श्रावण मास के पहले सोमवार को जनपद के सभी शिवमन्दिरो पर शिवभक्तों की भीड लगी रही। इस दौरान कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन होता नहीं दिखा। भोर से ही बाबा भदेश्वरनाथ धाम में शिवभक्तों की लम्बी कतार अपने आराध्य का जलाभिषेक करने के लिए लगी रही।

## आस्था का केंद्र है भदेश्वरनाथ शिव धाम

**शहर मुख्यालय** से लगभग चार किमी दूर स्थित आस्था के केन्द्र पौराणिक बाबा भदेश्वरनाथ शिवधाम मंदिर पर सोमवार को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। पाण्डव युगीन भदेश्वरनाथ धाम में सावन के महीने में जिले के ही नहीं आस पास के अन्य जिलों के श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए यहां आते है। कुआनो नदी के अर्ध चन्द्राकार तट पर स्थित भदेष्वरनाथ मंदिर का पौराणिक महत्व है, शिव पुराण में भी इस स्थल का उल्लेख मिलता है। माना जाता है कि यहां सच्चे मन से जिसने भी मनोकामना मांगी बाबा उसकी मनोकामना जरूर पूरी करते हैं। बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर पर श्रद्धालुओं के आने वाले रेले को देखते हुए मंदिर के सामने रेलिग की व्यवस्था की गई है ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न होने पाए और मंदिर में प्रवेश और जलाभिषेक के लिए उन्हें कठिनाई न हो सके। यहां श्रावण मास में मेला लगता है। कोविड काल से पूर्व कांवरिया भक्तों का रेला अयोध्या से पवित्र सरयू का जल कावड़ में भरकर बाबा भदेश्वरनाथ में जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ता रहा, लेकिन कोविड काल में कांवड यात्रा पर रोक के चलते शिवभक्त समूह की जगह अलग- अलग सरयू स जल भरकर जलाभिषेक के लिए आने की योजना बनाए हैं। कोरोना काल में भी श्रद्धालुओं का इस शिवालय पर श्रद्धालुओं का आना कम नहीं हुआ है, बस इतना हुआ है कि पहले जहां मंदिर के भीतर भीड़ लगी रहती थी वहीं अब श्रद्धालुओं को जलाभिषेक और दर्शन के लिए आने जाने की व्यवस्था बदल गई है। स्थाई रेलिंग लगा कर मंदिर में प्रवेश और निकासी के रास्ते निर्धारित किया गया है। श्रावण मास में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर एक किमी पहले से ही वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन श्रद्धालुओं के रेले के आगे यह व्यवस्था फेल नजर आ रही है।

# किसान की कीमती जमीन काटकर दूसरे के नाम दर्ज करने का आरोप

संवाददाता। बस्ती

**चकबंदी** प्रक्रिया में कतिपय कर्मचारियों की मनमानी के चलते गौर विकास क्षेत्र के सांवडीह गांव के किसान पिस रहे हैं। गांव में पिछले पांच वर्षों से चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। किसान अपनी कीमती जमीन को लेकर विभाग की गणेश परिक्रमा भी खूब कर रहे हैं। बावजूद इसके चकबंदी विभाग की मनमानी के चलते किसान को अपनी जमीन से हाथ धोना पड़ा है। चकबन्दी कर्मियों की मनमानी के षिकार एक किसान ने डीएम और चकबन्दी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है।

सांवडीह गांव के किसान रामसूरत ने डीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि चकबंदी विभाग के कुछ कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं, गांव में स्थलीय निरीक्षण न कर चौराहों पर बैठकर गलत तरीके से कीमती जमीन को काटकर दूसरों के नाम कर दिया जा रहा है। चकबन्दी कर्मियों की इस मनमानी को लेकर किसान परेशान हैं। बताया कि उनके नाम से अंकित गाटा संख्या 381 की भूमि पर काफी पेड़ पौधे और बोरिंग है। इसके बाद भी चकबंदी विभाग के लोगों ने गलत तरीके से काटकर उसे गांव के दूसरे के नाम से दर्ज कर दिया गया है। रामसूरत ने डीएम और चकबंदी विभाग के अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए मांग करते हुए कहा कि जिस भूमि को गलत तरीके से काट कर दूसरे के नाम पर दर्ज किया गया है, उसका स्थलीय जांच कर पुन: मुझे वापस किया जाए। जिससे मेरे परिवार और बच्चों का भरण पोषण सुचारू रूप से चल सकें। इस बाबत चकबंदी विभाग के एसओसी अनिल कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जिस भूमि के लिए किसान आरोप लगा रहे हैं, वह बेबुनियाद और निराधार है। विभाग के कर्मचारी स्थलीय निरीक्षण और जांचकर ही कोई निर्णय लेते हैं।

# भाकियू नेता की हत्या में नामजद को पुलिस ने पकड़ा

● रंजिश में हुई थी वारदात, अभियुक्त ने अपराध को किया स्वीकारः एसपी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने सोमवार को पुलिस लाईन सभागार में मीडिया से मुखातिब होते हुए जानकारी दिया कि भाकियू नेता लक्ष्मण पाण्डेय की हत्या के मामले में नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त ने अपराध को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि भाकियू नेता की हत्या से सम्बन्धित थाना में कानून व्यवस्था को बनाया रखा गया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के साथ भाकियू संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता भी की गई। जिसमें मृतक के परिजन भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने संगठन को अवगत कराया है कि शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन का सहयोग करें। आवेश व आक्रोशित होने से शांति व्यवस्था बिगड़ती है जो जनहित में नही है। गत 24, जुलाई, 2021 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत बौरव्यास निवासी लक्ष्मण पाण्डेय पुत्र रघुनन्दन पाण्डेय उम्र लगभग 52 वर्ष जो कि भारतीय किसान यूनियन के नेता थे की उनके गाँव के बाहर हत्या कर दी गयी थी। जिसके उपरान्त थाना बखिरा पुलिस द्वारा वादिनी (मृतक की पुत्री) की लिखित तहरीर के आधार मु0अ0सं0 216/2021 धारा 302/34 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशिन व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीश भदौरिया के नेतृत्व में थानाध्यक्ष बखिरा मनोज कुमार सिंह, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित कर उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। गठित टीम द्वारा सोमवार को समय 11.45 बजे थाना बखिरा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सहजनवा बखिरा मार्ग पर बरई पुलिया के पास से घटना मे संलिप्त अजय राय पुत्र हरिराम राय निवासी बौरव्यास थाना बखिरा को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर एक अदद आलाकत्ल भुजाली को ग्राम बेलुडीहा स्थित बाग में पेड़ के नीचे से बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त द्वारा पूछताछ बताया गया कि मेरे गाँव के लक्ष्मण पाण्डेय (मृतक) ने मुझे मुकदमें में फसाने की धमकी दिया था इसी बात को लेकर गत 24, जुलाई, 2021 को भुजाली से मारा था मारने के दौरान गुत्थम गुत्था के दौरान मुझे भी दोनो हाथों में चोट आयी थी। भुजाली से मारने के बाद उसे ग्राम बेलुडीहा में स्थित बाग में पेड़ के पास छुपा दिया था जिसे थाना बखिरा पुलिस द्वारा अभियुक्त की निशानदेही पर पेड़ के नीचे स्थित घांसफूस को हटाकर एक अदद भुजाली (आलाकत्ल) बरामद किया गया जिस पर रक्त के निशान व मिट्टी लगी है।



प्रेस वार्ता करते एसपी — पायनियर

# भाजपाइयों ने किया मंथन



बैठक को सम्बोधित करते न0पं0 मगहर अध्यक्षा — पायनियर

**संतकबीरनगर।** बेलहर मण्डल में भाजपा मंडल पदाधिकारी की बैठक सोमवार को एम जी चिल्ड्रेन एकेडमी बेलहर कला में आहुत की गई। जिसमें मुख्य अथिति मगहर नगर पंचायत मगहर अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा ने बताया की मंडल कार्यसमिति की बैठक ब्लाकों पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों की सम्मान करना, नि:शुल्क राशन वितरण, कोरोना वैक्सीन जैसे आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया कार्यक्रम मे रहे प्रभारी मुरली मनोहर चौरसिया, श्रीमती किरन प्रजापति, मीडिया प्रभारी ब्रह्मानन्द पांडेय, जिला मंत्री उदय राज यादव, मंडल अध्यक्ष अजीत राय जय नाथ सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष, भीम बहादुर सिंह मण्डल संयोजक, विवेक प्रताप सिंह, रामहित चौहान, महेश दूबे मण्डल मंत्री, राजदेव लोधी मण्डल मंत्री, वीरेंद्र चौरसिया मण्डल उपाध्यक्ष, श्रीमती प्रेमलता राय मण्डल मंत्री, सेक्टर संयोजक रविन्द्र मिश्र, अरविन्द त्रिपाठी, चंचल पांडेय, जगदीश मौर्य, हरिओम, संजीव चौधरी, लाल जी सिंह, हरिनाथ कन्नौजिया, सन्तोष यादव, राम प्रसाद गुप्ता सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला अस्पताल में टूटा बाबुओं का 'काकस'

संवाददाता। बस्ती

● सीएमएस सहित पूरे स्टाफ में खुशी की लहर

● अस्पताल को अधिकारी नहीं 20 से 22 साल तक जमे बाबू चला रहे थे

● मनमानी चलती रहे इसके लिए विरोधियों की कराते रहते थे फर्जी शिकायत

**जिला** महिला अस्पताल में 20 से 22 सालों तक राज करने वाले बाबुओं का काकस सीएमएस डा. सुषमा सिन्हा के प्रयास से समाप्त हो गया। काकस तोड़ने में जो हिम्मत और ईमानदारी सीएमएस ने दिखाई, अगर यही ईमानदारी अन्य सीएमएस दिखाते तो सरकार को अब तक करोड़ों का फायदा हो गया होता। बाबुओं का मनमानी तरीके से कार्य करना और स्टाफ को परेशान करना, सरकारी धन का नुकसान करना और सरकारी कार्यो में बाधा पहुंचाने की कार्यशैली ने अस्पताल की व्यवस्था को पटरी से उतार दिया था। अस्पताल के कई चीफ फार्मासिस्टों का कहना है कि वर्तमान सीएमएस से अधिक कोई भी सीएमएस अभी तक नहीं आया। कहते हैं कि यह बड़ी बात है कि सीएमएस होते हुए भी मरीजों को देखती हैं, उनकी सुविधा का ख्याल रखती हैं। कहते हैं कि अगर सीएमएस पंकज शर्मा और रघुनाथ वर्मा के क्रियाकलापों के बारे में नहीं लिखती तो इन दोनों का गैर जनपद में तबादला नहीं होता। बाबुओं का काकस समाप्त होने से सबसे अधिक खुश सीएमएस और चीफ फार्मासिस्ट हैं। बाबुओं के काकस का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इनके आगे सारे सीएमएस अभी तक बेवस नजर आए। हालांकि अभी दो और बाबू को अस्पताल से बाहर जाना बाकी है। सीएमएस ने बताया कि अनिल राय और आशुतोष दुबे को माह के अंत तक मुक्त कर दिया जाएगा। पहली बार ऐसा हुआ है, जब किसी भी बाबू की तबादले में नहीं चली, इसके लिए चिकित्सा एवं सेवाएं के निदेशक प्रशासन को श्रेय दिया जा रहा है, जिन्होंने कहा था कि अगर कोई बाबू तबादला वाले स्थल पर नहीं गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि बाबुओं ने इसका खूब विरोध किया, कई दिनों से धरने पर इस लिए बैठे है ताकि किसी को वेतन न मिल सके, और जब वेतन नहीं मिलेगा, और जब वेतन नहीं मिलेगा तो उनका तबादला रोक दिया जाएगा। हांलाकि चर्चित बाबुओं के तबादला हो जाने से कार्य बाधित होने की आशंका जताई जा रही है, क्यों कि अभी तक तबादला किए गए दो बाबुओं के स्थान पर कोई नहीं आया, और जब माह के अंत में दो बाबू और चले जाऐंगे, तो एक तरह से अस्पताल बाबुओं से खाली हो जाएगा। बावजूद अधिकतर स्टाफ खुष हैं, और कह रहे हैं, भले ही उन्हें वेतन सहित अन्य परेशानियों का सामना करना पड़े, वह सब बर्दाश्त कर लें। कहते हैं कि जरुरी था अस्पताल से गंदगी साफ होना, जिसे सीएमएस ने साफ कर दिया। किसी सीएमएस के प्रति स्टाफ का इतना लगाव और प्रेम भाव पहली बार देखा गया।



सोमवार को जनता दर्शन में जनसमस्या सुनती जिलाधिकारी दिव्या मित्तल। त्वरित शिकायतो के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को डीएम ने निर्देशित किया।

# सभासद पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**संतकबीरनगर।** वार्ड संख्या 1 के सभासद/बसपा नेता शैलेश कुमार पर रविवार की देर रात मोहल्ले के ही रंजिश में जानलेवा हमला कर दिये। जिससे सभासद शैलेश कुमार डब्बू गम्भीर रूप से घायल हो गये। देर रात उन्होंने खलीलाबाद कोतवाली में तहरीर दिया। जिसके बाद उनका मेडिकल मुआयना पुलिस ने कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस जॉच शुरू कर दी है। दिए गए तहरीर में सभासद शैलेश कुमार ने कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ला के ही बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र राव, पुत्र श्रीचन्द राव, प्रशान्त कुमार, जयचन्द ने अपशब्दो का प्रयोग करते लाठी-डण्डो से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। चीखने चिल्लाने पर इकठ्ठा हुई भीड़ आने के बाद किसी तरह पीड़ित की जान बच सकी। उन्होंने कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# एंबुलेंस कर्मियों ने मांगों को लेकर शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जीवनदायिनी** संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान पाण्डेय एवं प्रदेश महामंत्री बृजेश कुमार के नेतृत्व पर आज उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जीवनदायिनी एंबुलेंस संघ के समस्याओं का सरकार अथवा कंपनी द्वारा निवारण न किये जाने से आक्रोशित जीवनदायिनी एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने जूनियर हाईस्कूल परिसर खलीलाबाद में रात्रि 12 बजे से एम्बुलेंस को खड़ा करके अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती है हड़ताल जारी रहेगा। संघ के जिलाध्यक्ष जमीर खान, भागवत यादव, धीरेन्द्र यादव, दुर्गेश मिश्रा, विनोद, मदन, प्रदीप, राकेश, रामदयाल, उदयभान, फूलचन्द्र आदि ने कहा कि हम किसी भी दशा में एंबुलेंस को खड़ा नहीं करना चाहते है। कर्मचारियों ने कहा कि आम जनमानस को हमारी तरफ से कोई दिक्कत न हो लेकिन हम मजबूर है जिसका जिम्मेदार सरकार व संस्था है। कर्मचारियों ने मांग किया है कि एडवांस लाइस स्पोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस कर्मचारियों का समायोजन किया जाय। कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना वायरस के दौरान अग्रणी भूमिका निभा रहे कोरोना योद्धाओं और कोरोना वारियर्स एम्बुलेंस कर्मचारियों को ठेकेदारी से मुक्त किया जाय। कर्मचारियों को सहानुभूतिपूर्वक यथास्थिति नौकरी पर रखा जाए और प्रशिक्षण शुल्क के नाम पर कर्मचारियों से डीडी न ली जाय। सभी कर्मचारी पूर्व कंपनी में सेवा दे रहे है और प्रशिक्षित कर्मचारी है। कर्मचारियों ने कहा कि तीन दिवसीय धरना के अंतर्गत संस्था व शासन का एएलएस एंबुलेंस कर्मचारियों के प्रति समायोजन हेतु कोई दिशा निर्देशा जारी नही किया गया। जिसके विरोध में आज संगठन के नेतृत्व पर पूरे उत्तर प्रदेश की एंबुलेंस को खड़ी कर कार्य वहिष्कार/हड़ताल शुरू कर दिया गया है। जब तक मांगे पूरी नही होती है हड़ताल जारी रहेगा।



प्रदर्शन करते एम्बुलेंस कर्मी — पायनियर

# अनुभवी शरत कमल तीसरे दौर में

## तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेनिस, मुक्केबाजी व तैराकी में मिली हार

**भाषा** । टोक्यो

**टोक्यो** ओलंपिक में पहले दिन के पदक को छोड़कर भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सोमवार को निशानेबाजी, तीरंदाजी , बैडमिंटन , मुक्केबाजी में पराजय ही मिली जबकि टेबल टेनिस में पिछले मैच में उम्मीदें जगाने वाली मनिका बत्रा भी हारकर बाहर हो गई। अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया और भारत की उम्मीदें अब उन्हीं पर टिकी है चूंकि महिला एकल में मनिका और सुतिर्था मुखर्जी सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई। शरत कमल ने 49 मिनट तक चले मैच में पुर्तगाल के 20वीं वरीयता प्राप्त टियागो अपोलोनिया पर 4-2 (2-11, 11-8, 11-5, 9-11, 11-6, 11-9) से जीत दर्ज की। मनिका ने इससे पहले अपने से अधिक रैंकिंग की खिलाड़ियों को हराया था लेकिन तीसरे दौर में आस्ट्रिया की विश्व में 16वें नंबर की सोफिया पोलकानोवा के नियंत्रित और दमदार खेल का उनके पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने केवल 22 मिनट में 0-4 (8-11, 2-11, 5-11, 7-11) से यह मैच गंवाया। महिला एकल के दूसरे दौर में सुतिर्था पुर्तगाल की फू यू से एकतरफा मुकाबले में 0-4 (3-11, 3-11, 5-11, 5-11) से हार गई। यह मैच केवल 20 मिनट तक चला। निशानेबाजी में भारतीयों की झोली फिर खाली रही जब अंगद वीर सिंह बाजवा पुरुष स्कीट स्पर्धा में 18वें जबकि मैराज अहमद खान 25वें स्थान पर रहे। अंगद ने पांच सीरिज में संभावित 125 में से 120 अंक बनाए जबकि मैराज केवल 117 अंक ही बना पाए। स्कीट में चोटी के छह निशानेबाज फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करते हैं। भारत की पदक उम्मीदें अब मिश्रित टीम स्पर्धा पर टिकी होंगी जिसमें 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग में सौरभ चौधरी और मनु भाकर उतरेंगे जिन्होंने हाल ही के कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है। अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल भी इसमें भारतीय चुनौती पेश करेंगे। दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वालारिवन दस मीटर मिश्रित राइफल टीम स्पर्धा में उतरेंगे। इस वर्ग में दीपक कुमार और अंजुम मुद्गिल भी भारतीय चुनौती पेश करेंगे। तलवारबाजी में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला भवानी देवी ने आत्मविश्वास भरी शुरुआत करके आसानी से पहला मैच जीता लेकिन दूसरे मैच में चौथी वरीयता प्राप्त मैनन ब्रूनेट से हारकर वह बाहर हो गई। भवानी देवी को महिलाओं की व्यक्तिगत साबरे के दूसरे मैच में रियो ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ब्रूनेट से 7-15 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले ट्यूनीशिया की नादिया बेन अजीजी को 15-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। तैराकी में साजन प्रकाश पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पिछले महीने इटली में एक मिनट 56.38 सेकेंड के समय के साथ निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक का ए क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने वाले साजन एक मिनट 57.22 सेकेंड के समय के साथ 38 तैराकों के बीच 24वें स्थान पर रहे। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। साजन गुरुवार को 100 मीटर बटरफ्लाई में चुनौती पेश करेंगे। मुक्केबाजी में ओलंपिक में पदार्पण करने वाले आशीष चौधरी (75 किग्रा) को चीन के एरबीके तुओहेता के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में लचर शुरुआत का खामियाजा भुगतना पड़ा और 0-5 से हार के साथ ही उनका सफर खत्म हो गया। तीरंदाजी में अतनु दास, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम से हारकर बाहर हो गई। भारतीय तिकड़ी ने कजाखस्तान को 6-2 से हराकर दिन की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन क्वार्टर फाइनल में उनका सामना नंबर एक कोरिया से था जिससे उसे 0-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले मिश्रित युगल में दीपिका कुमारी और जाधव की जोड़ी भी कोरियाई टीम से हारकर क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। टेनिस में सुमित नागल पुरुष एकल के दूसरे दौर में रूस ओलंपिक समिति (आरओसी) के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में शिकस्त के साथ टोक्यो ओलंपिक से बाहर हो गए जिससे टेनिस में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। बैडमिंटन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को पुरुष युगल के ग्रुप ए में सोमवार को यहां मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 10वें नंबर की सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने 32 मिनट में 21-13, 21-12 से शिकस्त दी। सात्विक और चिराग ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की जोड़ी से भिड़ेंगे।





सुमित नागल



भवानी देवी

# महिला हाकी टीम की लगातार दूसरी हार

### दुनिया में तीसरे नंबर की जर्मनी ने 2-0 गोल से हराया

**भाषा** । टोक्यो



**आसान** मौके नहीं भुनाने का खामियाजा भारतीय महिला हाकी टीम को टोक्यो ओलंपिक में लगातार दूसरी हार के साथ भुगतना पड़ा जब सोमवार को रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जर्मनी ने उसे 2-0 से पछाड़ा। पहले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड से 1- 5 से हारने के बाद भारतीयों ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पूल ए के मैच में रियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता जर्मनी को हराने के लिए यह काफी नहीं था। भारतीयों ने कई आसान मौके गंवाए जिनमें तीसरे क्वार्टर में गुरजीत कौर ने एक पेनल्टी स्ट्रोक भी गंवाया।

जर्मनी के लिए कप्तान निकी लौरेंज ने 12वें और अन्ना श्रोडेर ने 35 वें मिनट में गोल दागा। जर्मनी की लगातार दूसरी जीत है जिसने पहले मैच में ब्रिटेन को 2-1 से हराया था। भारत को अब बुधवार को ब्रिटेन से खेलना है। जर्मनी ने मैच में आक्रामक शुरूआत की और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। भारतीय टीम धीरे धीरे मैच में लौटी। जर्मनी को नौवें मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन फ्रांसिस्का हाउके के शॉट को भारतीय गोलकीपर सविता ने बचा लिया।

तीन मिनट बाद ही हालांकि कप्तान लौरेंज ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर जर्मनी को बढत दिला दी। जर्मनी को 21वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे भारतीय डिफेंडरों ने बचा लिया। इस बीच भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए लेकिन उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। वंदना कटारिया ने कई अच्छे मूव बनाए लेकिन फॉरवर्ड पंक्ति उन्हें अंजाम तक नहीं ले जा सकी। तीसरे क्वार्टर के दूसरे मिनट में वंदना ने भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। कप्तान रानी का शॉट जर्मन डिफेंडर के शरीर से टकराया। रेफरल पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन गुरजीत गोल नहीं कर सकी। तीन मिनट बाद जर्मनी के लिए श्रोडर ने दूसरा गोल दाग दिया। भारतीयों ने आक्रमण जारी रखा लेकिन जर्मनी के रक्षा कवच को भेद नहीं सके।



जापान की 13 साल 330 दिन की मोमिजी निशया स्केटबोर्डिंग में ओलिंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली सबसे युवा एथलीट बनीं

# चानू का स्वदेश लौटने पर गर्मजोशी से स्वागत

**भाषा** । नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू सोमवार को स्वदेश लौटी तो हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान हालांकि हवाई अड्डे पर अफरा-तफरी भी मच गई और कोविड-19 से बचाव के लिए लागू किए सामाजिक दूरी के नियमों की पूरी तरह अनदेखी की गई। चानू सुरक्षाकर्मियों के बीच इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बाहर निकली, जहां उनके चेहरे पर मास्क और फेस शील्ड लगा था। उन्होंने यहां पहुंचने के बाद ट्वीट किया कि इतने प्यार और समर्थन के बीच यहां वापस आकर खुशी हो रही है। बहुत - बहुत धन्यवाद। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी का भारत माता की जय के नारों से स्वागत किया गया और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने उनका अभिनंदन किया। हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही वहां इंतजार कर रहे रहे मीडियाकर्मियों ने उन्हें घेर लिया, जिस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। सुरक्षाकर्मियों ने हालांकि उनके आस-पास घेरा बनाकर रास्ता बनाया। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने 49 किग्रा वर्ग में कुल 202 किग्रा (87 किग्रा , 115 किग्रा) भार उठाकर शनिवार को रजत पदक हासिल किया था। इससे पहले भारोत्तोलन में 2000 सिडनी ओलंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी के कांस्य पदक जीता था। इस शानदार प्रदर्शन से उन्होंने 2016 के खेलों की निराशा को दूर किया जहां वह एक भी वैध भार उठाने में विफल रही थी। चानू पूर्व विश्व चैंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भी रह चुकी हैं।



### चानू को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त करने की घोषणा

**इंफाल**। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू को राज्य पुलिस विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उन्हें एक करोड़ रुपए का इनाम भी देगी। सिंह ने कहा कि 49 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने वाली इस ओलंपियन के पास अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (खेल) का पद होगा। उन्होंने कहा कि मणिपुर सरकार ने जल्द ही राज्य में विश्व स्तरीय भारोत्तोलन अकादमी स्थापित करने का फैसला किया है।

सिंह ने कहा कि जुडोका एल सुशीला देवी को भी कांस्टेबल के पद से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।

# भारत की नजरें पुरुष हाकी में स्पेन के खिलाफ वापसी पर

**टोक्यो**। ऑस्ट्रेलिया से बुरी तरह शिकस्त का सामना करने वाली भारतीय पुरुष हाकी टीम मंगलवार को यहां ओलंपिक के अपने तीसरे पूल ए मैच में अपने से कम रैंकिंग वाली टीम स्पेन के खिलाफ लय और टूटे हुए मनोबल को फिर से हासिल करने की कोशिश करेगी। अपने अभियान के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड पर 3-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम को दूसरे मैच में दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया से 1-7 के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इस बड़ी पराजय ने भारतीय टीम की हर कमजोरी को उजागर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पहले क्वार्टर के बाद भारतीय रक्षापंक्ति में मनमाने तरीके से सेंध लगाते हुए गोलों की बौछार कर दी और टूर्नामेंट में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अप्रैल 2019 में ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड के कोच बनने के बाद से यह भारत की सबसे बड़ी हार भी थी। भारत की कमजोर रक्षापंक्ति पर ऑस्ट्रेलिया ने मैच की शुरुआत से ही दबाव डालकर पहले हाफ में चार और दूसरे हाफ में तीन गोल किए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरी तरह से बेरंग नजर आई। इन खेलों से पहले कई मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद भारतीयों को वापसी करने के बारे में अच्छी तरह से पता है। मुख्य कोच ग्राहम रीड विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज स्पेन के खिलाफ दमदार वापसी की उम्मीद करेंगे।

अंक तालिका के हिसाब से भारत इस समय गोल अंतर के कारण न्यूजीलैंड के बाद चौथे स्थान पर है। इस पूल में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद अर्जेंटीना है।

# भारत सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा

### श्रीलंका के साथ दूसरा टी-20 मैच आज

**भाषा** । कोलंबो

**भारतीय** टीम श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को यहां दूसरे मैच में जीत के साथ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी तो उसे उम्मीद होगी कि संजू सैमसन अपनी प्रतिभा पर खरे उतरकर अपने प्रदर्शन में निरंतरता ला पाएंगे।

श्रीलंका को पहले मुकाबले में 38 रन से हराने के बाद भारत के विजई संयोजन में बदलाव करने की संभावना नहीं है। टीम प्रबंधन हालांकि अगर ब्रिटेन में टेस्ट दौरे के लिए चुने गए पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव को आराम देने का फैसला करता है तो टीम में बदलाव हो सकते हैं।

हालांकि उम्मीद है कि यह दोनों कम से कम कल के मुकाबले में खेलेंगे और भारत के श्रृंखला जीतने की स्थिति में उन्हें अंतिम मैच से आराम दिया जा सकता है। योजना में बदलाव होने की स्थिति में खराब फॉर्म से जूझ रहे मनीष पांडे पर देवदत्त पडिक्कल और रुतुराज गायकवाड़ को तरजीह दी जा सकती है। सैमसन को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के पर्याप्त मौके मिले लेकिन इसके बावजूद वह आठ मैचों में 13.75 की औसत से ही रन बना पाए। सामने आ रहे प्रतिभावान खिलाड़ियों को देखते हुए सैमसन की राह इस प्रदर्शन के साथ आसान नहीं होने वाली। प्रदर्शन के आधार पर ऋषभ पंत ने सैमसन को काफी पीछे छोड़ दिया है जबकि इशान किशन ने भी सीमित मौके मिलने पर प्रभावी प्रदर्शन किया है।

श्रीलंका के लिए एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की तुलना में टी-20 श्रृंखला कड़ी चुनौती होगी क्योंकि उसके पास लगातार बड़े शॉट खेलकर मैच का रुख बदल पाने वाले खिलाड़ी नहीं हैं। चरिथ असालंका ने पहले मैच में 44 रन की पारी खेलकर भारत पर दबाव डालने का प्रयास किया था लेकिन अहम मौकों की दासुन शनाका की टीम की अनुभवहीनता झलकी। टीम ने सोमवार को अंतिम छह विकेट सिर्फ 15 रन जोड़कर गंवाए। वानिंदु हसारंगा ने अपनी लेग स्पिन से प्रभावित किया है और सूर्यकुमार को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाजों को कुछ परेशान करने में सफल रहे हैं।

# 58 वर्षीय अलरशीदी ने स्कीट स्पर्धा में कांस्य जीता

**भाषा** । टोक्यो

**उम्र** के जिस पड़ाव पर लोग अक्सर रिटायर्ड जिदंगी की योजनाएं बनाने में मसरूफ होते हैं, कुवैत के अब्दुल्ला अलरशीदी ने तोक्यो ओलंपिक निशानेबाजी में कांस्य पदक जीतकर दुनिया को दिखा दिया कि उनके लिए उम्र महज एक आंकड़ा है।

सात बार के ओलंपियन ने सोमवार को पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यही नहीं पदक जीतने के बाद उन्होंने 2024 में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पर निशाना लगाने का भी वादा किया जब वह 60 पार हो चुके होंगे। उन्होंने कहा कि मैं 58 बरस का हूं। सबसे बूढा निशानेबाज और यह कांस्य मेरे लिए सोने से कम नहीं। मैं इस पदक से बहुत खुश हूं लेकिन उम्मीद है कि अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतूंगा। पेरिस में। ईंशाअल्लाह अगले ओलंपिक में पेरिस में 2024 में स्वर्ण पदक जीतूंगा। मैं उस समय 61 साल का हो जाऊंगा और स्कीट के साथ ट्रैप में भी उतरूंगा। अलरशीदी ने पहली बार 1996 अटलांटा ओलंपिक में भाग लिया था। उन्होंने रियो ओलंपिक 2016 में भी कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय स्वतंत्र खिलाड़ी के तौर पर उतरे थे। कुवैत पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने प्रतिबंध लगा रखा था।

उस समय अल रशीदी आर्सन्ल फुटबॉल क्लब की जर्सी पहनकर आए थे। यहां कुवैत के लिए खेलते हुए पदक जीतने के बारे में उन्होंने कहा कि रियो में पदक से मैं खुश था लेकिन कुवैत का ध्वज नहीं होने से दुखी था। आप समारोह देखो, मेरा सर झुका हुआ था। मुझे ओलंपिक ध्वज नहीं देखना था।


## नीदरलैंड का टेनिस खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव

**भाषा** । टोक्यो

**नीदरलैंड** के टेनिस खिलाड़ी जीन जुलियन रोजर कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। आयोजकों ने सोमवार को खेलों से जुड़े 16 नए मामलों की घोषणा की। रोजर का परीक्षण पॉजिटिव आने के बाद उन्हें और उनके युगल जोड़ीदार वेस्ली कूल्हॉफ को सोमवार को न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और माइकल वीनस के खिलाफ होने वाले दूसरे दौर के मैच से हटना पड़ा।

नीदरलैंड की टीम में इस तरह से पॉजिटिव मामलों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। इससे पहले टोक्यो आयोजकों ने बताया कि ओलंपिक खेलों में सोमवार को कोविड-19 के 16 नए मामले दर्ज किए गए जिसमें तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस तरह से खेलों से जुड़े कुल मामलों की संख्या 148 हो गई है।

## भारतः आज के कार्यक्रम



निशानेबाजी: 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वलीफिकेशन चरण एक, भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 30 मिनट से (सौरभ चौधरी और मनु भाकर , यशस्विनी देसवाल और अभिषेक वर्मा)। 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वलीफिकेशन चरण एक, भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 45 मिनट से (इलावेनिल वालारिवन और दिव्यांश सिंह पंवार , अंजुम मुद्गिल और दीपक कुमार)।
टेबल टेनिस: अचंता शरत कमल बनाम मा लोंग (चीन), पुरुष एकल तीसरा दौर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 30 मिनट से।
मुक्केबाजी: लवलीना बोरगोहेन बनाम एपेट्ज नेदिन, महिला वेल्टरवेट राउंड आफ 16, भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 57 मिनट से।
बैडमिंटन: सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम बेन लेन और सीन वेंडी (ब्रिटेन), पुरुष युगल ग्रुप ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 30 मिनट से।
हाकी: भारत बनाम स्पेन, पुरुष पूल ए मैच, भारतीय समयानुसार सुबह छह बजकर 30 मिनट से।
सेलिंग: नेत्रा कुमानन, महिला लेजर रेडियल, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 35 मिनट से। विष्णु सरवनन, पुरुष लेजर, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 45 मिनट से। केसी गणपति और वरूण ठक्कर, पुरुष स्किफ 49ईआर, सुबह 11 बजकर 20 मिनट से

## भारतीय ग्रैंडमास्टर सरीन रेपिड में दूसरे स्थान पर

**भाषा** । बील ( स्विट्जरलैंड )

**भारत** के युवा ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन यहां बील अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के रेपिड वर्ग में चार जीत और दो ड्रा के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 17 साल के सरीन (ईएलओ रेटिंग 2620) ने ग्रैंडमास्टर गाटा कामस्की (ईएलओ 2658) को बराबरी पर रोककर अमेरिकी खिलाड़ी के पांच मैच के विजय अभियान को थामा। सरीन ने रविवार देर रात संपन्न सात दौर की रेपिड स्पर्धा में संभावित 14 में से 10 अंक जुटाए।

भारतीय ग्रैंडमास्टर ने रूस के किरिल एलेक्सेंको, इस्राइल के अनुभवी ग्रैंडमास्टर बोरिस गेलफेंड, विन्सेंट केमर और मैक्सिम लगार्डे को हराया। उन्होंने एलेन पिचोट और कामस्की को बराबरी पर रोका जबकि स्विट्जरलैंड के ग्रैंडमास्टर नोएल स्टुडर के खिलाफ उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा।

## सूर्यकुमार और पृथ्वी, ईश्वरन मुख्य टीम में शामिल

**लंदन**। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव और मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इंग्लैंड के खिलाफ चार अगस्त से शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के लिए चोटिल शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। स्टैंड बाई खिलाड़ियों में शामिल बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि स्टैंड बाई तेज गेंदबाज आवेश खान बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण स्वदेश लौटेंगे। गिल के पैर में घुटने के नीचे के अगले हिस्से में चोट है जबकि सुंदर के दाएं हाथ की अंगुली में चोट है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने विकल्प के तौर पर पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव को चुना है। भारतीय टीम : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी , ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शारदुल ठाकुर, उमेश यादव, लोकेश राहुल, रिद्धिमान साह, अभिमन्यु ईश्वरन, पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव। स्टैंड बाई खिलाड़ी: प्रसिद्ध कृष्णा, अर्जन नागवासवाला।

# टॉक टाइम

## वीर दास

*एंटरटेनर, कॉमेडियन और अभिनेता एक नए प्रोजेक्ट द मोस्ट एपिक मैक्स शो के साथ वापस आ गए हैं। मुसबा हाशमी ने उनसे शो के कॉन्सेप्ट के बारे में बात की कि लॉकडाऊन के दौरान उन्हें किस चीज ने टिकाए रखा और उससे क्या हासिल हुआ*

# छोटी-छोटी बातों में खुशी तलाशना जरूरी



**■ मोस्ट एपिक मैक्स शो किस विषय के बारे में है ?**

मेरा शो जीवन की छोटी-छोटी साधारण चीजों के बारे में है जो आपको अंदर से महाकाव्य का एहसास कराती हैं, जिसका अर्थ है कि आपको महाकाव्य महसूस करने के लिए महाकाव्यात्मक चीजें करने की आवश्यकता नहीं है। मुझे लगता है कि यह एक कठिन वर्ष रहा है और दुनिया में हर कोई अपने बारे में अच्छा महसूस करने और उन छोटी-छोटी चीजों का जश्न मनाने का हकदार है जो उन्हें खुशी देती हैं। मैं अज्ञान तथा सीखने के लिए तैयार जगह से आ रहा हूं मगर बड़े पैमाने पर और शानदार ढंग से विफल होने के लिए भी तैयार हूं।

**■ शो का कॉन्सेप्ट मजेदार है। क्या शूटिंग के दौरान आपको किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ा? कोई मजेदार वाकया जो आप हमें बताना चाहेंगे ?**

हमने महामारी के दौरान शो की शूटिंग की, जब लॉकडाउन हट गया था। अचानक, जो तामझाम आमतौर पर इस्तेमाल किया जा सकता था वह अचानक चला गया। सीमित कर्मी-दल, मेरे चारों ओर पीपीई किट पहने लोग, सभी अपने समक्ष बिखरे सभी पत्तों के साथ कुछ मजेदार रचने की कोशिश कर रहे हैं। यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे चारों ओर एक शानदार टीम थी जिसने सभी का मनोबल ऊंचा रखा। मुझे लगता है कि मज़ा वास्तव में सीमित संसाधनों व रचनात्मक तरीके से आया है जब हमने जरूरत पड़ने पर सुधार किया था।

**■ प्रत्येक एपिसोड में आप नया काम हाथ में लेते हैं, चाहे वह दो मिनट से भी कम समय में मैगी बनाना हो या सही माफीनामा लिखना हो। कौन सा एपिसोड आपके लिए सबसे खास रहा ?**

मुझे नहीं लगता कि कोई एक खास एपिसोड है जो दूसरे की तुलना में शूटिंग करते हुए अधिक मजेदार था। लेकिन मुझे लगता है कि मेरे अंदर मौजूद खाने के शौकीन ने आइसक्रीम एपिसोड का सबसे ज्यादा आनंद लिया। मैंने खुद हैरान था कि यह कैसे निकला। मेरे पास विकल्प के रूप में मेरा मास्टरशेफ आवेदन फॉर्म है।

> हमने महामारी के दौरान शो की शूटिंग की, जब लॉकडाउन हट गया था। अचानक, जो तामझाम आमतौर पर इस्तेमाल किया जा सकता था वह अचानक चला गया। सीमित कर्मी-दल, मेरे चारों ओर पीपीई किट पहने लोग, सभी अपने समक्ष बिखरे सभी पत्तों के साथ कुछ मजेदार रचने की कोशिश कर रहे हैं। यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे चारों ओर एक शानदार टीम थी जिसने सभी का मनोबल ऊंचा रखा। मुझे लगता है कि मज़ा वास्तव में सीमित संसाधनों व रचनात्मक तरीके से आया है जब हमने जरूरत पड़ने पर सुधार किया था।

**■ आने वाले एपिसोड से दर्शक क्या उम्मीद कर सकते हैं?**

जैसे-जैसे शो आगे बढ़ेगा, मैं अपनी रचनात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए -नवीन तकनीकों और सरल समाधानों के साथ- चुनौतियों का सामना करना जारी रखूंगा। प्रत्येक चुनौती या तो पूरी तरह से 'महाकाव्य' या पूर्ण 'असफल' है। किसी भी तरह से, सारे एपिसोड स्नैपचैटर्स के लिए मजेदार सीखने वाला तजुर्बा रचते हैं!

**■ लॉकडाऊन के दौरान आपको शारीरिक व मानसिक रूप से सक्रिय या फिट रहने में कैसे मदद मिली ?**

हम सभी ने लॉकडाऊन के दौरान मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए संघर्ष किया है। मेरा जीवन दुनिया की यात्रा करने और हर रात हजारों लोगों के बीच में रहने से लेकर अपने सामने के दरवाजे से यात्रा न करने और अपनी पत्नी का मनोरंजन करने की कोशिश करने में बीत गया, जिसमें मैं भी असफल रहा।

रचनात्मक होने की कोशिश करना और यह जानना कि अंधेरे के बाद सवेरा होगा, मुझे आगे बढ़ाता रहा। विश्वास नहीं खोना, और सिर्फ नया करने की कोशिश करना, उस दिन के लिए खुद को तैयार करना जब मैं अपना सूटकेस फिर से पैक सकूंगा और जो पिछली बार से बेहतर हो सकता है जब मैंने इसे अनपैक किया था। इसी सबने मुझे टिकाए रखा।

**■ लॉकडाउन से आपका सबसे बड़ा हासिल क्या है ?**

समय! उन कुछ चीजों को दुबारा देखने, पुनर्विचार करने और रीचार्ज करने का समय, जिनके बारे में मैंने केवल सोचा था, लेकिन उन्हे करने के लिए समय और प्रेरणा कभी नहीं थी। इस चुनौतीपूर्ण दौर से सबसे बड़ी सीख यह हासिल हुई है कि छोटी-छोटी चीजों में खुशी तलाशना जरूरी है। यह परिणाम नहीं बल्कि यात्रा है जो मायने रखती है। आप या तो लीक से हटकर कुछ सकते हैं या असफल हो सकते हैं, इस प्रकार, दोनों तरह से सीखते हैं।

## पंजाबी सनसनी



**रियलिटी** शो बिग बॉस 14 से प्रसिद्धि पाने वाली अभिनेत्री अर्शी खान शोक-ई द्वारा गाए गए आगामी पंजाबी गीत बुक लिखदा में नजर आएंगी।

अर्शी बता रही हैं कि मैं गाने में काम करने को लेकर उत्साहित हूं, आजकल लोग न केवल यहां, बल्कि विदेशों में भी पंजाबी गानों का आनंद लेते हैं। इसके बाद जल्द ही और गाने आने वाले हैं। मैं एक्शन में वापस आ गयी हूं। एक्ट्रेस ने हाल ही में एक इमेज मेकओवर किया है।

इसके बारे में बात करते हुए अर्शी कहती हैं कि मैंने हमेशा एक स्टाइलिश औरा के साथ एक साधारण लुक का आनंद लिया है। लेकिन अब तालाबंदी ने मुझे अपने लुक के साथ प्रयोग करने में मदद की है और मैं वास्तव में इसका मजा ले रही हूं। मैं एक राजकुमारी जैसा महसूस करती हूं। और निश्चित रूप से मेरे दर्शक गाने में मुझे नए रूप में देखेंगे। किताब लिखदा का संगीत जी प्रो द्वारा दिया गया है और गीत हनी काकोवालिया के हैं। यह गाना 5 अगस्त को रिलीज होने वाला है।



## बिग बी, प्रभास की नई फिल्म लॉन्च

**अभिनेता** अमिताभ बच्चन, प्रभास और दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म की शुरुआत शनिवार को मुहूर्त पूजा और क्लैप के साथ हुई। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म को फिलहाल के नाम का वर्किंग टाइटल दिया गया है। शनिवार को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर फिल्म का मुहूर्त होने के कारण अमिताभ हैदराबाद पहुंचे। मुहूर्त शॉट के लिए, प्रभास ने अमिताभ बच्चन पर क्लैपबोर्ड बजाया, जिसके हिस्से पहले शेड्यूल में शूट किए जाएंगे। फिल्म की निर्माण टीम के अनुसार, नाग अश्विन पहले शूटिंग शेड्यूल में अमिताभ व कुछ अन्य अभिनेताओं के साथ कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग करेंगे, जो शनिवार से यहां रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होगी। जबकि प्रभास बाद में टीम से जुड़ेंगे।

# आसान नहीं असुर की भूमिका निभाना : सिद्धार्थ

सोनी सब पर हीरो-गायब मोड ऑन में 2500 साल पुराने असुर की भूमिका निभाने वाले **सिद्धार्थ निगम** से **शालिनी सक्सेना** ने इस भूमिका और भावी चुनौतियों को लेकर विस्तार से बात की।



**■ जब आपको 2500 साल पुराने असुर की भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया गया तो आपकी क्या प्रतिक्रिया थी ?**

जब मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया गया तो मुझे यह नहीं बताया गया कि मुझे कौन सा किरदार ऑफर किया जा रहा है। मुझे केवल संक्षिप्त जानकारी दी गई थी। उन्होंने मुझे बताया कि उनके पास पहले से ही उनका मुख्य नेतृत्व था। और अब वे एक ऐसे व्यक्ति की तलाश में थे जो इस सुपर हीरो से अधिक शक्तिशाली हो - कोई ऐसा व्यक्ति जो नायक को सुपरहीरो बना सके। मुझे भी दिलचस्पी थी। मुझे लगा कि यह शो अनोखा है। मैंने हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट करने की कोशिश की है जहां मैं अतीत में किए गए कामों से अलग हो सकूं। जब मुझे इस भूमिका की पेशकश की गई, तो मैं उत्साहित था। हालांकि, जब मुझे बताया गया कि मैं एक असुर बनूंगा, तो मैं थोड़ा अचंभित हो गया लेकिन मुझे बताया गया कि मैं अपने मानव रूप में रहूंगा; बस इतना कि मेरे पास अलौकिक शक्तियां होंगी। सबसे अच्छी बात यह थी कि मुझे अपने भाई के साथ इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा।

**■ आप प्रोजेक्ट में कैसे आए ?**

मैं भाग्यशाली था कि मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए ऑडिशन नहीं देना पड़ा। पेनिनसुला पिक्चर्स के निर्माता, अलिंद श्रीवास्तव ने मुझे इस भूमिका की पेशकश की। उन्होंने कहा कि वह चाहते थे कि मैं इस शो का हिस्सा बनूं और शिवाय का रोल करूं। मैं सहमत हूं और मैं यहां हूं।

**■ शिवाय का किरदार निभाने में क्या चुनौतियां आती हैं ?**

काफी कुछ थे। पहले तो शिवाय की आवाज थोड़ी भारी है। मैं वीर नंदा (हीरो) के विपरीत हूं जो स्ट्रीट-स्मार्ट है। मैं सर्वशक्तिमान और शक्तिशाली हूं। फिर नज़र है। मेरे पास टैटू हैं और शुरू में इसे तैयार होने में दो घंटे तक का समय लगेगा। अब, निश्चित रूप से, इसमें इतना समय नहीं लगता है। साथ ही, डायलॉग डिलीवरी अलग है; वह अत्यंत बुद्धिमान है। वह जो कुछ भी कहते हैं उसका गहरा अर्थ होता है। इसे कैसे व्यक्त किया जाना है, इसका अभ्यास किया जाना था।

**■ क्या आप अपने भाई से झगड़ते हैं - ऑफ-स्क्रीन ?**

ऑनस्क्रीन, मैं स्पष्ट रूप से उसे एक सुपरहीरो में बदलने की कोशिश कर रहा हूं, इसलिए फाइट सीक्वेंस हैं। ऑफ-स्क्रीन, कभी-कभी हमारे बीच मतभेद होते हैं और मौखिक झगड़े होते हैं, जैसा कि सामान्य है। हम कभी-कभी डब्लू-डब्लू-ई जैसी स्थिति में आ जाते हैं। लेकिन हम भाई हैं और एक दूसरे का सम्मान करते हैं। अच्छी बात यह है कि हमारे बीच कोई अहंकार संघर्ष नहीं है।

**■ आप अभिनय में कैसे आए ?**

मैं कभी भी अभिनेता नहीं बनना चाहता था। एक जिमनास्ट के रूप में मेरी पृष्ठभूमि किसी भी मनोरंजक गतिविधियों के लिए बहुत कम समय छोड़ती है। अगर मैं समाचार पर समाप्त हो गया, तो मेरे लिए इतना ही काफी था। मैं छात्रावास में था; मेरे पास मोबाइल नहीं था; हमें दिन में आठ घंटे अभ्यास करना था। इससे किसी और चीज के लिए बहुत कम समय बचा। ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैं अभिनय खत्म कर दूं। 58वें नेशनल स्कूल गेम्स, पुणे में मेरे पास पैरेलल बार में गोल्ड और हाई बार में सिल्वर है और एक गेम के दौरान मुझे देखा गया और बोर्नविटा विज्ञापन के ऑडिशन के लिए संपर्क किया गया। इसी तरह मैं इंडस्ट्री में आया। यह नियति थी।

**■ क्या विज्ञापन करना कठिन था ?**

ये कठिन था। मेरी कोई एक्टिंग बैकग्राउंड नहीं थी। मैंने कभी कोई क्लास नहीं ली। कैमरे का सामना करना, जाने-माने अभिनेताओं का सामना करना और संवादों को याद रखना और उन्हें भावना के साथ देना मेरे लिए बहुत ही अलग था। इससे मैं घबरा गया। लेकिन मैंने ठान लिया था कि चूंकि मुझे एक भूमिका निभाने की पेशकश की गई थी, इसलिए मैं इसे अपनी पूरी क्षमता से करूंगा। इसलिए, मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की।

**■ आपने एक दो फिल्में की हैं। बॉलीवुड में प्रयास क्यों नहीं किया ?**


मुझे यकीन है कि बॉलीवुड से वाकई कुछ बड़ा होगा। मैं ऐसी भूमिकाएं भी देख रहा हूं जो मैं वेब सीरीज में निभा सकूं। जब से मैं इस उद्योग में आया हूं, मैंने हमेशा अलग-अलग भूमिकाएं की हैं। मैं केवल एक ही चीज जानता हूं, चाहे स्क्रीन कितनी भी बड़ी या छोटी हो, मेरा काम अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

**■ आपने कुछ संगीत वीडियो किए हैं। अनुभव कैसा रहा ?**

संगीत वीडियो करना सीरियल से बहुत अलग है। संगीत वीडियो दो प्रकार के होते हैं। एक जहां कोई गाना होता है और एक लड़का या लड़की होती है और वे नाचते हैं। फिर ऐसे वीडियो हैं जो एक कहानी बताते हैं। मैंने जो किया है वह दूसरी श्रेणी में आता है। मुझे ऐसे संगीत वीडियो करना अच्छा लगता है क्योंकि उन्हें दो-तीन दिनों के भीतर शूट किया जाता है; यह एक स्ट्रेस-बस्टर है। संगीत सुनना और उसका प्रदर्शन करना बहुत ही सुकून देने वाला होता है।

**दयाना इरप्पा,** जो अपनी पहली हिंदी वेब सीरीज सनफ्लावर में नजर आई हैं, शालिनी सक्सेना से बातचीत में बता रही हैं कि उन्हें यह प्रोजेक्ट कैसे हासिल हुआ

# विकास बहल के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा



**❖ आप सनफ्लावर - वेब सीरीज़ का हिस्सा कैसे बनीं ?**

यह मेरा पहला हिंदी उपक्रम था इसलिए मैं इसे लेकर काफी उत्साहित थी। किसी भी अन्य अभिनेता की तरह, मैंने एक- दो राऊंड ऑडिशन के दिए और अंतत: यह भूमिका निभाने का मौका हासिल हुआ।

**❖ विकास बहल के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा ?**

अद्भुत अनुभव रहा। विकास एक बेहतरीन मेंटर हैं। वह आपको इंप्रोवाइज करने के अवसर देते हैं और एक अभिनेता के लिए प्रदर्शन करना बहुत सहज और आसान बनाते हैं। बहुत कुछ है जो मैंने उनसे सीखा है। मैं भविष्य में भी उनके साथ जुड़ने की उम्मीद करती हूं।

**❖ यहां आपकी कैसी भूमिका है ? इस विधा को प्रस्तुत करना कितना रोमांचक रहा ?**

मैं जस्टिना की भूमिका में हूं। किरदार से पता चलता है कि कैसे हर महिला निर्भीक हो सकती है। वह अपने मन की बात कहती है और उसे बहुत महत्व देती है। वह आत्मविश्वासी और स्वतंत्र है। इस चरित्र के साथ पहचान बनाना आसान था, मेरी सचमुच में उसी तरह की मान्यताएं हैं। तो, जीवन के प्रति चरित्र का दृष्टिकोण मेरे अपने दृष्टिकोण जैसा ही है। मुझे इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर और इस भूमिका को निभाने में बहुत मजा आया। मैं कहूंगी कि यह अब तक की मेरी पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है।

**❖ आपने मॉडल के रूप में शुरुआत की थी, अभिनय की शुरूआत कैसे हुई ?**

जब मुझे मणिरत्नम के कार्यालय से फोन आया, तो मैंने उनकी हिट फिल्म, चेका चिवंता वनम के लिए काम किया। उसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुझे खुशी है कि मैंने फिल्मों की ओर रुख किया और मैं विभिन्न भाषाओं के फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानना चाहती हूं। मैं निश्चित रूप से और ज्यादा बॉलीवुड परियोजनाओं का हिस्सा बनना चाहता हूं और विभिन्न भूमिकाओं के लिए तत्पर हूं जो मैं निभा सकती हूं।

**❖ आपने बहुत सारे विज्ञापन अभियान किए हैं, इसकी सबसे अच्छी खूबी क्या है ?**

इसकी सबसे अच्छी खूबी यह है कि आपको बहुत सारे अनुभवी लोगों से मिलने का मौका मिलता है और प्रत्येक अभियान से वापस पाने के लिए हमेशा कुछ न कुछ होता है। इतने सारे विज्ञापन अभियानों का हिस्सा बनकर मैंने बहुत कुछ सीखा है।

**❖ क्या आप अभी भी मॉडलिंग कर रही हैं ?**

हां, मुझे अभी भी मॉडलिंग में मजा आता है लेकिन मैंने खुद को संपादकीय व डिजाइनर अभियानों तक सीमित कर लिया है। इसकी शुरुआत मॉडलिंग से हुई थी, इसलिए मैं इससे खुद को कभी अलग नहीं कर सकती।

**❖ कई अभिनेता क्षेत्रीय फिल्में भी कर रहे हैं। यहाँ प्रेरक शक्ति क्या है ?**

ईमानदारी से कहूं, कि मेरे लिए प्रेरक शक्ति विषय-सामग्री है। जब तक मुझे अच्छी स्क्रिप्ट मिल रही है, जिसमें अच्छा कंटेंट है, मैं वह करूंगी, चाहे वो क्षेत्रीय सिनेमा हो या बॉलीवुड। साथ ही मुझे लगता है कि ओटीटी क्षेत्रीय सिनेमा के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म रहा है। मेरे लिए माध्यम वास्तव में मायने नहीं रखता। वो सब मायने रखता है जो सामग्री और मेरी भूमिका है।

**❖ अगली योजना ?**

मैं कुछ प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं लेकिन मैं अभी उनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं।